# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# चार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** थाना रामगढ़ताल, कोतवाली और हरपुर बुदहट पर दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे चार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने ईनाम घोषित किया है।

थाना रामगढ़ताल पर पंजीकृत यूपी गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे अपराधी मोनू शेख उर्फ वाहिद रजा पुत्र सगीर आलम निवासी लाला गुरवलिया थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर की गिरफ्तारी हेतु 15 हजार रुपये, थाना कोतवाली पर पंजीकृत हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे अपराधी सैय्यद नसीम उर्फ अली अब्बास पुत्र सैय्यद नसीम सूबी निवास बसन्तपुर घसियारी कुम्हार गली थाना राजघाट की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपये, इसी मामले मे संजयन मिश्रा उर्फ सन्नी मिश्रा पुत्र जगत बिहारी मिश्रा निवासी जगरनाथ नवीन एकेडमी थाना कोतवाली की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपये एवं थाना हरपुर बुदहट पर पंजीकृत यू0पी0गैंगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे अपराधी आमिर पुत्र हसनैन निवासी नब्बूपुर कसाई मोहल्ला थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ की गिरफ्तारी हेतु 15 हजार रुपये का पुरस्कार एसएसपी द्वारा घोषित किया गया है।

# दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एवं इनामी दो बदमाशों को कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया। दोनों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर द्वारा 10-10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था।

- हत्या के प्रयास के मामले में दोनों चल रहे थे फरार
- एसएसपी स्तर से 10-10 हजार रुपए का था ईनाम घोषित

पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम संजयन मिश्रा उर्फ शनी मिश्रा पुत्र जगत बिहारी मिश्रा निवासी जगरनाथपुर नवीन एकडमी थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर व सय्यद नसीम उर्फ अली अब्बास पुत्र सैयद नसीम सुबी निवासी बसंतपुर घसियारी कुम्हार गली थाना राजघाट जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपितों को धारा 147, 341, 323, 504, 506, 307 भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई मनीष कुमार यादव प्रभारी एसओजी/स्वाट, एसआई राजमंगल सिंह एसओजी/स्वाट टीम, राम इकबाल राव, अरुण खरवार, अरुण कुमार यादव (सभी मुख्य आरक्षी, एसओजी/स्वाट टीम), रवि चौधरी, प्रिंस राय (आरक्षी, एसओजी/स्वाट टीम), एसआई छोटेलाल राय प्रभारी सर्विलांस सेल एवं एसआई निलेश कुमार वर्मा सर्विलांस सेल, नगर निगम चौकी थाना कोतवाली प्रभारी आशीष कुमार दुबे एवं आरक्षी सोनू कुमार गौड़ थाना कोतवाल जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

# हवाला से जुड़ा है रेड्डी अन्ना पोर्टल का नेटवर्क, सरगना की तलाश में पुलिस

**म्यूल खाते से रुपये निकालने के बाद हवाला के जरिये पहुंच रहे दिल्ली**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (26 Sept):** अन्ना रेड्डी आनलाइन गेमिंग पोर्टल के संचालक का नेटवर्क हवाला कारोबार से जुड़ा है. सट्टा लगाने वालों की रकम म्यूल खाते से निकालने के बाद हवाला के जरिये दिल्ली, फिर वहां से दुबई पहुंचाई जाती है. मामला सामने आने के बाद साइबर सेल की टीम इसकी छानबीन कर रही है. शाहपुर क्षेत्र में कार्यालय खोलकर आनलाइन सट्टा खेलाने वाले गिरोह के सरगना मनीष की तलाश में छापेमारी चल रही है. उसके पकड़े जाने पर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश होगा.




शाहपुर के रामजानकी नगर में अवैध ढंग से रेड्डी अन्ना आनलाइन गेमिंग पोर्टल चला रहे आठ जालसाजों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया. पुलिस अब इस गिरोह के सरगना देवरिया जिले के थाना श्रीरामपुर क्षेत्र में रहने वाले मनीष सिंह कुशवाहा की तलाश कर रही है. इसके नाम पर चार आइडी चल रही थी. इसके साथ ही गाजियाबाद के रहने वाले सूरज को भी पुलिस ढूंढ़ रही है. दोनों के पकड़े जाने पर इस धंधे से जुड़ी जानकारी और कई बड़े शातिरों के नाम सामने आ सकते हैं. अभी तक की छानबीन में पता चला है कि अन्ना रेड्डी आनलाइन गेमिंग पोर्टल के जरिये जुआ खेलने वाले लोगों के रुपये म्यूल खाते में ट्रांसफर करने के बाद निकाल लिए जाते हैं, जिसे हवाला के जरिये गेमिंग पोर्टल के संचालक तक पहुंचाया जाता है.

## संचालक को मिलता है 20 प्रतिशत फायदा

दुबई में रहने वाले अन्ना गेमिंग पोर्टल के संचालक को मैच में जितने रुपये का सट्टा लगता है उसका 20 प्रतिशत हिस्सा कमीशन के तौर पर मिलता है, जो हवाला के जरिये पहुंचाया जाता है. शेष रुपये सट्टा में जीतने वाले और सिक्यॉरिटी मनी जमा करके आइडी लेने वालों को मिलते हैं. एक आइडी की कीमत 12 से 15 लाख रुपये बताई जा रही है.



**"अन्ना रेड्डी आनलाइन गेमिंग पोर्टल के जरिये गोरखपुर में सट्टा खेलाने वाले देवरिया के मनीष व गाजियाबाद के सूरज की तलाश चल रही है. म्यूल खाते में कितने रुपये ट्रांसफर हुए. निकालने के बाद किसे दिए गए, इसकी जांच कराई जा रही है. संचालक तक रुपये पहुंचाने के लिए हवाला नेटवर्क का इस्तेमाल करने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता. सरगना के पकड़े जाने पर स्थिति साफ होगी.**

**- अभिनव त्यागी,** एसपी सिटी

# साधु के भेष में पहुंचे चंदा मांगने, पता पूछने पर फरार

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (26 Sept):** शाहपुर एरिया के शक्तिनगर कॉलोनी में गुरुवार की सुबह 10 की संख्या में साधु भेष में पहुंचे अज्ञात व्यक्तियों पर शंका होने पर मोहल्लेवालों ने उन्हें रोक लिया. पूछताछ करना शुरू किया तो वह भागने लगे, जिसकी सूचना मोहल्ले के सागर कुमार ने डॉयल 112 नंबर देने का प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं लगा. सागर ने बताया कि सुबह नौ बजे के करीब 10 की संख्या मे धोती कुर्ता पहने और ललाट पर चंदन लगाएं शख्स साधु के भेष में कॉलोनी में आए थे. लोगों के गेट खुलवाकर पैसे की मांग करने लगे. लोगों के पूछने पर बताए कि वह सभी लोग वाराणसी से चंदा मांगने आए हैं. कुछ लोगों ने कथित साधुओं की वीडियो बनाना शुरू किया तो वह कॉलोनी से भाग निकले. एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि ऐसे लोगों के सत्यापन का निर्देश दिया गया है. पुलिस इलाके में ऐसे लोगों को चिन्हित कर रही है जो बेवजह कॉलोनी में घूम रहे हैं.

## वर्ष 2005 में घर से गया था कमाने, सर्पदंश से मृत्यु की आई थी सूचना

# कुंभकरण जिंदा है या नहीं, जांच करने चंडीगढ़ जाएगी पुलिस

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (26 Sept):** पीपीगंज के बढ़नी का कुंभकरण जिंदा है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए गोरखपुर पुलिस चंडीगढ़ जाएगी. 18 वर्ष की उम्र में 2005 में पंजाब कमाने गया, लेकिन तबसे लौटा नहीं. पुलिस ने जांच कर सर्पदंश से उसकी मृत्यु की जानकारी दी, लेकिन शव कहां गया, यह नहीं बता पाई. यही वजह है कि परिवार वाले कुंभकरण को मृत नहीं मानते हैं और असलियत की जांच की मांग कर रहे हैं. सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद एसपी नार्थ ने एक टीम गठित कर चंडीगढ़ भेजने का निर्देश दिया है.



शव का पता नहीं चलने पर बहन ने सीएम पोर्टल पर की है शिकायत

> कुंभकरण प्रकरण की जांच के लिए पुलिस टीम गठित कर चंडीगढ़ भेजे जाने का निर्देश दिया गया है. जल्द ही टीम रवाना की जाएगी. जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.
>
> जितेंद्र श्रीवास्तव,
> एसपी नार्थ

## बढ़नी की सुमित्रा ने सीएम पोर्टल पर की थी शिकायत

बढ़नी की सुमित्रा ने सीएम पोर्टल व पुलिस अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि 2005 में उसका भाई कुंभकरण कमाने के लिए पंजाब गया था. बाद में पता चला कि गुलरिहा की एक युवती भी उसके साथ गई थी. कुछ महीने बाद घर आकर युवती ने बताया कि कुंभकरण की सर्पदंश से मृत्यु हो गई, लेकिन उसका शव नहीं मिला. कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कराया गया तो विवेचक ने भी अपनी चार्जशीट में लिखा कि अभियुक्त से मिले प्रमाण पत्र से पता चला है कि सर्पदंश से उसकी मृत्यु हो गई, लेकिन उसके शव के बारे में नहीं बता सके. बाद में सुमित्रा को चंडीगढ़ से पता चला कि उसके साथ आए भोला ने पोस्टमार्टम न कराने की बात लिखित में दी थी. सुमित्रा के अनुसार, कुंभकरण जहां काम करता था, वहीं के एक नौकर ने उसे बताया था कि आपके भाई को मालिक ने कहीं दूर भेज दिया था. अब इसी राज का सच जानने के लिए पुलिस चंडीगढ़ जाएगी.

**18** वर्ष की उम्र में 2005 में पंजाब कमाने गया, लेकिन तबसे लौटा नहीं

# धोखाधड़ी कर पैसा गबन करने का आरोपित गिरफ्तार

**बेलीपार (एसएनबी)**। धोखाधड़ी कर पैसा गबन करने के मामले में आरोपित और फरार चल रहे अभियुक्त को बेलीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में जालसाजी और गबन के आरोपित ने अपना नाम विक्रम प्रसाद पुत्र संत लाल निवासी ग्राम बरईपार थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर बताया। बेलीपार पुलिस ने बताया कि अभियुक्त द्वारा धोखाधड़ी कर पैसा दुगना करने व जमीन बैनामा कराने के नाम पर पैसा लेकर गबन कर लिया गया है। इस मामले में पीड़ित ने धारा 419, 420 406, 504, 506 भादवि व धारा 319, 318(4), 316(2) भा०न्या०सं० के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई सरोज प्रसाद एवं आरक्षी राजीव गौड़ थाना बेलीपार शामिल रहे।

# चोरी की बाइक व साइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)**। रामगढ़ताल पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक और एक साइकिल बरामद किये जाने का दावा किया है। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम अंकुश गौतम पुत्र सत्तन प्रसाद निवासी ग्राम डुमरी खुर्द थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर हालपता कैलाशपुरी कालोनी भगत चौराहे पर किराये का मकान थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर बताया। बदमाश के विरूद्ध पूर्व में भी चोरी आदि के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में थाना प्रभारी रामगढ़ताल राम सिंह, एसआई कुश कुमार राय, एसआई पंकज कुमार, मुख्य आरक्षी किशन कुमार, मुख्य आरक्षी ज्ञानधारी पाल व आरक्षी अनुराग सिंह थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

# इधर वर देखने की थी तैयारी उधर फरार हो गयी युवती

**पिपराइच (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी एक युवती बीती रात साड़ी की रस्सी बनाकर उसी के सहारे मकान के छत से नीचे उतरी और रहस्यमय हालात में फरार हो गयी। बताया जा रहा है कि भोर के वक्त एक लाल रंग की कार आयी थी जिसमें दो युवक और एक नकाबपोश महिला बैठी थी। आशंका जाहिर की जा रही है कि युवती को उक्त लोग ही भगाकर ले गए हैं। पिता ने बेटी के लापता हो जाने के मामले में तहरीर दी है।

- साड़ी को छत से नीचे लटकाकर उसी के सहारे नीचे उतरी थी युवती
- भोर में लाल रंग की कार से आये थे दो युवक और एक नकाबपोश महिला

पिता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में लिखा है कि उसकी बेटी बृहस्पतिवार की भोर में घर से लापता हो गयी है। वह चार दिन का अवकाश लेकर घर आए थे। उन्हें आज ही बेटी की शादी का रिस्ता देखने के लिए जाना था। बुधवार की रात में सभी लोग खाना खाकर सोने चले गए। भोर में युवती की मां जगी तो देखी बेटी कमरे में नहीं है। छत पर पहुंचने पर पता चला कि कुछ साड़ी छत के बाउंड्रीवाल पर बने खंभे से बंधकर पीछे की ओर नीचे की तरफ लटकायी गयी है। युवती के कमरे में रखा एक काले रंग का नकाब गायब है। युवती अपना कमरा अंदर से बंद करके सोती थी। छत की सीढ़ी पर लगा दरवाजा भी बाहर से बंद था। पड़ोसी की छत के सहारे अपने छत पर जाकर दरवाजा खोला गया। घर की पीछे दूर एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ने की कोशिश की गई है। उस घर के मालिक कहीं दूसरी जगह रहते हैं, लेकिन घर की रखवाली करने वाले आदमी ने बताया कि वह छत पर ही सोया था। आहट होने उसकी नींद टूटी। देखा कि दो युवक थे। मास्क लगाया युवक दूसरी ओर भाग गया। वहीं कुछ प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों के मुताबिक भोर में बिना नंबर प्लेट के लाल रंग की कार कुछ दूरी पर खड़ी थी। उस कार में दो पुरुष और एक नकाबधारी महिला बैठी हुई थी। फिलवक्त पुलिस मामले की जांच और युवती की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

# दुष्कर्म के जुर्म में दस साल की सजा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** दुष्कर्म करने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट मनोज कुमार ने सिद्धार्थनगर जिले के तेतरी बाजार थाना क्षेत्र के जगदीशपुर खुर्द निवासी अभियुक्त सूर्यकांत श्रीवास्तव उर्फ मंटू को दस साल के कठोर कारावास एवं 70 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।



अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश चन्द पांडेय एवं सिद्धार्थ सिंह का कहना था कि पीड़िता कक्षा 12 की छात्रा है।अभियुक्त उसका रिश्तेदार है और वह किराए का मकान लेकर रहते है। पीड़िता तीन साल पहले अभियुक्त के घर आई थी। उसी दौरान अभियुक्त पीड़िता को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी फोटो खींच लिया तथा धमाका कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता किसी तरह वहां से अपने घर आई और परिवार वालों को सारी बात बताई। जिसके बाद एक सुलहनामा भी लिखा गया कि भविष्य में अब ऐसी गलती नही होगी। बावजूद इसके अभियुक्त में कोई सुधार नहीं हुआ और 6 जून 2008 को रात करीब 8.30 बजे पीड़िता जहां आटो से उतरती थी अभियुक्त वहां पहले से मौजूद था और पीड़िता के आते ही उसे पकड़ कर अगवा करने की कोशिश करने लगा और उसका मोबाइल छीनने लगा। पीड़िता के शोर करने पर लोग इकट्ठा होने लगे तो अभियुक्त गाड़ी में बैठकर भाग गया।

### हत्यारोपित की जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर।** हत्या का मामले में जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के मोहनाग बड़ा टोला निवासी आरोपित अशोक उर्फ अलेक्सन की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता प्रियानन्द सिंह का कहना था कि घटना 26 जनवरी 2024 के दिन की करीब दोपहर दो बजे की है।आरोपित ने वादिनी सिमीरन के इकलौते लड़के आदर्श को पुराने विवाद को लेकर उसका पैर पकड़ कर आर सी सी रोड पर कई बार पटक दिया।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# पचास दिन बाद भी युवक के शव की शिनाख्त नहीं

**खोराबार (एसएनबी)।** कुसम्ही जंगल के रजही बीट में गत 3 अगस्त की दोपहर 26 वर्षीय युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गयी। खोराबार थाने से सटे हुए इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करना तो दूर स्थानीय पुलिस 54 दिन बाद युवक के शव की शिनाख्त तक नहीं करा सकी है। इतना ही नहीं इस घटना के महज 12 दिन पूर्व वनसप्ती माता मंदिर के समीप एक अधेड़ की हत्या की गयी थी। अधेड़ की शिनाख्त तो हो गयी पर इस हत्याकांड का भी खुलासा करने में स्थानीय पुलिस असफल रही है। शुरूआती दौर में पुलिस ने इस पर वर्क किया लेकिन समय बीतने के साथ ही यह दोनो हत्याकांड पुलिसिया ठंडे बस्ते के हवाले बढ़ते हुए प्रतीत हो रहे हैं।

- **खोराबार थाने के समीप कुसम्ही जंगल में दिनदहाड़े हुई थी हत्या**
- **एक अधेड़ की भी हत्या का भी खुलासा नहीं कर सकी पुलिस**
- **एक पखवाड़े के अंदर खोराबार क्षेत्र में हुई थी दोनों घटनाएं**

**केस-1 :** बीते 3 अगस्त की दोपहर में गश्त के दौरान वनकर्मियों को कुसम्हीं जंगल के रजहीं बीट में एक युवक का खून से लथपथ शव दिखा। यह शव थाने के बगल से होकर जंगल से होते हुए बुढ़िया माई मंदिर की ओर जाने वाले कच्चे मार्ग पर महज चार सौ मीटर दूर पड़ा था। वनकर्मियों की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस के साथ ही तत्कालीन एसपी सिटी, सीओ कैंट, फोरेंसिक जांच टीम आदि मौके पर पहुंची और जांच की। बदमाशों ने युवक के ललाट पर गोली मारकर हत्या किया था। फॉरेंसिक जांच टीम ने मौके से 315 बोर का एक खोखा कारतूस, बगल में एक्वालाइट का एक जोड़ी चप्पल, तेल की कुप्पी बरामद किया। मृत युवक के शरीर पर हाफ नीला टी-शर्ट, सफेद संडो बनियान, काला सफेद पट्टी का अंडरवियर, नीले रंग का फुल लोवर, गले में खून से सना सफेद गमछा तथा दाहिने हाथ और पैर में काला धागा बंधा था। बतादें कि घटनास्थल से कुछ दूर पर ही वन विभाग की चौकी, खोराबार थाना, दक्षिण तरफ कालोनियां हैं बावजूद इसके गोली चलने की आवाज किसी के कानों तक क्यों नहीं पहुंची। इसके अलावा जंगल में लकड़ी बीनने वाले, सखु का पत्ता तोड़ने वाले मुसहर भी रहते हैं लेकिन किसी को कुछ पता क्यों नहीं चल सका। कुसम्ही जंगल स्थित रेलवे लाइन से सीधे वनसप्ती मंदिर जाने वाले मार्ग से गुजर रहे एक राहगीर ने उस समय बताया था कि उसे दो बाइकों पर सवार कुछ संदिग्ध युवक दोपहर में दिखे थे। उनके हावभाव को देखकर लग रहा था कि वह बदमाश प्रवृत्ति के हैं। उसे तो एकबारगी यह डर लग गया कि उसके साथ उक्त युवक लूटपाट की घटना को न कारित कर दें लेकिन वह सीधे तेजी के साथ फर्राटा भरते हुए बुढ़िया माई की ओर जाने वाले रास्ते पर बढ़ गये। इस संबंध में खोराबार पुलिस ने मृतक युवक का पोस्टर भी जारी करवाया बावजूद इसके उसकी शिनाख्त आज तक नहीं हो सकी है।

**केस 2 :** युवक की गोली मारकर की गयी हत्या के महज 12 दिन पूर्व 21 जुलाई की भोर में टहलने के लिए निकले ग्रामीणों ने खोराबार थाना क्षेत्र के वनसप्ती माता मंदिर के सामने बेलवार जाने वाली सड़क की पटरी पर एक अधेड़ का शव देखा। घटना की सूचना प्रधान पति महेंद्र के द्वारा पुलिस को दी गयी। मृतक के सिर पर एक लकड़ी की पटिया से वार करके घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया था। शव से लगभग दस फिट की दूरी पर खून लगा वह पटिया पड़ा था। वहीं बगल में मृतक की साइकिल भी पड़ी थी। सूचना पर पहुंची खोराबार पुलिस दोनों चीजों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के एक कपड़े की जेब से आधार कार्ड, मोबाइल और एक पासबुक पुलिस को मिली। आधार कार्ड के माध्यम से मृतक का शिनाख्त चौरी चौरा थाना क्षेत्र सरदारनगर अमकोल निवासी 50 वर्षीय रामबदन पुत्र स्व. मिश्री के रूप में हुई। थाने पर पहुंची मृतक की बेटियों में से एक प्रिया का आरोप था कि उसके पिता की हत्या उसके बड़ी बहन पूनम के घर वाले जो झंगहा थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर में रहते है किये है। पुलिस घटना को लेकर तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल करने में जुटी रही। साथ ही इस मामले में कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की लेकिन हत्यारों की बाबत कोई सुराग पुलिस आज तक नहीं लगा सकी है। दोनों हत्याओं के मामले में नवागत थानेदार नीरज राय ने कहा कि दोनों ही घटनाओं की तफ्तीश की जा रही है। मृत युवक की भी शिनाख्त का प्रयास जारी है। जल्द ही दोनों घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

# बालिका से दुष्कर्म का प्रयास

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** क्षेत्र के एक गांव की खेलने गयी सात वर्षीया मासूम बच्ची से गांव के युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। मासूम के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक राकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मासूम बालिका के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी 7 वर्षीया बेटी बुधवार की शाम करीब चार बजे खेलने गयी थी। गांव का युवक राकेश चौरसिया मेरी बेटी को पकड़ लिया। उसे सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ गलत काम करने जा रहा था। मेरी लड़की वहां से किसी तरह भागकर घर आ गई और सारी बातें बताई। मैं उसके घर गया तो वह भाग गया। तहरीर के आधार पर गुरुवार को पुलिस ने आरोपी युवक राकेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 75, 76 का मुकदमा दर्ज किया है।

# चार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस

**पिपराइच (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के इस्लामपुर गांव में रह रही विवाहिता काजल भारती के तहरीर पर पुलिस ने उसके पति राजेश भारती, सास जुलेखा, ननद सुमन व भसुर मुन्ना निवासी साहू मठिया थाना गौरी बाजार( देवरिया) के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। विवाहिता का आरोप है कि तीन साल पहले पिता ने अपने हैसियत के अनुरूप भरपूर दहेज देकर शादी राजेश भारती से किया था। शादी के कुछ दिनों बाद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट व प्रताड़ित करने तथा जानमाल की धमकी दी जा रही है।

# बाप बेटी को पीटा, तीन पर केस

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** क्षेत्र के भौंरावारी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर बाप-बेटी को मनबढ़ों ने लाठी-डंडा व राड से मारकर मरणासन्न कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भौंरावारी गांव निवासी अब्दुल गफ्फार ने पुलिस को तहरीर दिया कि रंजिश में गांव के असलम, सलमा व शाहजहां ने मुझे और मेरी बेटी शफिया को लाठी-डंडा व राड से घेरकर मारने लगे। बेहोश हो जाने पर उक्त लोग मुझे व मेरी बेटी को मरा समझा। इस बीच गांव वालों के पहुंचने पर वह लोग भाग गए। गांव वालों के बचाव के कारण हम दोनों की जान बच पायी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# ट्रेलर अनियंत्रित, बाल-बाल बचे ड्राइवर व खलासी

**महावीर छपरा (एसएनबी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 24 के ऊंचगांव के समीप बीती रात एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर एक लेने से दूसरे लेने को पार करके सर्विस लेन के किनारे पर बने नाला को तोड़ते जा फंसा। संयोग ठीक रहा कि इस ट्रेलर में सवार चालक और खलासी बाल-बाल बच गए। हालांकि यह भी एक संयोग ठीक रहा कि उस वक्त दूसरे लेन से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। शुक्रवार की मिडनाइट बड़हलगंज से गोरखपुर की ओर मोरंग बालू लेकर जा रहे ट्रेलर के ड्राइवर को नींद आने की वजह से ट्रेलर ऊंचगांव के पास अनियंत्रित होकर एक लेन से दूसरे लेने को पार करके सड़क किनारे लगे रेलिंग को तोड़ते हुए सर्विस लेने के नाले में जाकर फंस गयी। जिससे सर्विस लेन के दोनों तरफ का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से ड्राइवर व खलासी को किसी तरह गाड़ी से बाहर निकाल लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रेलर चालक बहुत तेज गति से जा रहा था और झपकी आ जाने की वजह से अनियंत्रित हो गया।

# पूजा करने गए व्यक्ति को मंदिर की सीढ़ियों से ढकेला

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** क्षेत्र के पोवा गांव में शिव मंदिर पर जल चढ़ाने गये व्यक्ति को गांव के मनबढ़ ने मंदिर की सीढ़ियों से धक्का दे दिया। उसके गिर जाने पर डंडे से पीटकर घायल कर दिया। सीढ़ियों पर गिरने से उक्त व्यक्ति का बायां पैर टूट गया। पीड़ित सीताराम की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रेमचंद के खिलाफ गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया। क्षेत्र के पोवा गांव निवासी सीताराम ने पुलिस को तहरीर दिया कि गांव के शिव मंदिर पर जल चढ़ाने गया था। सीढ़ियां चढ़कर ज्यों ही ऊपर पहुंचा वहां पर मौजूद गांव का भू-माफिया प्रेमचन्द रंजिशन गाली देते हुए जोर से धक्का दे दिया। वहां पर पड़े डंडे से मुझे मारने लगा। सीढ़ियों पर गिरने से मेरा बायां पैर टूट गया। मौके पर मौजूद गांव के कुछ लोगों ने मुझे बचाया। वह जाते समय गाली देते हुए कहा कि अगर दुबारा यहां दिखाई दिये तो जान से मार दूंगा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रेमचंद के खिलाफ धारा 117(2),115(2), 352, 351(3) का मुकदमा दर्ज किया है।

# पान वाले को जेल भिजवा चुकी है गिरफ्तार फर्जी अधिवक्ता

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पकड़ी गई फर्जी अधिवक्ता रंजना उर्फ सुलोचना गौड़ सिर्फ इंटर पास है। वह दो साल पहले नौसढ़ के एक पान वाले को यौन उत्पीड़न संबंधी मुकदमें में जेल भिजवा चुकी है। दीवानी कचहरी में वह पिछले कई दिनों से फर्जी अधिवक्ता बनकर लोगों को गुमराह कर रही थी। केस लड़ने के नाम पर उसके कई से पैसा भी ले लिया था। दीवानी कचहरी में फर्जी अधिवक्ता पिछले कई दिनों से हाथ-पांव मार रही थी। उसकी हरकतें अन्य अधिवक्ताओं को खटकने लगी क्योंकि उसके बातचीत करने का ढंग भी अजीब था? कई अधिवक्ताओं ने बताया कि वह अधिवक्ताओं का ड्रेस पहनकर आने लगी थी और वसूली करने लगी थी। इसकी जानकारी हम लोगों ने बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के अध्यक्ष भानु प्रताप पाण्डेय और मंत्री गिरिजेश मणि त्रिपाठी को दी। उसकी हरकतों पर पहले से ही नजर थी। मंगलवार की शाम वह पकड़ गई हालांकि उसने खुद को अधिवक्ता बताया था। पूछताछ में उसने अपना नाम रंजना उर्फ सुलोचना गौड़ ग्राम खुटहना थाना खजनी बताया था। यह भी पता चला कि वह सिर्फ इंटर पास है। अब तो यह भी कचहरी में चर्चा है कि कोई भी अधिवक्ता फर्जी महिला अधिवक्ता का केस नहीं लड़ेगा। नौसढ़ में वह एक पान वाले को फर्जी मुकदमा दर्ज करवाकर जेल भी भिजवा चुकी है। फर्जी अधिवक्ता के पिता की सालों पहले मृत्यु हो चुकी है।

# रात में संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

सरहरी। गुलरिहा क्षेत्र के महराजगंज गांव के मानीराम टोला में बुधवार की रात करीब 12 बजे सुनील तिवारी के घर के पीछे चारदीवारी पर एक युवक चढ़ा था, जबकि उसका साथी नीचे खड़ा था। तभी गांव के एक युवक ने उसे देख लिया और शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो नीचे खड़ा युवक भाग गया, जबकि दीवार पर चढ़े युवक को ग्रामीण पकड़ कर सरहरी चौकी पुलिस को सूचना दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छेड़खानी में फंसाने का लगाया आरोप

गोरखपुर। एक युवक ने ख़ुद और अपने दोस्त पर फर्जी छेड़खानी के मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया। कोतवाली थाने में दो दोस्तों के विरुद्ध युवती ने तहरीर दी है। गुरुवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे युवक के भाई पवन ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र के साथ ही बेगुनाही के साक्ष्य दिखाए। इस संबंध में सीओ कोतवाली मामले की जांच करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर जो साक्ष्य मिलेंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# जानलेवा हमले के दो आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। कोतवाली क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपितों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। तीन महीने पहले ही केस दर्ज किया गया था, तभी से दोनों फरार थे। दोनों आरोपितों के गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

पकड़े गए आरोपितों की पहचान जगरनाथपुर निवासी संजयन मिश्रा व शनि व राजघाट के बसंतपुर निवासी सैयम नसीम उर्फ अली अब्बास के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, दोनों ने दो जून 2024 को अलहदादपुर में रहने वाले प्रसून मिश्रा पर जानवाले हमला किया था। दर्ज कराए गए केस में प्रसून ने बताया था कि घटना वाले दिन वह बैंक रोड पर किसी काम से गए थे। आरोप था कि दोनों ने पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला कर दिया।

# अंडरवर्ल्ड से जुड़ रहे तार, हवाला के जरिए दुबई पहुंच रही रकम

**ऑनलाइन सट्टा**



- म्यूज एकाउंट पर रुपये आने के बाद नकद में विदेश भेजी जा रही रकम, तेज हुई जांच
- एसपी सिटी ने शुरू की मानीटरिंग, हवाला के धंधेबाजों की तैयार करा रहे हैं सूची

> पुलिस को जांच में कई अहम जानकारियां मिली है। दुबई तक रुपये भेजे जा रहे हैं और नकद में हवाला के धंधेबाज इस काम में लिप्त है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> -**अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। ऑनलाइन सट्टा बाजार रेड्डी ग्रुप का तार अंडरवर्ड से जुड़ रहे हैं। दुबई में बैठे आकाओं को पूरा भुगतान नकद में किया जा रहा है। जांच में सामने आया है कि म्यूज एकाउंट में रुपये आने के बाद उसे नकद में एकत्र करके हवाला के धंधेबाजों के जरिए भेजा रहा है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी इस मामले में अब हवाला धंधेबाजों की सूची तैयार कर रहे हैं। खबर है कि इस धंधे से जुड़े हवाला के कई धंधेबाजों के नाम भी सामने आ गए हैं, जिन पर जल्द ही कार्रवाई संभव है।

रेडी अन्ना नामक ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल अवैध तरीके से चल रहा है। इस पोर्टल की फ्रेंचाइजी लेकर गिरोह ने गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के रामजानकी नगर में अपना अड्डा बनाया था। गेम खेलने के लिए ये युवकों को झांसे में लेते थे। इसके लिए म्यूल खातों के माध्यम से रोजाना पैसे की निकासी करते हुए रेडी अन्ना तक न सिर्फ पहुंचाते बल्कि इसके बदले उन्हें भी अच्छा-खासा कमिशन मिलता था। इसके पहले भी काली मंदिर के पास ऑफिस खोलकर इसी तरह से चल रहे गिरोह का पहले भी भंडाफोड़ हो चुका है।

दोनों ही मामलों की जांच में एक बात साफ हो चुकी है कि दुबई में बैठा आका ही इस पूरे गिरोह का संचालन कर रहा है। इतना ही नहीं म्यूल खातों में छोटी रकम मंगाई जाती है और फिर उसे निकालकर नकद में रुपयों का आदान-प्रदान किया जाता है। अब जब पूरा मामला सामने आ गया है तो पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

## नौकर के नाम खाते, हर हफ्ते 30 लाख का टर्नओवर



सट्टेबाजी के लिए धंधेबाज अपने घरों में काम करने वाले नौकर और रिश्तेदारों के अकाउंट का सहारा, सट्टेबाज लेते हैं। लाभ का बंटवारा गोरखपुर से लेकर मुंबई तक होता था। फिर से रकम दुबई भेजी जाती है। पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों गोरखपुर में नौकरानी और उसके रिश्तेदारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के मकसद से खाता खुलवाकर करोड़ों रुपये का टर्नओवर हुआ था। ये हर हफ्ते 30 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई करते है।

## ऐसे लगवाते हैं सट्टा

आरोपितों ने पुलिस को बताया था कि उनके द्वारा रेडी अन्ना नाम की वेबसाइट/पोर्टल से आनलाईन गेमिंग में सट्टा लगाने के लिए पैसे का लेन देन किया जाता था। उन्होंने इसका पैनल खरीदकर एक ब्रांच के रुप में अपना कार्यालय शाहपुर के रामजानकी नगर में बनाया था। सट्टे के पैसे को निकालने के लिए उनके द्वारा लोगों को बहला-फुसलाकर म्युल/फर्जी खाते खुलवाया गया था। उनमें पैसों का लेन-देन करते थे। एक दिन में 11-12 लाख रुपये का लेन-देन किया जाता था और पैसे आने पर आपस में बांट लिया जाता था।

# पिता की हत्या का आरोपी बेटा गिरफ्तार, बोला- पछतावा नहीं

**फॉलोअप**

- पिपराइच इलाके में पिता की हत्या का मामला, पुलिस ने दर्ज किया केस
- वीडियो बनाकर सबूत तो बना लिया, लेकिन मानवता हो गई तार-तार

पिपराइच, हिन्दुस्तान संवाद। पिपराइच के हरखपुर गांव में बुधवार की रात में पिता की हत्या करने के आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लेकिन, घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो मानवता को तार-तार करने वाला है। पिता-पुत्र के बीच मारपीट होने के दौरान कई लोग उधर से गुजरे, लेकिन किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। खुद वीडियो बना रही युवती ने भी रोज का झगड़ा मानकर पुलिस को सूचना देनी में देरी की और एक जान चली गई। उधर, गिरफ्तार होने के बाद भी बेटे को अपने किए पर पछतावा नहीं था।

पिता सत्यप्रकाश तिवारी की हत्या करने का आरोपी बेटा कन्हैया बुधवार की रात नशे की हालत में शाम करीब सात बजे घर पहुंचा था। वह पिता को उल्टा-सीधा बोलने लगा तो सत्यप्रकाश ने उसे शांत कराने के लिए डंडे से मारा। इसके बाद कन्हैया नाराज होकर फांसी लगाने जा रहा था। सत्यप्रकाश ने उसे ऐसा करने से रोका तो कन्हैया ईंट लेकर आया और पिता पर हमला कर दिया। यह सब देख रही पड़ोस में रहने वाली एक युवती ने वीडियो बना लिया, जो साक्ष्य के तौर पर सजा दिलाने में मददगार होगा। एसपी नार्थ ने बताया कि आरोपित बेटे पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सत्यप्रकाश के दो बड़े भाई भी बगल में ही रहते हैं। उन लोगों ने सत्यप्रकाश की हत्या के बाद इस मामले से पल्ला झाड़ लिया। कोई पुलिस को तहरीर देने आगे नहीं आया। तब सत्यप्रकाश के साले व आरोपी के मामा चंद्रभूषण मिश्रा ने केस दर्ज कराया।

## पिता के शादी करने पर उठाया सवाल

आरोपित सत्यप्रकाश तिवारी की पहली पत्नी ने खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद सत्यप्रकाश ने दूसरी शादी की, लेकिन वह भी कुछ समय बाद ही छोड़कर चली गई। उधर, कन्हैया के नशे की आदत की वजह से उसकी शादी नहीं हो रही थी। बुधवार की रात में उसने पिता की दो शादी करने पर उसने सवाल उठाया।

# साधु के भेष में घूम रहे थे युवक, पता पूछने पर भागे

पादरी बाजार। शाहपुर के शक्तिनगर कॉलोनी में गुरुवार को 10 की संख्या में साधु भेष में लोग पहुंचे और चंदा मांगने लगे। जबरन चंदा मांगने की शिकायत पर पुलिस भी पहुंच गई। लेकिन इसके पहले नाम पता पूछने पर आरोपित फरार हो गए थे। पुलिस जांच कर रही है। उधर, लगातार दूसरे दिन इस तरह का मामला सामने आने के बाद एसपी सिटी ने पूरे शहर में जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

जानकारी के मुताबिक, सुबह नौ बजे के करीब 10 की संख्या मे धोती कुर्ता पहने और ललाट पर चंदन लगाए युवक साधु के भेष में कॉलोनी में आए थे। लोगों के गेट खुलवाकर पैसे की मांग करने लगे।

लोगों के पूछने पर बताए कि वह सभी लोग वाराणसी से चंदा मांगने आए हैं। कुछ लोगों ने कथित साधुओं की वीडियो बनाना शुरू किया तो वह कॉलोनी से भाग निकले।

# कुंभकरण के सच का राजफाश करने चंडीगढ़ जाएगी पुलिस

- 2005 में पंजाब कमाने गया था पीपीगंज का कुंभकरण, नहीं चला कोई पता
- बहन ने लगाई है गुहार, मौत हुई या क्या हो, इस सच को सामने लाएगी पुलिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पीपीगंज के बढ़नी का कुंभकरण जिंदा है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए गोरखपुर पुलिस चंडीगढ़ जाएगी। वह 18 वर्ष की उम्र में 2005 में पंजाब कमाने गया, लेकिन तब से लौटा नहीं। पुलिस ने जांच कर सर्पदंश से मौत बता दिया, लेकिन शव कहां गया, यह तक नहीं बता पाई। यही वजह है कि परिवार वाले कुंभकरण को मृत नहीं मानते हैं और असलियत की जांच की मांग कर रहे हैं। सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद एसपी नार्थ ने एक टीम गठित कर चंडीगढ़ भेजने का निर्देश दिया है।

कुंभकरण की बहन सुमित्रा ने दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि 2005 में उसका भाई कुंभकरण कमाने के लिए पंजाब गया था। बाद में पता चला कि गुलरिहा इलाके की एक युवती भी उसके साथ गई थी। उसने आकर बताया कि कुंभकरण की सर्पदंश से मौत हो गई। लेकिन, उसकी लाश नहीं मिली। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कराया गया तो विवेचक ने भी अपनी चार्जशीट में लिखा कि अभियुक्त से मिले प्रमाण पत्र से पता चला है कि सर्पदंश से उसकी मौत हो गई। लेकिन, उसकी लाश के बारे में नहीं बता सके। बाद में सुमित्रा को चंडीगढ़ से पता चला कि उसके साथ आए भोला ने पोस्टमार्टम न कराने की बात लिखित में दी थी। सुमित्रा के अनुसार, कुंभकरण जहां काम करता था, वहीं के एक नौकर ने उसे बताया था कि आपके भाई को मालिक ने कहीं दूर भेज दिया था। अब इसी राज का सच जानने के लिए पुलिस चंडीगढ़ जाएगी।

> कुंभकरण प्रकरण की जांच के लिए पुलिस टीम गठित कर चंडीगढ़ भेजे जाने का निर्देश दिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -जितेंद्र श्रीवास्तव, एसपी नार्थ

म्यूज एकाउंट पर रुपये आने के बाद नकद में विदेश भेजी जा रही रकम

# अंडरवर्ल्ड से जुड़े तार, हवाला के जरिये दुबई जा रहे रुपये

## ऑनलाइन सट्टा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। ऑनलाइन सट्टा बाजार रेड्डी ग्रुप का तार अंडरवर्ड से जुड़ रहे हैं। दुबई में बैठे आकाओं को पूरा भुगतान नकद में किया जा रहा है। जांच में सामने आया है कि म्यूज एकाउंट में रुपये आने के बाद उसे नकद में एकत्र करके हवाला के धंधेबाजों के जरिए भेजा रहा है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी इस मामले में अब हवाला धंधेबाजों की सूची तैयार कर रहे हैं। खबर है कि इस धंधे से जुड़े हवाला के कई धंधेबाजों के नाम भी सामने आ गए हैं, जिन पर जल्द ही कार्रवाई संभव है।

दरअसल, रेडी अन्ना नामक ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल अवैध तरीके से चल रहा है। इस पोर्टल की फ्रेंचाइजी लेकर गिरोह ने गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के रामजानकी नगर में अपना अड्डा बनाया था। गेम खेलने के लिए ये युवकों को झांसे में लेते थे। इसके लिए म्यूल खातों के माध्यम से रोजाना पैसे की निकासी करते हुए रेडी अन्ना तक न सिर्फ पहुंचाते बल्कि इसके बदले उन्हें भी अच्छा-खासा कमिशन मिलता था। इसके पहले भी काली मंदिर के पास ऑफिस खोलकर इसी तरह से चल रहे गिरोह का पहले भी भंडाफोड़ हो चुका है।

दोनों ही मामलों की जांच में एक बात साफ हो चुकी है कि दुबई में बैठा आका ही इस पूरे गिरोह का संचालन कर रहा है। इतना ही नहीं म्यूल खातों में छोटी रकम मंगाई जाती है और फिर उसे निकालकर नकद में रुपयों का आदान-प्रदान किया जाता है। अब जब पूरा मामला सामने आ गया है तो पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

- शाहपुर पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया था, पहले भी पकड़ा गया मामला
- एसपी सिटी ने शुरू की मानीटरिंग, हवाला के धंधेबाजों की तैयार करा रहें सूची

### ऐसे लगवाते हैं सट्टा

आरोपितों ने पुलिस को बताया था कि उनके द्वारा रेडी अन्ना नाम की वेबसाइट/पोर्टल से आनलाईन गेमिंग में सट्टा लगाने के लिए पैसे का लेन देन किया जाता था। उन्होंने इसका पैनल खरीदकर एक ब्रांच के रुप में अपना कार्यालय शाहपुर के रामजानकी नगर में बनाया था। सट्टे के पैसे को निकालने के लिए उनके द्वारा लोगों को बहला-फुसलाकर म्युल/फर्जी खाते खुलवाया गया था। उनमें पैसों का लेन-देन करते थे। एक दिन में 11-12 लाख रुपये का लेन-देन किया जाता था और पैसे आने पर आपस में बांट लिया जाता था।

### नौकर के नाम खाते, हफ्ते में 30 लाख का टर्नओवर

सट्टेबाजी के लिए धंधेबाज अपने घरों में काम करने वाले नौकर और रिश्तेदारों के अकाउंट का सहारा, सट्टेबाज लेते हैं। लाभ का बंटवारा गोरखपुर से लेकर मुंबई तक होता था। फिर से रकम दुबई भेजी जाती है। पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों गोरखपुर में नौकरानी और उसके रिश्तेदारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के मकसद से खाता खुलवाकर करोड़ों रुपये का टर्नओवर हुआ था। ये हर हफ्ते 30 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई करते है।

> पुलिस को जांच में कई अहम जानकारियां मिली है। दुबई तक रुपये भेजे जा रहे हैं और नकद में हवाला के धंधेबाज इस काम में लिप्त है। पुलिस जांच व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करेगी।
>
> **-अभिनव त्यागी,** एसपी सिटी

# पिता की हत्या का आरोपी बेटा गिरफ्तार, पछतावा नहीं

**हि फॉलोअप**

- पिपराइच इलाके में पिता की हत्या का मामला, पुलिस ने दर्ज किया केस
- वीडियो बनाकर सबूत तो बना लिया, लेकिन मानवता हो गई तारतार

**पिपराइच, हिन्दुस्तान संवाद।** पिपराइच इलाके के हरखपुर गांव में बुधवार की रात में पिता की हत्या करने के आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लेकिन, घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो मानवता को तार-तार करने वाला है। पिता-पुत्र के बीच मारपीट होने के दौरान कई लोग उधर से गुजरे, लेकिन किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। खुद वीडियो बना रही युवती ने भी रोज का झगड़ा मानकर पुलिस को सूचना देनी में देरी की और एक जान चली गई। क्षेत्र में मानवता को शर्मशार करने वाली घटना की चर्चा है। उधर, गिरफ्तार होने के बाद भी कातिल बेटे को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं था।

पिता सत्यप्रकाश तिवारी की हत्या करने का आरोपी बेटा कन्हैया बुधवार की रात नशे की हालत में शाम करीब सात बजे घर पहुंचा था। वह पिता को उल्टा-सीधा बोलने लगा तो सत्यप्रकाश ने उसे शांत कराने के लिए डंडे से मारा। इसके बाद कन्हैया नाराज होकर फांसी लगाने जा रहा था। सत्यप्रकाश ने उसे ऐसा करने से रोका तो कन्हैया ईंट लेकर आया और पिता पर हमला कर दिया। यह सब देख रही पड़ोस में रहने वाली एक युवती ने वीडियो बना लिया, जो साक्ष्य के तौर पर सजा दिलाने में मददगार होगा, लेकिन पूरी घटना के दौरान उधर से गुजरने वाले किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। एसपी नार्थ, जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित बेटे पर केस दर्ज कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**केस दर्ज कराने नहीं आगे आए पट्टीदार, रिश्तेदार ने कराया:** सत्यप्रकाश के दो बड़े भाई भी बगल में ही रहते हैं। उन लोगों ने सत्यप्रकाश की हत्या के बाद इस मामले से पल्ला झाड़ लिया। कोई पुलिस को तहरीर देने आगे नहीं आया। तब सत्यप्रकाश के साले व आरोपी के मामा पिपराइच के नाहरपुर निवासी चंद्रभूषण मिश्रा ने केस दर्ज कराया।

# तहरीर देती हैं फिर जेल भिजवाने की धमकी देकर रुपये ऐंठती हैं लड़कियां

गोरखपुर। तीन लड़कियां हैं जो पहले तहरीर देती हैं, बाद में जेल भेजने की धमकी देकर रुपये लेकर समझौता कर लेती हैं। एसएसपी के पास बृहस्पतिवार को फरियाद लेकर आए युवक ने प्रार्थना पत्र देकर यह बात बताई। उसने बताया कि कोतवाली थाने में दो दोस्तों के विरुद्ध युवती ने तहरीर दी है। इसमें एक उसका भाई है। एसएसपी को प्रार्थना पत्र के साथ ही युवक ने बेगुनाही के साक्ष्य दिखाए। सीओ कोतवाली मामले की जांच करा रहे हैं। ब्यूरो

# लेकर लापता हुई समूह संचालिका

## पीड़िताओं ने एसएसपी को दिया प्रार्थना पत्र, हरपुर-बुदहट पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। हरपुर बुदहट क्षेत्र के देवराडतुला गांव की महिलाओं का समूह बनाकर एक महिला विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से करीब डेढ़ करोड़ रुपये लोन लेकर लापता हो गई है। लोन की वसूली करने कंपनी के कर्मचारी जब कर्जदार महिलाओं के घर पहुंचे तब उनको मामले की जानकारी हुई।

बृहस्पतिवार को गांव की करीब 40 महिलाओं ने एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से मिलकर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने प्रकरण की जांच करके कार्रवाई का आश्वासन दिया है। एसएसपी ऑफिस पहुंचीं संध्या, सुमन, नीलम, जैनुल खातून, हीरावती, पुष्पा, किरन, मनीषा व अन्य महिलाओं ने बताया कि उनके गांव में किराये पर रहने वाली एक महिला समूह का संचालन करती थी।

रुपये के लेनदेन सहित अन्य कामों के लिए वह सबके आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज अपने पास रखती थी। इसका फायदा उठाकर उस महिला ने विभिन्न माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से करीब डेढ़ करोड़ रुपये का लोन समूह की महिलाओं के नाम से ले लिए।



हरपुर बुदहट की महिलाओं ने एसएसपी को दिया पत्र। संवाद

### कंपनी के कर्मचारी पहुंचे तो हुई लोन की जानकारी

इसकी जानकारी महिलाओं को तब हुई जब फाइनेंस कंपनियों के कर्मचारी कर्ज वसूली के लिए पहुंचने लगे। इसके बाद छह सितंबर को महिलाएं आरोपी के घर पहुंचीं। वहां लोन लेने के बारे में जानकारी ली। तब आरोपी महिला और उसके पति ने बेटी का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के लिए रुपये लोन लेने की बात कही। पीड़ितों से कहा कि उनके रुपये जल्द ही लौटा दिए जाएंगे। बाद में आरोपी महिला और उसके पति मकान में ताला बंद करके कहीं चले गए। क्षेत्र के सेमरडाढ़ी गांव में रहने वाले महिला के सहयोगी भी लापता हो गए। इसकी जानकारी महिलाओं ने हरपुर बुदहट पुलिस को दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। तब महिलाओं ने बृहस्पतिवार को एसएसपी से मिल कर अपनी पीड़ा बताई।

# युवती लापता, अपहरण का केस

## पिपराइच क्षेत्र का मामला, पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

अमर उजाला ब्यूरो

**पिपराइच।** क्षेत्र के एक गांव की युवती का घर में घुसकर अपहरण किए जाने के मामला सामने आया है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस अज्ञात लोगों पर अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, युवती के पिता यूपी पुलिस में कार्यरत हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि बुधवार रात सभी लोग अपने-अपने कमरे में सो रहे थे।। बृहस्पतिवार भोर में उनकी पत्नी की नींद खुली तो बेटी कमरे में नहीं दिखी। उसके कमरे में रखा काले रंग

### छत पर पांच साड़ियां रस्सी की तरह बंधी मिलीं, घरवालों के अनुसार घर की नहीं हैं वे साड़ियां

का नकाब गायब मिला। छत का दरवाजा बंद होने पर पड़ोसी के घर के रास्ते अपनी छत पर पहुंचे तो पांच साड़ियां एक-दूसरे बंधी मिलीं। उसका एक सिरा छत की चहारदीवारी पर बने कालम से बंधा था, जबकि दूसरा पीछे की तरफ खाली जमीन पर लटका था। वहां जाने पर पुत्री के दोनों पैर की जूती भी फेंकी मिली। घरवालों के अनुसार, छत पर मिली साड़ियां घर की नहीं है। यानी कोई न कोई तो बाहर से आया था।

घर के लोगों का कहना है कि युवती तीन बहन व एक भाई में सबसे छोटी है। उसकी शादी की तैयारी चल रह थी। घरवालों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सीसी कैमरे की फुटेज देखी जा रही है। युवती को कुछ लोगों के साथ जाते देखा गया है। सीडीआर निकलवायी गयी है। जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट होगा।

### किशोरी से छेड़छाड़, युवक के खिलाफ केस

**सरहरी।** गुलरिहा इलाके के एक गांव की किशोरी बुधवार शाम टहलने निकली थी। इस दौरान गांव का ही एक युवक रास्ते में छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी घर आकर परिजनों से सारी बात बताई। परिजन जब युवक के घर उलाहना देने गए तो वहां उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया गया। किशोरी के मां की तहरीर पर गुलरिहा थाने में केस दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। ब्यूरो

# धोखाधड़ी कर पैसे गबन करने का आरोपी गिरफ्तार

**बेलीपार।** फर्जी फाइनेंस कंपनी बना लोगों से करोड़ों रुपये लेकर फरार आरोपी विक्रम प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। जानकारी के अनुसार, बेलीपार थाने में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर सोकहना निवासी विश्व दीपक भारती, बरईपार निवासी विक्रम प्रसाद समेत कई के खिलाफ केस दर्ज किया था। फरार चल रहे विश्व दीपक भारती ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने विक्रम प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया, अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है। ब्यूरो

## पैसे के लेनदेन में मारपीट, केस दर्ज

**सरदार नगर।** चौरीचौरा के अयोध्याचक की शीला देवी ने पैसे के लेनदेन की बात को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके गांव के रहने वाला वीरेंद्र गौड़, सुनैना देवी, सीता कुमारी, दिवाकर पैसे की लेनदेन की विवाद को लेकर उनके लड़के राज पासवान को लाठी डंडा और ईंट से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे उनके लड़के के शरीर में काफी चोट आई हैं। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। ब्यूरो

## गोदाम का ताला तोड़कर चोरी, केस

**सरदार नगर।** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के मुंडेरा बाजार निवासी विवेक निगम ने एक युवक पर गोदाम का ताला तोड़कर नकदी और साइकिल चुराने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका गोदाम महादेवा अदाई में स्थित है। उनके गोदाम में रात के समय प्रत्यूष विश्वकर्मा उर्फ अनमोल ताला तोड़कर वहां रखा 13,500 रुपये का सिक्का, सात हजार नकद रुपये और साइकिल चोरी कर लिया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

## पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

**पिपराइच।** इस्लामपुर गांव की विवाहिता काजल भारती के तहरीर पर पुलिस ने देवरिया जिले के गौरीबाजार निवासी पति राजेश भारती, सास जुलेबा, ननद सुमन और भसुर मुन्ना केस दर्ज किया है। विवाहिता का आरोप है कि तीन साल पहले पिता ने अपने हैसियत के अनुरूप भरपूर दहेज देकर राजेश भारती से शादी किए थे। शादी के कुछ दिनों बाद से ही दहेज के लिए मारापीटा जाने लगा। ब्यूरो

## बाइक लेकर युवक फरार, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के मानस विहार कॉलोनी से एक बाइक चोरी हो गई। चोरी की घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरे में दिख रहा है कि एक युवक टहलते हुए आया है और बाइक लेकर चला गया। वाहन स्वामी रामवदन सिंह ने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ब्यूरो

# हवाला के जरिए दिल्ली फिर दुबई पहुंचाया जाता है सट्टे का पैसा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दुबई में बैठे रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल के संचालक का नेटवर्क हवाला कारोबार से जुड़ रहा है। सट्टा लगाने वालों की रकम म्यूल खाते से निकालने के बाद हवाला के जरिए दिल्ली फिर वहां से दुबई पहुंचाई जाती है। साइबर सेल टीम पड़ताल में कई चौंका देने वाली बातें सामने आ रही हैं। शाहपुर क्षेत्र में कार्यालय खोलकर ऑनलाइन सट्टा खेलाने वाले गिरोह के सरगना मनीष की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। उसके पकड़े जाने पर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश होगा।

शाहपुर के रामजानकी नगर में अवैध ढंग से रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल चला रहे आठ जालसाजों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस अब इस गिरोह के सरगना देवरिया जिले के थाना श्रीरामपुर क्षेत्र में रहने वाले मनीष सिंह कुशवाहा की तलाश कर रही है। इसके साथ ही गाजियाबाद के रहने वाले सूरज को भी पुलिस ढूंढ रही है। अभी तक की छानबीन में पता चला है कि अन्ना रेड्डी ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल के जरिए जुआ खेलने वाले लोगों के रुपये म्यूल खाते में ट्रांसफर करने के बाद निकाल लिए जाते हैं, जिसे हवाला के जरिए गेमिंग पोर्टल के संचालक तक पहुंचाया जाता है।


रेडी अन्ना पोर्टल से सट्टेबाजी के नाम पर ठगी..आठ आरोपी गिरफ्तार

23 सितंबर को प्रकाशित खबर।

अन्ना रेड्डी ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल के जरिए गोरखपुर में सट्टा खेलाने वाले देवरिया के मनीष व गाजियाबाद के सूरज की तलाश चल रही है। म्यूल खाते में कितने रुपये ट्रांसफर हुए, निकालने के बाद किसे दिए गए, इसकी जांच कराई जा रही है। संचालक तक रुपये पहुंचाने के लिए हवाला नेटवर्क का इस्तेमाल करने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। -**अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

**दुबई से चल रहा पोर्टल :** दुबई में रहने वाले अन्ना गेमिंग पोर्टल के संचालक को मैच में जितने रुपये का सट्टा लगता है। उसका 20 प्रतिशत हिस्सा कमीशन के तौर पर मिलता है, जो हवाला के जरिए पहुंचाया जाता है। शेष रुपये सट्टा में जीतने वाले और सिक्योरिटी मनी जमा करके आईडी लेने वालों को मिलती है।

# महिलाओं के नाम पर डेढ़ करोड़ का लोन लेकर समूह संचालिका लापता

## महिलाओं ने एसएसपी को दिया प्रार्थना पत्र, पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट क्षेत्र के देवराडतुला गांव की महिलाओं का समूह बनाकर एक महिला विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से करीब डेढ़ करोड़ रुपये लोन लेकर लापता हो गई है। लोन की वसूली करने कंपनी के कर्मचारी जब कर्जदार महिलाओं के घर पहुंचे तब उनको मामले की जानकारी हुई।

बृहस्पतिवार को गांव की करीब 40 महिलाओं ने एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से मिलकर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने प्रकरण की जांच करके कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

एसएसपी ऑफिस पहुंचीं संध्या, सुमन, नीलम, जैनुल खातून, हीरावती, पुष्पा, किरन, मनीषा व अन्य महिलाओं ने बताया कि उनके गांव में किराये पर रहने वाली एक महिला समूह का संचालन करती थी।

रुपये के लेनदेन सहित अन्य कामों के लिए वह सबके आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज अपने पास रखती थी। इसका फायदा उठाकर उस महिला ने विभिन्न माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से करीब डेढ़ करोड़ रुपये का लोन समूह की महिलाओं के नाम से ले लिए।

**कंपनी के कर्मचारी पहुंचे तो हुई लोन की जानकारी :** इसकी जानकारी महिलाओं को तब हुई जब फाइनेंस कंपनियों के कर्मचारी कर्ज वसूली के लिए पहुंचने लगे। इसके बाद छह सितंबर को महिलाएं आरोपी के घर पहुंचीं। वहां लोन लेने के बारे में जानकारी ली। तब आरोपी महिला और उसके पति ने बेटी का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के लिए रुपये लोन लेने की बात कही।

पीड़ितों से कहा कि उनके रुपये जल्द ही लौटा दिए [illegible] उसके पति मकान में ताला बंद करके कहीं चले गए। क्षेत्र के सेमरडाढ़ी गांव में रहने वाले महिला के सहयोगी भी लापता हो गए। इसकी जानकारी महिलाओं ने हरपुर बुदहट पुलिस को दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। तब महिलाओं ने बृहस्पतिवार को एसएसपी से मिल कर अपनी पीड़ा बताई।



हरपुर बुदहट की महिलाओं ने एसएसपी को दिया पत्र।

### धोखाधड़ी कर पैसे गबन करने का एक आरोपी गिरफ्तार

**बेलीपार।** फर्जी फाइनेंस कंपनी बना लोगों से करोड़ों रुपये लेकर फरार आरोपी विक्रम प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। जानकारी के अनुसार, बेलीपार थाने में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर सोकहना निवासी विश्व दीपक भारती, बरईपार निवासी विक्रम प्रसाद समेत कई के खिलाफ केस दर्ज किया था। फरार चल रहे विश्व दीपक भारती ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने विक्रम प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया, अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है।

# दुष्कर्म के आरोप में दस साल की सजा

गोरखपुर। दुष्कर्म करने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट मनोज कुमार ने सिद्धार्थनगर जिले के तेतरी बाजार थाना क्षेत्र के जगदीशपुर खुर्द निवासी अभियुक्त सूर्यकांत श्रीवास्तव उर्फ मंटू को दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 70 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

अदालत से

अर्थदंड न देने पर दोषी को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। पीड़िता 12वीं की छात्रा दोषी की रिश्तेदार है, वह उसके घर आई थी। इस दौरान कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, इसके बाद दुष्कर्म कर उसका फोटो खींच लिया था। जिसे दिखाकर दोषी ने ब्लैकमेल कर कई बाद पीड़िता के साथ संबंध बनाए थे।

# हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। हत्या का मामले में जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के मोहनाग बड़ा टोला निवासी आरोपी अशोक उर्फ अलेक्सन की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। घटना 26 जनवरी 2024 के दिन की करीब दोपहर दो बजे की है। आरोपी ने पुराने विवाद को लेकर आदर्श का पैर पकड़ कर आरसीसी रोड पर कई बार पटक दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# हवाला से जुड़ा है रेड्डी अन्ना पोर्टल का नेटवर्क

## म्यूल खाते से रुपये निकालने के बाद हवाला के जरिये पहुंचा रहे दिल्ली, सरगना की तलाश

जासं, गोरखपुर : अन्ना रेड्डी आनलाइन गेमिंग पोर्टल के संचालक का नेटवर्क हवाला कारोबार से जुड़ा है। सट्टा लगाने वालों की रकम म्यूल खाते से निकालने के बाद हवाला के जरिये दिल्ली, फिर वहां से दुबई पहुंचाई जाती है। मामला सामने आने के बाद साइबर सेल की टीम इसकी छानबीन कर रही है। शाहपुर क्षेत्र में कार्यालय खोलकर आनलाइन सट्टा खेलाने वाले गिरोह के सरगना मनीष की तलाश में छापेमारी चल रही है।

शाहपुर के रामजानकी नगर में अवैध ढंग से रेड्डी अन्ना आनलाइन गेमिंग पोर्टल चला रहे आठ जालसाजों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस गिरोह के सरगना देवरिया के थाना श्रीरामपुर क्षेत्र के मनीष सिंह कुशवाहा की तलाश कर रही है। इसके नाम पर चार आइडी चल रही थी। इसके साथ ही गाजियाबाद के सूरज को भी पुलिस ढूंढ़ रही है। अभी तक की छानबीन में पता चला है कि अन्ना रेड्डी आनलाइन गेमिंग पोर्टल के जरिये जुआ खेलने वाले लोगों के रुपये म्यूल खाते में ट्रांसफर करने के बाद निकाल लिए जाते हैं, जिसे हवाला के जरिये गेमिंग पोर्टल के संचालक तक पहुंचाया जाता है।

**गेमिंग पोर्टल के संचालक को मिलता है 20 प्रतिशत फायदा :** दुबई में रहने वाले अन्ना गेमिंग पोर्टल के संचालक को मैच में जितने रुपये का सट्टा लगता है उसका 20 प्रतिशत हिस्सा कमीशन के तौर पर मिलता है, जो हवाला के जरिये पहुंचाया जाता है। शेष रुपये सट्टा में जीतने वाले और सिक्योरिटी मनी जमा करके आइडी लेने वालों को मिलते हैं। एक आइडी की कीमत 12 से 15 लाख रुपये बताई जा रही है।

> अन्ना रेड्डी आनलाइन गेमिंग पोर्टल के जरिये गोरखपुर में सट्टा खेलाने वाले देवरिया के मनीष व गाजियाबाद के सूरज की तलाश चल रही है। म्यूल खाते में कितने रुपये ट्रांसफर हुए, निकालने के बाद किसे दिए गए, इसकी जांच कराई जा रही है। संचालक तक रुपये पहुंचाने के लिए हवाला नेटवर्क का इस्तेमाल करने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सरगना के पकड़े जाने पर स्थिति साफ होगी।
>
> – अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

# फंसा रहा गिरोह, पुलिस भेज रही जेल

## बेगुनाही का साक्ष्य लेकर पहुंचे युवक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सुनाई आपबीती

जागरण संवाददाता, गोरखपुरः शहर में सक्रिय गिरोह युवक व उसके साथी को छेड़खानी के मुकदमे में फंसा रहा है। इस गिरोह में तीन लड़कियां हैं जो पहले तहरीर देती हैं, बाद में जेल भेजने की धमकी देकर रुपये लेकर समझौता कर लेती हैं। कोतवाली थाने में दो दोस्तों के विरुद्ध युवती ने तहरीर दी है। गुरुवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे युवक के भाई ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देने के साथ ही बेगुनाही के साक्ष्य दिखाए। सीओ कोतवाली मामले की जांच करा रहे हैं।

कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले पवन कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि एक युवती ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है कि 24 सितंबर की रात नौ बजे उसके भाई व दोस्त ने घोष कंपनी चौराहे पर छेड़खानी और मारपीट की। घटना के बाद उनका भाई रामजानकी नगर स्थित किराये के कमरे पर था, जिसकी रिकार्डिंग वहां लगे सीसी कैमरे में कैद है। वहीं उसका दोस्त वृंदावन से लौट रहा था और लखनऊ में अपने रिश्तेदार के घर रुका था। तहरीर देने वाली युवती पहले भी कई लोगों के विरुद्ध झूठी शिकायत कर चुकी है। युवती से पीड़ित एक युवक सीओ कोतवाली के कार्यालय पहुंचा और उसके विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर सीओ कोतवाली मामले की जांच करा रहे हैं। पवन कुमार का कहना है कि छेड़खानी का आरोप लगाने वाली युवती नाम बदलकर तहरीर देती है। विरोध करने पर अपने पिता से भी उसने विवाद किया था, पिटाई करने के बाद उनके विरुद्ध भी तहरीर लेकर थाने पहुंच गई थी। सीओ कोतवाली को पवन ने युवती के कृत्य का वीडियो भी दिया है।

> छेड़खानी की तहरीर देने वाली युवती पर धनउगाही के लिए झूठा आरोप लगाने की शिकायत मिली है। आरोप की जांच कराई जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।
>
> – ओंकार दत्त, सीओ कोतवाली

### बच्ची से की अश्लील हरकत मुकदमा दर्ज

जासं, कैंपियरगंज : थाना क्षेत्र के एक गांव की सात वर्ष की बच्ची से गांव का ही युवक अश्लील हरकत किया। बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। बच्ची के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी सात वर्ष की बेटी बुधवार की शाम खेलने गई थी। उसी दौरान गांव का रहने वाला राकेश चौरसिया बेटी के साथ अश्लील हरकत करने लगा। बेटी उसके चंगुल से भागकर घर आई और जानकारी दी। आरोपित के घर गए तो वह भाग गया।

**एक नजर में**

### हत्यारोपित का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

गोरखपुर : हत्या के मामले में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के मोहनाग बड़ा टोला निवासी आरोपित अशोक का जमानत प्रार्थनापत्र अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया है। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता प्रियानन्द सिंह का कहना था कि घटना 26 जनवरी, 2024 के दोपहर करीब दो बजे की है। आरोपित ने वादिनी सिमरन के इकलौते लड़के आदर्श का पुराने विवाद को ले कर पकड़कर आरसीसी सड़क पर कई बार पटक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# कुंभकरण की तलाश में चंडीगढ़ जाएगी पीपीगंज पुलिस

- वर्ष 2005 में घर से कमाने पंजाब गया था, सर्पदंश से मृत्यु की आई थी सूचना
- शव का अब तक पता नहीं चलने पर बहन ने सीएम पोर्टल पर की है शिकायत

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पीपीगंज के बढ़नी का कुंभकरण जिंदा है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए गोरखपुर पुलिस चंडीगढ़ जाएगी। 18 वर्ष की उम्र में 2005 में पंजाब कमाने गया, लेकिन तबसे लौटा नहीं। पुलिस ने जांच कर सर्पदंश से उसकी मृत्यु की जानकारी दी, लेकिन शव कहां गया, यह नहीं बता पाई। यही वजह है कि परिवार वाले कुंभकरण को मृत नहीं मानते हैं और असलियत की जांच की मांग कर रहे हैं। सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद एसपी नार्थ ने एक टीम गठित कर चंडीगढ़ भेजने का निर्देश दिया है।

बढ़नी की सुमित्रा ने सीएम पोर्टल व पुलिस अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि 2005 में भाई कुंभकरण पंजाब कमाने गया था।

> कुंभकरण प्रकरण की हकीकत जांचने के लिए पुलिस टीम गठित कर चंडीगढ़ भेजे जाने का निर्देश दिया गया है। मामले में जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> जितेंद्र श्रीवास्तव, एसपी नार्थ

बाद में पता चला कि गुलरिहा की एक युवती भी साथ गई थी। कुछ महीने बाद घर आकर युवती ने बताया कि कुंभकरण की सर्पदंश से मृत्यु हो गई, लेकिन उसका शव नहीं मिला। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कराया गया तो विवेचक ने चार्जशीट में लिखा कि अभियुक्त से मिले प्रमाण पत्र से पता चला है कि सर्पदंश से उसकी मृत्यु हो गई, लेकिन उसके शव के बारे में नहीं बता सके। बाद में सुमित्रा को चंडीगढ़ से पता चला कि उसके साथ आए भोला ने पोस्टमार्टम न कराने के लिए लिखित में दी थी। सुमित्रा के अनुसार, कुंभकरण जहां काम करता था, वहीं के नौकर ने बताया था कि भाई को मालिक ने कहीं भेज दिया था। इसी सच जानने के लिए पुलिस चंडीगढ़ जाएगी।

# काश! वीडियो बनाने की जगह झगड़ा छुड़ाते तो शायद जिंदा होते सत्यप्रकाश

गोरखपुर। पिपराइच के हरखापुर गांव के लोगों ने अगर संवेदना दिखाई होती तो तो शायद एक पिता अपने बेटे के हाथों अपनी जान न गंवाता। घर के सामने नशेड़ी बेटा पिता से लड़ता रहा और लोग अपने घर की छतों से तमाशा देखते रहे और वीडियो बनाते रहे। बेटे से बचने के लिए पिता ने अपने स्तर पर बहुत कोशिश की, लेकिन नशे में चूर बेटा पिता की ईंट से कूंचकर हत्या करने के बाद ही शांत हुआ। बुजुर्ग की जान जाने के बाद लोग छत से उतरे। तब उन्हें पछतावा हुआ कि अगर आगे बढ़कर किसी ने झगड़ा छुड़ा दिया होता तो शायद यह दर्दनाक वारदात न होती। हरखापुर गांव के सत्यप्रकाश तिवारी और उनके बेटे कन्हैया के झगड़े का तीन मिनट का वीडियो बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया देने लगे। एक उपयोगकर्ता ने सोशल मीडिया पर लिखा कि एक गांव ही बचा था, जहां सुख-दुख में लोग एक साथ खड़े होते थे, अब वहां भी संवदेना खत्म हो रही है। इसी तरह कई लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया इस घटना की वीडियो देखकर दी है। उधर, बृहस्पतिवार को हरखापुर गांव में सत्यप्रकाश तिवारी के घर पर सन्नाटा पसरा था। बगल में रहने वाले पटीदार और ग्रामीणों का कहना था कि सत्यप्रकाश और उनके बेटे कन्हैया में रोज झगड़ा होता था।

# पिता का हत्यारोपित गिरफ्तार, मुकदमा

जागरण संवाददाता, पिपराइच : हरखापुर में बुधवार की रात ईंट से कूंचकर पिता की हत्या करने वाले बेटे पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया। पट्टीदारों के आगे नहीं आने पर गुरुवार को गुलरिहा के नाहरपुर निवासी चंद्रभूषण मिश्र ने तहरीर दी। उन्होंने लिखा कि साले सत्यप्रकाश तिवारी का हत्यारोपित बेटा कन्हैया नशेड़ी और निर्दयी है। उसे कठोर से कठोर सजा दी जाए, जिससे मृतक की आत्मा को शांति मिल सके। वहीं पुलिस ने घटना के बाद फरार आरोपित कन्हैया को गिरफ्तार किया। उधर पोस्टमार्टम के बाद बरगदही स्थित घाट पर सत्यप्रकाश के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

पिपराइच थाना क्षेत्र के हरखापुर के सत्यप्रकाश तिवारी उर्फ सकरम चार भाइयों में सबसे छोटे थे। अन्य तीन भाई परिवार के साथ अलग रहते हैं। वहीं सत्यप्रकाश ने पहली पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरी शादी की, लेकिन वह घर छोड़कर चली गई। इसके बाद से सत्यप्रकाश अपने इकलौते बेटे कन्हैया तिवारी के साथ घर पर रहते थे। बेटे की नशे की लत से परेशान सत्यप्रकाश मंदिर में रहते थे और इधर-उधर भोजन करते। बुधवार की शाम वह घर पर थे। इसी बीच नशे में आरोपित कन्हैया पहुंचा और शादी कराने की बात पर पिता से विवाद करने लगा। मामला बढ़ने पर उसने फंदे से लटक कर खुदकुशी करने की कोशिश की, लेकिन पिता ने बचा लिया। इसके बाद नाराज होकर उसने पिता को ही ईंट से कूंचकर मार डाला।

**पड़ोसी बनाते रहे वीडियो, महिला को छोड़ कोई आगे नहीं आया :** इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो को देखकर हर कोई गांव के लोगों की संवेदना को कोस रहा है। लोग यही कह रहे कि अगर बाप-बेटे के झगड़े को छुड़ा दिया गया होता तो सत्यप्रकाश की जान बच जाती। नशेड़ी बेटा पिता से लड़ता रहा, ईंट मारता रहा और पड़ोस के लोग अपने घर की छतों से तमाशा देखते रहे और वीडियो बनाते रहे। एक महिला ने कन्हैया को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन नशे में आरोपित महिला को बुरा-भला कहने लगा। इसके बाद वह चली गई। वहीं सामने के एक और घर से घटना को देख रही युवती ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सुचना दी। लेकिन, जब तक पीआरवी मौके पर पहुंची सत्यप्रकाश लहूलुहान होकर घायल पड़े थे और आरोपित कन्हैया फरार हो गया था।

**खानदान का इकलौता वारिस रहता :** आरोपित कन्हैया के पिता सत्यप्रकाश चार भाई थे, लेकिन बड़े भाई को कोई संतान नहीं है।

# धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, बेलीपार : कम समय में रुपये दोगुणा करने का लालच देकर लोगों के करोड़ों रुपये हड़पने वाली फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी विक्रम प्रसाद को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया , जहां से जेल भेज दिया गया।

बेलीपार थाना क्षेत्र के बरईपार निवासी उपेंद्र जायसवाल ने डीडी फाइनेंस कंपनी खोली थी। उसने एक से दो वर्ष में जमा धन दोगुणा, जमीन बैनामा करने आदि का झांसा देकर क्षेत्र के लोगों से रुपये जमा कराया। शुरू में उसने दोगुणा रकम लौटाई तो लोगों को विश्वास होने लगा। इसके बाद लोगों ने सगे-संबंधियों से रुपये जमा करा दिए। इस बीच कंपनी करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गई। सूचना पर लोगों में हड़कंप मच गया। सोकहना निवासी निरंकार तिवारी व सौरभ शुक्ला सहित कई लोगों ने डीडी फाइनेंस कंपनी व उसमें कार्यरत लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। इसी गांव के विश्व दीपक भारती व बरईपार के विक्रम प्रसाद सहित कई के विरुद्ध दूसरा मुकदमा दर्ज कराया गया था। विश्व दीपक भारती ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने गुरुवार को विक्रम को गिरफ्तार कर लिया।

## बाइक व साइकिल चोर धराया

जासं, गोरखपुर : लाइब्रेरी के सामने से बाइक व साइकिल चुराने वाले युवक को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार किया। युवक की निशानदेही पर चोरी की एक बाइक व साइकिल बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल थाना चितवन कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित अंकुश गौतम चौरी चौरा के डुमरी खुर्द गांव का रहने वाला है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# आगामी त्योहार के मद्देनजर बरतें सतर्कता : डीआईजी

देवरिया(एसएनबी)। गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक आनंद कुलकर्णी ने कहा कि आगामी त्यौहार के मद्देनजर पूरी सतर्कता बरतें। आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें।


देवरिया-समीक्षा बैठक में मातहतों को निर्देश देते डीआईजी।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने उक्त निर्देश बृहस्पतिवार को जनपद के पुलिस लाइन में आगामी त्यौहार के सम्बन्ध में पुलिस तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान मातहतों को दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में जिले की कानून व्यवस्था बिगड़नी नहीं चाहिए। इसके पूर्व पुलिस उप महानिरीक्षक ने पुलिस लाइन में सशत्र गारद की सलामी ली।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी शिव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी बरहज आदित्य कुमार गौतम, मुख्य अगिशमन अधिकारी अरूण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एनपीएस/यूपीएस के खिलाफ अटेवा ने निकाला आक्रोश मार्च


देवरिया-उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते अटेवा के पदाधिकारी।


रुद्रपुर : प्रदर्शन करते शिक्षक व कर्मचारी।


भटनी : मशाल जुलूस में हिस्सा लेते रेलकर्मी। फोटो : एसएनबी

देवरिया(एसएनबी)। बृहस्पतिवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारियों ने एनपीएस/यूपीएस के खिलाफ 'आक्रोश मार्च' निकाला। जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।

रविन्द्र किशोर शाही स्टेडियम से निकाला गया मार्च भटवलिया, सिविल लाइन होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। मार्च में शामिल शिक्षक व कर्मचारी एनपीएस/यूपीएस गो बैक, ओपीएस कम बैक, पुरानी पेंशन बहाल करो के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। मार्च में शामिल कर्मचारियों व शिक्षकों का कहना था कि एनपीएस/ यूपीएस शिक्षकों, कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है, जो उनके बुढ़ापे की सामाजिक सुरक्षा प्रदान नहीं करती है।

इस अवसर पर अटेवा के मण्डलीय संगठन मंत्री मदन सिंह पटेल ने कहा कि सरकार ने एनपीएस/ यूपीएस लागू कर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ बड़ा छलावा किया है। उनकी बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन को समाप्त कर बुढ़ापा अंधकारमय कर दिया है। शिक्षक एवं कर्मचारी 30-35 साल की सरकार एवं देश की सेवा करने के उपरान्त बुढ़ापे में दर-दर की ठोकरें खाने का मजबूर कर दिया है। अतः अटेवा पुरानी पेंशन बहाली का आन्दोलन तब तक चलाता रहेगा जब तक कि पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल न हो जाय।

अटेवा के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश कुशवाहा ने कहा कि सरकार, सरकारी संस्थाओं का निजीकरण कर एवं नयी पेंशन व्यवस्था लागू कर धन्नासेठों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। नयी पेंशन व्यवस्था शेयर आधारित व्यवस्था है एवं कर्मचारियों द्वारा किए गये अंशदान को भी गबन कर रही है। इस व्यवस्था से कर्मचारियों का भविष्य/ बुढ़ापा अनिश्चित हो गया है। सांसद/विधायक अपने लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू रखे है एवं कर्मचारियों के लिए एनपीएस/यूपीएस क्यों एक देश में दो विधान क्यों?

आक्रोश मार्च में प्रमुख रूप से देवेन्द्र कुमार सिंह, संदीप यादव, जितेन्द्र यादव, अवधेश प्रसाद, अनुज पासवान, शैलेन्द्र सैनी, भोपाल सिंह, सुरेश सिंह, कमलेश गोंड, विजय यादव, नरेन्द्र कुशवाहा, अजय सिंह, मुन्ना कुमार मधुकर अमित कुमार गोंड, शशिभूषण, नूर आलम, विनय कुमार, उमेश यादव, देवानन्द, भगीरथ प्रसाद, अजय सिंह, कुमार प्रियंका सिंह, ओम प्रकाश कुशवाहा, विनोद सिंह, जयहिन्द प्रताप, दिलशाद आजाद, पूजा विश्वकर्मा, पुष्प सिंह, सोनी मिश्रा, राजेश सिंह, कमलेश कुमार, सन्तोष कुमार गुप्ता, संजीव गौतम, राम प्रवेश यादव, जयराम कुशवाहा, रुद्रनारायण सिंह, सन्तोष कुमार गुप्ता, प्रवीण कुमार, अजीत कुमार, महेन्द्र प्रताप राव, प्रमोद कुमार, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, चन्दन कुमार, विशाल गोंड, जितेन्द्र साहू, राजेश सिंह, राजेश्वर सिंह, अशोक तिवारी, राजेश मिश्रा, रामा जी यादव, नन्दलाल, विजय सिंह, हेमा त्रिपाठी, नीलम सिंह, रवि अग्रवाल, संजय यादव, राकेश मणि त्रिपाठी, अशोक कुमार, रामचन्द्र भारती, दुर्गेश कुमार गौतम दुर्गा तिवारी, मनोज राजभर, पारसनाथ विश्वकर्मा, शिवशंकर, मनोज गोंड, अखिलेश कुशवाहा, डा. सीताराम तिवारी, दिनेश कुशवाहा आदि हजारों की संख्या में कर्मचारी एवं शिक्षक आदि शामिल रहे।

**रुद्रपुर कार्यालय** के अनुसार गुआक्टा के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर स्थानीय उपनगर के रामजी सहाय पीजी कालेज महाविद्यालय के शिक्षकों/ कर्मचारियों ने गुरुवार को आक्रोश मार्च निकालकर एनपीएस व यूपीएस का विरोध किया। निकाले गये मार्च के दौरान पुरानी पेंशन बहाल करो, एनपीएस/यूपीएस वापस जाओ, जैसे गगनभेदी नारे लगाकर शिक्षक संघ ने अपना विरोध दर्ज कराया तथा सरकार से मांग किया कि वह उनके मांग पर विचार करें, नहीं तो आगामी विधानसभा चुनाव में गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहें। समाजवादी शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव डॉ. शरद वर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष विमल कुमार ने शिक्षक सभा की तरफ से आक्रोश मार्च को समर्थन दिया। इस अवसर पर शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रोफेसर संतोष यादव, डॉ. नरेन्द्र शर्मा, डॉ. गौरव, बृजेश प्रजापति, आनन्द मोहन, अशोक सिंह, अभयनाथ, रमेश यादव, रामकृष्ण भारती, अदालत, रामप्रताप पटेल, रमाकान्त, तनुज, दिलीप आदि लोग मौजूद रहे।

**भटनी प्रतिनिधि** के अनुसार रेलवे मेन्स कांग्रेस पूर्वोत्तर रेलवे शाखा भटनी के तत्वावधान में लोको पायलट विश्राम गृह भटनी से एनपीएस व यूपीएस के विरोध में पुरानी पेन्शन की बहाली को लेकर मशाल जुलूस निकाल कर आक्रोश व्यक्त करते हुए अपना विरोध किया। जुलूस लोको पायलट विश्राम गृह से उत्तरी रेलवे कालोनी तक जाकर नारेबाजी करते हुए वापस लोको पायलट विश्राम गृह तक आकर खत्म हुआ।

रेलकर्मियों ने हाथ में मशाल लिए जमकर नारेबाजी करते हुए पुरानी पेन्शन बहाल करो और नये पेन्शन नीति वापस करो का नारा जमकर लगाया। मशाल जुलूस में शाखा अध्यक्ष मनी सिंह शाखा मंत्री सैफुल्लाह खाँ केन्द्रीय पदाधिकारी एहतम आलम अभिषेक तिवारी योगेन्द्र कुशवाहा बीरबल अन्नू पाल सुबोध अतुल कुमार चन्द्रभान यादव गोपाल यादव व प्रवीण कुमार कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया ।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसओ लार की जिलाध्यक्ष से की शिकायत

**लार (एसएनबी)**। गुरुवार को सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता देवरिया भाजपा कार्यालय पहुंच कर लार एसओ द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न करने सहित 10 गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह से इसकी शिकायत किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं बताया है कि लार के थानाध्यक्ष द्वारा भाजपा के कार्यकर्ताओं का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। थाने पर सपा के दलाल दिनभर बैठे रहते हैं जो चिंता का विषय है। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि चुरिया गांव निवासी भाजपा नेता शिवम सिंह के ऊपर हुए चाकू से हमला का आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। गयागिर वार्ड निवासी दिलीप राजभर को थाने में लाकर पीटा गया जबकि उसका कोई अपराध नहीं था। धवरिया वार्ड के लड़कों को चोरी के इल्जाम में पकड़ा गया उनसे 19 हजार लेकर छोड़ दिया गया। लार के तिवारी टोला में दिनदहाड़े चोरी हुई अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ। लार के बौली वार्ड शर्मा टोला में डकैती हुई अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ। चोरडीहा गांव में सेंध काट कर चोरी की गई। लार के भीखम छपरा निवासी रामेश्वर तिवारी आरएसएस के कार्यकर्ता हैं। यह सुन थाने के पुलिसकर्मी भड़क गए और उनको बुरी तरह मारे पिटे। पनुकी पुल के रास्ते भारी मात्रा में पुलिस की मिली भगत से गोवंश की तस्करी होती है। लार थाने में तमाम गंभीर मुकदमे दर्ज हैं जिनमें आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है। उक्त सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक लार कपिलदेव चौधरी ने बताया कि आरोप बेबुनियाद है। ताजा मामला भीखम छपरा निवासी रामेश्वर तिवारी का है जो दो पक्षों में डिलेवरी पाइप पर ट्रेक्टर चढ़ने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई किया गया है।

# सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन

लार। नगर पंचायत लार के कर्मचारियों ने सभासदों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कार्यालय गेट पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत लार के कुछ सभासद व सभासद पति कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं जो अब सहने योग्य नहीं है।

सामूहिक रूप से कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी के नाम से संबोधित करते हुए बाबू को ज्ञापन सौंप कर बताया की कुछ सभासद द्वारा कर्मचारियों के साथ लगातार दुर्व्यवहार किया जा रहा है। जिससे समस्त सफाई कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। सभासदगण के दुर्व्यवहार के कारण हम सभी सफाई कर्मचारी अपने कार्यों को करने में असमर्थ है। नगर पंचायत गेट पर सफ़ाई कर्मचारियों ने हाथ में फावड़ा व झाड़ू लेकर खूब नारेबाजी की।

# डीएम व एसपी पहुंचे जिला कारागार

देवरिया। कुशीनगर के जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार शशि, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता सिंह तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने गुरूवार को जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने न्यायाधीश गण ने कारागार में निरूद्ध वंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कारगार में वंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का ब्योरा लेने के बाद भोजनालय, चिकित्सालय तथा बैरकों आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला वंदियों के बच्चों में बिस्कुट, टाफी आदि का वितरण किया। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान मिली कमियों में सुधार करने तथा महिला वंदियों के साथ रहने वाले बच्चों को भोजन, नास्ते पर विशेष ध्यान देने को निर्देशित किया।

# दो लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पुरनाछापर में हुई मारपीट के मामले मे एक पक्ष के तहरीर पर दो लोगो के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है । ग्राम पुरनाछापर निवासी ऋषिकेश मिश्र ने मारपीट के मामले मे दो लोगो तारकेश्वर व आशुतोष मिश्र पर गाली देते हुए मारने के लिए दौडने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाये थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनो के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक कमलेश गुप्ता को सौंप दिया है ।

# पति -सास सहित चार को दस वर्ष की कैद

देवरिया। अपर एवं सत्र न्यायाधीश मृदांशु कुमार की अदालत नें बृहस्पतिवार को दहेज हत्या के मामले में सुनवाई के उपरांत चार आरोपित को दोषी पाया। अदालत ने दोषी पति सास व दो चचिया ससुर को 10-10 साल की सजा तथा 15-15 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। गोरखपुर जिले के सैनिक कुंज, नंदा नगर निवासी अखिलेश मिश्रा ने बेटी निधि की शादी भलुअनी थाना के मरकड़ा निवासी पंकज से की थी। ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए 6 अक्टूबर 2017 को निधि मिश्रा की हत्या कर दी। मृतका के पिता की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज की। सहायक शासकीय अधिवक्ता श्रीधर तिवारी ने बताया की उभयपक्ष के तर्कों व साक्ष्यो के अवलोकन के बाद पति पंकज मिश्रा, सास वृंदा देवी, चचिया ससुर गंगा सागर व विद्या सागर को दोषी पाया।

# भाजपाइयों ने की थानेदार की शिकायत

लार। दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष से मिल कर लार के थानेदार के कार्यशैली की शिकायत की। उनका कहना था कि थाने पर कुछ दलाल दिन भर बैठे रहते हैं जो चिंता का विषय है। चुरिया गांव निवासी भाजपा नेता शिवम सिंह के ऊपर हुए चाकू से हमला का आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। गयागिर वार्ड निवासी दिलीप राजभर को थाने में लाकर पीटा गया जबकि उसका कोई अपराध नही था। लार के भीखम छपरा निवासी रामेश्वर तिवारी आरएसएस के कार्यकर्ता हैं। यह सुन थाने के पुलिसकर्मी भड़क गए और उनको बुरी तरह मारे पीटे।

## अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने गुरुवार को एनपीएस-यूपीएस के खिलाफ किया प्रदर्शन

# पुरानी पेंशन के लिए आक्रोश मार्च

**आंदोलन**

देवरिया, निज संवाददाता। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने गुरुवार को एनपीएस यूपीएस के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला। प्रदर्शन में शामिल शिक्षक कर्मचारी स्पोर्ट्स स्टेडियम से एनपीएस यूपीएस गो बैक, ओपीएस कम बैक का नारा लगाते हुए भटवालिया से सिविल लाइन होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

मंडलीय संगठन मंत्री मदन सिंह पटेल ने कहा कि सरकार एनपीएस यूपीएस लागू कर शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ बड़ा छलावा किया है। उनके बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन को समाप्त कर बुढ़ापा बुढ़ापे को अंधकार मय कर दिया है। सरकार ने पुरानी पेंशन को समाप्त कर शिक्षक कर्मचारी की 30-35 साल तक सरकार एवं देश की सेवा करने के उपरांत बुढ़ापे में दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर कर दिया है। अतीव पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन कब तक चलता रहेगा जब तक की पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल न हो जाए। जिला अध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि सरकार सरकारी संस्थाओं का निजीकरण कर व नई पेंशन व्यवस्था लागू कर धना स्टोन को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है नई पेंशन व्यवस्था शेयर आधारित व्यवस्था है एवं कर्मचारियों द्वारा किए गए अंशदान को भी गबन कर रही है।

इस व्यवस्था से कर्मचारियों का भविष्य व बुढ़ापा अनिश्चित हो गया है। उन्होंने कहा कि माननीय अपने लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू रखे हैं एवं कर्मचारियों के लिए एनपीएस व यूपीएस का झुनझुना थमा रहे हैं। आक्रोश मार्च में संयुक्त कर्मचारी संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्राथमिक, जूनियर व मध्यमिक शिक्षक संघ, नर्सेज संघ सहित दर्जनों कर्मचारी संगठनों के सदस्य शामिल रहे।

इस दौरान महामंत्री अवधेश प्रसाद, देवेंद्र कुमार सिंह, संदीप यादव, विवेक मिश्रा, जितेंद्र यादव, अवधेश प्रसाद, अनुज पासवान, शैलेंद्र सैनी, भोपाल सिंह, सुरेश सिंह, कमलेश गौड़, विजय यादव, नरेंद्र कुशवाहा, अजय सिंह, मुन्ना कुमार मधुकर, अमित कुमार गोंड, शशि भूषण, नूर आलम, विनय कुमार, उमेश यादव, देवानंद, भागीरथ प्रसाद, अजय सिंह, कुमार प्रियब्रत सिंह समेत शिक्षक कर्मचारी शामिल रहे।



पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शहर में आक्रोश मार्च निकालते अटेवा के सदस्य।

- स्पोर्ट्स स्टेडियम से कलक्ट्रेट तक निकाला मार्च
- प्रदर्शन में शिक्षकों और कर्मचारियों ने दिखाई ताकत

### कर्मचारी संयुक्त परिषद भी प्रदर्शन में रहा शामिल

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा की आक्रोश रैली में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के सदस्य भी अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में शामिल रहे। इसमें मंत्री सुनील कुमार सिंह, अमित कुमार शर्मा, विनोद कुमार, सलीम शेख, छोटेलाल गुप्ता, जगदीश चौरसिया, ओमकार ओझा, उमेश कुमार पांडे, ओपी सिंह, ओपी गुप्ता, संजय सिंह, योगेंद्र कुशवाहा आदि शामिल रहे।

# छात्र को पीटने के मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

देवरिया। स्कूल से घर जा रहे छात्र को मारपीट कर घायल करने के मामले मामा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बघौचघाट के महुअवा बुजुर्ग निवासी मुन्ना पाण्डेय ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया कि उनका भांजा अमरनाथ पाठक (15) पुत्र ओम प्रकाश पाठक 31 अगस्त को स्कूल से पढ़कर घर आ रहा था कि उसकी क्लास में पढ़ने वाला राधेश्याम यादव पुत्र देवीदयाल यादव, निवासी लखना घाट, थाना रूद्रपुर बाइक से आधा दर्जन लड़कों के साथ पहुंचा। हाथ में राड व चाकू लिये कुछ आधा दर्जन लड़कों ने उनके भांजे को सायकिल से खींच कर गिरा दिया और बुरी तरह से मारापीटा।

# पुलिसकर्मियों पर थाने में मारने-पीटने का आरोप

**लार, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना लार अक्सर अपने कार्यों को लेकर चर्चा में रहता है। एक बार फिर लार थाने में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। सोशल मीडिया पर वॉयरल एक वीडियो में एक व्यक्ति ने अपने आप को आरएसएस कार्यकर्ता बता पुलिसकर्मियों पर थाने में पीटने का आरोप लगाया है। उसने अधिकारियों से मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि लार पुलिस ने उसके आरोपों को गलत बताया है। आपका अपना अखबार हिन्दुस्तान वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

लार थाना क्षेत्र के भीखम छपरा गांव निवासी रामेश्वर तिवारी ने जारी वीडियो में कहा है कि पट्टीदारी में झगड़ा हुआ था। इसमें दोनों पक्ष थाने पर बुलाए गए थे। वह थाने के गोलंबर में अपनी बेटी के साथ बैठा हुआ था। उसी दौरान अपना परिचय दिया कि मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता हूं। इतना सुनते ही वहां मौजूद दो पुलिसकर्मी उनकी लड़की को गोलंबर से घसीटते हुए उसका बाल पकड़कर पीटते हुए थाने में बने कैबिन में लेकर जाने लगे। उसका विरोध किया तो इन्हें भी थानेदार के कक्ष में ले जाकर बुरी तरह लाठी से मारा पीटा गया। उनका कहना है कि थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला जाएगा तो इस सारे घटना का वीडियो मिल जाएगा। उन्होंने मामले में मुख्यमंत्री और एसपी से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# मारपीट के तीन मामले में एक दर्जन पर केस

**देवरिया।** मारपीट के तीन मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने एक दर्जन पर केस दर्ज किया है। अलग अलग गांवों में मारपीट की तीनों घटनाएं हुई। सदर कोतवाली क्षेत्र के चकसराय बदलदास निवासी मोतीचंद पटेल ने पुलिस को तहरीर दिया कि 24 सितंबर को शाम 6 बजे वह सुरती लेने दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान शंभू पटेल, मंजू पटेल, अमितेश पटेल, अजय पटेल तथा अमित पटेल ने मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं बसडीला निवासी खदेरू प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दिया कि विवेकानंद व विरेन्द्र प्रसाद ने मिलकर उन्हे और उसके पिता को ईट व थप्पड़ से मारपीट कर घायल कर दिया। इसी तरह से कोतवाली के मोहनीदेई निवासी रामपवित्र गोंड ने पुलिस को तहरीर दिया कि उसके बड़े भाई रामप्रवेश गोंड से विवाद हैं। 23 सितंबर को उनका बेटा व भतीजा के साथ नींव की ईट निकाल रहे थे। इस दौराने राप्रवेश ने मारपीट की।

# त्योहारों पर बरतें सतर्कता रखें विशेष निगरानी



गुरुवार को पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीआईजी आनंद कुलकर्णी।

## बोले डीआईजी

**देवरिया, निज संवाददाता।** पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर ने जनदीय पुलिस अधिकारियों के साथ गुरुवार को समीक्षा बैठक की। इसमें आगामी त्यौहार को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुए विशेष दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

पुलिस उप महानिरीक्षक आनंद कुलकर्णी सबसे पहले पुलिस लाइन पहुंचे। जहां पर उन्हे सस्शत्र गार्द की सलामी दी गयी। इसके बाद पुलिस लाइन के मीटिंग हॉल में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी एवं दक्षिणी सुनील कुमार तथा समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें आगामी त्यौहार में पूरी सतर्कता व निगरानी रखने पर जोर दिया। कहा कि त्योहार में किसी तरह का खलल नहीं पड़ना चाहिए। इसके लिए आपराधिक छवि वालों तथा अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में सीओ सदर संजय कुमार रेड्डी, रूद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव, सलेमपुर दीपक कुमार शुक्ला, भाटपार रानी शिव प्रताप सिंह, बरहज आदित्य कुमार गौतम, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरूण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बाइक लेकर भाग रहे चोर को पकड़ा

- खेत के पास से चुराई थी बाइक, साथ में देखी गई थी युवती
- बरांव चौराहे पर गुरुवार को दिन 11 बजे बाइक लेकर भाग रहा था

मदनपुर, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के एक चौराहे पर बाइक लेकर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। जिसकी लोगों ने धुनाई भी कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस पकड़ाए शख्स को थाने ले गई। हालांकि पकड़ाए शख्स के साथ एक युवती का होना भी बताया जा रहा है।

बरांव चौराहे पर गुरुवार को दिन में करीब 11 बजे बाइक चुराकर भाग रहे एक शख्स को लोगों ने दबोच लिया। जिसे पुलिस को सौंप दिया। लोगों ने पकड़ाए शख्स का पुलिस द्वारा ले जाने का वीडियो भी वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि बरांव गांव के एक व्यक्ति बाइक खड़ी कर खेत में पानी चला रहे थे। इसी बीच मौका देख शख्स बाइक लेकर भागने लगा। जिसे देख पानी चला रहा शख्स शोर मचाने लगा। जिसे सुनकर लोगों ने घेराबंदी कर चोर को बाइक के साथ पकड़ लिया। लोगों द्वारा चोर की धुनाई करना भी बताया जा रहा है। हालांकि भीड़ का फायदा उठाते हुए लड़की गायब हो गई। इस संबंध में प्रभारी थाना निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि पकड़े गए शख्स से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच कराया जाएगा।

# मां, बेटे की पिटाई मामले में दो महिलाओं समेत चार पर केस

रामपुर कारखाना। भूमि विवाद में पैमाइश के बाद भी एक पक्ष ने मां बेटे की जमकर पिटाई कर दी। घटना में दोनों घायल हो गए। पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के बरवामीर छापर गांव निवासी मुहम्मद रफीउल्लाह पुत्र सगीर अहमद का अपने पट्टीदार से भूमि विवाद चलता है। 19 सितंबर को लेखपाल कानूनगो व पुलिस बल के समाने पैमाइश हुई। इसके बाद राजस्व विभाग व पुलिस बल ने मोहम्मद सगीर अहमद को दीवार प्लास्टर करने को कह दिया। टीम ने नुरुल होदा को काम रोकने पर कार्रवाई की हिदायत भी दिया। संवाद

# गोरियाघाट में गंडक में डूबी महिला का शव बरामद

रामपुर कारखाना। जिऊतिया व्रत के लिए छोटी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान डूबी महिला का शव बरामद हो गया। एसडीआरएफ और रामपुर कारखाना पुलिस की संयुक्त टीम रात से ही महिला की तलाश में लगी हुई थी। महिला का शव गोरिया घाट पुल से 100 मीटर आगे नदी की धारा में बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुत्र की लंबी आयु के लिए जिऊतिया व्रत रखी रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गोरियाघाट गांव निवासी सँवरी देवी 40 वर्ष पत्नी सीताराम पासवान बुधवार की शाम छोटी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान डूब गई थी। गोताखोरों को महिला की तलाश में लगा दिया। संवाद

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों- कर्मचारियों ने भरी हुंकार

## अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने किया प्रदर्शन, विभिन्न शिक्षक व कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। अटेवा पेंशन बचाओ मंच की देखरेख में बृहस्पतिवार को शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर हुंकार भरी। हर ब्लॉकों से जिला मुख्यालय पर आए सैकड़ों शिक्षकों ने स्पोर्ट्स स्टेडियम गेट से आक्रोश मार्च निकाला और मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। उन्होंने कलक्ट्रेट में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

बड़ी संख्या में जुटे शिक्षकों, कर्मचारियों ने एनपीएस-यूपीएस हटाओ, ओपीएस वापस लाओ के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। इनका कहना था कि एनपीएस, यूपीएस शिक्षकों-कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है, जो उनके बुढ़ापे को सामाजिक सुरक्षा प्रदान नहीं करती है। अटेवा के मंडलीय संगठन मंत्री मदन सिंह पटेल ने कहा कि सरकार एनपीएस व यूपीएस लागू कर शिक्षकों-कर्मचारियों



अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ओर से निकाला गया आक्रोश मार्च। संवाद

के साथ बड़ा छलावा कर रही है। पहले ही पुरानी पेंशन को समाप्त कर बुढ़ापा अंधकारमय कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि सरकार, सरकारी सेवाओं का निजीकरण कर एवं नई पेंशन व्यवस्था लागू कर धन्नासेठों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। नई पेंशन व्यवस्था शेयर आधारित है, इसमें कर्मचारियों के अंशदान का भी गबन किया जा रहा है। आक्रोश मार्च को संयुक्त कर्मचारी संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट व चेतनारायन गुट, नर्सेज संघ, शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ, लेखपाल संघ, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट, मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, उ.प्र.राज्य कर्मचारी संघर्ष समिति, उ.प्र.महिला शिक्षक संघ आदि ने समर्थन दिया। मार्च में देवेंद्र सिंह, संदीप यादव, रामप्रताप रंजन आदि शामिल रहे।

### रेल कर्मियों ने भी निकाला कैंडल मार्च

भटनी। रेलवे स्टेशन पर कार्यरत रेल कर्मियों ने बृहस्पतिवार की शाम पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। कर्मियों ने नई पेंशन योजना को कर्मचारियों के साथ छलावा बताते हुए इसका विरोध किया। संगठन से जुड़े कर्मियों ने रेलवे स्टेशन, उत्तरी व दक्षिणी रेलवे कॉलोनी में भ्रमण कर नई पेंशन योजना के विरोध में नारेबाजी किया। शाखा अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि रेल कर्मियों को पुरानी पेंशन बहाली के अलावा कोई योजना मंजूर नही है।

# उधार के रुपये न देने पड़े इसलिए गढ़ी झूठी कहानी

## न्यायालय में दुकानदार उसके भाइयों व अन्य के विरुद्ध वाद किया दाखिल

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। लोन में छूट दिलाने के नाम पर दुकानदार से 74 लाख रुपये हड़पने के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। पुलिस के पूछताछ में आरोपी ने दुकानदार व उसके भाइयों को करीब 83 लाख रुपये कर्ज के रूप में देने की बात कही है।

साथ ही आरोप लगाया है कि उधार के रुपये न देना पड़े इसलिए तीनों भाइयों ने पहले विजयीपुर थाना क्षेत्र में बुलाकर अज्ञात लोगों के साथ मिलकर असलहे के बल पर लूटपाट किया। बाद में झूठी कहानी गढ़ते हुए बेबुनियाद केस दर्ज करा दिया। आरोपी ने जून महीने में इसकी शिकायत एसपी से कर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं दुकानदार भाइयों व अन्य अज्ञात के विरुद्ध न्यायालय में वाद दाखिल किया है।

भटनी थाना क्षेत्र के रहने वाले सोनू चौरसिया कपड़ा का व्यवसाय करते है। एसपी से की शिकायत में बताया कि व्यवसाय के सिलसिले में नगर के सराफा व्यवसायी अभिषेक वर्मा, अभय वर्मा और अमित वर्मा से उनकी मुलाकात हुई। इसके बाद अक्सर उनके घर आना-जाना शुरू हो गया। इस दौरान नवंबर 2020 में अभिषेक ने कर्ज के रूप में कुछ रुपये लिए और जल्द वापस करने के बात कही। आरोप है कि दिसंबर 2023 तक तीनों भाइयों ने करीब 83 लाख 59 हजार 850 रुपये कर्ज के रूप में ले लिया। रुपये वापस मांगने पर तीनों आनाकानी करने लगे। इसी बीच दुकानदारों ने बिहार के विजयीपुर थाना क्षेत्र में कुछ रुपये देने को बुलाया।

सोनू के पहुंचने पर भाइयों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर असलहे के बल पर लूटपाट और मारपीट किया। इसकी शिकायत सोनू ने 4 जून 2024 को एसपी से मिलकर की। ऐसे में दुकानदारों ने 40 लाख रुपये दे दिए। बाकी के 43 लाख 59 हजार 850 रुपये नहीं दिए। पीड़ित ने आरोपी अभिषेक वर्मा, अभय वर्मा, अमित वर्मा, अंकित पांडेय व अन्य लोगों के विरुद्ध न्यायालय में धोखाधड़ी, साजिश रचने, हत्या के प्रयास आदि धाराओं में वाद दाखिल किया है।

# सभासद के पति पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाकर नगर पंचायत के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## कार्यालय के मुख्य गेट पर जुटे, बेटे पर भी दबाव बनाने का लगाया आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

लार। सभासद पुत्र व सभासद पति पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा बृहस्पतिवार को नाराज संविदा कर्मचारियों ने नगर पंचायत के मुख्य गेट पर घंटों प्रदर्शन किया। जानकारी पर पहुंचे चेयरमैन ने समझाकर शांत कराया। इसके बाद कर्मचारियों ने आरोपितों के खिलाफ शिकायत पत्र सौंप कार्रवाई की मांग की। उधर अपने खिलाफ प्रदर्शन होता देख दोनों आरोपी मौके से निकल लिए।



लार नगर पंचायत गेट पर प्रदर्शन करते कर्मचारी। संवाद

*सभासद पुत्र व सभासद पति पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इसकी जानकारी मिली है। जांच कराई जाएगी।*
*–**मृदुल सिंह**, प्रभारी ईओ, नगर पंचायत लार*

नगर के गयागिर वार्ड निवासी रामबदन यादव नगर पंचायत में संविदा कर्मी हैं। बिजली बनाने का कार्य करते हैं। आरोप है कि एक वार्ड के सभासद पुत्र ने बुधवार को ड्यूटी के बाद बिजली ठीक करने का दबाव बनाने लगा। मना करने पर अपशब्दों का प्रयोग किया। मठ वार्ड की महिला सफाई कर्मी के अनुसार मंगलवार को इंद्रानगर वार्ड में सफाई कर रही थी। तभी एक वार्ड के सभासद पति पहुंचे और सफाई में लापरवाही का आरोप लगा दुर्व्यवहार करने लगे। दूसरी ओर सभासद पति पप्पू लारी का कहना है कि आरोप बेबुनियाद हैं। हमने महिला सफाईकर्मी से सफाई के लिए निवेदन किया था।

# त्योहारों के मद्देनजर सतर्कता के डीआईजी ने दिए निर्देश

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**देवरिया।** पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आगामी पर्व-त्योहार को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर आनंद कुलकर्णी ने बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन पहुंचे।

पुलिस लाइन पहुंचने पर सस्शत्र गार्द की सलामी ली। मीटिंग हॉल पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा की उपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं दक्षिणी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष के साथ गोष्ठी करते हुए आगामी पर्व व त्योहार के संबंध में पुलिस तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेंद्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी शिव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी बरहज आदित्य कुमार गौतम, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पति, सास सहित चार को 10 वर्ष की सजा

देवरिया। अपर एवं सत्र न्यायाधीश मृदांशु कुमार की अदालत में बृहस्पतिवार को दहेज हत्या के मामले में सुनवाई के उपरांत चार आरोपित को दोषी पाया। अदालत ने दोषी पति, सास व दो चचिया ससुर को 10-10 साल की सजा तथा 15-15 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। गोरखपुर जनपद के सैनिक कुंज, नंदा नगर निवासी अखिलेश मिश्रा ने अपनी बेटी निधि की शादी भलुअनी थाना क्षेत्र के मरकड़ा निवासी पंकज से की थी। संवाद

# त्योहारों पर सुरक्षा में नहीं होनी चाहिए लापरवाही : डीआइजी

- पुलिस लाइन में पुलिस क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्षों के साथ डीआइजी ने की बैठक
- टापटेन अपराधियों व चिन्हित अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई करने का दिए आदेश

जागरण संवाददाता, देवरिया: पुलिस लाइन में डीआइजी गोरखपुर आनंद कुलकर्णी ने कानून व्यवस्था व त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी दुर्गा पूजा व दशहरा में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

कहा कि दशहरा मेले में सादेवर्दी में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। सीसी कैमरे व ड्रोन से भी भीड़ पर नजर रखें। विसर्जन स्थान को पहले ही देख लें, अगर किसी तरह की दिक्कत समझ में आए तो जिला प्रशासन से पहल कराकर उसे ठीक करा लें। विसर्जन के दिन संबंधित स्थानों पर सुरक्षा के इंतजाम के साथ ही गोताखोरों की भी तैनाती रहेगी।




पुलिस लाइन में बैठक को संबोधित करते डीआइजी आनंद कुलकर्णी, बगल में एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

उन्होंने जिले के टापटेन बदमाश व माफिया के बारे में जानकारी ली और हाल में दिनों में हुई कार्रवाई के बारे में भी जाना। उन्होंने कहा कि कुछ विवेचनाएं लंबे समय से पेंडिंग चल रही हैं। उसे समय से पूरा कराएं। इनामी बदमाश व वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाएं। इसके बाद उन्होंने आइजीआरएस संदर्भों की गुणवत्ता व थानावार रैंकिंग की समीक्षा की। हर थाने से आई एक-एक महिला बीट पुलिस अधिकारियों से वार्ता करने के साथ ही उनके रजिस्टर का भी अवलोकन किया।

एसपी संकल्प शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेंद्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह, सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी, सीओ रुद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव, सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हल्की वर्षा के बीच अचानक सड़क पर गिरा पेड़, छात्रा समेत पांच घायल



पेड़ गिरने से दबा ई-रिक्शा • जागरण

जासं, देसही देवरिया: मुंडेरा चंद गांव के फौजी चौराहे पर गुरुवार की शाम हल्की वर्षा में ही सड़क के किनारे स्थित पेड़ से ई-रिक्शा पर ही गिर गया। जिससे ई-रिक्शा सवार चार लोग व साइकिल सवार एक छात्रा घायल हो गईं। लोगों के प्रयास से विभिन्न अस्पतालों में उन्हें उपचार के लिए पहुंचाया गया।

- महुआडीह थाना क्षेत्र के मुंडेरा चंद के फौजी चौराहे पर हुआ हादसा
- घायलों को कराया गया विभिन्न अस्पतालों में उपचार

हेतिमपुर-महुआडीह मुख्य मार्ग पर गुरुवार की शाम फौजी चौराहे पर अचानक एक शीशम का पेड़ गिर गया। महुआडीह की तरफ से सवारी लेकर जा रहा ई-रिक्शा पेड़ की चपेट में आ गया, जिससे ई-रिक्शा चालक नरसिंह यादव व तीन अन्य लोग घायल हो गए, जबकि साइकिल से पढ़कर घर जा रही धरनिया की रहने वाली छात्रा प्रतिमा भी घायल हो गई। लोगों के सहयोग से सभी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एक घंटे तक आवागमन ठप रहा।

# बाइक व मोबाइल चोरी के आरोप में संदिग्ध को पुलिस ने उठाया

मदनपुर: बरांव चौराहे से गुरुवार को पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। उसके मोबाइल व बाइक चुराने में शामिल होने की बात कही जा रही है। दोपहर बाद बरांव स्थित दुर्गा मंदिर से बाइक व मोबाइल ले कर एक व्यक्ति भागने लगा। वाहन स्वामी के शोर मचाने पर चौराहे पर लोगों ने पकड़ कर उसकी धुनाई कर दी। वह मदनपुर उपनगर का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है।

# घर में घुसकर मां-बेटी की पिटाई, चार पर मुकदमा

रामपुर कारखाना: भूमि विवाद को लेकर बरवामीर छापर गांव में मारपीट हो गई, जिसमें मां-बेटी घायल हो गईं। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव के रहने वाले रफीउल्लाह का आरोप है कि 19 सितंबर को लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ पैमाइश की। साथ ही सीमांकन कर दिया। बावजूद इसके विपक्षी निर्माण कार्य रोक रहे हैं। विरोध करने पर पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने मुजफ्फर, नुरुल होदा, सायरा, हीना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

दिव्यांग को मारपीट कर किया घायल: सलेमपुर: हिछौरा लाला में दिव्यांग वीरेन्द्र प्रसाद की कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश में पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गए। उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सक ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने गांव के गोधन, सीता देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

घरेलू विवाद में महिला को पीटा

सलेमपुर: कोतवाली के बेल्थरा गांव में एक महिला को उसके परिवार के ही सास व ननद ने गोलबंद होकर पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने शशि देवी ने अपनी सास नैना, ननद धर्मावती देवी तथा परिवार के अन्य सदस्यों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

पांच के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

देवरिया: सदर कोतवाली के चकसराय बदलदास में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें शंभू पटेल, मंटू पटेल, अमित पटेल, अजय पटेल, अमितेश पटेल शामिल हैं। यह कारंवाई पुलिस ने मोतीचंद पटेल की तहरीर पर की है।

# चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

देवरिया: सदर कोतवाली के मोहनी देई में 23 सितंबर को हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसमें रामप्रवेश, हरेन्द्र, हरेराम, प्रद्युम्मन शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस ने रामायण गोंड की तहरीर पर की है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

एक नामजद व पांच अज्ञात पर मुकदमा : युवक की पिटाई करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। बघौचघाट थाना क्षेत्र के महुअवां बुजुर्ग के रहने वाले मुन्ना पांडेय ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि उनका भांजा अमरनाथ पाठक शहर के एक विद्यालय में पढ़ता है। 31 अगस्त को पढ़कर बाइक से घर जा रहा था। डीएम आवास के समीप कुछ लोगों ने रोक कर उसकी पिटाई की। पुलिस ने रुद्रपुर कोतवाली के लखना घाट के रहने वाले राधेश्याम व पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मारपीट में महिला घायल

तरकुलवा: पिपरहिया गांव में भूमि विवाद में कुछ लोगों ने एक महिला की पिटाई कर दी। घायल महिला का उपचार सीएचसी में कराया गया। इस मामले में जीयना देवी की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमचंद, संगीता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

---

चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा : देवरिया: मोहनी देई में 23 सितंबर को हुए मारपीट में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। रामप्रवेश, हरेन्द्र, हरेराम, प्रद्युम्मन शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस ने रामायण गोंड की तहरीर पर की है।

## युवती से छेड़खानी, मुकदमा

देवरिया : बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक चौराहे के समीप कुछ लोगों ने एक युवती के साथ छेड़खानी की और कपड़ा भी फाड़ दिया। विरोध करने पर पिटाई की। युवती कुशीनगर जनपद की रहने वाली है। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने धीरज कुमार गोंड व उसके साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मृत्यु

भाटपाररानी : स्थानीय रेलवे स्टेशन के पश्चिम आउटर सिग्नल के समीप गुरुवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से 40 वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई। सूचना पर जीआरपी भटनी पहुंची और शव के शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। थानाध्यक्ष जीआरपी दिनेश सिंह ने बताया कि शव के शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। (जासं)

## महिला ने लगाया पिटाई करने का आरोप, मुकदमा

गौरीबाजार : नरायनपुर बाबू जोगिया के सलिंदा देवी ने तहरीर में कहा है कि पड़ोसी रामजनक चौहान से रास्ते को लेकर विवाद है। उसी विवाद में कुछ लोगों ने पिटाई की। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# दहेज हत्या में पति समेत चार को 10 वर्ष की कैद

विधि संवाददाता, देवरिया: मरकड़ा में दहेज के लिए विवाहिता की हुई हत्या में गुरुवार को न्यायालय का फैसला आ गया। अपर एवं सत्र न्यायाधीश मृदांशु कुमार की अदालत ने पति, सास व दो चचिया ससुर को 10-10 वर्ष की कैद व 15-15 हजार रुपये के अर्थ दंड से भी दंडित किया है।

गोरखपुर जनपद के सैनिक कुंज नंदा नगर के रहने वाले अखिलेश मिश्र ने अपनी बेटी निधि की शादी भलुअनी थाना क्षेत्र के मरकड़ा के रहने वाले पंकज से की थी। ससुराल वाले छह अक्टूबर 2017 को निधि मिश्रा की हत्या कर दिए। पिता ने भलुअनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। सहायक शासकीय अधिवक्ता श्रीधर तिवारी ने बताया कि उभयपक्ष के तर्कों पर पति पंकज मिश्रा, सास वृंदा देवी, गंगा सागर व विद्या सागर को न्यायालय ने दोषी पाया है।

# हत्या के प्रयास के पांच आरोपित गिरफ्तार, जेल

देवरियाः सदर कोतवाली के बसडीला में तीन दिन पहले हुए विवाद के मामले में फरार चल रहे पांच आरोपितों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। तीन दिन पहले बाइक खड़ा करने को लेकर बसडीला गांव में विवाद हो गया और मारपीट हुई थी। आरोपित खदेरू, प्रदीप, शंभू, शिवम व श्याम को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

# स्वामी देवानंद पीजी कालेज मठ लार में चौथे दिन भी शिक्षकों ने किया प्रदर्शन



स्वामी देवानंद पीजी कालेज मठ लार मे प्रदर्शन करते शिक्षक • जागरण

जागरण संवाददाता लारः स्वामी देवानंद पीजी कालेज मठ लार में कनिष्ठ को प्राचार्य बनाए जाने और महाविद्यालय प्रबंधन के रैवये को लेकर शिक्षको का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा।

इस दौरान राम जी सहाय पीजी कालेज रुद्रपुर के पूर्व प्राचार्य प्रो.चन्द्रभान वर्मा ने कहा कि शिक्षकों के अधिकारों का हनन किया गया है। इसको लेकर आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। डा.हरेंद्र चौहान ने कहा कि परिवर्तनों से कुछ अवांछनीय लोगों को दिक्कत हो रही है। समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा. संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि उन्नति के पथ पर अग्रसर महाविद्यालय के विकास गाथा में वर्तमान प्राचार्य ने निर्णायक भूमिका का निर्वहन किया है। गुआक्टा के पूर्व संयुक्त मंत्री डा. अनूप श्रीवास्तव ने प्रबन्धक के अनैतिक कार्यों का पुरजोर विरोध किया साथ ही गुआक्टा द्वारा इस संघर्ष को हर संभव समर्थन का वादा किया। राजाराम तिवारी, रामचेत यादव , डा. महेंद्र राय ,अजय उपाध्याय ,प्रो अरविंद,डा. राम अशीष,डा.सूरज मिश्रा,डा. गायत्री जायसवाल आदि ने अपनी बात रखी। संचालन गिरीश चंद पांडेय ने किया।

# पुरानी पेंशन बहाल की मांग को लेकर अटेवा का प्रदर्शन




पुरानी पेंशन को लेकर प्रदर्शन करते शिक्षक व कर्मचारी● जागरण

n जागरण संवाददाता, देवरिया: अटेवा-पेंशन बचाओ मंच के तत्वावधान में शिक्षक समेत अन्य कर्मचारी गुरुवार को सड़क पर उतर गए। कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक एसडीएम को सौंपा। मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया।

अटेवा के मंडलीय संगठन मंत्री मदन सिंह ने कहा कि सरकार ने एनपीएस व यूपीएस लागू कर शिक्षक व कर्मचारियों के साथ बड़ा छलावा किया है। उनके बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन को समाप्त कर बुढ़ापा अंधकारमय कर दिया है। शिक्षक एवं कर्मचारी 30 से 35 वर्ष की सेवा करने के बाद बुढ़ापे में दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। पुरानी पेंशन बहाली तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि सरकार, सरकारी संस्थाओं का निजीकरण कर एवं नही पेंशन व्यवस्था लागू कर धन्नासेठों को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही है। नई पेंशन व्यवस्था शेयर आधारित व्यवस्था है और कर्मचारियों के अंशदान का भी गबन किया जा रहा है। आक्रोश मार्च में संयुक्त कर्मचारी संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ, नर्सेस संघ, शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ, लेखपाल संघ, विशिष्ट बीटीसी संघ, लोक निर्माण विभाग, मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन समेत अन्य संगठनों ने हिस्सा लिया। इस दौरान देवेन्द्र सिंह, संदीप यादव, जितेंद्र यादव, अवधेश प्रसाद, अनुज पासवान, शैलेंद्र सैनी, भोपाल सिंह, सुरेश सिंह, कमलेश गोंड, विजय यादव,नरेन्द्र कुशवाहा, अजय सिंह, मुन्ना कुमार, अमित गोंड मौजूद रहे।

**पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर शिक्षकों ने जताया विरोध:**

रुद्रपुर: गुआक्टा के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रामजी सहाय पीजी कॉलेज के शिक्षकों ने आक्रोश मार्च निकाल कर एनपीएस और यूपीएस का विरोध किया। मार्च के दौरान पुरानी पेंशन बहाल करो, एनपीएस/यूपीएस वापस जाओ ज नारे लगाकर शिक्षक संघ ने अपना विरोध दर्ज कराया। सरकार से मांग की कि वो उनकी मांग पर विचार करें। समाजवादी शिक्षक सभा उप्र के प्रदेश सचिव डा.शरद वर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष डा.विमल कुमार ने शिक्षक सभा की तरफ से आक्रोश मार्च को अपना समर्थन दिया।

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# रामकोला सीएचसी में बढ़ी दलालों की सक्रियता

जासं, रामकोला : स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दलालों की सक्रियता बढ़ने लगी है। इन लोगों के कारण कई बार विवाद भी हो चुका है। शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई भी हो चुकी, इसके बाद भी दलाल यहां की व्यवस्था में दखल देने से बाज नहीं आ रहे हैं। सीएचसी परिसर में दलालों की घुसपैठ के कारण अक्सर रोगियों से विवाद हो जाता है।

# निशुल्क अधिवक्ता के लिए भेजें प्रार्थना पत्र : जिला जज



देवरिया जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर निकलते दाएं से दूसरे डीएम विशाल भारद्वाज, जिला जज सुशील कुमार शशि, एसपी संतोष कुमार मिश्रा ● सौ.सूचना विभाग

जागरण संवाददाता, पडरौना : जिला जज सुशील कुमार शशि ने गुरुवार को जिला जेल देवरिया का निरीक्षण किया। बंदियों से मिलने वाली सुविधा के बारे में जानकारी ली। कहा कि अगर किसी को निश्शुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता है तो वह जेल अधीक्षक के माध्यम से विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना-पत्र भिजवाए। डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी संतोष कुमार मिश्र व सीजेएम कविता सिंह भी मौजूद रहीं।

जिला जज दोपहर 12 बजे जिला जेल पहुंचे। भोजनालय में गए, रसोइयों से बंदियों के लिए तैयार भोजन के बारे में जानकारी ली। कहा कि रसोई की गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाए। इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही न हो। इसके पश्चात वे पाठशाला व चिकित्सालय गए। व्यवस्था संतोषजनक मिली। महिला बैरक में बंदियों से उनकी समस्या पूछी। कहा कि जेल मेन्यू के अनुसार नाश्ता, भोजन मिलता है। महिला बंदियों ने बताया कि समय पर नाश्ता, भोजन मिलता है। कोई समस्या नहीं है। जिला जज ने कहा कि अगर किसी बंदी की पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हैं तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की सुविधा प्राप्त कर सकता है। किसी को निश्शुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता है तो वह प्रार्थना-पत्र भिजवाए। जो बंदी रिहाई के पात्र हैं उनको रिहा करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में 13 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं,क्रांति चौराहा: नेबुआ नौरंगिया के ढोलहा के टोला मुसहरी में ससुरालियों पर मारपीट के आरोप में पुलिस ने दोनों पक्षों के 13 लोगों के विरुद्ध गुरुवार की देर शाम मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने हसीबुन निशा ने तहरीर में बेटे के ससुराल वालों पर मारपीट आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष से हसीना खातून ने पति और सास पर प्रताड़ना और मारपीट का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष के लोग नामजद किए गए हैं।

# नकली नोट के मास्टर माइंड रफीक पर चोरी का मुकदमा दर्ज

जासं, कुशीनगर : नकली नोटों की खेप के साथ पकड़े गए गिरोह के मास्टर माइंड रफीक अंसारी के विरुद्ध सेवरही थाने में चोरी व मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ है। वर्ष 2022 के इस मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित पक्ष ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया न्यायालय में वाद दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़ित परशुराम निवासी सरगटिया करनपट्टी सेवरही ने न्यायालय में वाद दाखिल कर आरोप लगाया कि 15 फरवरी 2022 को शाम पांच बजे गांव के ही केश्वर प्रसाद, तेतरी देवी, विनोद, सोनू, अनीता, हजरत निवासी धुरिया इमिलिया व रफीक निवासी दुलमापट्टी चोरी से बांस काट ले गए। शिकायत करने पर मारेपीटे। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट ने एक सप्ताह पूर्व मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। बीते सोमवार को सेवरही पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज किया। एसओ श्रीप्रकाश राय ने बताया कि मुकदमे की विवेचना की जा रही है।

# आतंकवाद निरोधक दस्ते ने खंगाले रिकार्ड

## प्रथम सूचना रिपोर्ट का अध्ययन कर टीम ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

**नकली नोट प्रकरण**

जागरण संवाददाता, तमकुहीराज (कुशीनगर) : नकली नोटों की खेप पकड़े जाने के बाद आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को जिले में पहुंची तीन सदस्यीय टीम ने कागजात खंगाले, पुलिस के अधिकारियों से महत्वपूर्ण जानकारी ली। घटना स्थल का भी निरीक्षण किया। टीम मामले का स्वतः संज्ञान लेकर यहां आई है।

आतंकवाद निरोधक दस्ते की गोरखपुर इकाई सुबह लगभग नौ बजे तमकुहीराज थाने पर पहुंची। नकली नोटों की खेप पकड़े जाने के मामले में पंजीकृत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआइआर) देखी। प्रभारी निरीक्षक से सिलसिलेवार घटनाक्रम की जानकारी ली। जांच कर रही पुलिस टीम से अब तक हुई विवेचना की प्रगति के बारे में भी पूछा। टीम उस स्थान पर भी गई जहां से पुलिस ने नकली नोट व अवैध असलहों के साथ बीते शनिवार को 10 तस्करों को पकड़ा गया था। थाने से तस्करों के बारे में जरूरी जानकारी इकट्ठा की। तस्करों की पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में पूछताछ की। तस्करों के मोबाइल नंबरों की सीडीआर निकलवाई। तस्करों के पास से मिले नेपाली सिमकार्ड के बारे भी में जानकारी एकत्रित की। नेपाली सिमकार्ड से जिन नंबरों पर बात हुई उन नंबरों का भी टीम ने सीडीआर निकलवाया। एटीएस नकली नोटों के साथ गिरफ्तार तस्करों का आतंकी कनेक्शन पता करेगी। सूत्रों के अनुसार एटीएस ने तस्करों के संपर्क में रहे लोगों के बारे में भी जानकारी एकत्रित की। टीम देर रात तक जांच-पड़ताल कर गोरखपुर लौट गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि एटीएस की टीम जिले में आई थी। प्रकरण से जुड़ी पत्रावलियों का अध्ययन किया।

**दूसरे जिलों की पुलिस से भी साधा जा रहा संपर्क** : तस्करों के पास से बरामद नकली नोट आखिर कहां से आए थे। छह दिन बाद भी पुलिस इस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। सूत्रों के अनुसार हाल के दिनों में प्रदेश के जिन जिलों में नकली नोट पकड़े जाने के मामले सामने आए हैं, उन जिलों की पुलिस से भी संपर्क चल रहा। एसपी ने बताया कि जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद स्पष्ट हो जाएगा कि नकली नोट कहां से आए थे।

# पुलिस की कार्रवाई को सपा ने बताया फर्जी

- पूर्व मंत्री के नेतृत्व में तमकुहीराज पहुंचा पार्टी का प्रतिनिधिमंडल
- मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच किया जाना आवश्यक

जागरण, संवाददाता, तमकुहीराज : तमकुहीराज पुलिस द्वारा जाली नोटों की बरामदगी करते हुए रैकेट के पर्दाफाश के मामले में सपा कार्यकर्ताओं का नाम आने पर पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी की अगुवाई में पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने तमकुहीराज एवं भुलिया, गजिया का भ्रमण कर घटना की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने कार्यकर्ताओं व स्वजन से बातचीत के बाद कहा कि पुलिस की कार्रवाई फर्जी है, इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री के साथ पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, पूर्व विधायक डा. पीके राय, पूर्व एमएलसी रामअवध यादव, जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी, लोहिया वाहिनी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधुर श्याम राय शामिल रहे। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती तो पार्टी न्यायालय की शरण में जाएगी। पूर्व प्रमुख डा. उदयनारायण गुप्ता,



तमकुहीराज में घटना के बारे में जानकारी लेते दाएं से छठवें पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी व अन्य • जागरण

बबलू यादव, जाकिर हुसैन, गोरख प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**दावत में शरीक लोगों को पुलिस ने बना दिया आरोपित** : पडरौनाः पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने कहा कि तमकुहीराज पुलिस ने दावत में शरीक लोगों को आरोपित बना दिया। इसके बाद समउर रोड पर गाजीपुर के समीप फर्जी मुठभेड़ दिखा दिया। इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। वह गुरुवार को पार्टी कार्यालय सोहरौना में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। पुलिस द्वारा तमकुहीराज में लगातार समाजवादी पार्टी को बदनाम करने के लिए एक ही जाति विशेष के लोगों को टारगेट किया जा रहा है। इसको लेकर सपा चुप नहीं रहेगी।

# पिटाई के मामले में युवक के विरुद्ध मुकदमा

क्रांति चौराहा: क्षेत्र के लक्ष्मीपुर उर्फ कुर्मीपट्टी गांव की रहने वाली केवली देवी ने नेबुआ नौरंगिया थाना पुलिस को मारपीट के मामले में तहरीर दी है। आरोप लगाया कि मंगलवार अपराह्न तीन बजे उसकी दो बेटियों गांव के ही युवक योगेंद्र साहनी ने खेत में पीट दिया था।

# कोर्ट के आदेश पर आठ के विरुद्ध मुकदमा

क्रांति चौराहा : नेबुआ नौरंगिया थाने के ढोल्हा गांव में भूमि विवाद में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। ढोल्हा के टोला मुसहरी के गोविंद प्रसाद की पत्नी सुशीला देवी ने एक माह पूर्व भूमि विवाद को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की थी। पीड़िता का कहना है कि 13 अगस्त को विपक्षियों ने उसकी झोपड़ी व टिन शेड उजाड़ दिया और उसे मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मामले में विजय, लल्लन, राजेश, सीमा, पिंटू, जानकी, गुड्डी व सुनीता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# फोरलेन पर मुठभेड़ में दो तस्करों को लगी गोली

जागरण संवाददाता, कुशीनगर : पुलिस की संयुक्त टीम व पिकअप सवार गो-तस्करों के बीच गुरुवार शाम को पटहेरवा इलाके में महुअवां कांटा के पास फोरलेन पर मुठभेड़ हो गई। गोली लगने से दो तस्कर घायल हो गए। उनके पास से एक-एक तमंचा, कारतूस व 11 हजार नकदी मिली। दोनों की पहचान नदीम निवासी सुभाष नगर थाना मंडी जिला मुजफ्फरनगर व समीर अहमद निवासी सरधना थाना सरधना जिला मेरठ के रूप में हुई। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली कि पश्चिमी यूपी में सक्रिय गुफरान गिरोह के सदस्य गोवंश की खेप लेकर बिहार के गोपालगंज जा रहे हैं। इस पर तत्काल पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर इन्हें दबोचने के लिए लगाया गया। टीम पटहेरवा क्षेत्र के महुअवां कांटा के पास फोरलेन पर वाहनों की जांच में जुट गई। इस बीच कसया की ओर से मुजफ्फरनगर का नंबर लगा दो पिकअप आगे पीछे आते दिखे। टीम ने रोकने का प्रयास किया तो चालक बैरिकेडिंग तोड़ भागना चाहे। टीम ने

- पटहेरवा के महुअवां कांटा के पास हुई भिड़ंत, आठ गो-वंश बरामद
- पशुओं को मुजफ्फरनगर से ले जा रहे थे बिहार के गोपालगंज



मुठभेड़ में घायल गो-तस्कर को लेकर जाती पुलिस • जागरण

पीछा किया तो चालक पिकअप से उतर फायरिंग करते हुए खेत की ओर भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में नदीम के दाएं व समीर के बाएं पैर में गोली लगी। दोनों के पास से एक-एक तमंचा, आठ कारतूस व 11 हजार नकदी मिली। मौके से दो खोखा भी बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि दोनों का आपराधिक इतिहास है। ये गोवंश की खेप लेकर बिहार के गोपालगंज जा रहे थे। संयुक्त टीम में प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज अमित शर्मा, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना मनोज पंत, प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान राजप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष सेवरही श्रीप्रकाश राय, थानाध्यक्ष पटहेरवा दीपक सिंह आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने ढूंढ निकाले गायब हुए 130 मोबाइल फोन

जागरण संवाददाता, पडरौना: लोगों के गुम हुए 130 मोबाइल को सर्विलांस टीम ने ढूंढ निकाला। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बरामद मोबाइल लोगों को सौंपे तो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मोबाइल पाए लोगों ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोगों द्वारा गुम हुए मोबाइल की सूचना को गंभीरता से लेते हुए सर्विलांस सेल को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिन लोगों के मोबाइल फोन बरामद हुए उन्हें गुरुवार पुलिस लाइन सभागार में बुलाकर सौंप दिया गया।

# सीएसपी ऑपरेटर ने रुपये हड़पने को दी थी लूट की सूचना

- विशुनपुरा थाने में 2.50 लाख लूट की सूचना दी थी सीएसपी ऑपरेटर ने
- दो दिन में ही पुलिस ने किया फर्जी लूट का खुलासा

दुदही, हिन्दुस्तान संवाद। सीएचसी ऑपरेटर ने ही 2.50 लाख रुपये हड़पने के लिए पुलिस को लूट की झूठी सूचना दी थी। सीएचपी संचालक की तहरीर पर विशुनपुरा पुलिस ने 25 सितंबर को अज्ञात बदमाशों पर लूट का केस दर्ज किया था। अगले ही दिन पुलिस ने फर्जी लूट कांड का खुलासा करते हुए सीएसपी ऑपरेटर को बैंक के रुपये हड़पने की नीयत से झूठी सूचना देकर पुलिस व सीएसपी संचालक को गुमराह करने के मामले में जेल भेज दिया।

जंगल नौगावां में सीएसपी चलाने वाले दुदही के श्रीराम जानकीनगर निवासी आलीम अंसारी की तहरीर पर विशुनपुरा थाने में अज्ञात लुटेरों पर 25 सितंबर को लूट का केस दर्ज किया गया था। ममाला यह था कि आलीम अंसारी की सीएसपी के ऑपरेटर राजू गौतम निवासी जंगल लुअठहां थाना विशुनपुरा ने 26 सितंबर की शाम को पुलिस को सूचना दी थी कि सीएसपी के ढाई लाख रुपये लेकर जाते समय तीन बदमाशों ने बड़हरा से देदही के बीच धक्का देकर उसे गिरा दिया था। और रुपये भरा बैग लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ की। आस पास सीसी कैमरों की फुटेज चेक की। कहीं भी लूट के कोई साक्ष्य नहीं मिले। पुलिस ने इसके बाद राजू गौतम से पूछताछ शुरू की तो वह अपने बयान बार-बार बदलने लगा। बयानों में घिरने के बाद जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने स्वीकार कर लिया कि उसने रुपये हड़पने के नीयत से पुलिस को झूठी सूचना थी। दरअसल सीएसपी के काफी रुपये उसने अपने निजी काम में खर्च कर दिए थे। रुपये सीएसपी संचालक को नहीं देने पड़ें, इसके लिए उसने झूठी लूट की गहानी गढ़ी थी। जिसमें वह खुद फंस गया। पुलिस ने जरूरी अभिलेखीय साक्ष्य जुटाने के बाद मुकदमे को बैंक के रूपये हड़पने व व पुलिस अधिकारी को झूठी सूचना देकर गुमराह करने की धाराओं में परिवर्तित कर दिया। राजू गौतम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। खुलासा करने वाली टीम में विशुनपुरा थाना प्रभारी एसएसआई संतोष सिंह, दरोगा अश्विनी राय व चंदन प्रजापति शामिल रहे।

# कुशीनगर जाली नोट मामले की एटीएस ने शुरू की जांच

- तीन सदस्यीय टीम ने कार्रवाई में शामिल अफसरों जवानों से ली जानकारी
- सपा नेताओं ने पत्रकार वार्ता कर पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की

**05** लाख 62 हजार के जाली नोट और हथियार मिले थे गैंग से

**11** लोगों की मामले में हो चुकी है गिरफ्तारी, तीन सपा नेता भी शामिल

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। एटीएस की तीन सदस्यीय टीम गुरुवार को जाली नोट प्रकरण की जांच करने कुशीनगर जिले में पहुंची। टीम ने तमकुहीराज थाने में जाकर जांच की। कार्रवाई में शामिल पुलिस अधिकारियों व जवानों से जानकारी ली। दूसरी तरफ सपा जिलाध्यक्ष शुकरूल्लाह अंसारी, पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग की।

गुरुवार को सुबह तकरीबन 10 बजे एटीएस की तीन सदस्यीय टीम तमकुहीराज थाने पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक से जाली नोट प्रकरण में लम्बी बात की। दर्ज एफआईआर की जानकारी ली। रिकार्ड भी देखा। खुलासे में शामिल प्रमुख लोगों के नाम जानने के बाद उनसे बात की। टीम ने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। गैंग से जुड़े आरोपितों के इतिहास की भी जानकारी ली। एटीएस टीम देर शाम तमकुहीराज से वापस हुई।

23 सितंबर को पुलिस ने तमकुहीराज से दस बदमाशों को 5.62 लाख के जाली नोट, नेपाली करेंसी, चार सुतली बम, तमंचे, कारतूस, भारतीय व नेपाली फर्जी सिम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया था। पकड़े गए बदमाशों में एक सपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दूसरा सपा लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव है। गिरोह का ग्यारहवें सदस्य को बुधवार की भोर में पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। पूरे प्रकरण की रिपोर्ट एसपी ने डीजीपी व पुलिस मुख्यालय को भेज दी थी।

➤संबंधित खबर P04

# सात वारंटी एवं वांछित अभियुक्त दबोचे गए

**पडरौना।** वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये गये अभियान में गुरूवार को जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने कुल सात वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जटहां बाजार थाने की पुलिस ने जान माल की धमकी देने के मामले में दर्ज केस के वारंटी अभियुक्त रिजवान को गिरफ्तार किया। बरवापट्टी थाने की पुलिस ने वांछित अभियुक्त अशरफी को धर दबोचा। इसी क्रम में अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने धोखाधड़ी के मुकदमे में वांछित जावेद अली को गिरफ्तार किया। अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने ही गैर इरादतन हत्या के मामले में वारंटी अभियुक्त रामबदन और भारती, रविन्दर एवं राजकुमार को गिरफ्तार किया।

## गुरुवार की सुबह दस बजे थाने पहुंची तीन सदस्यीय टीम, तमकुहीराज इलाके में पूरे दिन रही टीम

# एटीएस की इंट्री से जनपद में मचा हड़कंप

**जाली नोट प्रकरण**

**कुशीनगर/तमकुहीराज।** जाली नोट मामले में एटीएस ने भी जांच शुरू कर दी है। इसे लेकर गुरुवार को एटीएस गोरखपुर की तीन सदस्यीय गुरुवार को तमकुही राज थाने पहुंची थी। सुबह दस बजे लेकर देर शाम को करीब सात बजे तक टीम ने मुकदमे से संबंधित रिकार्ड देखे। कार्रवाई में शामिल पुलिस अधिकारियों व कर्मियों से बात की। घटनास्थल देखा और कुछ स्थानीय लोगों से आरोपियों के संबंध में जानकारियां हासिल की।

एसपी संतोष मिश्र द्वारा पूरे प्रकरण की रिपोर्ट डीजीपी को भेजने और मामले में नेपाल कनेक्शन सामने आने के बाद से ही माना जा रहा था अब इस मामले की जांच एसटीएस या एनआईए कर सकती है। बताया गया कि तमकुहीराज का मामला इतना बड़ा नहीं है कि एनआईए जांच की जरूरत है। इसलिए एटीएस की इंट्री की संभावना अधिक थी। दरअसल अभी तक पुलिस की जांच में यह खुलासा नहीं हो पाया है कि इतनी बड़ी संख्या में जाली नोट आए कहां से। हालांकि पुलिस अपने तंई छानबीन में जुटी हुई है। पकड़े गए आरोपियों का नेपाल कनेक्शन भी सामने आया है और पुलिस उन्हें खंगालने में जुटी है। माना जा रहा है कि एटीएस जाली नोट के नेपाल या देश के अन्य हिस्सों में छुपे असली रैकेट तक पहुंचने में जरूर कामयाब हो जाएगी। क्योंकि इससे पहले भी नेपाल में बैठकर भारत में जाली नोट की सप्लाई कर रहे कई गिरोहों का पर्दाफाश किया है। उन मामलों में जाली नोटों की सप्लाई पाकिस्तान नेपाल के जरिए भारत किए जाने की बात सामने आयी थी। बता दें कि दो महीने पहले एटीएम ने तमकुहीराज से जाली जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले रैकेट के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर प्रदेश में चल रहे इस रैकेट का पर्दाफाश किया था। एटीएस के आने की सूचना पर आरोपियों के पैरोकारों में हड़कंप की स्थिति है।

### शार्ट फिल्में व भोजपुरी फिल्मों में भी लगा था पैसा

अपने सिंडीकेट के माध्यम से जीएसटी एवं सेल टैक्स चोरी के अवैध कारोबार कर लग्जरी जीवन जी रहे तमकुहीराज निवासी रफी अहमद उर्फ बबलू गायक एवं सपा की राजनीति करने वाले नौशाद खान से संबंध होने के बाद उसके कहने पर सक्रिय राजनीति में आया। रफी उर्फ बबलु ने काली कमाई का पैसा नौशाद खान को आगे कर ओटीटी प्लेटफार्म की शार्ट फिल्में एवं भोजपुरी फिल्मों पर भी लगाया था। सामने डायरेक्टर के रूप में नौशाद होता और इसमें रफी के जरिए पैसा गिरोह का लगता था। सूत्रों का कहना है कि यदि पुलिस गिरोह के सदस्यों की मोबाइलें ठीक से खंगाले तो इनके और भी काले कारनामे सामने आ सकते हैं।

**दो गुटों में संघर्ष से पुलिस तक पहुंचा जाली नोट का मामला:** तमकुहीराज में जाली करेंसी कांड का मामला पुलिस तक पहुंचने के पीछे दो गुटों के बीच बर्चस्व की जंग थी। सूत्रों का कहना है कि इन्हीं में कुछ लोगों ने एक गुट के जाली करेंसी रैकेट चलाने व दूसरे गुट पर अवैध असलहा सप्लयार होने की सूचना दी थी। पुलिस की छापेमारी के बाद दोनों काले कारनामे सामने आ गए। इस कांड में पकड़े गए आरोपी गिरफ्तारी के पूर्व दो गुटों में बंटे हुए थे। एक गुट का सरगना परवेज इलाही उर्फ कौशर अफरीदी व औरंगजेब खान उर्फ लादेन था। जबकि दूसरे गुट में रफी अहमद व नौशाद खान सरगना थे। गैर कानूनी काम को लेकर ही इन दोनों गुटों में वर्चस्व की जंग थी। इसे लेकर इनके बीच मारपीट एवं मुकदमेबाजी चरम पर थी। बाद में दोनों ही गुटों ने कुछ सफेदपोशों की शह पर सुलह समझौते की योजना बनायी। इस समझौते के जरिए जाली नोटों का नेटवर्क और बड़ा करने की योजना थी। मगर इन्हीं के गुटों में से ही कुछ लोगों को यह पसंद नहीं था और अवैध कारनाम लीक हो गयी।

**दबदबे के लिए औरंगजेब ने लादेन रखा था उपनाम:** पकड़े गए रफी अहमद उर्फ बबलू के सहयोगी औरंगजेब खान ने अपना उपनाम लादेन रखा था। वह बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों तक अपना रसूख एवं दबदबा बनाये रखना चाहता था। अपने रसूख को बरकरार रखने के लिए बिहार के चर्चित माफिया शरीफ देवान को अपना रिश्तेदार एवं यूपी के स्व मुख्तार अंसारी एवं अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को अपना आइकन मानता था। बिहार के चर्चित माफिया शरीफ देवान एवं मुख्तार अंसारी के साथ उसकी फोटो सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। जबकि ओसामा बिन लादेन से प्रभावित होकर उसने अपना उप नाम लादेन रख लिया था। लादेन उपनाम रखकर लादेन जैसे दाढ़ी, बाल रखने के शौकीन औरंगजेब खान बुलेट की सवारी कर लादेन नाम सुनना ही पसंद करता था।



सपा जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते पूर्व मंत्री ब्रम्हाशंकर त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी व अन्य सपा नेता। • हिन्दुस्तान

# सपा नेताओं ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, जांच की मांग की

**पडरौना, निज संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी, पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर जाली नोट प्रकरण में पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। आरोप लगाया कि एक वर्ग के निर्दोषों को टारगेट कर फंसाया जा रहा है। मामले में गिरफ्तार सभी आरोपियों को निर्दोष बताते हुए प्रदेश सरकार से न्यायिक जांच कराने की मांग की है।

सपा जिला कार्यालय लोहिया भवन पर पूर्व मंत्री व जिलाध्यक्ष ने कहा कि कहा कि एक दिन पूर्व सपा का एक प्रतिनिधि मंडल उनकी अध्यक्षता में घटना की जांच करने गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि 21 सितंबर की शाम वह दावत में शरीक थे। उसी दौरान उन्हें पकड़ा गया। 23 सितंबर की सुबह मुठभेड़ दिखाते हुए समउर रोड पर गाजीपुर गांव के सामने शारदा तिराहे पर गिरफ्तारी दिखाई गई। तमकुही राज में लगातार एक ही वर्ग विशेष के लोगों को टारगेट करना और समाजवादी पार्टी को बदनाम करने की साजिश की न्यायिक जांच की मांग की जाती है। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अभी विदेश दौरे पर हैं। उनके आने पर प्रकरण से अवगत कराते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, पूर्व मंत्री डॉ. पीके राय, पूर्व एमएलसी राम अवध यादव, पूर्व विधायक काशीम अली, विजेंद्र पाल यादव उर्फ बबलु, राजेन्द्र उर्फ मुन्ना यादव, वीरेंद्र सिंह सैंथवार, मधुर श्याम राय, विजय कुशवाहा, इलियास अंसारी, चंद्रजीत यादव, अलाउद्दीन अंसारी व भोला यादव मौजूद रहे।

# गायब मोबाइल पाकर स्वामियों के खिले चेहरे

**पडरौना।** गायब मोबाइल पाकर जिले के 130 मोबाइल स्वामियों के चेहरे तब खिल उठे जब गुरूवार को एसपी संतोष कुमार मिश्र ने उन्हें पुलिस कार्यालय बुलाकर उनकी मोबाइल उन्हें सौंपा। जिले में जनता के खोये 130 बरामद हुए हैं, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये है। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने जनता के खोये हुए मोबाइल के संबंध में प्राप्त जनशिकायत के आधार पर सर्विलांस सेल को गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए निर्देशित किया था।



गुरुवार को देवरिया जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे जनपद न्यायाधीश, डीएम, सीजेएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

# सीजेएम संग डीएम, एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

**पडरौना, निज संवाददाता।** कुशीनगर के जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट कविता सिंह और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने गुरुवार को देवरिया जेल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता जांची, उनकी समस्याएं सुनीं तथा असहाय बंदियों के लिए सरकारी मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

इन लोगों ने जेल परिसर के विभिन्न बैरक में जाकर कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात की। उनसे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में बैरक, पाकशाला, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कैदियों के लिए खान-पान की उचित व्यवस्था एवं चिकित्सीय व्यवस्था की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्वयं भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। कैदियों से उनकी समस्याएं सुनीं एवं तत्काल निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। कैदियों से संवाद कर साफ सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं, जेल मेन्यू के अनुसार भोजन, जमानत की स्थिति सहित निरुद्ध कैदियों से वकील होने या न होने की जानकारी भी ली। महिला बैरक में बच्चों को बिस्कुट वितरित किया गया। सभी अधिकारियों ने देवरिया जेल में कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात कर उनके मामले के विधिक पहलुओं व समस्याओं के बारे में पूछताछ की। उनकी जमानत के संदर्भ में जानकारी ली तथा उनका समाधान भी बताया। जिन कैदियों को अपने मामले में वकील की जरूरत थी, उन्हें नोट करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कैदियों के लिए चिकित्सकिय व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा मरीजों से वार्ता कर चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए। जेल अधीक्षक प्रेमसागर शुक्ला, जेलर राजकुमार, उप जेलर आदित्य कुमार, शिवनाथ पांडेय, चिकित्सक डॉ. हरिपाल विश्वकर्मा, डॉ. राहुल त्रिपाठी, फार्मासिस्ट रमेश दुबे आदि मौजूद थे।

## पटहेरवा थाना क्षेत्र में फोरलेन पर गुरुवार को दोपहर में हुई मुठभेड़

# दिनदहाड़े पुलिस से मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से दो तस्कर घायल

- मुजफ्फरनगर, मेरठ के रहने वाले हैं घायल हुए पशु तस्कर
- बदमाशों से कट्टा-कारतूस व 11 हजार रुपये नकद बरामद

पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद। पटहेरवा थाना क्षेत्र में फोरलेन पर महुअवां कांटा के पास गुरूवार को दोपहर में पुलिस टीम के साथ हुए मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से दो पशु तस्कर घायल हो गये। घायल पशु तस्कर दो पिकअप में आठ प्रतिबंधित पशुओं को लादकर वध के लिए बिहार ले जा रहे थे। दोनों तस्करों में एक मुजफ्फरनगर एवं दूसरा मेरठ जिले का रहने वाला है। इनके कब्जे से कट्टा-कारतूस एवं 11 हजार रुपये नगद बरामद हुआ। तस्करों के खिलाफ सहारनपुर एवं मेरठ जिले में मुकदमें दर्ज हैं।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि गुरूवार को दिन में सूचना मिली कि पश्चिमी उप्र के शातिर पशु तस्कर गैंग के सरगना गुफरान की दो पिकअप में प्रतिबंधित पशुओं को लादकर वध के लिए कसया की तरफ से गोपालगंज बिहार ले जाने वाले हैं। इस पर पिकअप को पकड़ने के लिए एएसपी रितेश कुमार सिंह की निगरानी एवं सीओ तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित कर दी गयी। पुलिस टीम में शामिल पटहेरवा, सेवरही, तमकुहीराज, तरयासुजान एवं साइबर थाने की संयुक्त पुलिस ने पटहेरवा थाना क्षेत्र में फोरलेन पर स्थित महुअवां कांटा के पास पिपरा कनक जाने वाले लिंक रोड पर घेराबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान दो पिकअप वाहन एक दूसरे के पीछे आते दिखाई दिये जिसको पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया। इस पर वाहन में सवार व्यक्ति कुछ दूर पहले रुककर लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किये। प्रतिरक्षा में पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में दोनों पिकअप में सवार दो व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गये।



गुरुवार को पटहेरवा थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में घायल तस्करों को ले जाती पुलिस।

घायल व्यक्तियों की पहचान नदीम पुत्र वकील निवासी ग्राम सुभास नगर थाना मंडी जिला मुजफ्फरनगर एवं समीर अहमद पुत्र सरीफ अहमद निवासी ग्राम क़स्बा सरधना थाना सरधना जिला मेरठ के रुप में हुई। इनके कब्जे से पिकअप से ले जाये जा रहे 8 प्रतिबंधित पशु, दो तमंचा, 8 जिंदा कारतूस, 4 खोखा कारतूस एवं 11 हजार रुपये नकदी बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह है जो फोरलेन के रास्ते प्रतिबंधित पशुओं को वाहनों में क्रूरता पूर्वक लाद कर बिहार आदि राज्यों में ले जाकर तस्करी करते हैं। इनके खिलाफ सहारनपुर एवं मेरठ जिले में कई मुकदमें दर्ज हैं। घायल पशु तस्करों को इलाज के लिए पुलिस की अभिरक्षा में जिला अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर उनके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**पुलिस टीम में ये रहे शामिलः** मुठभेड़ में एसओ तमकुहीराज अमित शर्मा, साइबर थाने के प्रभारी मनोज कुमार पंत, एसओ तरयासुजान राजप्रकाश सिंह, एसओ सेवरही श्रीप्रकाश राय एवं एसओ पटहेरवा दीपक सिंह मय पुलिस टीम शामिल रहे।

# गैंगरेप मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर दर्ज कराया केस

**सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ दो लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। जबकि आरोपियों का कहना है कि उनकी शिकायत पर महिला व उसके पति को जेल जाना पड़ा था। इसलिए उन पर मनगढंत आरोप लगा कर उन्हें फंसाने की साजिश की जा रही है। सेवरही पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी जांच पड़ताल में जुट गयी है।

सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने सेवरही थाने में तहरीर देकर दो लोगों पर अपनी पत्नी के साथ सामुहिक दुष्कर्म कर उसे घायल करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि दोनों व्यक्ति उसकी पत्नी का हमेशा पीछा करते थे और उसके फोन पर अश्लील मैसेज भेज कर परेशान करते थे। महिला इतनी बुरी तरह घायल है कि उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इसके पहले पीड़ित महिला पक्ष की ओर से एक वीडियो वायरल कर पुलिस पर आरोपी पक्ष से समझौता कराने का दबाव बनाने और उनकी फरियाद न सुनने का आरोप लगाया गया था। जबकि आरोपी पक्ष का कहना कि गैंगरेप का आरोप लगाने वाले अवैध रूप से अस्पताल का संचालन करते हैं। उनके झांसे में आकर डिलेवरी कराने उनके अस्पताल में पत्नी को भर्ती कराया था। उन लोगों की लापरवाही से पेट में ही बच्चे की मौत हो गयी थी। उनकी शिकायत पर दोनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था और दोनों को जेल जाना पड़ा था। यही नहीं उनकी शिकायत पर उनका अवैध रूप से सेवरही में संचालित अस्पताल भी सील हो गया था। इसीलिए वह लोग उसके ऊपर मनगढ़ंत आरोप लगा कर उसे फंसाना चाहते हैं। इस संबंध में सेवरही एसएचओ श्रीप्रकाश राय का कहना है कि दोनों पक्ष से शिकायत की गयी है। जिस पर दोनों पक्षों पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# सेल्स टैक्स की पर्ची काट रफी धंधेबाजों में घुसा...फिर बनाया जीएसटी वसूली गैंग

## हाईवे पर वसूली में पकड़े गए थे नौ गुर्गे लेकिन तब नहीं खुला था सरगना रफी खान का नाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** जाली नोट मामले में बतौर मुख्य आरोपी पकड़े गए रफी खान उर्फ बबलू ने गाजीपुर बॉर्डर पर सेल्स टैक्स की पर्ची काटने के दौरान धंधेबाजों के नेटवर्क में बिहार तक जो पकड़ बनाई थी, उसी के दम पर जीएसटी वसूली गैंग भी बना डाला।

गैंग के साथ रात के अंधेरे में खुद को जीएसटी अधिकारी बताकर वह हाईवे पर बेखौफ वसूली करता रहा। बीती नौ जुलाई को हाईवे पर वसूली करते नौ लोगों के पकड़े जाने के बाद भी रफी खान नाम सामने नहीं आया था। इसमें पुलिस की मिलीभगत होने की चर्चाएं भी हो रही हैं।

खुद को जीएसटी अधिकारी बताकर वसूली करने वाले रफी के गैंग के बारे में अमर उजाला ने 8 जून के अंक में खबर प्रकाशित की तो तत्कालीन एसपी धवल जायसवाल ने एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी के नेतृत्व में जांच टीम गठित की थी। जांच में पुलिस को कई अहम सुराग मिले। महीनेभर बाद 9 जुलाई को पुलिस ने फोरलेन और हाईवे पर माल की ढुलाई करने वाले ट्रकों से वसूली करने वाले गिरोह के नौ गुर्गों को पुलिस ने दबोचा।

सूत्रों के मुताबिक रफी खान ही इस गैंग का सरगना था और उसके नेतृत्व में ही वसूली की जाती थी। जांच कर रहे एएसपी को स्थानीय पुलिस ने गुमराह कर दिया और रफी बच निकला था।

नौ आरोपियों के जेल भेजे जाने के बाद अन्य की तलाश तो दूर आगे चर्चा तक नहीं हुई। बताया जाता है कि जिले में तैनात कुछ पुराने सिपाही, दरोगा और निरीक्षकों से धंधेबाजों की सांठगांठ है। जाली नोट के धंधेबाजों पर कार्रवाई से इन पुलिसकर्मियों की भी बेचैनी बढ़ गई है।

**जीएसटी के कागजात में कमी बता देते थे कार्रवाई की धौंस :** जाली नोट, जीएसटी के साथ तमाम गैर कानूनी कार्यों में संलिप्त रहे सपा नेता रफी उर्फ बबलू ने हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड से आने वाले ट्रकों से वसूली के लिए गैंग तैयार कर रखा था। सूत्रों के मुताबिक गुर्गे रफी की शह पर खुद को जीएसटी का अधिकारी बताकार सुकरौली, हाटा से लेकर सलेमगढ़, तमकुही राज तक जाल फैलाए हुए थे। जीएसटी के कागजात में कमी बताते हुए कार्रवाई की धौंस देकर वसूली करते थे। उस समय हाईवे के किनारे थानों पर तैनात कुछ सिपाहियों का नाम भी चर्चा में आया था जो काफी दिनों से हाईवे से सटे थाने और चौकियों पर तैनात थे।



रफी खान।

*जांच में कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। हाईवे पर सक्रिय जीएसटी वसूली गैंग में भी रफी खान का नाम आया है। इस बिंदु को भी जांच में शामिल किया गया है।*

*- संतोष कुमार मिश्रा, एसपी*

### रफी ने विभाग में किया था काम, रूट की थी जानकारी

2008 तक सेल्स टैक्स ऑफिस में पर्ची काटने के कारण रफी खान उर्फ बबलू को रूट की पूरी जानकारी हो गई थी। ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिकों से भी उसकी सांठगांठ थी। नौकरी छोड़ने के बाद उसने वसूली गैंग बना लिया। ट्रांसपोर्ट कंपनी से सांठगांठ के चलते उसे बड़े शहरों से आने वाले ट्रकों का पता चल जाता था।

### 10 से अधिक चौकियां और थाने, फिर भी भनक नहीं

हाईवे से जुड़े थानों की पुलिस की शिथिलता के कारण हाटा, कसया, तुर्कपट्टी, पटहेरवा, तरयासुजान थानों से जुड़े एनएच-28 के बीच रोककर दूसरे प्रदेशों से आने वाले वाहनों से वसूली की जाती थी। सूत्रों के मुताबिक सुकरौली से बहादुरपर पुलिस चौकी तक हर थाने और चौकी में रफी के मददगार थे, इसलिए वह बेखौफ होकर वसूली गैंग चला रहा था।



रात में हाईवे पर होती है वसूली, कई सफेदपोश शामिल

8 जून को प्रकाशित खबर।



हाईवे पर वसूली करने वाले नौ गिरफ्तार

9 जुलाई को प्रकाशित ख़बर।

# मुठभेड़ में पुलिस ने दो पशु तस्करों को दबोचा

## दोनों बदमाशों के पैर में लगी गोली, मेडिकल कॉलेज में भर्ती, आठ पशु मुक्त कराए, दो पिकअप, अवैध तमंचा और नकदी बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शातिर अपराधियों और पशु तस्करों के खिलाफ कुशीनगर पुलिस की कार्रवाई जारी है। बृहस्पतिवार दोपहर पटहेरवा थाना क्षेत्र के महुअवां कांटा कट से पिपरा कनक लिंक रोड पर पटहेरवा, सेवरही, तमकुहीराज, तरयासुजान और साइबर थाने की पुलिस ने घेराबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी।

इसी दौरान वहां पहुंचे पिकअप सवार पशु तस्करों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो तस्करों ने टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली दो तस्करों के पैर में लगी। इससे वह घायल हो गए।

दोनों पिकअप की तलाशी लेने पर पुलिस ने आठ प्रतिबंधित पशुओं, दो अवैध तमंचा और 11 हजार नकदी बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने पिकअप समेत प्रतिबंधित पशुओं को थाने भेजवा दिया।





पुलिस मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर । स्रोत-पुलिस

### घेराबंदी देख पिकअप सवार पशु तस्करों से पुलिस टीम पर की फायरिंग

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम को यह सूचना मिली थी कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शातिर पशु तस्कर गैंग का सरगना गुफरान दो पिकअप से प्रतिबंधित पशुओं को लेकर एनएच-28 पर कसया की तरफ से बिहार गोपालगंज वध के लिए जाने वाला है। इस सूचना के बाद तत्काल पटहेरवा, सेवरही, तमकुहीराज, तरयासुजान व साइबर थाने की पुलिस टीम का गठन किया गया। संयुक्त पुलिस टीम की ओर से महुअवां कांटा कट से पिपरा कनक लिंक रोड के पास घेराबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।

चेकिंग के दौरान दो पिकअप एक-दूसरे के पीछे आते दिखे। पुलिस टीम ने जब रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार व्यक्ति कुछ दूर पहले रुककर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम की ओर से फायरिंग की गई। इस दौरान दोनों के पैर में गोली लगी और वे घायल हो गए।

घायल तस्करों की पहचान नदीम निवासी ग्राम सुभाष नगर थाना मंडी जिला मुजफ्फरनगर व समीर अहमद निवासी ग्राम सरधना थाना सरधना जिला मेरठ के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए तस्करों का एक संगठित गिरोह है, जो एनएच 28 के रास्ते प्रतिबंधित पशुओं को वाहनों में क्रूरतापूर्वक लादकर बिहार आदि राज्यों में ले जाकर वध कराने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों के पास से दो पिकअप, आठ प्रतिबंधित पशु, दो अवैध तंमचा, कारतूस, चार खोखे, धारदार लोहे का बांका, ठिहा, रस्सी व 11 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

### मुठभेड़ स्थल पर जाने की नहीं थी किसी को इजाजत

महुअवां कांटा कट से पिपरा कनक लिंक रोड पर दोपहर के वक्त पुलिस ने मुठभेड़ में दो तस्करों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के गांवों के लोग कुछ देर के लिए सन्न रह गए। लोगों ने जानकारी जुटाने का प्रयास किया तो पता चला कि तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हुई। इसके बाद कुछ लोग मुठभेड़ स्थल की ओर निकल पड़े, लेकिन पुलिस की सख्ती के कारण मुठभेड़ स्थल पर किसी को भी जाने की इजाजत नहीं दी गई।

# सपा ने की न्यायिक जांच कराने की मांग

**पडरौना।** जाली नोट मामले में पुलिस के खुलासे को सपा ने फर्जी बताया है। सपा नेताओं ने प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग की है।

सपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने खुद इस मामले की अपने स्तर से जांच की है। स्थानीय लोगों से बातचीत में यह पता चला है कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी एक स्थान पर दावत कर रहे थे। संवाद

# नेपाल से आती थी जाली नोटों की खेप

गंगेश्वर त्रिपाठी

## जाली नोट प्रकरण में एनआईए आईबी और एटीएस भी हुईं सक्रिय

### गैंग के नेटवर्क के साथ विदेशी कनेक्शन भी खंगाल रहीं एजेंसियां

**पडरौना (कुशीनगर)।** जाली नोट और अन्य गैर कानूनी सामान के साथ पकड़े गए 11 बदमाशों को पुलिस जेल भेज चुकी है। इस मामले की जांच में एनआईए, आईबी और एटीएस भी सक्रिय हो गई है। एजेंसियों की जांच में पता है कि नेपाल से जाली नोटों की खेप कुशीनगर पहुंचती थी।

जांच एजेंसियां जाली नोट के धंधेबाजों के नेटवर्क के साथ उनके विदेशी कनेक्शन भी खंगाल रहीं हैं। बीते पांच सितंबर को बिहार के मोतिहारी में भारत-नेपाल बॉर्डर के पास दो लाख के जाली नोट के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार किए गए थे। एजेंसियों की जांच में जाली नोट के धंधेबाजों का तार कई देशों से जुड़े पाए गए थे। सूत्रों के मुताबिक लंबे समय से जांच एजेंसियों को नेपाल के सीमावर्ती इलाकों महराजगंज, कुशीनगर और बिहार में जाली नोट के धंधेबाजों के सक्रिय होने का इनपुट मिल रहा था। कुशीनगर पुलिस को भी खुफिया एजेंसियों ने इसकी जानकारी दी थी। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि नेपाल कनेक्शन को खंगालने के दौरान कुछ अहम जानकारियां भी मिली हैं।

**24 घंटे बाद बदल देते थे होटल :**

सूत्रों के मुताबिक एजेंसियों की जांच में पता चला है कि शातिर फर्जी आधार कार्ड का सहारा लेकर नेपाल के होटलों में कमरा बुक कराते थे। एक दिन जिस होटल में ठहरते थे, अगले ही दिन वहां से निकल जाते थे। जाली नोट की खेप लेने के बाद यह गैंग नेपाल से एक साथ नहीं निकलता था। नोट आपस में बांटकर सभी अलग-अलग लौटते थे। संवाद

### सोनौली बॉर्डर की जगह लोकल रूट का करते थे इस्तेमाल

सूत्रों के मुताबिक नेपाल आने-जाने के दौरान शातिर सोनौली बॉर्डर के रास्ते का इस्तेमाल नहीं करते थे। दरअसल, सोनौली बॉर्डर से नेपाल में प्रवेश के दौरान दो चरणों की जांच से गुजरना पड़ता है। पहले चरण में नेपाल की सेना नाम, पता दर्ज करती है और दूसरे चरण में स्कैनर से जांच होती है। बॉर्डर पर अत्याधुनिक स्कैनर लगाए है, वहां से गुजरने वाले की तस्वीर समय और तिथि के साथ दर्ज हो जाती है। सूत्रों के मुताबिक कड़ी सुरक्षा व जांच से बचने के लिए फर्जी नोट खपाने वाला यह गैंग झुलनीपुर, ठूठीबारी-महेशपुर के रास्ते आता-जाता था। गाड़ियों के नंबर के आधार पर जांच एजेंसियां नेपाल भंसार कार्यालय से संपर्क कर यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि बीते दिनों शातिर कब नेपाल गए थे और कब लौटे।

# वाहन चालक को जेल भेजा

दुदही। जिउतिया पर्व पर मालवाहन से स्नान कराने लेकर जाने वाले चालक पर केस दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

घायल करीब दस महिलाओं का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। संवाद

# पैदल भ्रमण कर कराया सुरक्षा का अहसास

पडरौना। एसपी संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना व चौकी क्षेत्र में पुलिस ने बृहस्पतिवार की शाम पैदल भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। पुलिसकर्मियों ने लोगों से कहा कि त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखें। यदि कहीं कोई अराजकता फैलाता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। संवाद

# धर्मांतरण कराकर शादी रचाने वाले युवक समेत तीन पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

दुदही। एक किशोरी को शादी का झांसा देकर दो माह पूर्व गैर समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। धर्मांतरण कराकर शादी रचाने का मैसेज किशोरी की मां के मोबाइल पर 22 सितंबर को भेजा।

किशोरी की मां ने एसपी से मिलकर शिकायत की। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस आरोपी युवक, उसके मां, बाप पर केस दर्ज कर लिया है।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुदही नगर पंचायत के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी को गैर समुदाय का युवक भगा ले गया। किशोरी की मां ने थाने पर कई बार शिकायती पत्र लेकर गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 22 सितंबर को आरोपी मोबाइल पर मैसेज भेजा कि किशोरी का धर्मांतरण कराकर शादी कर लिया हूं।

## किशोरी की मां को मोबाइल पर दी धर्मांतरण की जानकारी

इसकी जानकारी होने के बाद मां परेशान हो गई और विशुनपुरा पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद महिला एसपी संतोष कुमार मिश्रा से मिलकर पूरी बात बताई और प्रार्थना पत्र दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि आरोपी नौशाद, इसके पिता और माता के खिलाफ केस दर्ज कर किशोरी को बरामद और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है।

# बगहा के पास एनडीआरएफ की टीम ने बरामद किया नदी में डूबे बालक का शव

दुदही। यूपी के सटे बिहार प्रान्त जमुनिया गांव के पास बांसी नदी में जिउतिया पर्व पर स्नान करने गई महिलाओं के साथ नदी में डूबे 12 वर्षीय बालक का शव एनडीआरएफ की टीम ने बृहस्पतिवार की शाम करीब बरामद कर लिया।

जिउतिया पर्व पर बुधवार की शाम करीब पांच बजे गांव की महिलाओं के साथ बांसी नदी के त्रिमोहानी घाट पर स्नान करने गांव के बुलेट यादव (12), मुकेश (16) और लकी (12) गए थे। नदी में स्नान करने के दौरान ये तीनों बच्चे गहरे पानी में चला गए। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने नदी में डूबे मुकेश और को किसी तरह बचा लिया, लेकिन बुलेट यादव अधिक पानी गहरे पानी में चले जाने के चलते डूब गया। संवाद

# सर्विलांस सेल ने ढूंढ़ निकाले 130 मोबाइल

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस कार्यालय बुलाकर स्वामियों को लौटाया

पडरौना। मोबाइल फोन खो जाने के बाद पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर सर्विलांस सेल की टीम ने खोये हुए मोबाइल फोन को ढूंढ़ निकाला।

30 लाख कीमत के 130 मोबाइल फोन को बरामद करने के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय बुलाकर एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने उनके स्वामियों को मोबाइल सौंप दिया। चोरी व खोये हुए मोबाइल फोन को पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

एसपी ने बताया कि विभिन्न कंपनियों की 130 मोबाइल फोन की कीमत तकरीबन 30 लाख रुपये आंकी गई है। लोगों की ओर से मिल रही शिकायतों के बाद सर्विलांस सेल को खोये हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए निर्देशित किया गया था। सर्विलांस सेल की टीम ने विभिन्न कंपनियों के मल्टी मीडिया 130 मोबाइल को बरामद करने में सफलता हासिल की।

पुलिस कार्यालय सभागार में उनके स्वामियों को बुलाकर मोबाइल सौंप दिया गया। टीम में सर्विलांस सेल के एसआई शरद भारती, कम्प्यूटर ऑपरेटर शम्मी कुमार, सुशील कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल अभिषेक कुमार यादव, आतिश कुमार आदि शामिल रहे।

# दहेज के लिए मारने पीटने का आरोप, केस

**खड्डा।** थाना क्षेत्र के ग्राम करदह (ठाकुर टोला) की रहने वाली मसीमा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसकी शादी करीब आठ माह पहले रहमत अली के साथ हुई है।

शादी के बाद से ही पति समेत ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रुप से उत्पीड़न करते हैं।

मसीमा ने बताया कि पति रहमत अली, ससुर तैय्यब, सास जैनब और देवर अमजद की ओर से मायके से दहेज लाने का दबाव बनाया जाता है।

आये दिन ये सभी लोग मिलकर उसे मारते-पीटते हैं और जान से मारने की भी धमकी देते हैं। इस संबंध में एसओ खड्डा अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत अन्य के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# धर्मांतरण कराकर शादी रचाने वाले युवक समेत तीन पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

दुदही। एक किशोरी को शादी का झांसा देकर दो माह पूर्व गैर समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। धर्मांतरण कराकर शादी रचाने का मैसेज किशोरी की मां के मोबाइल पर 22 सितंबर को भेजा।

किशोरी की मां ने एसपी से मिलकर शिकायत की। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस आरोपी युवक, उसके मां, बाप पर केस दर्ज कर लिया है।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुदही नगर पंचायत के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी को गैर समुदाय का युवक भगा ले गया। किशोरी की मां ने थाने पर कई बार शिकायती पत्र लेकर गई, लेकिन पुलिस ने कोई

## किशोरी की मां को मोबाइल पर दी धर्मांतरण की जानकारी

कार्रवाई नहीं की। 22 सितंबर को आरोपी मोबाइल पर मैसेज भेजा कि किशोरी का धर्मांतरण कराकर शादी कर लिया हूं।

इसकी जानकारी होने के बाद मां परेशान हो गई और विशुनपुरा पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद महिला एसपी संतोष कुमार मिश्रा से मिलकर पूरी बात बताई और प्रार्थना पत्र दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि आरोपी नौशाद, इसके पिता और माता के खिलाफ केस दर्ज कर किशोरी को बरामद और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है।

# पांच वारंटी दबोचे गए

**पडरौना।** तीन थानों की पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इसमें जटहा बाजार थाने की पुलिस ने वारंटी रिजवान निवासी चिरगोड़ा थाना जटहां बाजार, अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने वारंटी अभियुक्त रामबदन निवासी मधवलिया थाना अहिरौली बाजार को किया है। इसी तरह रामकोला थाने की पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्त भारती व रविन्दर निवासी उर्दहा थाना रामकोला और राजकुमार मद्धेशिया निवासी कस्बा रामकोला को गिरफ्तार किया है। पांचों वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# अलग-मामलों के दो वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** बरवापट्टी व अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने अलग-अलग मामलों के वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बरवापट्टी थाने की पुलिस वांछित अभियुक्त अशरफी निवासी दशहवा टोला बेरहनी थाना बरवापट्टी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। वहीं, अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने धोखाधड़ी, एससी-एसटी आदि के मुकदमे में वांछित जावेद अली निवासी मथौली बाजार थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार किया है। संवाद

# साइबर क्राइम से बचने के लिए सावधानी जरूरी

## सृजन द गुरुकुल सभागार में पुलिस की पाठशाला में सीओ ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन की दी सलाह

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** साइबर क्राइम से बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। अक्सर देखा जाता है कि दोस्ती होने पर छात्र-छात्राएं अपने व्यक्तिगत फोटो, वीडियो साझा करने लगते हैं। दोस्ती टूटने पर इसका गलत इस्तेमाल हो जाता है।

पुलिस की पाठशाला

ऐसे में दोस्ती चाहे जितनी भी गहरी हो, अपने फोटो, वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा न करें। साइबर अपराध होने पर तत्काल इसकी सूचना 1930 पर देनी चाहिए।



पुलिस की पाठशाला में मौजूद विद्यार्थी। संवाद

ये बातें सदर सीओ अभिषेक प्रताप अजेय ने अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुलिस की पाठशाला में कहीं। सृजन द गुरुकुल सभागार में बृहस्पतिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सीओ ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। कहा कि यदि आप को लगता है कि थाने या पुलिस के पास नहीं जा सकते हैं तो आप डायल 112 पर कॉल करें। पुलिस हर कदम आपके साथ है। कार्यक्रम में 250 शामिल थे।



साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देते सीओ अभिषेक प्रताप अजेय। संवाद

महिला एसओ सुमन सिंह ने विद्यार्थियों को 112 और 1930 नंबरों को नोट कराया। कहा कि ये नंबर सभी याद रखना चाहिए। आपात स्थिति में इन नंबरों पर पुलिस से मदद ले सकते हैं। अगर आप कॉल करते हैं, तो कि आपकी मदद के लिए परिवार वाले बाद में पहुंचेंगे, डायल 112 की टीम पहले पहुंच जाएगी।

कोतवाल आशुतोष सिंह, महिला थाना प्रभारी सुमन सिंह, टीआई सत्य सन्याल शर्मा, एसआई प्रिंसी पांडेय, एसआई प्रगति जायसवाल आदि ने छात्र-छात्राओं को घरेलू हिंसा और महिला उत्पीड़न रोकने के उपाय बताए।

## मारपीट के मामले में चार पर केस

**पडरौना।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के देवराज पिपरा निवासी प्रमोद चौधरी की पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने मंगलवार की देर शाम पिटाई कर दी। इस मामले में गंभीर रुप से प्रमोद और उनके परिवार के सदस्य घायल हो गए। प्रमोद की तहरीर पर पुलिस ने देवराज राज पिपरा निवासी ओमप्रकाश, मनीष, सुशील, टुनटून व एक अज्ञात व्यक्ति पर मारपीट का केस दर्ज किया है। संवाद

## युवक पर छेड़खानी का केस

**पडरौना।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला अपने बेटी के साथ घर पर रहती है। महिला का पति बाहर रहकर काम करता है। गांव के रहने वाले दो युवक उसकी बेटी को गलत निगाह से देखते हैं और छींटाकसी करते हैं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी युवक दिलीप वर्मा के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज किया है। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी डॉक्टर समेत दो पर केस

### कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में जीवन और मौत से जूझ रही दुष्कर्म पीड़ित महिला

संवाद न्यूज एजेंसी

**तम्कुहीरोड।** तीन दिन पूर्व घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म और विरोध पर पिटाई करने वाले निजी अस्पताल के डॉक्टर समेत दो लोगों पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को दुष्कर्म व मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

**सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद सेवरही पुलिस ने की कार्रवाई**

पीड़ित महिला का इलाज कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। उसकी तबीयत में सुधार बताया जा रहा है। पुलिस जिस घटना को मनगढंत बताकर तहरीर लेने से मना कर दिया। उसी मामले में सीएम पोर्टल पर शिकायत पहुंचने के बाद कार्रवाई की है।

सपा के पूर्व मंत्री डॉ. पीके राय मेडिकल कॉलेज में भर्ती पीड़ित महिला से मिलकर घटना की जानकारी ली। दूसरे पक्ष की तहरीर पर पीड़ित महिला के पति पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। चौराखास थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला सेवरही कस्बे के एक मोहल्ले में किराए के मकान में पति के साथ रहती है। तीन दिन पूर्व महिला घर में अकेली थी। उस दौरान बरवा पट्टी थाना क्षेत्र के गौरीशुक्ल निवासी दिनेश और तरयासुजान थाना क्षेत्र के कोटवा निवासी डॉ. रामइकबाल पहुंचे और महिला से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसकी पिटाई भी की।

## बेटे की शादी से इन्कार, रकम नहीं देने पर केस

**खड्डा।** रिश्ता तय करने के बाद बेटे की शादी करने से पिता ने इन्कार कर दिया और लिए गए रुपये लौटाने के बजाय धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बेटे के पिता पर केस दर्ज किया है। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के व्यक्ति ने बेटी का रिश्ता खड्डा क्षेत्र में तय किया था। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

पडरौना। घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी की जमानत याचिका बृहस्पतिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार शशि के न्यायालय ने खारिज कर दी।

अदालत से

सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला 26 जून की रात अपने घर में अकेली थी। गांव का एक युवक किसी काम से गया और महिला को अकेली देख छेड़ने लगा। विरोध करने पर महिला से दुष्कर्म किया, विरोध करने पर मारपीट की थी। पुलिस इस मामले में केस दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। संवाद

# रकम हड़पने के लिए मैनेजर ने गढ़ी थी लूट की कहानी

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र से लौटते समय पुलिस को दी थी लूट की सूचना

दुदही। एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र पर काम करने वाला युवक रकम हड़पने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। पुलिस की जांच में युवक के पास से रुपये बमराद हुआ। पुलिस ने बृहस्पतिवार को उसे जेल भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में मालूम हुआ कि निजी कार्यों में रुपये खर्च होने के बाद युवक ने ऐसा किया था। इसको लेकर 24 घंटे तक पुलिस परेशान रही।

विशुनपुरा थाना के दुदही नगर पंचायत के वार्ड नंबर दस निवासी आलिम अंसारी एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र जंगल नौगांवा में खोला है। केंद्र पर जंगल लुहठवा गांव निवासी राजू गौतम काम करता है। मंगलवार की देर रात बजे ग्राहक सेवा केंद्र बंद कर बाइक से 2.85 लाख रुपये लेकर संचालक आलिम के बुलाने पर दुदही के एक होटल पर जाने के लिए निकला। राजू अभी बड़हरा गांव के पास पहुंचा था कि सड़क पर कर रहे एक व्यक्ति को देख बाइक की गति धीमी की।

इस दौरान गन्ने के खेत से निकले दो बदमाश राजू को धक्का दे दिए,वह बाइक लेकर सड़क पर गिर गया और रुपये से भरा बैग लेकर तीनों बदमाश फरार हो गए। इसकी जानकारी राजू ने संचालक को और अपने जानने वाले एक व्यक्ति देने के साथ डॉयल 112 पर फोन कर यही कहानी बताई थी।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# साइबर अपराध से बचाव का तरीका सीख करें अपनी सुरक्षा

**डिजिटल अरेस्ट व साइबर अपराध से बचने की दी गई जानकारी, सिस्टम को सुरक्षा पैच से अपडेट रख अपराध से बचें**

जागरण संवाददाता, शिकारपुर: सदर तहसील क्षेत्र के दुर्गावती देवी इंटर कालेज प्रयाग नगर भैंसा में गुरुवार भिटौली पुलिस की महिला विंग द्वारा डिजिटल अरेस्ट व साइबर अपराध से बचाव के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छह से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर डिजिटल अरेस्ट व साइबर अपराध से बचाव का तरीका बताया गया।

भिटौली थाने की महिला सेल की उपनिरीक्षक पूजा सिंह ने कहा कि अपराध से बचाव का तरीका सीख खुद की सुरक्षा करें। प्रबंधक जितेंद्र मिश्र ने कहा कि सिस्टम को सदैव सुरक्षा पैच से अपडेट रखें और साइबर अपराध से बचें। विश्वसनीय इंटरनेट सुरक्षा साफ्टवेयर का उपयोग करें और संदिग्ध लिंक से बचें। साइबर सेल के एक्सपर्ट विमलेश पांडेय ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। प्रधानाचार्या करुणामणि पटेल ने कहा कि साइबर अपराध एक ऐसी गतिविधि है, जो कम्प्यूटर, कम्प्यूटर नेटवर्क या कम्प्यूटर डिवाइस को लक्षित करती है या उसका उपयोग करती है। महिला हेल्पलाइन की आरक्षी चंदा पाल सहित संस्था के प्रभारी मनमीत पटेल मौजूद रहे।

**यातायात नियमों के उल्लंघन में 181 वाहनों का चालान** : महराजगंज: जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 181 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में 181 वाहनों का चालान किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

महराजगंजः मिशन शक्ति अभियान के तहत नगर सक्सेना चौक, शिकारपुर, भिटौली, परतावल, बृजमनगंज, नौतनवा, सोनौली सहित जिले के विभिन्न थाना अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने बताया कि नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति बालिकाओं, महिलाओं में सशक्तीकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया गया।

# खेत में पानी चलाने को लेकर मारपीट, नौ पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता बृजमनगंज: बृजमनगंज थाना क्षेत्र के लेहरा के टोला जरलहवा में खेत में पानी चलाने को लेकर दो पट्टीदारों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों से कुल नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने प्रथम पक्ष वीरेन्द्र निवासी लेहरा टोला जरलहवा की तहरीर पर मनोज, तौलन,अनिल, सनोज, व सोनू निवासीगण बरगाहपुर के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। जबकि दूसरे तरफ से रेनू निवासी बरगाहपुर की तहरीर पर सिकंदर, वीरेन्द्र,राहुल व

## बृजमनगंज थाना क्षेत्र के लेहरा के टोला जरलहवा का मामला, घटना की जांच कर रही पुलिस

जितेन्द्र निवासीगण ग्राम लेहरा टोला जरलहवा के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में खेत को लेकर विवाद चल रहा है। साझेदारी में खेत में पानी का बोरिंग लगा है, जिससे पानी चलाने को लेकर बुधवार को झगड़ा हुआ है। इस मामले में दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। जिसमें कुल नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



नवरात्र को लेकर लेहड़ा दुर्गा मंदिर पर बैठक करते सीओ अनिरुद्ध कुमार● जागरण

# शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार

जागरण संवाददाता, बृजमनगंज: बृजमनगंज विकास खंड में स्थित लेहड़ा मां दुर्गा मन्दिर परिसर में गुरुवार को नवरात्रि पर्व को सकुशल कराने के मद्देनजर शांति कमेटी की बैठक एसडीएम फरेंदा नवीन कुमार की अध्यक्षता में हुई। एसडीएम ने कहा कि सभी को आगामी नवरात्र व दशहरा के पर्व को शांतिपूर्ण आपसी सौहार्द के साथ मिल जुलकर मनाना चाहिए। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। त्योहारों में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद ने कहा कि किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। त्योहार के दौरान पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेंगे। कोई भी त्योहार खुशियां लेकर आती है। इसे सफल बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस दौरान तहसीलदार फरेंदा कर्ण सिंह, बीडीओ सच्चिदानंद शुक्ल, थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह,चौकी इंचार्ज दुर्गा मंदिर मनीष तिवारी के अलावा कई गांवों के ग्राम प्रधान व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

वृजमनगंज : बृजमनगंज थाना क्षेत्र के लेहरा टोला जरलहवा निवासी अनिल यादव की तहरीर पर वीरेंद्र उनकी पत्नी शोभा व महेंद्र निवासीगण जरलहवा के विरुद्ध पुलिस ने घर में घुस कर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़ित अनिल यादव व उसकी बहन करिश्मा व पिता बद्री को दो दिन पहले अभियुक्तों ने मारा पीटा था, साथ ही उसके खेत में रखा इंजन भी तोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचनात्मक कार्रवाई की जा रही है ।

# सरकारी भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

दूधीवारी : तहसील प्रशासन की टीम ने पुलिस के सहयोग से गुरुवार को राजस्व निरीक्षक आवास की भूमि से अवैध कब्जा हटाया। इस पर बने पक्के निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया। राजस्व विभाग के अनुसार यह भूमि राजस्व अभिलेख में राजस्व निरीक्षक आवास के नाम से दर्ज है। प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार, एसआई दिव्य प्रकाश , कांस्टेबल माणिक चंद, दिनेश कुमार , धर्मेन्द्र सिंह लेखपाल भारतेंदु मिश्रा, हर्षदेव मौजूद रहे।

# पिकअप पर लदी 110 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद

भिटौली: भिटौली पुलिस ने गुरुवार की दोपहर 1.30 बजे पिपरा खादर पुल से पिकअप पर लदा 110 बोरी चीनी लहसुन बरामद किया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया कि कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पिकअप व लहसुन को कस्टम कार्यालय निचलौल भेज दिया गया। बरामद करने वाली टीम में उपनिरीक्षक चंद्रपाल यादव,अजय कुमार मिश्रा, कांस्टेबल रवि प्रताप सिंह शामिल रहे।

# पुलिस ने 110 बोरी चाइनीज लहसुन पकड़ा

भिटौली। थाना क्षेत्र के पिपरा खादर से पुलिस ने 110 बोरी चाइनीज लहसुन पड़कर कस्टम कार्यालय निचलौल को भेज दिया। पिकअप पर लदा 110 बोरी लहसुन नेपाल बॉर्डर पार करते हुए भिटौली थाना क्षेत्र के पिपरा खादर नहर के रास्ते तस्कर किसी बड़ी मंडी में ले जाने की कोशिश की जा रही थी।

मुखबिर की सूचना पर भिटौली पुलिस सक्रिय हो गई और पिकअप का पीछा करते हुए पिपरा खादर के पास पहुंची। पुलिस की सक्रियता से पिकअप पर लदा 110 बोरी चाइनीज लहसुन पकड़ा गया। कार्रवाई करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय निचलौल भेज दिया गया।

# खनुआ गांव की पगडंडी से 33 बोरी चीनी बरामद

खनुआ। सीओ नौतनवा जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल बीओपी खनुआ के एएसआई जीडी अंगूलेप्चा और खनुआ चौकी प्रभारी अभय कुमार उपाध्याय के नेतृत्व मे वाहन चेकिंग अभियान चल रहा था।

मुखबिर से सूचना मिली कि खनुआ गांव के पश्चिम आम के बाग में लावारिस चीनी रखी गई है। तस्कर उसे नेपाल भेजने की फिराक में हैं। इस सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर 33 बोरी चीनी बरामद किया।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार, जेल

जासं, परसामलिकः क्षेत्र केनौडिहवा तिराहे से पुलिस ने बुधवार की शाम दुष्कर्म के वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़ा गया आरोपित संजय मौर्य बरगदवा थाना क्षेत्र के जिगिनियहवा टोला कड़जहवा का निवासी है।

पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनिल सिंह, कांस्टेबल लालजी यादव मौजूद रहे।



ढूठीबारी के बैरिया टोले में राजस्व निरीक्षक की जमीन से कब्जा हटाया गया।

# आवास की जमीन से प्रशासन ने हटाया कब्जा

**ढूठीबारी।** ढूठीबारी कस्बे के अराजी बैरिया टोले जाने वाले रास्ते पर स्थित राजस्व निरीक्षक आवास की जमीन पर हुए कब्जे को प्रशासन ने हटवा दिया। तहसीलदार निचलौल राजेश श्रीवास्तव के आदेश पर पहुंची राजस्व टीम ने जेसीबी मशीन चला कर निर्माण गिरा दिया। राजस्व निरीक्षक अवधेश सिंह ने बताया कि कस्बे के अराजी बैरिया जाने वाले मार्ग पर गाटा संख्या 987 मी पर 101 एयर (25) डिसमिल जमीन है। इस पर राजस्व निरीक्षक का आवास बनाया गया है राजस्व अभिलेख में राजस्व निरीक्षक आवास के नाम से दर्ज है। गुरुवार को राजस्व निरीक्षक अवधेश सिंह, मनीष पटेल व हल्का लेखपाल शरतेंदु मिश्र के नेतृत्व में राजस्व टीम ने सरकारी जमीन पर बने पक्के निर्माण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया।

# ससुर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, एसपी से शिकायत

**झनझनपुर/चौक बाजार।** चौक क्षेत्र की एक महिला ने अपने ससुर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। छेड़छाड़ का विरोध करने पर उसने उसे व उसकी सास को पीटा। थाने में शिकायत करने गई तो पुलिस ने भगा दिया। महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित महिला ने बताया कि पति काम के सिलसिले में बाहर गया है। मंगलवार की रात बाथरूम के लिए बाहर निकली तो ससुर ने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। शोर सुन उसकी सास मौके पर पहुंची। इससे वह आक्रोशित हो दोनों का गला दबाकर मारने की कोशिश की। किसी तरह डायल 112 को इसकी सूचना दी और मौके पर पहुंची डायल 112 ने दोनों को बचाया। वहीं आरोपी फरार हो गया।

# इंटरलॉकिंग ईंट की चोरी के आरोप में दो पर केस

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरोहिया की सीमा में इंटरलॉकिंग सड़क से 10 ट्रॉली ईंट की चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने बगल के गांव निवासी दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम बरोहिया के प्रधान गिरिजेश गुप्ता ने बताया है कि उनके गांव की सीमा में बरोहिया चौराहे के आगे बैंक के सामने जिला पंचायत द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क बनाई गई थी। यहां से पचमा गांव के दो लोगों द्वारा 10 ट्रॉली इंटरलॉकिंग ईंट चुरा लिया गया। ईंट जब वापस मांगा गया, तब इन लोगों ने धमकी देते हुए बचे हुए ईंट को उठा ले जाने की बात कही जा रही है। इस मामले में मनोज सिंह और अजय सिंह दोनों निवासी ग्राम पचमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महोत्सव की तैयारियां तेज, दुरुस्त की जा रही व्यवस्था

## किसानों और गृहणियों को जानकारी देने का रहेगा इंतजाम, अतिक्रमण हटाने के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जनपद स्थापना के उपलक्ष्य में होने वाले महराजगंज महोत्सव के लिए तैयारियां जोरों पर है। प्रशासन हर वह तैयारी पूर्ण कर रहा है जो महोत्सव के लिए आवश्यक है।

बृहस्पतिवार को अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज वर्मा ने यातायात पुलिस के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में फरेंदा उद्योग विभाग तिराहे से लेकर मऊपाकड़ तक सभी तरह के अतिक्रमण को हटाए जाने का निर्देश दिया है। आदेश में कहा गया है कि महोत्सव के कारण तीन दिन वाहनों की अधिकता कार्यक्रम स्थल वाले मार्ग पर रहेगी इसलिए सभी प्रमुख मार्गों के अतिक्रमण जो नगर पालिका के दायरे में हैं उसे 28 व 29 सितंबर को अभियान चलाकर हटवाया जाए।

नगर पालिका प्रशासन को गाड़ियों की पार्किंग के लिए समुचित इंतजाम और स्थान निर्धारित करने के लिए निर्देश दिया गया है।

ग्रामीण आजीविका समूह को इस बात के लिए निर्देशित किया गया है कि अगर वह किसी उत्पाद के निर्माण कार्य से जुड़ी हुई हैं तो अपने समूह का स्टाल महोत्सव में जरूर लगाएं। जनपद में समूह की महिलाएं अचार, जेम, जेली, पीसे मसाले, पीसी हल्दी, उड़द की बड़ी, पापड़ का उत्पादन कर रही हैं इनके स्टाल का लगना तय है। कृषि विभाग जैविक खेती व मोटे अनाज उत्पादन से लोगों को जोड़ने के लिए अलग तैयारी कर रहा है।

जैविक व मोटे अनाज की खेती के लिए जरूरी जानकारी कृषि विज्ञानी व पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय से इसका प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटी किसानों की टीम देगी। उप कृषि निदेशक की ओर से यह प्रयास किया जा रहा है कि सब्जियों व मसालों की खेती के बारे में महोत्सव देखने आए किसानों को बताया जा सके। किसानों को वैज्ञानिक तरीके से कृषि कार्य करने की पूरी जानकारी देने की व्यवस्था महोत्सव में रहेगी।

**शो में दिखेगा जादू का कमाल :** महोत्सव में बच्चों के मनोरंजन के लिए खास इंतजाम होंगे उनके लिए झूला व रेलगाड़ी तो रहेगी ही मैजिक शो का भी इंतजाम रहेगा। प्रसिद्ध जादूगरों की टीम तरह तरह के जादू का प्रदर्शन कर बड़ों को भी मुरीद बनाएगी। मैजिक शो में इंट्री भी पूरी तरह निशुल्क रहेगी।

**डिस्ट्रिक कार्नर में दिखेगी चित्र विथिका :** महराजगंज महोत्सव में डिस्ट्रिक कार्नर की रूपरेखा भी तय की गई है। इस कार्नर में जिले के महत्वपूर्ण स्थलों से संबंधित चित्र विथिका होगी। इसमें राम ग्राम के अलावा आद्रवन, सोहगीबरवा के दर्शनीय स्थानों, ट्राम ट्रेन, क्षेत्र में पाए जाने वाले वन्य जीवों के चित्र सहित अन्य स्थानों से जुड़े चित्रों की संख्या और वहां कैसे जाएं इसके बारे में भी विस्तृत जानकारी उल्लेखित होगी।

**फूड जोन में मिलेगा अमृतसरी नान :** महराजगंज महोत्सव में कुछ व्यंजनों की संख्या बढ़ाई गई है। फूड जोन में अमृतसरी नान, मक्के की रोटी, सरसों का साग, पनीर, प्याज, मशरूम पराठा, दम आलू, गट्टे की सब्जी का स्वाद मिलेगा। यहां कोल्ड व हाट काफी के अलावा इरानी चाय, मसाला चाय, नींबू चाय व ग्रीन टी की व्यवस्था भी मिलेगी।

### बच्चों की मिलेगा खगोलीय ज्ञान

**महराजगंज।** महोत्सव में खगोलीय ज्ञान देने का खास प्रबंध रहेगा। मोबाइल की मदद से तारों व ग्रह उपग्रहों को देखा जा सकेगा। इसके लिए एक कार्नर बनाया जाएगा जिसमें 20 बच्चों के एक साथ बैठने का प्रबंध रहेगा। गोरखपुर तारा मंडल की ओर से इसके 28, 29, 30 को गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक कॉलेज में इसके लिए प्रदर्शनी लगाई जाएगी। महोत्सव में तारा मंडल का एक कर्मचारी भी खगोलीय जानकारी देने के लिए तैनात रहेगा। इसके अलावा स्थापना दिवस कार्यक्रम में वनटांगिया, मुसहर, थारू, दिव्यांग, वृद्धाश्रम व शहीद परिवार के परिजन शामिल होंगे। आयोजन का नोडल अधिकारी एसडीएम सदर को बनाया गया है। महोत्सव में 8 मंडलायुक्त, 75 जिलाधिकारियों को निमंत्रण भेजा गया है। मुख्यमंत्री को विशेष तौर पर आमंत्रण भेजा गया है। संवाद

### सभी कार्यक्रमों की स्क्रीनिंग पूरी

महराजगंज महोत्सव में सहभागिता के लिए सभी कार्यक्रमों की स्क्रीनिंग पूरी हो गई है। बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित एकांकी व समाज को संदेश देने वाले नाटक के लिए स्क्रीनिंग हुई। खराब मौसम के बाद भी 26 स्कूल के प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग जीएसवीएस इंटर कालेज के सभागार में हुई। स्क्रीनिंग के नोडल जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि एकल नृत्य, समूह नृत्य ,क्विज, रंगोली, विज्ञान प्रदर्शनी व नाटक के लिए स्क्रीनिंग पूर्ण हो चुकी है। इसमें तीन सौ स्कूलों से लगभग 500 विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी है। शनिवार को परिणाम घोषित कर महोत्सव में सहभागिता का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# आरोपियों को 10 दिन के लिए फिर लिया रिमांड पर

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** भारत नेपाल सीमा से सटे रूपनदेही जिले के भैरहवा स्थित एक होटल में भारतीय युवती के साथ हुए दुष्कर्म मामले में नेपाल पुलिस ने न्यायालय की अनुमति के बाद 10 दिनों के लिए सभी आरोपियों को फिर से रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

बताया गया है कि सात दिन की रिमांड अवधि समाप्ति के बाद नेपाल पुलिस ने पीड़ित भारतीय युवती की शिकायत पर गंभीर है।

18 सितंबर की रात अपने पुरुष मित्र के साथ नेपाल घुमने आई एक युवती से भैरहवा के एक होटल में पुरुष मित्र के साथियों ने मारपीट की और उसके साथ छह लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

पीड़िता की शिकायत पर नेपाल पुलिस ने दो गोरखपुर, दो महराजगंज और दो नेपाल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। युवती को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंची थी।

## नेपाल में युवती से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

### 30 से 90 दिनों तक हो सकती है पूछताछ

नेपाल हाईकोर्ट के वकील ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि ऐसे मामलों में नेपाल में कड़े कानून हैं। इसमें नेपाल पुलिस केस दर्ज कर नेपाल पुलिस की ही विंग इकाई अनुसंधान विभाग के अधिकारी इसकी जांच करते हैं। ऐसे मामले में कम-कम से 30 से 90 दिनों तक आरोपियों को पुलिस न्यायालय से आदेश लेकर पूछताछ के लिए रिमांड पर लेती है। जब मामला विदेशी नागरिकों का होता है तो पीड़ित को भी नेपाल में रखा जाता है।

जहां उपचार के बाद पीड़ित के बयान लेकर जिला न्यायालय में आरोपियों को पेश कर सभी को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया। डीएसपी रूनपदेही मनोहर भट्ट ने बताया कि अनुसंधान की टीम पूछताछ कर रही है।

# अतिक्रमण न करने की अपील

महराजगंज। आगामी नवरात्रि त्योहार एवं महराजगंज महोत्सव के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने नगर में पैदल गश्त किया। संवाद

# सिंचाई के विवाद में मारपीट, नौ पर केस

**बृजमनगंज।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा लेहरा के टोला जरलहवा में खेत में पानी चलाने को लेकर दो पटीदारों में मारपीट हो गई, जिसमें छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों से नौ लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने प्रथम पक्ष के वीरेंद्र निवासी लेहरा टोला जरलहवा की तहरीर पर मनोज, तौलन, अनिल, सनोज व सोनू निवासीगण बरगाहपुर के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है। संवाद

## खनुआ गांव के पगडंडी से 33 बोरी चीनी बरामद

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी खनुआ के जवान व पुलिस की संयुक्त टीम जांच के दौरान 33 बोरी चीनी बरामद कर कस्टम को सौंप दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि खनुआ गांव के पश्चिम आम के बाग में चीनी रखी हुई थी। तस्कर समय देखकर नेपाल भेजने की फिराक में थे। टीम ने मौके से 33 बोरी चीनी बरामद किया। संवाद

## शराब की दुकान के पास से बाइक चोरी

**परसामलिक।** नौतनवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मिश्रवलिया चौराहे से सटे रोहिन नहर पर देसी शराब की दुकान के पास से अचलगढ़ निवासी सहेंद्र की बाइक चोरी हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद जब नहीं मिला तो नौतनवा पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। नौतनवा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने तहरीर मिलने की पुष्टि की। संवाद

## मारपीट में चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज

**निचलौल।** क्षेत्र के सेमरहना गांव में मंगलवार सुबह नौ बजे बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव कन्नौजिया ने बताया की बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। पीड़िता रंगीता देवी की तहरीर पर आरोपी श्यामू चौहान, गुड्डू, मदन और उसकी बड़ी बहन सहित चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप

**नौतनवा।** नगर पंचायत सोनौली निवासी वाजिद अली ने नौतनवा पुलिस को तहरीर देकर उनकी बेटी ससुराल वालों पर मारने पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में वाजिद अली निवासी गौतमबुद्ध नगर सोनौली ने बताया कि उनकी पुत्री आमरिन खातून की शादी अजीम निवासी घनश्यामनगर नौतनवा के साथ हुई है। अजीम बाहर रहते हैं। बेटी ससुराल वाले प्रताड़ित करते हैं। संवाद

# वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**परसामलिक।** बरगदवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिगिनिहवा टोला कड़जहवा निवासी संजय मौर्या बीते कई दिनों से धारा 64/87/127(4) 115(2) बीएनएस आदि गंभीर धाराओं में वांछित चल रहा था। बुधवार की रात परसामलिक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नौडिहवा चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि की। संवाद

# 20 बोतल नेपाली शराब बरामद

**परसामलिक।** परसामलिक क्षेत्र के अंतर्गत सेवतरी चौकी पुलिस ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र के पगडंडी से 20 बोतल नेपाली शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। यह जानकारी चौकी प्रभारी विनित कुमार यादव ने दी। संवाद

# रील बनाने वालों का शांति भंग में चालान

**महराजगंज।** घुघली पुलिस ने सड़क पर रील बनाने वाले तीन युवतियों, एक युवक को शांति भंग में कार्रवाई की। पुलिस ने चारों को शांति भंग की आशंका में एसडीएम सदर के न्यायालय में प्रस्तुत किया। एसडीएम ने हिदायत दी भविष्य में ऐसा न करने के लिए जमानत पर रिहा किया गया है।

उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार ने बताया कि चारों आरोपियों को चेतावनी देकर जमानत दी गई। भविष्य में इस तरह का कृत्य न करें। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# पूर्ण परियोजनाओं को तत्काल हैण्डओवर करें : मंडलायुक्त

**बस्ती (एसएनबी)।** 50 लाख तथा उससे अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की आयुक्त सभागार मेंबैठक की अध्यक्षता करते हुए मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं की प्रगति सीआईएमएस पोर्टल पर आवश्यक कार्यवाही की जाएंगी। बैठक में उन्होंने पाया कि परियोजनाओं के कार्यो हेतु बस्ती में 170 के सापेक्ष 650.07 की धनराशि अवमुक्त है, जिसमें कुल व्यय 565.08 है, संतकबीर नगर में 112 के सापेक्ष 482.90 की धनराशि अवमुक्त है, जिसमें कुल व्यय 423.20 है तथा सिद्धार्थनगर में 211 के सापेक्ष 1008.42 की धनराशि अवमुक्त है, जिसमें कुल व्यय 722.90 है। उन्होने पाया कि परियोजनाओं की भौतिक प्रगति बस्ती में 95.89, संतकबीर नगर में 91.11 तथा सिद्धार्थनगर में 51.17 प्रतिशत है।





**बैठक की अध्यक्षता करते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह् तथा ज्ञापन देती नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना।**

अपडेट रखा जाय ताकि जिले की रैंकिंग प्रभावित न हो। उन्होंने यह भी कहा कि पैसे के अभाव में कोई कार्य न रूकने पाये, इसके लिए यूसी समय से भेजी जाये तथा धन की आवश्यकता पड़ने पर जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को पत्र भिजवाया जाये। उन्होंने कार्यदायी संस्थओं को निर्देश दिया कि पूर्ण परियोजनाओं को तत्काल हैण्डओवर करें।

मण्डलायुक्त ने यह भी कहा कि उनके द्वारा परियोजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा तथा गुणवत्ता में कमी पायी जाती है, तो संबंधित के खिलाफ उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित परियोजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करते रहे, जिससे कार्यो में तेजी आये। बैठक का संचालन उप निदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी ने किया। इसमें सीडीओ जयदेव सीएस, जयेन्द्र कुमार, जयकेश त्रिपाठी, अपर आयुक्त प्रशासन राजीव पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक अविनाश चन्द्र तिवारी, संबंधित कार्यदायी संस्था तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## व्यापक जनजागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं : कमिश्नर

**बस्ती (एसएनबी)।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने आयुक्त सभागार में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि मण्डल के प्रत्येक जनपद द्वारा नये सिरे से रोड सेफ्टी एक्शन प्लान तैयार कर आगामी माह में हरसंभव प्रयास जैसे-रोड इंजीनियरिंग, दुर्घटना पर रैपिड रिस्पांस, गोल्डेन अवर में बेहतर ट्रामा केयर सुविधा तथा प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही एवं व्यापक जनजागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायें। उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लैक स्पाट, अवैध कटों को चिन्हित करते हुए एनएचआई तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी उसे पूर्ण करायें। ट्रैफिक पुलिस अवैध अतिक्रमण को हटाने में विशेष सतर्कता बरतें। सभी के समन्वय प्रयास से निश्चित रूप से सड़क दुर्घटना में कमी आएगी तथा घायलों को अल्पसमय में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सकेंगी। आईजी आरकेभारद्वाज ने कहा कि जनपदों में बिना परमिट एवं बिना लाइसेंस के चल रहे वाहनों को विद्यालय प्रबंधन एवं प्राधानाचार्यो से वार्ता कर वाहन फिटनेस एवं परमिट प्राप्त करायें अन्यथा की स्थिति में वाहनों का चालान एवं सीज करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रत्येक नागरिक जो कि रोड टैक्स जमा कर रहा है, सड़क पर चलते समय उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी समिति में सम्मिलित सभी अधिकारियों की है।

इसी क्रम में नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने प्रदेश के नगर विकास विभाग के विशेष सचिव अरुण प्रकाश से मिलकर क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने की मांग किया है। उन्होंने अपने कार्यकाल में चल रहे विकास कार्यो की जानकारी देते हुए श्री प्रकाश को नगर आने का न्यौता भी दिया। श्रीमती राना राजधानी लखनऊ के बापू भवन स्थित उनके कार्यालय पर मिलकर क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। विशेष सचिव अरुण प्रकाश ने आश्वस्त किया है कि नगर पंचायत की विकास योजनाओं को शासन द्वारा शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने बताया कि सड़क, नाली, पथ प्रकाश, सीवर के साथ ही बारात घर, शापिंग काम्प्लेक्स,पार्क, स्टडी सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी, शहरी बन,ओपेन जिम आदि अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ा कर ही हम नगरीकरण कर सकते हैं।

# जिला जज ने जेल का किया औचक निरीक्षण

बस्ती। जिला जज कुलदीप सक्सेना, डीएम रवीश गुप्ता और एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने गुरुवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल के बैरक, अस्पताल, मेस आदि का निरीक्षण कर कैदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया गया। मौजूद सभी जेल कर्मियों को उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन सही तरीके से करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अन्य न्यायिक, प्रशासनिक व पुलिस अफसर भी मौजूद रहे।

# टीनशेड गिराने वालों पर चला न्यायालय का डंडा

**बस्ती (एसएनबी)।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के तुरकौलिया बरगाह में जमीनी रंजिश कोलेकर एक्लक महिला के विरुद्ध गोलबंद होकर कुछ लोगों ने उनका टीनशेड ध्वस्त कर दिया और जानवरों को भी मारा पीटा। महिला व उसकी नाबालिग पुत्री ने जब विरोध किया तोगाली गुप्ता व जानमाल की धमकी देते हुए उसके घर में घुसकर मारपीट की गयी और सामान भी नष्ट कर दिया गया। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद मुण्डेरवा पुलिस ने 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

तुरकौलिया बरगाह की रहने वाली सरोज देवी पत्नी संत कुमार नेन्यायालय मेंदिये गये आवेदन में बताया कि जमीनी रंजिश को लेकर वादिनी को असहाय महिला होने के नाते गोलबंद एवं एक राय होकर प्रार्थिनी के टीन शेड घारी को ध्वस्त कर दिया और जानवरों को मारा पीटा भी गया। जब प्रार्थिनी की नाबालिग लड़किया अंशिका , अंकिता , अंतिमा एवं अमृता ने विरोध किया तो उपरोक्त सभी लोग गाली गुप्ता व जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ा लिये वादिनी अपना एवं अपने पुत्रियों की जान बचाने के लिए भाग कर घर अन्दर से दरवाजे को बन्द कर लिया तथा वादिनी के मकान के छत पर चढ़कर घर के अन्दर घुस कर प्रतिवादीगण द्वारा मारा पीटा गया तथा घर के अन्दर रखे सामान के नष्ट कर दिया गया तथा रात में घुसकर घर में रखे गेहूं चावल एवं बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सभी जेवरात और 10000 नगद लेते गये। इस मामले में न्यायालय के आदेश के बाद सरोज देवी पत्नी संतकुमार ग्राम तुरकौलिया बरगाह थाना मुण्डेरवा जिला बस्ती की शिकायत पर रामबचन, रामसवेरे पुत्रगण महेश ,दिनेश लाल पुत्र रामबचन, शिवलखन पुत्र फूलचंद, हरिप्रसाद, रामकरन पुत्रगण रामकेवल, इलायची पत्नी रामकेवल,पूनम पुत्री रामबचन ,बिंदु पत्नी रामसवेरे, मुकेश , कमलेश पुत्रगण रामवचन,राम बहादुर पुत्र रामदुलारे,मंगेश ,नितेश पुत्रगण बाबूलाल साकिनान ग्राम तुरकौलिया बरगाह थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 191 (2), 324 (4), 352,351 (2),333,115 (2),305( ए), 310 (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**पीड़िता की शिकायत पर मुण्डेरवा पुलिस ने 11 केविरुद्ध लिखा मुकदमा**

# दहेज उत्पीड़न में 11 नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज केलिए विवाहिता कोमारने पीटने के अलावा उसका दो माह का गर्भ गिरा देने के मामले में विवाहिता की शिकायत पर नगर पुलिस ने दहेजलोभी 11 ससुरालियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना क्षेत्र के  की रहने वाली एक किशोरी का विवाह रुधौली थाना क्षेत्र के मुनियांव में रहने वालेरामदेव के बेटे श्रीकान्त पांडेय के साथ हुआ था। पीड़िता ने नगर पुलिस को दिये तहरीर मेंबताया कि ससुराली दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करते थेव  बार-बार मारना पीटना तथा जान से मारने की धमकी देने के बावजूद  पति द्वारा पेट में 2 माह का बच्चा को दवा खिलाकर गिरवा दिया गया। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर श्रीकांत पाण्डेय (पति) पुत्र रामदेव , कैलाशपति (सास) पत्नी रामदेव ,रामदेव ( ससुर) पुत्र अज्ञात, श्रीभगवान (जेठ) पुत्र अज्ञात, रीता (जेठानी ) पत्नी अज्ञात, श्यामनरायन (जेठ) पुत्र अज्ञात, शशि ( जेठानी) पत्नी अज्ञात, सत्यनरायन (जेठ) पुत्र अज्ञात, ज्योति (जेठानी) पत्नी अज्ञात साकिनान मुनियांव थाना रुधौली जनपद बस्ती, नीलम  (ननद) पत्नी अज्ञात पता अज्ञात, नीलम का लड़का विक्की पुत्र अज्ञात पता के विरुद्ध नगर पुलिस ने धारा 498ए,323,506,313 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।  एक अन्य समाचार के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के मुनियांव गांव निवासी कली देवी पत्नी घिराऊ ने पुलिस को बताया कि  घर के सामने पेशाब करने से मना करने को लेकर अभियुक्तगण द्वारा गाली गुप्ता देते हुये मारा पीटा गया तथा जानमाल की धमकी भी दी गयी। इस मामले में कली देवी पत्नी घिराऊ  ग्राम मुनियांव थाना रूधौली जनपद बस्ती म्की शिकायत पर श्याम लाल पुत्र बहादुर, राम लाल पुत्र बहादुर , विशाल पुत्र राम लाल , किरन पत्नी श्याम लाल साकिनान मुनियांव थाना रूधौली के विरुद्ध  धारा 115 9 (2),352/351 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# सहकर्मी से किया दुष्कर्म

**बस्ती (एसएनबी)**। साथ में काम करने वाली एक महिला को अकेली पाकरउसकेचाय में नशीली गोली डाल दुष्कर्म किया गया औरमहिला कोडराया धमकाने लगा और फिर घर में अकेली पाकर दोबारा दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला के चीख पुकार के बाद युवक दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए फरार हो गया। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कार्यवाही मुण्डेरवा पुलिस ने की है।

जिले की एक महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके एक रिश्तेदार नैतिक इण्टर प्राइजेज के नाम से संस्था चला रहा था। वादिनी सन् 2018 से काम कर रही है । नैतिक इण्टर प्राइजेज के प्रोपराइटर प्रतिवादी नीरज उर्फ पुरुषोत्तम मौर्या ही उक्त इण्टर प्राइजेज की देख भाल करतेथे । प्रतिवादी आफिस मे वादिनी को अकेला पाता था तो बदनियती से छेड़खानी करता था तथा अश्लील शब्दों का प्रयोग करता था बीतेवर्ष 2019 के जनवरी महीने में वादिनी को आफिस में अकेले पा कर चाय में मादक द्रव्य मिला कर वादिनी के साथ बलात्कार किया गया तथा धमकी दी गयी कि यदि इसके बारे मे किसी से बताया तो तुम्हे जान सेमार दूंगा । पुनः दिनाक 20/7/2024 को वादिनी अपने घर पर कमरे में मौजूद थी तभी अभियुक्त वादिनी के कमरे मे घुस गया और बीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करना तथा वादिनी द्वारा हल्ला करने पर भाग गया। इस मामले मेंमाननीय न्यायालय के आदेश के बाद जगदीशपुर मंझरिया चौराहा थाना मुंडेरवा की रहने वाली पीड़िता की शिकायत पर नीरज उर्फ पुरुषोत्तम मौर्या पुत्र हरीराम निवासी ग्राम महसिन थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 74,64,351 (2) बीएनएस व 5/6 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जच्चा बच्चा को कमरे में बंद करने के मामले की जांच करने सीएमओ पहुंचे

गायघाट (एसएनबी)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुदरहा एएनएम और स्टाफ नर्स विवाद ने काफी तूल पकड़ लिया है। इसकी जांच करने गुरूवार को मुख्य चित्साधिकारी डा. राम शंकर दूबे पीएचसी कुदरहा पहुंचे।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को कलवारी थाना क्षेत्र के पियारेपुर निवासी गुंजा पत्नी रविन्द्र प्रसव कराने प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र कुदरहा पहुंची थीं। स्टाफ नर्स गुंजा द्वारा प्रसव कराने पर एएनएम विनोद सिंह भड़क उठी और वार्ड के गेट पर ताला लगाकर करीब ढ़ाई घंटे तक हंगामा किया। परिजनो द्वारा कई बार सिफारिश किए जाने के बाद भी जब ताला नहीं खुला तो उन्होंने 112 नम्बर डायल कर पुलिस बुलाया। तब कहीं जाकर ताला खुला। इसकी शिकायत स्टाफ नर्स मंजू ने भी प्रभारी चिकित्साधिकारी कुदरहा सहित विभागीय उच्चाधिकारियों से भी की थी। ए डी हेल्थ के निर्देश पर सीएमओ डा. आरएस दूबे गुरूवार को घटना की जांच करने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचें और बारी बारी से एएनएम विनोद सिंग, स्टाफ नर्स मंजू देवी, फार्माशिष्ट आदि से बयान लिया। इससे पूर्व सामूदायिक स्वास्थ केन्द्र बनहरा कुदरहा और प्रसूता के गांव पियारेपुर पहुंचकर सीएमओ ने घटना की विस्तृत जानकारी ली और दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



**बस्ती : पीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ।**

## एएनएम के प्रसव कार्य करने पर रोक, स्टाफ नर्स सीएचसी कुदरहा स्थानांतरित

**गायघाट**। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुदरहा पर गत मंगलवार को स्टाफ नर्स द्वारा जेएसवाई वार्ड में प्रसव कराने व एएनएम द्वारा जच्चा बच्चा और तीमारदारों को वार्ड में कैद किए जाने के मामले में गुरूवार को सीएमओ डाक्टर आर एस दूबे ने जांच पड़ताल किया। इस दौरान सीएमओ के निर्देश पर एमओवाईसी डाक्टर फैज वारिस ने एएनएम विनोद सिंह को पीएचसी पर डिलीवरी न कराए जाने का आदेश दिया। जबकि स्टाफ नर्स मंजू देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुदरहा (बनहरा) पर तथा सीएचसी कुदरहा की स्टाफ नर्स कुसुम सिंह को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुदरहा पर तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया गया है।

# छेडखानी का मुकदमा दर्ज

**बभनान(एसएनबी)।** पैकोलिया थानान्तर्गत एक गांव में बीती रात घर में घुसकर युवती से छेडखानी करने व शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक युवक के बिरुद्ध छेडखानी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है ।थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि इमिलिया निवासी मोहम्मद समी पुत्र अब्दुल बीती रात एक घर में घुसकर छेडखानी करने लगा ।परिजन जगे तो जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गया ।उसके बिरुद्ध सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी का तलाश किया जा रहा है।

# जिला जज-डीएम व एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण



**बस्ती (एसएनबी)।** जिला जज कुलदीप सक्सेना, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा जिला कारागार बस्ती आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया गया। जिला जज कुलदीप सक्सेना,जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा जेल अधीक्षक बस्ती की मौजूदगी में जिला कारागार बस्ती का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान जेल के बैरक, अस्पताल, मेस आदि का निरीक्षण कर कैदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया गया एवं मौजूद सभी जेल कर्मियों को उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन सही तरीके से करने हेतु निर्देश दिया गया । निरीक्षण के दौरान पीआरओपुलिस अधीक्षक बस्ती व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# शपथ व जागरूकता प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नगर बाजार (एसएनबी)।** स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत जिला गंगा समिति, वन प्रभाग बस्ती के तत्वावधान में प्राथमिक पाठशाला, गणेशपुर बस्ती में श्रमदान, स्वच्छता शपथ एवं जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को नदी, पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण एवं जल संरक्षण, प्लास्टिक प्रतिबन्ध एवं प्रदूषण नियंत्रण सम्बन्धी, स्वच्छ भारत अभियान के बारे जानकारी दी गयी तथा स्वच्छता जागरूकता के क्रम में रैली निकाल कर जनमानस को अपने आस पास स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्यअमित कुमार गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी, वन विभाग के स्टाफ, और विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी द्वारा बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ आस पास के वातावरण की स्वच्छता कैसे रखा जाय। उसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा श्रमदान में पूर्ण रूप से भागीदारी के लिए, प्लास्टिक का प्रयोग न किए जाने आग्रह भी किया। प्रत्येक सप्ताह में किसी निश्चित दिन का चयन कर श्रमदान करवाने के विद्यालय के अध्यापक से अनुरोध भी किए जिससे कि सबमें स्वच्छता के प्रति प्रेरणा मिल सके।

# चोरी को लेकर डीएम, एसपी को सौंपा ज्ञापन

**बस्ती।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगठन पदाधिकारियों की बैठक प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु 15 अक्टूबर को बीएसए कार्यालय के समक्ष धरना देने, 27 सितम्बर से 14 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलाये जाने, निष्क्रिय ब्लाक इकाईयों के पुर्नगठन आदि का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में बैठक के बाद परिषदीय विद्यालयों में बढ रही चोरी की घटनाओं को रोकने, मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने कहा कि अनेकों बार ज्ञापन देने के बावजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा न तो कार्यवृत्ति जारी किया न गंभीरता पूर्वक शिक्षक, शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, रसोईया, कम्प्यूटर आपरेटर, लेखाकारों आदि संविदा कर्मियों की समस्याओं का समाधान हुआ। ऐसी स्थिति में 15 अक्टूबर को बीएसए कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जायेगा।

# गांधी जयंती पर सत्य निष्ठा की ली जाएगी शपथ

**बस्ती (एसएनबी)**। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान की अध्यक्षता में 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती की तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। उन्होंने कहा कि अपने कार्य एवं आचरण से जनपद की छवि बनाने में सहयोग करें तथा ऐसा कोई कार्य या आपत्तिजनक टिप्पणी न करें जो सोशल मीडिया में वायरल हो और जनपद की छवि को प्रभावित करे। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे से प्रभातफेरी, वाक रेस प्रतियोगिता तथा 8 बजे सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा, गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया जायेगा तथा सत्यनिष्ठा का संकल्प लिया जाएगा। प्रातः 9 बजे से शहर के विभिन्न चौराहों पर स्थापित महापुरूषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया जाएगा। विभिन्न संस्थाओं में वृक्षारोपण किया जायेगा। मलिन बस्तियों में सफाई कार्यक्रम, जिला कारागार में खेल कूद कार्यक्रम, सभी शिक्षण संस्थाओं में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन, टीबी अस्पताल में रोगियों में फल वितरण, कुष्ठ आश्रम हथियागढ़ में फल वितरण तथा वृद्धाश्रम बनकटा में फल वितरण किया जायेगा। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, उपजिलाधिकारी विनोद पाण्डेय सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फर्जी व कूटरचित पट्टा प्रमाण पत्र के जांच की मांग

**परशुरामपुर (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदीपुर बाजार में सड़क किनारे गाटश संख्या 502 मि./0.025 हे. बंजर भूमि का फर्जी एवं कूटरचित तरीके से पट्टा स्वीकृत प्रमाण पत्र की छाया प्रति के जांच की शिकायत एवं दोषियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गयी है। जानकारी के अनुसार दौलतपुर निवासी उमा प्रसाद ने फर्जी पट्टा प्रमाण पत्र की छाया प्रति के सहारे उक्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। तहसीलदार कोर्ट द्वारा बेदखली आदेश हुआ है। भूमाफिया के दबंगयी के नाते तहसील प्रशासन अतिक्रमण को हटाने में लाचार है। बृजेन्द्र नारायण पाण्डेय ने तहसील प्रशासन, जिला प्रशासन एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती पत्र देकर वेदखली आदेश का अनुपालन करने एवं भूमाफिया के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने के मांग किया है। तहसील रिकार्ड के मुताबिक उक्त बंजर भूमि पर मोहम्मद अली बनाम ग्राम सभा का मुकदमा 2011 से ही विचार अधीन है।

## घर के सामने से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** नगर पुलिस से बाइक चोरी की घटना में केस दर्ज किया है। बलगोडा निवासी विजय पाल ने तहरीर में बताया है कि उनके घर के सामने खड़ी उनकी बाइक बीते 31 अगस्त को चोरी हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## घर के सामने लघुशंका करने को लेकर विवाद

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने घर के सामने लघुशंका करने से मना करने को लेकर मारपीट में केस दर्ज किया है। मुनियांव की कला देवी का आरोप है कि इसी बात को लेकर विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के श्यामलाल, रामलाल, विशाल और किरन पर केस दर्ज किया है।

## न्यायालय के आदेश पर 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोप है कि विपक्षियों ने बीते एक जुलाई को भूमि विवाद को लेकर उनकी घारी तोड़ दी। घर में घुसकर अंदर रखा अनाज व दस हजार नकद चोरी कर ले गए। पुलिस ने तुरकौलिया बरगाह निवासी महिला की तहरीर पर रामबचन समेत 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## युवती से छेड़खानी पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**पैकोलिया।** स्थानीय क्षेत्र के एक गांव में एक युवती से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। लड़की के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बुधवार की रात में भोजन करने के बाद सपरिवार सो रहे थे, जबकि उसकी बेटी बगल के कमरे में सो रही थी। गांव का मोहम्मद शमीम बेटी के कमरे में घुस गया और छेड़खानी करने लगा। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



गांधीनगर मार्ग पर गुरुवार शाम को पैदल गश्त करते एसडीएम, सीओ व कोतवाल।

# एसडीएम व सीओ ने किया पैदल गश्त

बस्ती। दुर्गा पूजा, दशहरा पर्व के मद्देनजर के दृष्टिगत एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक, सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी व कोतवाली राणा देवेन्द्र सिंह ने फोर्स संग शहर में पैदल गश्त किया। दुर्गा मूर्ति स्थापना के पंडालों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मूर्ति रखने वाले कमेटी के सदस्यों से वार्ता की। उन्हें शासन की गाइड लाइन से अवगत कराया। रोड के किनारे खड़े वाहनों की चेकिंग करने के साथ ही दुकानों को रोड के किनारे न लगाने की हिदायत दी।

# बहू समेत दो पर दर्ज कराया हत्या का केस

बस्ती। सोनहा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानाक्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति का आरोप है कि उनके बेटे की शादी 14 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद बहू बेटे को अपशब्द कहती और झगड़ा करती थी। इसके कारण आए दिन कलह होती थी।

आरोप है कि बहू का अवैध संबंध हैदर नाम के व्यक्ति से था। इसी कारण बहू व हैदर ने मिलकर बीते 25 अप्रैल को उनके बेटे को किसी चीज में मिलाकर जहर दे दिया। इलाज के लिए बेटे को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी बहू व हैदर के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट में घायल की मौत, मुकदमा दर्ज

बस्ती। रुधौली पुलिस ने हत्या, गर्भपात समेत पांच लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। जोधीजोत निवासी मोनू पांडेय का आरोप है कि विपक्षियों ने उनके भाई व अन्य परिजनों को अप्रैल 2024 में मारापीटा। ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया। अगले दिन दरवाजे पर आकर पिता को घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से मारापीटा। उन्हें बचाने के लिए गर्भवती पत्नी आई तो उसके पेट में मारा। पति व पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पिता की मौत हो गई और पत्नी ने मृत शिशु को जन्म दिया। पुलिस ने आरोपी रामचंद्र, ऊषा, अमरेश, अभिषेक, सीमा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

किशोरी को अगवा करने का आरोपी लालगंज थाने से भाग निकला था, जांच रिपोर्ट पर एसपी ने की कार्रवाई

# आरोपी के फरार होने पर हेड मुहर्रिर निलंबित

**फॉलोअप**

बस्ती/बनकटी, हिन्दुस्तान टीम। जिले के लालगंज थाने से पुलिस को चकमा देकर एक आरोपी के फरार होने के बाद हुए हंगामे में एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने हेड मुहर्रिर सत्येन्द्र यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई सीओ रुधौली संजय सिंह की जांच रिपोर्ट पर हुई है। हेड मुहर्रिर पर यह एक्शन लापरवाही बरतने व लोगों से दुर्व्यवहार करने के आरोप में लिया गया है। प्रथम दृष्टया थाने पर हुई घटना व हंगामे के लिए हेड मुहर्रिर की जवाबदेही तय की गई है। दूसरी तरफ पुलिस को चकमा देकर फरार आरोपी नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता की गिरफ्तारी में थाने की टीमों के साथ ही एसओजी व स्वॉट की टीमों को लगा दिया गया है।

लालगंज थानाक्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने बीते 15 अगस्त को शहर कोतवाली के रोडवेज निवासी नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। परिवार के लोगों ने पुलिस से संपर्क करके ढूंढना शुरू किया। 23 सितंबर की रात में भोलू गुप्ता को पकड़ कर लिया गया। बुधवार को पुलिस उसका मुकदमे में चालान करने की तैयारी में थी, लेकिन मंगलवार को ही वह पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। सीओ रुधौली संजय सिंह ने बताया कि आरोपी ने उल्टी होने की बात कही। इस बहाने से वह लॉकअप से बाहर निकाला और चकमा देकर चंपत हो गया।

बुधवार को शाम को इस बात की जानकारी लड़की के परिजनों को हुई तो बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ थाने पर पहुंच गए। पुलिस कर्मियों पर आरोपी की फरारी में मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। आरोप है कि इस दौरान हेड मुहर्रिर सत्येन्द्र यादव ने कार्रवाई की मांग कर रहे लोगों से अभद्रता की। इसके बाद लोगों का गुस्सा और भड़क गया। थानेदार के साथ उस पर भी एक्शन की मांग की जाने लगी। नारेबाजी के बाद आक्रोशित भीड़ के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने में बैठकर हनुमान चलीसा का पाठ करने लगे। देर रात करीब दो बजे तक डटे रहने के बाद सीओ रुधौली स्तर से उचित कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद लोगों ने थाना छोड़ा था।

**कबीर हत्याकांड से भी नाम आया था :** कबीर हत्याकांड में भी उसका नाम असलहा सप्लायर के रूप में सामने आया था। लालगंज से नवरत्न के फरार होने के बाद उसके अपराधों की लंबी फेहरिस्त देख पुलिस को यह तो समझ में आया गया कि अब उसे पकड़ना बड़ी चुनौती बन गई है। गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस ने भोलू गुप्ता के कुछ करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



- बजरंग दल संग पहुंची भीड़ ने नारेबाजी के साथ शुरू कर दिया था हनुमान चालीसा पाठ
- शातिर आरोपी नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था

## तो हथकड़ी सरका कर भाग निकला

बताया जा रहा है कि लालगंज थाने में पकड़ कर आने के बाद पुलिस ने उसे हथकड़ी भी लगाई थी। बेचैनी व उल्टी का बहाना कर बाहर आने के बाद उसने अपनी पतली कलाई से हथकड़ी को सरका कर निकाल दिया और पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। उसकी तलाश में पुलिस टीमें हर संभावित ठिकानों पर दबिश देने में जुटी हैं।

## कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है फरार नवरत्न उर्फ भोलू

बस्ती। लालगंज थाने से फरार आरोपी नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। सीओ रुधौली संजय सिंह ने बताया कि उसके खिलाफ 16 आपराधिक मुकदमे दर्ज है। गुण्डा एक्ट समेत अन्य धाराओं में उसका चालान भी हो चुका है। उस पर वाल्टरगंज, लालगंज में भी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। 2006 में पहली बार उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा कोतवाली में दर्ज हुआ था। इसी साल उस पर दुष्कर्म और एनडीपीए एक्ट के दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज होने के बाद गुंडा एक्ट की कार्रवाई हुई थी। 2011 में वाल्टरगंज थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद इसी थाने से उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हुई थी। इसी साल उसने लालगंज में लूट घटना को अंजाम देने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। हर्रैया थाने में भी उस पर आर्म्स एक्ट के तहत केस है। इसके अलावा कोतवाली में हत्या, हत्या के प्रयास समेत कुल 11 मुकदमें उसके खिलाफ दर्ज हैं।

# एएनएम को उपकेंद्र और स्टाफ नर्स को भेजा सीएचसी

गायघाट, हिन्दुस्तान संवाद। पीएचसी कुदरहा में प्रसव के बाद प्रसूता को वार्ड में ताला लगाकर बंद करने के मामले में दोषी एएनएम विनोदा सिंह पर एमओआईसी ने कार्रवाई की है। एमओआईसी ने विनोदा सिंह को तत्काल प्रभाव से पीएचसी कुदरहा के प्रसव कार्य से हटाते हुए वापस स्वास्थ्य उपकेंद्र कुदरहा भेज दिया है, वहीं स्टाफ नर्स मंजू को भी पीएचसी से सीएचसी में स्थानांतरित कर दिया है।

बता दें कि मंगलवार को प्यारेपुर की गुंजा देवी के प्रसव मामले में एएनएम ने वार्ड में ताला बंद कर दी थी। इससे दो घंटे तक वार्ड में प्रसूता, नवजात, तीमारदार और कर्मी बंद थी। हो-हल्ला के बाद पुलिस ने ताला खुलवा कर बाहर निकाला। प्रकरण में एडी हेल्थ, सीएमओ ने सख्ती दिखाई। मामले में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. फैज वारिस ने कार्रवाई करते हुए एएनएम विनोदा सिंह को प्रसव केंद्र से हटाकर स्वास्थ्य उपकेंद्र कुदरहा टीकाकरण सेंटर पर भेज दिया है। अब वह सिर्फ सत्र के अनुसार टीकाकरण कार्य करेंगी। वहीं स्टाफ नर्स मंजू को पीएचसी से हटा कर सीएचसी भेज दिया है। इसके अलावा एमओआईसी ने सीएचसी कुदरहा में तैनात स्टाफ नर्स कुसुम सिंह को पीएचसी के डिलीवरी प्वाइंट पर तैनात किया है।

**खुलेआम चल रहा अस्पताल, चुप हैं जिम्मेदार :** कुदरहा बाजार में महादेवा रोड पर एएनएम का अस्पताल खुला है। लोगों ने बताया कि एएनएम खुद को डॉक्टर बताती हैं और सीजर से लेकर नार्मल डिलेवरी अपने अस्पताल में ले जाकर भर्ती करके करती हैं।



सीएमओ प्रसूता के घर जाकर नवजात का कुशलक्षेम पूछा। ● हिन्दुस्तान

## जांच टीम गठित

एमओआईसी ने प्रकरण के जांच के लिए स्थानीय स्तर पर तीन सदस्यीय जांच टीम गठित किया है। जांच टीम को तीन दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। बताया कि सीएचसी के चिकित्सक वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जेपी चौधरी, डॉ. रजनी और हेल्थ सुपरवाइजर रामप्रकाश चौधरी को जांच टीम में शामिल किया गया है।

# एएनएम, स्टाफ नर्स का दर्ज किया बयान

बस्ती। सीएमओ डॉ. आरएस दूबे खुद पीएचसी पहुंचे और पूरे प्रकरण की जांच की। एएनएम, स्टाफ नर्स का बयान दर्ज किया और स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही एमओआईसी को चेतावनी दी है कि जल्द ही जांच कर आख्या दें, ताकि एएनएम पर विभागीय कार्रवाई की जा सके। सीएमओ ने मरीज के परिजनों, स्टाफ नर्स मंजू, एएनएम विनोदा सिंह से बयान लिया। सीएमओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार एएनएम पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एएनएम की ऐसी हरकत से विभाग की छवि खराब हुई है। वहीं पीड़ित प्रसूता गुंजा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर एएनएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



आक्रोश मार्च निकाल कर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते शिक्षक-कर्मचारी। • हिन्दुस्तान

# यूपीएस-एनपीएस के विरोध में निकाला गया आक्रोश मार्च

बस्ती, निज संवाददाता। शिक्षक कर्मचारियों में एनपीएस व यूपीएस के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला। अटेवा के बैनर तले काफी संख्या में शिक्षकों कर्मचारियों का हुजूम सड़कों पर उतरकर एनपीएस-यूपीएस का विरोध में बाइक रैली निकाली। शहर में प्रदर्शन करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे शिक्षक-कर्मचारियों ने डीएम के माध्यम से पीएम और सीएम को ज्ञापन भेजते हुए पुरानी पेंशन की मांग की।

ज्ञापन के बाद अटेवा के जिला अध्यक्ष तौआब अली ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) देश के शिक्षकों-कर्मचारियों के हित में नहीं है। कर्मचारी इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। उसे सिर्फ व सिर्फ पुरानी पेंशन चाहिए। मंडलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी व डॉ. कमलेश चौधरी ने कहा कि जब सरकार एक देश एक विधान के फार्मूले पर कार्य कर रही है तो एक देश एक पेंशन लागू करने में क्या परेशानी है। जिला महामंत्री विजय नाथ तिवारी, प्रमोद ओझा, देवेंद्र तिवारी व बृजेश वर्मा ने कहा कि यूपीएस में कर्मचारियों के वर्षों से जमा धन जब्त कर लिया जाएगा।

- जीआईसी से शिक्षकों-कर्मचारियों ने निकाली बाइक रैली
- डीएम के प्रशासनिक अफसर को ज्ञापन देकर की ओपीएस की मांग

विरोध प्रदर्शन के दौरान विनोद प्रकाश वर्मा, राहुल उपाध्याय, सुरेंद्र यादव, नीरज वर्मा, कैलाश नाथ, राकेश सिंह, जितेंद्र वरुण, फूलचंद वर्मा ने अपना विचार रखा। आक्रोश मार्च को उत्तर प्रदेश माशि संघ (एकजुट), अखिल भारतीय प्राशि संघ, पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, पीडब्लूडी वर्कचार्ज कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ, उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल टीचर संघ, ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन, प्रोफेसर टीचर एंड नॉन टीचिंग इंप्लाइज बीइंग उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश डिप्लोमा फार्मासिस्ट संघ, जूनियर शिक्षक संघ, शिक्षा मित्र संघ, उत्तर प्रदेश नर्सेज संघ, सुआक्टा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, एक्सरे टेक्नीशियन संघ ने समर्थन दिया।

# बैठक में शिक्षकों ने उठाए मुद्दे

बस्ती। उप्र प्राशि संघ की बैठक प्रेस क्लब में गुरुवार को हुई। शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए 15 अक्तूबर को बीएसए कार्यालय के समक्ष धरना देने, 27 सितम्बर से 14 अक्तूबर तक सदस्यता अभियान चलाए जाने, निष्क्रिय ब्लाक इकाइयों के पुनर्गठन आदि का निर्णय लिया गया।

विद्यालयों में चोरी की घटनाओं को रोकने, मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को लेकर डीएम के प्रशासनिक अधिकारी व एसपी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि अनेकों बार ज्ञापन देने के बावजूद बीएसए ने न तो कार्यवृत्ति जारी किया न गंभीरता पूर्वक शिक्षक समस्याओं का समाधान किया।

# रातोंरात बदल गए निर्वाचन अधिकारी

बभनान, हिन्दुस्तान संवाद। सहकारी गन्ना समिति बभनान के चुनाव में तनातनी का मामला सामने आया तो रातों रात दो-दो निर्वाचन अधिकारी बदल दिए गए। वहीं नाम निर्देशन प्र-पत्र दाखिला शान्तिपूर्ण माहौल में हो इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। निर्वाचन अधिकारी बदलने को लेकर तरह-तरह के कयासों का बाजार गर्म है।



सहकारी गन्ना समिति बभनान में नामांकन-पत्र दाखिल करते लोग। • हिन्दुस्तान

सहकारी गन्ना समिति बभनान में चुनाव के लिए पहले सुशील पाण्डेय बीडीओ हर्रैया को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया था। बुधवार की शाम मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद दो पक्षों में तनातनी को देखते हुए रातों-रात सुशील पाण्डेय को हटाकर जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती जगदीश शुक्ला को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया। गुरुवार की सुबह होते-होते जगदीश शुक्ला को हटाकर बीडीओ रुधौली विनय कुमार द्विवेदी को रिटर्निंग ऑफिसर बना दिया गया। रातोंरातों रिटर्निंग ऑफिसर को बदले जाने को लेकर तरह-तरह के कयास लगाया जा रहे हैं। वहीं तनातनी को देखते हुए गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक गौर रामकुमार राजभर ने खुद कमान संभाली और भारी पुलिस बल के साथ चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए रखे।

# निर्माणाधीन भवन से गिरा मजदूर

**गायघाट, हिन्दुस्तान संवाद।** जिले के बहादुरपुर ब्लॉक क्षेत्र के ऐलिया गांव में निर्माणाधीन राजकीय बालिका महाविद्यालय के भवन के चौथे तल में शटरिंग लगाते वक्त गुरुवार की सुबह एक मजदूर अचानक नीचे गिर गया। उसे गंभीर चोट आई। साथी मजदूरों ने उसे मेडिकल कॉलेज बस्ती में भर्ती कराया।



निर्माणाधीन राजकीय महिला महाविद्यालय। • हिन्दुस्तान

बताया जा रहा है कि गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे नगर थानाक्षेत्र के निर्माणाधीन राजकीय बालिका महाविद्यालय पर छत की ढलाई का कार्य चल रहा था। तभी अचानक सरिया काटने का काम कर रहा मजदूर राजकुमार निवासी मसीपुर, जिला पश्चिमी चंपारण बिहार अचानक नीचे गिर गया। ऊंचाई से गिरने के कारण उसके गंभीर चोटें आईं। मजदूर के गिरने की सूचना पर आसपास के लोग भी पहुंच गए। साथ कार्य रहे मजदूरों ने बताया कि ढलाई के समय वह नीचे गिर गया है। गिरने से उसका पैर टूट गया है। कहा इंजीनियर व ठेकेदार ने सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो वह सीधे नीचे नहीं गिरता। इं. संजीव दुबे ने बताया कि घायल मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मजदूरों की सुरक्षा के लिए इंतजामों की जानकारी मांगने पर उन्होंने चुप्पी साध ली।

# नया रोड सेफ्टी एक्शन प्लान करें तैयार

- बिना परमिट व फिटनेस वाले स्कूल वाहनों को करें सीज: आइजी
- आयुक्त सभागार में हुई मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जागरण संवाददाता, बस्तीः मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरुवार को आयुक्त सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त अखिलेश सिंह ने कहा कि बस्ती मंडल के प्रत्येक जनपद में नए सिरे से रोड सेफ्टी एक्शन प्लान तैयार किया जाए। संबंधित अधिकारियों से कहा कि आगामी माह में रोड इंजीनियरिंग, दुर्घटना पर रैपिड रिस्पांस, गोल्डेन आवर में बेहतर ट्रामा केयर सुविधा तथा प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं। आयुक्त ने निर्देश दिया कि ब्लैक स्पाट, अवैध कटों को चिह्नित करते हुए एनएचएआइ तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी उसे दुरुस्त कराएं। यातायात पुलिस अतिक्रमण हटाने में विशेष सतर्कता बरते। सभी के समन्वय व प्रयास से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। घायलों को अल्प समय में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेंगी।



बैठक को संबोधित करते आयुक्त अखिलेश सिंह व आइजी आरके भारद्वाज● सौ .सूचना

आइजी आरके भारद्वाज ने कहा कि जनपदों में बिना परमिट एवं बिना लाइसेंस के चल रहे स्कूल वाहनों को विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य से वार्ता कर फिटनेस एवं परमिट प्राप्त कराएं, अन्यथा की स्थिति में वाहनों का चालान एवं सीज करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रत्येक नागरिक जो कि रोड टैक्स जमा कर रहा है, सड़क पर चलते समय उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी समिति में सम्मिलित सभी अधिकारियों की है। इसके प्रति लापरवाही कदापि न बरतें। बैठक से पूर्व सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक बिंदुओं के प्रगति की समीक्षा अधिकारीगण अवश्य कर लें। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी पंकज सिंह ने पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश के क्रम में अवगत कराया कि शीघ्र ही पांच-पांच गुड सेमेरिटन चिह्नित कर पुरस्कृत किए जाएंगे। एडीएम प्रतिपाल चौहान, आरटीओ प्रशासन फरीदुद्दीन, आरटीओ प्रवर्तन रविकान्त शुक्ला, एआरटीओ सिद्धार्थनगर सुरेश कुमार व संतकबीर नगर प्रियम्वदा सिंह, एआरएम रोडवेज आयुष भटनागर, सभी सीओ तथा मंडलीय अधिकारी मौजूद रहे।

# फरार आरोपित मामले में मुख्य आरक्षी निलंबित

## लालगंज थाने के लाकअप से फरार हुआ था नवरत्न, तलाश में जुटी एसओजी व स्वाट टीम

जागरण संवाददाता, बस्तीः लालगंज थाने के लाकअप से फरार अपहरण के आरोपित के मामले में लापरवाही के आरोप में थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल (मुख्य आरक्षी) सत्येन्द्र यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पुलिस लाइन से अटैच कर दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी ने की है। उन्होंने फरार आरोपित नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा एसओजी व स्वाट टीम को भी अलग से लगा दिया है। थाने पर बरती गई लापरवाही में अभी कई अन्य पुलिस कर्मी जांच के दायरे में हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी की जांच अभी भी जारी है। रिपोर्ट के बाद कई अन्य पुलिस कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई तय मानी जा रही है।



आरोपित नवरत्न गुप्ता उर्फ भोलू● जागरण

बुधवार को तड़के करीब तीन बजे अचानक पुलिस चौकसी को धता बताते हुए अपहरण का आरोपित मौका पाकर शातिराना अंदाज में लाकअप खोलकर अचानक भाग निकला। लालगंज पुलिस ने पूरे दिन पहले उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन जब वह पकड़ में नहीं आया और घटना की जानकारी अपहृता किशोरी के स्वजन व स्थानीय बजरंग दल को हुई, तब मजबूरन थानेदार सुनील कुमार गौड़ को अपने उच्चाधिकारियों को जानकारी देनी पड़ी। मौके पर पहुंचे सीओ रुधौली संजय सिंह ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

महसों चौकी प्रभारी ने पकड़ा था आरोपितः लालगंज थाने के लाकअप से फरार आरोपित को महसों चौकी प्रभारी अनस अख्तर ने पकड़ कर लालगंज पुलिस को दिया था। चर्चा है कि वह कई दिनों से आरोपित को हिरासत में लिए रहे। मंगलवार को देर रात थाने पर ले जाकर लाकअप में डाल दिया, लेकिन जीडी में तस्करा नहीं डाला और ना ही उसका दाखिला कराया था। इस नाते चौकी प्रभारी की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है।

लापरवाही बरतने पर मुख्य आरक्षी निलंबितः अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बताया कि थाने पर बजरंग दल कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी की शिकायत पर मुख्य आरक्षी सत्येन्द्र यादव को तत्काल प्रभाव से एसपी के आदेश पर निलंबित कर दिया गया है। उसकी प्रारंभिक जांच सीओ को दे दी गई है। फरार आरोपित की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस अभियान में लालगंज पुलिस के अलावा स्वाट (स्पेशल वेपंस एंड टैक्टिक्स) प्रभारी उमाशंकर तिवारी व एसओजी (स्पेशल आपरेशन ग्रुप) प्रभारी जनार्दन प्रसाद की टीम को उसके संभावित ठिकानों पर लगा दी गई है।

# घर में घुसकर युवती से छेड़खानी, आरोपित पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, पैकोलिया, बस्ती: पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में लगभग 19 वर्षीय युवती से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बुधवार की रात भोजन करने के बाद उसकी पुत्री कमरे में सो रही थी, जबकि वह स्वयं और उसकी पत्नी बरामदे में सौ रहे थे।

गांव का ही युवक मोहम्मद शमीम रात में तीन बजे उसकी पुत्री के कमरे में घुस गया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। उसकी पुत्री ने शोर मचाया तो परिवार के लोग जग गए। मौके की नजाकत भांपते हुए आरोपित भाग निकला।

सुबह जब आरोपित के घरवालों से पूछताछ किया तो लोग अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध छेड़खानी व जानमाल की धमकी के धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अदालत के आदेश पर हत्या व बलवा का मुकदमा दर्ज

जासं, बस्तीः रुधौली थाना क्षेत्र के जोधीजोत गांव में पांच माह पहले हुई हत्या व बलवा की घटना में पुलिस ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। अदालत में प्रार्थना पत्र देकर मोनू पाण्डेय ने बताया कि आरोपितों द्वारा उनके भाई रामकुमार व पिता लल्लन को अपशब्द कहते हुए हमला कर दिए। घटना 22 अप्रैल 2024 की है। बीच-बचाव करने के लिए मौके पर गई उनकी गर्भवती पत्नी आराधना के पेट पर मार कर घायल कर दिया। इसकी वजह से मृत शिशु पैदा हुआ और उपचार के दौरान घायल पिता लल्लन पांडेय की मृत्यु हो गई। पुलिस ने गांव के ही रामचन्द्र, ऊषा देवी, अमरेश, अभिषेक, सीमा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# मोहित अपहरण, हत्याकांड की जांच करेगी एसआइटी

जागरण संवाददाता, बस्तीः बहुचर्चित मोहित अपहरण व हत्याकांड की जांच विशेष जांच दल यानी एसआइटी करेगी। जल्द ही विवेचना पूरी कर चार्जसीट अदालत भेज दी जाएगी। अपहरण व हत्याकांड में अब तक 16 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपित जेल में निरुद्ध हैं। हालांकि अभी भी तीन अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पूर्व में गठित पुलिस टीम व एसआइटी की ओर से उनके संभावित ठिकाने छापेमारी की जा रही है। जल्द ही इनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए एसआइटी जुट गई है।

पुलिस अधीक्षक ने इसकी विवेचना कोतवाली पुलिस से हटा कर एसआइटी के निरीक्षक संजय कुमार व उनकी टीम को सौंपी है। मालूम हो कि शहर के पिकौरदत्तूराय मोहल्ले में एक मकान में किराये पर मोहित यादव रहता था। वह मूलरूप से लालगंज थानाक्षेत्र के सुकरौली गांव का निवासी था। 12 जुलाई 2024 की दोपहर में करीब एक बजे दो बाइक से पहुंचे आरोपितों ने उसका अपहरण कर हत्या कर दी थी। हालांकि पुलिस मृतक का शव बरामद नहीं कर सकी।

इस बाबत पूछे जाने पर एसआइटी प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अभी उन्हें विवेचना प्राप्त हुई है। शून्य से इसकी विवेचना आरंभ की जाएगी और बहुत ही जल्दी मामले में रिजल्ट दे दिया जाएगा। आरोप पत्र भी समय से अदालत भेज दी जाएगी।

**फालोअप**

- एसपी ने कोतवाली पुलिस से हटा कर एसआइटी को दी विवेचना
- आरोपितों के विरुद्ध अदालत में जल्द दाखिल होगी चार्जसीट

**मोहित के अगवा किए जाने का घटनाक्रमः** शहर के पिकौरदत्तूराय मोहल्ले में एक मकान में किराये पर मोहित यादव रहता था। वह मूलरूप से लालगंज थानाक्षेत्र के सुकरौली गांव का रहने वाला था। 12 जुलाई 2024 की दोपहर में करीब एक बजे दो बाइक से फिल्मी स्टाइल में पहुंचे आरोपितों ने उसका अपहरण कर पहले बाइक पर बैठाया। मेन सड़क पर पहुंचते ही उसे एक्सयूवी में लेकर लालगंज थानाक्षेत्र के छरौछा गांव के पास ले गए। वहीं मारा-पीटा और हत्या कर उसके शव को ठिकाने लगा दिया, जिसका आजतक पता नहीं लग सका।

# सरयू किनारे बोरे में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



घटनास्थल पर पुलिस कर्मियों से बातचीत करते एएसपी ओमप्रकाश सिंह● जागरण

जागरण संवाददाता, दुबौलिया, बस्ती: गौरा सैफाबाद तटबंध पर गौरा तिवारी गांव के निकट बने एक ठोकर के पास सरयू नदी के किनारे बोरे में युवक का शव मिला है। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। शरीर पर महज अंडरवियर था। शव की पहचान अभी नहीं हो पाई है। अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया और मृतक की पहचान कराने का निर्देश दिया।

गौरा तिवारी गांव के सामने बने ठोकर के पास सरयू नदी के किनारे दो बोरे से रखा एक शव सुबह मछली का शिकार करने वालों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरे को खोलवाया। उसमें युवक का शव मिला। उसका सिर वाला हिस्सा प्लास्टिक के बोरे में, जबकि दोनों पैरों को इकट्ठा कर जूट के बोरे में बांधा गया था। पुलिस के अनुसार शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत होता है। मृतक के दाहिने हाथ में सिर्फ शर्ट के आस्तीन का छोटा सा हिस्सा था। मौके पर जुटे लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया, मगर सफलता नहीं मिली।

तटबंध से ठोकर तक दिखाई पड़े खून के धब्बे: युवक का शव मिलने की सूचना पर आसपास के गांव के लोग एकत्रित हो गए। शव देखने के बाद ग्रामीणों में इस बात की चर्चा होने लगी कि युवक की हत्या कर शव यहां फेंका गया है। लोगों ने आशंका जताई कि युवक को किसी चार पहिया वाहन से तटबंध तक लाया गया है, जिसके बाद उसे बोरे में डालकर नदी किनारे फेंक दिया गया, क्योंकि ठोकर पर खून के धब्बे मिले हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष जय प्रकाश चौबे ने बताया की ठोकर के पास शव मिला है। युवक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच है। सिर पर किसी भारी चोट के निशान भी हैं। शव को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

## दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

वस्ती : मुंडेरवा थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ उसी के कंपनी के प्रोपराइटर के द्वारा दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर नीरज उर्फ पुरुषोत्तम मौर्या निवासी म्हसिन थाना वाल्टरगंज पर मुकदमा दर्ज किया है।

## मारपीट में 14 नामजद

वस्ती : मुंडेरवा थाना क्षेत्र के ग्राम तुरकौलिया बरगाह निवासी सरोज देवी के घर में तोड़फोड़ कर मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर रामबचन, रामसवेरे, महेश, दिनेश लाल, हरिप्रसाद, रामकरन, इलायची, पूनम, बिंदु, मुकेश, कमलेश, राम बहादुर, मंगेश व नितेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकाला आक्रोश मार्च

जागरण संवाददाता, वस्तीः आल टीचर्स इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के बैनर तले कई विभाग के कर्मचारी संगठन गुरुवार को सड़क पर उतरे। एनपीएस व यूपीएस को लेकर विरोध जताया। कहा कि पुरानी पेंशन बहाल किया जाए। जब तक मांगे पूरी नही होगी, तब आंदोलन की धार कम नही होगी। अटेवा के जिलाध्यक्ष तौआब अली के नेतृत्व में राजकीय इंटर कालेज से आक्रोश मार्च निकाला गया, जो डीएम कार्यालय तक गया।

इस दौरान आक्रोश मार्च में शामिल विभिन्न संगठनों के लोगों ने नारेबाजी की। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, पंचायती राज ग्रामीण सफाईकर्मी संघ, लेखपाल संघ, पीडब्लूडी वर्कशार्ज, कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षेणत्तर कर्मचारी संघ, जूनियर हाईस्कूल टीचर्स संघ, आल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर सहित अन्य संगठन शामिल रहे। कलेक्ट्रेट पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

# जिला जज, डीएम व एसपी ने जिला जेल का किया निरीक्षण

जागरण संवाददाता, बस्ती: जिला जज कुलदीप सक्सेना, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी ने भारी पुलिस फोर्स के साथ गुरुवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसी कैमरा के संचालन, सभी बैरकों में कैदियों की सघन तलाशी कराई। पाकशाला को देखा एवं भोजन की गुणवत्ता परखी। उन्होंने कैदियों से खानपान व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली। न्यायिक, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि मेन्यू के अनुसार कैदियों को गुणवत्तापूर्ण खाना व नाश्ता दिया जाए। सीसी कैमरों का संचालन निरंतर रहे। सफाई का विशेष ध्यान दें। कैदियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। मौजूद सभी जेल कर्मियों को उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन सही तरीके से करने का निर्देश दिया। इस दौरान अधीक्षक जिला कारागार अंकेक्षिता श्रीवास्तव, जेलर राजीव कुमार मिश्र, पीआरओ एसपी पवन मिश्र, उप कारापाल रोशनजहां सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बहू पर बेटे को जहर देकर मार डालने का आरोप

जासं, बस्ती: सोनहा थाना क्षेत्र के ग्राम मनौढी में नसीबुल्लाह ने अपने बेटे मतिबुल्लाह की जहर देकर हत्या कर दिए जाने का आरोप उसकी पत्नी समेत दो लोगों पर लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बहू हफीजुन्निशा व बड़की करमहिया निवासी हैदर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# समस्या समाधान के लिए 15 को धरना देंगे शिक्षक

- उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में लिया गया निर्णय
- 27 सितंबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा सदस्यता अभियान

जागरण संवाददाता, बस्ती: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में गुरुवार को पदाधिकारियों की बैठक प्रेस क्लब सभागार में हुई। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए 15 अक्टूबर को बीएसए कार्यालय के समक्ष धरना देने, 27 सितंबर से 14 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलाए जाने, निष्क्रिय ब्लाक इकाईयों के पुर्नगठन आदि का निर्णय लिया गया। परिषदीय विद्यालयों में बढ रही चोरी की घटनाओं को रोकने, मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि अनेकों बार ज्ञापन देने के बावजूद बीएसए द्वारा न तो कार्यवृत्ति जारी किया, न गंभीरता पूर्वक शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, रसोईया, कंप्यूटर आपरेटर, लेखाकारों आदि संविदा कर्मियों की समस्याओं का समाधान हुआ।

संघ के जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक संपर्क अभियान के साथ ही सदस्यता का लक्ष्य 14 अक्टूबर तक अवश्य पूरा कर लें। कार्यवाहक अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती से ही शिक्षकों के लक्ष्य पूरे होंगे, हमें एकजुटता से आगे बढना होगा। बैठक में देवेन्द्र वर्मा, नरेन्द्र कुमार द्विवेदी, पटेश्वरी प्रसाद निषाद, इन्द्रसेन मिश्र, राम प्रकाश शुक्ल, दिवाकर सिंह, शोभाराम वर्मा, शैल शुक्ल, रीता शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

# 15 अक्तूबर को धरना देंगे शिक्षक

बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक बृहस्पतिवार को प्रेस क्लब में जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में हुई। इसमें शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए 15 अक्तूबर को बीएसए कार्यालय पर धरना देने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान 27 सितंबर से 14 अक्तूबर तक सदस्यता अभियान चलाने की सहमति बनी। निष्क्रिय ब्लॉक इकाइयों के पुर्नगठन का निर्णय लिया गया।

जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि कई बार ज्ञापन देने के बावजूद बीएसए ने न कार्यवृत्ति जारी किया और न ही समस्याओं का समाधान किया।

इस दौरान शैल शुक्ला, अखिलेश मिश्र, महेश कुमार, देवेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

# शिक्षकों-कर्मियों ने निकाला आक्रोश मार्च, पुरानी पेंशन के लिए भरी हुंकार

## जीआईसी से कलक्ट्रेट तक प्रदर्शन कर डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाद न्यूज एजेंसी



अटेवा के नेतृत्व में शिक्षकों और कर्मचारियों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन। संवाद

**बस्ती।** ऑल टीचर्स इम्प्लाइज एसोसिएशन अटेवा के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को पुरानी पेंशन की बहाली के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों ने राजकीय इंटर कॉलेज से डीएम कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकाला ।

सरकार विरोधी नारे लगाए और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। अटेवा के जिला अध्यक्ष तौआब अली ने कहा कि उनकी मांग है कि केंद्र सरकार अर्द्ध सैनिक बलों की पुरानी पेंशन बहाल करे। केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) देश के शिक्षकों-कर्मचारियों के हित में नहीं है। कर्मचारी इसे स्वीकार नहीं करेंगे। उसे सिर्फ व सिर्फ पुरानी पेंशन चाहिए।

मंडलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी व डॉ. कमलेश चौधरी ने कहा कि जब सरकार एक देश एक विधान के फार्मूले पर कार्य कर रही है तो एक देश एक पेंशन लागू करने में उसे परहेज क्यों। अनीस अहमद, सुनील मौर्या, अमरनाथ, अमरचंद वर्मा, मनीष प्रकाश मिश्रा ने संयुक्त रूप से एनपीएस व यूपीएस को छलावा बताते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

विनोद प्रकाश वर्मा, राहुल उपाध्याय, सुरेंद्र यादव, नीरज वर्मा, कैलाश नाथ, राकेश सिंह ने कहा कि कर्मचारी अपने जीवन का अमूल्य 25 से 30 वर्ष देश की सेवा में योगदान देता है। उन्हें बुढ़ापे में बेसहारा छोड़ना सरकार की संवेदनहीनता है।

आक्रोश मार्च को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट), अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, पीडब्लूडी वर्कचार्ज कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ, उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल टीचर संघ, ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन, उत्तर प्रदेश डिप्लोमा फार्मासिस्ट संघ, जूनियर शिक्षक संघ, शिक्षा मित्र संघ,उत्तर प्रदेश नर्सेज संघ,सुआक्टा,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, एक्सरे टेक्नीशियन संघ ने समर्थन दिया।

विभिन्न संगठनों से आए उदय शंकर शुक्ला, विष्णु दत्त शुक्ला, दिनेश चौधरी, राम सुमेर, अनिल कुमार, रवि प्रकाश सिंह, शैलेंद्र राय, अंबिका पांडेय,डॉक्टर त्रिलोकी नाथ, वीरेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र चौधरी, अरविंद कुमार निषाद,सी. पी. शुक्ला आदि पदाधिकारियों ने एकजुट होकर पुरानी पेंशन बहाली की संघर्ष की बात दोहराई।

इस मौके पर जिला महामंत्री विजय नाथ तिवारी ,प्रमोद कुमार ओझा ,देवेंद्र तिवारी , बृजेश वर्मा ,अनीस अहमद, सुनील मौर्या, अमरनाथ, अमरचंद वर्मा, मनीष प्रकाश मिश्रा ,ध्रुव नारायण, अजय वर्मा सहित तमाम शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# अधिकारियों ने किया जेल का मुआयना

**बस्ती।** न्यायिक,पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को जनपद कारागार का निरीक्षण किया। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना, डीएम रवीश गुप्ता, एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी के अलावा अन्य न्यायिक व पुलिस अधिकारी भी साथ थे निरीक्षण के दौरान जेल के बैरक, अस्पताल, मेस आदि का जायजा लिया। कैदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। मौजूद सभी जेल कर्मियों को उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन सही तरीके से करने हेतु निर्देश दिया। इस दौरान जेल अधीक्षक अंकेक्षिता श्रीवास्तव व अन्य मौजूद रहे। संवाद

# यूपी बार काउंसिल के आदेश पर रोक

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा पांच वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किए गए सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री शिव पूजन मिश्र को बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने बड़ी राहत दी है। जिसमें उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। प्रदेश काउंसिल के 30 अगस्त के आदेश को बार काउंसिल आफ इंडिया में चुनौती दी गई थी। वहां से 30 अगस्त के आदेश पर रोक लगाते हुए 23 अक्तूबर 24 को सुनवाई की तारीख तय की है। संवाद

# एसडीएम व सीओ ने की पैदल गश्त



**गांधीनगर में पुलिसकर्मियों ने किया पैदल मार्च। संवाद**

**बस्ती।** आगामी त्योहारों दुर्गा पूजा, दशहरा पर्व के मद्देनजर के शहर में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पैदल भ्रमण किया। एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक, सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी व कोतवाली राणा देवेन्द्र सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ दुर्गा मूर्ति स्थापना के स्थलों व निर्माणाधीन पंडालों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मूर्ति रखने वाले कमेटी के सदस्यों से वार्ता की। उन्हें शासन की गाइडलाइन से अवगत कराया। रोड के किनारे खड़े वाहनों की चेकिंग करने के साथ ही दुकानों को रोड के किनारे न लगाने की हिदायत दी। संवाद

# थाने से आरोपी के फरार होने पर हेड मुहर्रिर निलंबित

## किशोरी को अगवा करने का आरोपी लालगंज थाने से भाग निकला था, सीओ की जांच रिपोर्ट पर एसपी ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बनकटी।** लालगंज थाने से पुलिस को चकमा देकर किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी के फरार होने के मामले में हेड मुहर्रिर सत्येंद्र यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

आरोप है कि नारंगी टी-शर्ट पहनकर उसी ने थाने में हंगामा कर रहे लोगों से दुर्व्यवहार किया था। हेड मुहर्रिर पर यह कार्रवाई लापरवाही बरतने व लोगों से दुर्व्यवहार करने के आरोप में की गई है। सीओ रुधौली की जांच रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया हेड मुहर्रिर की जवाबदेही तय की गई है। दूसरी तरफ पुलिस को चकमा देकर फरार आरोपी नवरंग उर्फ भोलू गुप्ता की गिरफ्तारी में थाने की टीमें जुटी हैं।

लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने 15 अगस्त को शहर कोतवाली के रोडवेज निवासी नवरंग भोलू गुप्ता पर केस दर्ज किया था।

परिवार के लोगों ने पुलिस से संपर्क कर उसे ढूंढना शुरू किया। 23 सितंबर की रात में नवरंग उर्फ भोलू गुप्ता को पकड़ कर लिया गया।



26 सितंबर को प्रकाशित खबर।

बुधवार को पुलिस उसका मुकदमे में चालान करने की तैयारी में थी, लेकिन मंगलवार को ही वह पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बेचैनी और उल्टी होने की बात कही। इस बहाने से वह लॉकअप से बाहर निकाला और चकमा देकर फरार हो गया।

बुधवार को शाम को आरोपी के पुलिस अभिरक्षा से भागने की जानकारी किशोरी के परिजनों को हुई तो बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ थाने पर पहुंच गए। पुलिस कर्मियों पर आरोपी की फरारी में मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे।

आरोप है कि इस दौरान हेड मुहर्रिर सत्येंद्र यादव ने कार्रवाई की मांग कर रहे लोगों से अभद्रता की। इसके बाद लोगों का गुस्सा और भड़क गया था। थानेदार के साथ उस पर भी कार्रवाई की मांग की जाने लगी।

नारेबाजी के बाद आक्रोशित भीड़ के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। देर रात करीब दो बजे तक डटे रहने के बाद सीओ रुधौली स्तर से उचित कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद लोगों ने थाना छोड़ा। प्रकरण में सीओ की जांच रिपोर्ट पर एसपी ने हेड मुहर्रिर सत्येंद्र यादव को निलंबित कर दिया है।

# जंगली जानवर ने फिर किया हमला बाल-बाल बचा ग्रामीण, दहशत

## घर के बाहर सो रहे बर्दिया कुंवर के ग्रामीण पर हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

**दुबौलिया।** बर्दिया कुंवर गांव में बुधवार की रात जंगली जानवर ने घर के बाहर सो रहे एक शख्स पर हमला कर दिया। नींद खुल जाने पर उसने भागकर जान बचाई।

हालांकि, रानीपुर लाद गांव में दो दिन से जानवर तो नहीं दिखा। मगर, ग्रामीणों में खौफ बरकरार है। वन विभाग की टीम गांव में कैंप कर सर्च अभियान चला रही है।

वन दरोगा अभिषेक यादव ने बताया कि जब तक हमला करने वाला जानवर मिल नहीं जाता है, तब तक तलाश जारी रहेगी। उधर, बर्दिया कुंवर ग्राम पंचायत के चपरा गांव के रामलाल बुधवार की रात घर के बाहर सो रहे थे, तभी हिंसक जानवर उनके ऊपर हमलावर हुआ।



चपरा गांव में ग्रामीणों से जानकारी लेती वन विभाग की टीम। स्रोत ग्रामीण

प्रधान के प्रतिनिधि रिंकू ने बताया कि रामलाल की चारपाई तक जानवर पहुंच चुका था। उनकी तरफ दौड़ा तो वह जाग गए और शोर मचाते हुए भागे। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े तो जानवर गांव के उत्तर सिवान की तरफ भाग निकला। सूचना पर रानीपुर लाद गांव में कैंप कर रही वन विभाग की टीम पहुंच गई। काफी खोजबीन के बावजूद जानवर का पता नहीं चला।

आसपास के ग्रामीण झुंड के साथ लाठी लेकर गांव में कहीं भी आ-जा रहे हैं। वन दरोगा अभिषेक यादव ने बताया कि रानीपुरलाद, चपरा, बरदियालोहार, पटपरवा आदि गांव में लगातार सर्च अभियान रातों-दिन चलाया जा रहा है।

# कोर्ट के आदेश पर 14 लोगों पर केस दर्ज

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मारपीट में 14 लोगों पर केस दर्ज किया है। तुरकौलिया की एक महिला की तहरीर में आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनकी झोपड़ी तोड़ दी। पुलिस ने तुरकौलिया बरगाह निवासी महिला की तहरीर पर रामबचन समेत 14 लोगों पर केस दर्ज किया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# शांति और सौहार्द पूर्वक मनाएं दुर्गा पूजा का त्योहार

बिस्कोहर। दुर्गा पूजन व विसर्जन को लेकर त्रिलोकपुर थाने में बृहस्पतिवार को शांति कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में मूर्ति रखने वाले लोग शांति व सौहार्द पूर्ण तरीके से पर्व को मनाएं। दुर्गा पूजा पंडाल में ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग न करें। पर्व पर अश्लील गीत व तेज आवाज में डीजे न बजाएं। प्रतिमा किसी नई जगह न रखें और न ही किसी नए रास्ते से प्रतिमा को ले जाएं। विसर्जन के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से रहें।

# कड़ी जांच के बाद भी जेल में मिला गांजा

## प्रशासन हैरान, कहां से पहुंचा गांजा, सुरक्षा को लेकर कटघरे में है जेल के अधिकारी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिला कारागार में भीतर बैरक तक जाना हो तो प्रवेश द्वार से लेकर मुख्य बैरक द्वार तक कम से कम छह स्थानों पर आपकी चेकिंग होगी। इसके अलावा चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे से आप पर अलग से नजर रखी जाएगी। बावजूद इसके जिला कारागार से गांजा निकलना वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर खुद हैरान हैं, वहां आखिर गांजा पहुंचा कहां से। कुछ लोग तो यह भी आरोप लगा रहे हैं डिप्टी जेलर व बंदीरक्षक कहीं बंदी की बात को दबाने में सफल हो जाते तो इस राज से पर्दा ही नहीं उठता कि वहां गांजा भी जा रहा है।

गांजा वहां बंदियों के जरिये जा रहा है अथवा डिप्टी जेलर मंगवा रहे हों, लेकिन जिला जेल की सुरक्षा व्यवस्था कटघरे में है। वह भी तब जब सारी चेकिंग के बाद सीसीटीवी के माध्यम से इसकी निगरानी की जा रही है। जो इसकी निगरानी कर रहा है, आखिर उसने इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया। लोग यह भी कह रहे हैं, कहीं वह भी तो नहीं जेल में गांजा लाने वालों से मिला हुआ है। मंगलवार की शाम को जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी डा.राजा गणति आर,



### जिला जेल से गांजा बरामद जिलाधिकारी ने बैठाई जांच

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिला कारागार से गांजा बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहां से दो स्थानों से करीब 20 ग्राम गांजा भी

जिलाधिकारी के पास आने पर उस बताया कि इस जेल में डिप्टी जेल उससे गांजा बेचवाते हैं। जिलाधिका ने प्रमाण मांगा तो वह एक माचिस

26 सितंबर को दैनिक जागरण मे प्रकाशित खबर • जागरण

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह व अन्य अधिकारियों ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाक्सो एक्ट के एक बंदी ने जिलाधिकारी से मिलकर आरोप लगाया कि डिप्टी जेलर जेल में गांजा बिकवाते हैं और उससे पुड़िया बेचने के लिए कहते हैं। वह मना करता है तो उसे मारते-पीटते हैं। उसने जिलाधिकारी को चोट के निशान भी दिखाए। जिलाधिकारी ने इसका प्रमाण मांगा तो उसने पहले एक माचिस की डिबिया में थोड़ा गांजा दिखाया। जिलाधिकारी ने उससे पूछा सिर्फ इतनी मात्रा से जेल में गांजा बिकता कहां से होगा। उसने जिला कारागार स्थित अस्पताल के पीछे मिट्टी में गांजा दबे होने की बात कही। बाद में वहां से खोदाई करके गांजा निकाला भी गया। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि बंदी को पहले कुछ लोगों ने दबाने की भी कोशिश की, लेकिन तब तक जिलाधिकारी की उस पर नजर पड़ गई। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर का कहना है कि अभी सिर्फ बंदी के आरोप पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। फिलहाल इसकी जांच कराई जा रही है। जांच के बाद जो भी सच्चाई होगी, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**जेल की दीवार में सुराग बनाकर फरार हुए थे बंदी :** जिला जेल की सुरक्षा को लेकर पहले भी सवाल खड़े होते रहे हैं। 2009 में तीन कैदी जिला कारागार की दीवार में सुराग बनाकर फरार हो गए थे। बाद में उन्हें इटवा थाना क्षेत्र के पास पुलिस ने गिरफ्तार किया था।




जिला कारागार सिद्धार्थनगर • जागरण

जेल में सिर्फ गांजा मिला था। वह भी दो पुड़िया। जेल में शराब की बोतलें खुलती हैं, यह बात झूठी है। किसी कैदी के पास से मोबाइल भी नहीं मिला है। रामसिंह यादव, प्रभारी अधीक्षक जिला कारागार

एडीएम इसकी जांच करेंगे कि जेल के भीतर गांजा गया कैसे।



गांजे को परीक्षण के लिए भी भेजा जाएगा। इसके अलावा अन्य भी कई गंभीर शिकायतें मिली हैं, वह इसकी जांच करेंगे। बंदी ने मारपीट की भी शिकायत की थी। इसकी जांच कराई गई है। शरीर पर कोई गंभीर घाव नहीं मिले हैं। एडीएम की जांच आख्या मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। डा.राजा गणपति आर जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर

# त्रिस्तरीय सुरक्षा के दावे पर गांजा बरामदगी से उठे सवाल

## जिला कारागार में जिला जज, डीएम और एसपी के निरीक्षण में मिला था गांजा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला कारागार में गांजा का पहुंचा सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर रहा है। जिला जज, डीएम और एसपी के निरीक्षण में के दौरान एक बंदी के शोर पर डीएम ने सुना और जांच कराई तो में माचिस की दो डिब्बी में गांजा पाया गया था।

जेल प्रशासन में कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। वहीं, जिलाधिकारी ने इस मामले में जांच कराने के साथ ही बरामद वस्तु की जांच लैब में कराने का निर्देश दिए हैं कि गांजा है या कोई और वस्तु। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

बता दें कि बुधवार शाम को जनपद न्यायाधीश विरजेंद्र सिंह, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणति आर., पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह व अन्य

**डीएम ने दिया जांच का ओदश, लैब रिपोर्ट में जांच के बाद पता चलेगा कि गांजा है या कुछ और**

अधिकारियों ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान पॉक्सो एक्ट के एक बंदी ने जिलाधिकारी से मिलकर आरोप लगाया कि जेल प्रशासन के जिम्मेदार उससे गांजा बिकवाते हैं और उससे पुड़िया बेचने के लिए कहते हैं। जिलाधिकारी ने इसका प्रमाण मांगा तो उसने पहले एक माचिस की डिबिया में थोड़ा गांजा दिखाया।

जिलाधिकारी ने उससे पूछा सिर्फ इतनी मात्रा से जेल में गांजा, बिकता कहां से होगा। उसने जिला कारागार स्थित अस्पताल के पीछे मिट्टी में गांजा दबे होने की बात कही। बाद में वहां से खोदाई करके गांजा निकाला भी गया। कुछ लोगों ने यह

> जिला जेल में निरीक्षण के दौरान कैदियों ने बताया कि गाजा है। उनके बताने के अनुसार माचिस के दो डिब्बों में गाजा बरामद हुआ। जांच के लिए गांजा को लैब में भेजा गया है। इस मामले में की जांच की जा रही है। **-डॉ. राजा गणपति आर., जिलाधिकारी**

भी बताया कि बंदी को पहले कुछ लोगों ने दबाने की भी कोशिश की, लेकिन तब तक जिलाधिकारी की उस पर नजर पड़ गई।

अब जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही बरामद की गई वस्तु गांजा है या फिर कुछ और इसकी जांच के लिए भेजा है। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे के बीच जेल में गांजा पहुंचने की जानकारी होने पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

# स्टेशन रोड से हटवाए ठेले, आज चलेगा बुलडोजर

## तहसील प्रशासन और नगर पालिका परिषद की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** तहसील प्रशासन और नगर पालिका परिषद की टीम ने बृहस्पतिवार शाम स्टेशन रोड पर ठेले हटवाए और आसपास के लोगों को चेतावनी दी। एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र ने बताया कि स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटवाया गया है, जबकि शुक्रवार को सड़क के किनारे जहां भी अतिक्रमण पाया जाएगा, वहां बुल्डोजर चलाया जाएगा।

स्टेशन रोड पर शाम को प्रशासन की टीम पहुंची तो वहां जाम से वाहनों के पहिए रेंग रहे थे, क्योंकि सड़क की दोनों पटरियों पर ठेले वालों का कब्जा था। कुछ दुकानदारों ने सड़क पर बोरी बिछाकर सब्जी व फल की दुकान लगा ली थी। ईओ नगर पालिका परिषद विंध्याचल गुप्ता व पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे एसडीएम ने अस्थायी अतिक्रमण को तत्काल हटवा दिया।

स्टेशन रोड आसपास ही रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन है। जब ट्रेन रुकती है, तो एक साथ अधिक संख्या में यात्री उतरने पर जाम लग जाता है। अक्सर रेल यात्रियों के कारण बस स्टेशन की बसें भी जाम की चपेट में आ जाती है।



अतिक्रमण हटाता नगर पालिका का दस्ता। स्रोत विज्ञप्ति




# त्योहार में अशांति फैलाई तो होगी कार्रवाई

बढ़नी। नवरात्र, दशहरा को लेकर बढ़नी पुलिस चौकी पर एसडीएम शोहरतगढ़ चंद्रभान सिंह के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसडीएम ने कहा कि त्योहार में अशांति फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। सभी लोग आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। सीओ शोहरतगढ़ अरुणकांत सिंह ने कहा कि मूर्ति पंडालों पर पॉवर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। साउंड सिस्टम की ध्वनि 75 डिसेबल से कम होनी चाहिए। प्रत्येक दुर्गा पंडाल समिति का एक सदस्य मूर्ति पंडाल के पास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि खुराफातियों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जाएगा। संवाद

# अवैध रूप से चल रहीं बसें, सुरक्षा से खिलवाड़

## नेपाल सीमा पर बस में आने वाले यात्रियों के बारे में नहीं ली जाती है जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

शोहरतगढ़। नेपाल के यात्रियों की भारतीय क्षेत्र में कोई जांच-पड़ताल नहीं होती है। यहां से आने वाला व्यक्ति कौन है, उसकी पहचान क्या है, इसके संबंध में कोई भी एजेंसी किसी भी प्रकार की जानकारी एकत्र नहीं करती है।

महानगरों के लिए जाने वाली टूरिस्ट परमिट पर चलने वाले वाहनों का टिकट नेपाल के कृष्णानगर में चल रहे निजी होटलों के पास टूरिस्ट टिकट ऑफिस में बनता है।

जबकि, यात्री बढ़नी बाजार में अवैध रूप से चल रहे प्राइवेट बस स्टैंड से वाहन पकड़ते हैं। यह पूरा खेल एक योजनाबद्ध तरीके से चल रहा है, जिसमें सिस्टम में बैठे दोनों देश के लोग शामिल हैं, इसमें सभी का हिस्सा बंधा है। ऐसा स्थानीय लोगों का कहना है।

नेपाल सीमा पर टूरिस्ट बस के संचालन के नाम पर सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। नेपाल के कृष्णानगर में 12 से 14 टिकट काउंटर हैं।

यात्री यहां से टिकट बनवाने के बाद भारत सीमा पर अवैध रूप से बने टैक्सी स्टैंड से दिल्ली, पंजाब, मुंबई आदि महानगरों के लिए सफर कर रहे हैं। अवैध तरीके से संचालित होने वाले टूरिस्ट परमिट की गाड़ियों से प्रतिदिन वसूली हो रही है। यहां से चलने वाले वाहनों में बस, छोटी टूरिस्ट बस व कार शामिल हैं।



नेपाल से सीमा पर बस में बैठते हुए यात्री। संवाद

**नेपाल के कृष्णानगर में चल रहे निजी होटलों के पास टूरिस्ट टिकट ऑफिस में बनता है टिकट**

नगर पंचायत द्वारा टैक्सी स्टैंड की नीलामी बंद कर दी गई है। कस्बे में कोई प्राइवेट अवैध पार्किंग स्टैंड चल रहा है, तो उसकी जानकारी लेकर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
**- अजय कुमार**, अधिशासी अधिकारी, बढ़नी

इन वाहनों के पास पर्यटक को ले जाने का परमिट बना है, मगर इनमें नेपाली नागरिकों को यात्री की भांति ले जाया जाता है।

सूत्रों के अनुसार एक बस से दो से तीन हजार रुपये की वसूली की जा रही है। अगर किसी वाहन चालक ने रुपये नहीं दिए तो पुलिस व कुछ तथाकथित लोग खुद मोर्चा संभाल लेते हैं।

# खेत व कंबाइन मशीन पर नोटिस चस्पा

जागरण संवाददाता, बिस्कोहर : नगर पंचायत बिस्कोहर के हरिबंधनपुर गांव में गुरुवार की सायं शाम को बड़ौदा यूपी बैंक बिस्कोहर के प्रबंधक, राजस्व विभाग इटवा की टीम, पुलिसकर्मियों के साथ पहुंची। यहां बैंक के बकायेदार राम नेवास के खेत व कंबाइन, हार्वेस्टर पर कुर्की का नोटिस चस्पा करते हुए लाल झंडी लगाने की कार्रवाई पूरी की।

बकायेदार ने बैंक से वर्ष 2011 में किसान क्रेडिट पर एक लाख 63 हजार व कंबाइन, हार्वेस्टर के लिए साढ़े छह लाख रुपये का ऋण लिए थे। शाखा प्रबंधक की तरफ से बकायेदार से बार-बार ऋण जमा करने के लिए कहा जा रहा था, मगर बकाया जमा नहीं किया जा रहा है। इसके बाद कार्रवाई प्रारंभ की गई। वर्तमान में बकायेदार पर केसीसी का तीन लाख 38 हजार व कंबाइन का सात लाख 56 हजार बाकी है। उसने ब्याज भी नहीं जमा किया है। अगस्त 2022 में ही आरसी काटी गई थी। इसके बाद भी ऋण नहीं जमा किया गया। परिणाम स्वरूप उप जिलाधिकारी के आदेश पर गुरुवार को कुर्की की कार्रवाई की गई।

तंबाकू मुक्त जनपद बनाने के लिए चलाएं जागरूकता अभियान : सिद्धार्थनगर : जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, तंबाकू मुक्त युवा भारत के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी समीर को निर्देश दिया कि तंबाकू नियंत्रण के संबंध में तहसीलों में संगोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाए।

# बकायेदार के यहां कुर्की का नोटिस चस्पा किया

संवाद न्यूज एजेंसी

## केसीसी के 3.38 लाख व कंबाइन के 7.56 लाख का लोन था बकाया

बिस्कोहर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के हरिबंधनपुर गांव में बुधवार शाम को बड़ौदा यूपी बैंक बिस्कोहर के मैनेजर, राजस्व विभाग इटवा की टीम व पुलिस कर्मियों ने पहुंच कर बैंक के बकायेदार राम नेवास के खेत व कंबाइन हार्वेस्टर में कुर्की का नोटिस चस्पा कर व लाल झंडी लगाकर कार्रवाई शुरू की।

बकायेदार ने बैंक से साल 2011 में किसान क्रेडिट पर 1.63 लाख व कंबाइन हार्वेस्टर के लिए साढ़े छह लाख रुपये का ऋण लिया था। शाखा प्रबंधक के तरफ से बकायेदार से बार-बार ऋण जमा करने के लिए कहा जा रहा था, लेकिन नहीं जमा किया गया। इसके बाद कार्रवाई की गई। बकायेदार पर केसीसी का 3.38 लाख व कंबाइन का 7.56 लाख ब्याज का ऋण था, जो नहीं जमा कर रहा था। इसकी अगस्त 2022 में आरसी काटी गई थी। उसके बाद भी ऋण नहीं जमा किया गया।

उप जिलाधिकारी इटवा के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की गई। शाखा प्रबंधक शांतनु मिश्र ने बताया कि बुधवार शाम को नायब तहसीलदार राघवेंद्र पांडेय, लेखपाल श्याम बिहारी, हरिओम वाजपेयी, अमीन अरविंद कुमार त्रिपाठी, रामफेर, संग्रह अनुसेवक अनिल कुमार ओझा व वीरेंद्र कुमार की मौजूदगी में कुर्की की कार्रवाई की गई है।



पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा ने गुरुवार की शाम बीएससी ग्राउंड से कलक्ट्रेट तक बाइक रैली निकाली।

# मिलजुल कर मनाएं त्योहार

सोहना। त्रिलोकपुर थाना पर गुरुवार को आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें मिलजुल कर त्योहारों को कहा गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहार किसी का भी हो वह सदभाव का संदेश देता। मिलकर मनाने से आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि त्योहारों में खलल पहुंचाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। पुलिस शरारती तत्वों पर नजर रखेगी। इस दौरान चौकी इंचार्ज बिजौरा सुदीप यादव, चौकी इंचार्ज बिस्कोहर मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



बर्डपुर-चिल्हिया मार्ग पर गुरुवार को ट्रक फंसने से घंटों रास्ता अवरुद्ध रहा।

# पीड़िता को सपा ने सौंपा 1 लाख का चेक

सिद्धार्थनगर। बांसी क्षेत्र के एक गांव की महिला जिसके साथ लखनऊ से आने के दौरान एंबुलेंस चालक व उसके सहयोगी ने छेड़छाड़ की थी। उसे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक भेजा है। सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव व विधायक सैय्यदा खातून ने गुरुवार को पीड़ित के घर पहुंच कर चेक सौंप दिया।

विधायक ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में कहीं पर भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। पीड़ित महिला बीमार पति को एंबुलेंस से लेकर लखनऊ से गांव आ रही थी। उसके साथ एंबुलेंस चालक ने जबरदस्ती की और बस्ती के पास उसे व उसके बीमार पति को सड़क पर उतार कर चली गई थी। दूसरे दिन उसके पति की मौत हो गई थी।

# जिला जेल की सुरक्षा पर सवाल, जांच में मिला गांजा

## निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** जिला जेल में निरीक्षण के दौरान गांजा का मिलना वहां की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। जिला जज, डीएम और एसपी के निरीक्षण के दौरान दो माचिस की डिबिया में गांजा पाया गया था। वहां के एक बंदी ने जेल प्रशासन पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। डीएम ने जांच कराने के साथ ही बरामद हुई वस्तु की जांच लैब में कराने का निर्देश दिया है। जांच में पता चल सकेगा कि बरामद वस्तु गांजा है या फिर कोई और वस्तु। जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जाएगी।

बुधवार शाम जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी डा.राजा गणति आर, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पाक्सो एक्ट के एक बंदी ने जिलाधिकारी से मिलकर आरोप लगाया कि जेल प्रशासन के जिम्मेदार उससे गांजा बिकवाते हैं और उससे पुड़िया बेचने के लिए कहते हैं। जिलाधिकारी ने इसका प्रमाण मांगा तो उसने पहले एक माचिस की डिबिया में थोड़ा गांजा दिखाया। जिलाधिकारी ने उससे पूछा सिर्फ इतनी मात्रा से जेल में गांजा बिकता है। उसने जिला कारागार स्थित अस्पताल के पीछे मिट्टी में गांजा दबे होने की बात कही। बाद में वहां से खोदाई करके गांजा निकाला भी गया। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि बंदी को पहले कुछ लोगों ने दबाने की भी कोशिश की लेकिन तब तक जिलाधिकारी की उस पर नजर पड़ गई। अब जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही बरामद की गई वस्तु गांजा है या फिर कुछ और इसकी जांच के लिए भेजा है। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**01** बंदी ने डीएम से मिलकर जेल प्रशासन पर लगाया गंभीर आरोप, कहा जिम्मेदार उससे बिकवाते हैं गांजा

- डीएम ने प्रमाण मांगा तो उसने पहले एक माचिस की डिबिया में दिखाया गांजा
- जिला कारागार स्थित अस्पताल के पीछे मिट्टी में गांजा दबे होने की बात कही
- डीएम ने जांच के दौरान बरामद हुई वस्तु की जांच लैब में कराने का दिया निर्देश

"जिला जेल में निरीक्षण के दौरान कैदियों ने बताया कि गांजा है। उनके बताने के अनुसार माचिस के दो डिब्बों में गांजा बरामद हुआ। जांच के लिए गांजा को लैब में भेजा गया है। इस मामले में की जांच की जा रही है।

-डॉ. राजा गणपति आर, जिलाधिकारी

# पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**भनवापुर(एसएनबी)।** त्रिलोकपुर स्थित थाना परिसर में गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र के हिंदू मुस्लिम सभी धर्म गुरुओं को बुलाकर त्यौहार पर विशेष रूप से बात करके समझाया गया और सभी को अवगत कराया कि किसी प्रकार का कोई अनावश्यक बात ना सुनने को मिले। सभी मिल जुल कर त्यौहार मनाए और भाई चारा बना कर गंगा जमुनी तहजीब कायम रखे। त्योहार के मौके पर कोई संदिग्ध व्यक्ति इधर घूमते हुए देखा जाए तो तुरंत थाना अध्यक्ष को सूचित करें।यही सभी क्षेत्र वासियों से अपील हैं। बैठक में थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह ने कहा कि क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर नजर रखी जाएगी। इस संबंध में कमेटी के लोगो को भी त्योहार के संबंध में अवगत कराया जा रहा है। शांति व्यवस्था के साथ त्यौहार संपन्न हो यही बैठक का उद्देश्य है। इस मौके पर चौकी बिजोरा सुदीप यादव, चौकी बिस्कोहर मनोज कुमार सिंह,उप निरीक्षक कुंज बिहारी तिवारी, शिवा कांत राय, नन्द लाल यादव, हेड कांस्टेबल ष्ण पाल सिंह पप्पू गौड़, अनुराग तिवारी क्षेत्र के गण मान्य लोग श्यामविहारी श्रीवास्तव, राघवेन्द्र सिंह, राज कुमार मिश्रा,प्रेम नाथ यादव, शिव कुमार गिरि, सुखदेव मिश्रा, चिनकाऊगुप्ता, अब्दुल गफ्फार , सहज राम राधे श्याम, आदि लोग मौजूद रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# मगहर व गोला चौकी इंचार्ज की हुई अदला- बदली

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए बुधवार और गुरुवार को बड़े पैमाने पर पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया। श्रेष्ठ पेशी में तैनात एसआई हरेश तिवारी को जहां महुली का एसओ बनाया, वहीं मगहर और गोला चौकी इंचार्ज के कार्य क्षेत्र में अदला- बदली किया। तबादले की जद में एक इंस्पेक्टर, 17 सब इंस्पेक्टर समेत 42 पुलिस कर्मी आए है।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि महुली एसओ रहे इंस्पेक्टर रामकृष्ण मिश्र को हटाते हुए प्रभारी एएचटीयू बनाया गया है। जबकि पेशी श्रेष्ठ में तैनात एसआई हरेश तिवारी को एसओ महुली बनाया हैं। वहीं धर्मसिंहवा के एसएसआई ओम प्रकाश यादव को सीओ सदर के कार्यालय में तैनाती दी गई है। डीसीआरबी शाखा में तैनात एसआई शशिकांत तिवारी को एसएसआई धर्मसिंहवा बनाया है। एएसपी रीडर रहे एसआई दुर्गेश कुमार पांडेय को चौकी इंचार्ज बिड़हरघाट नियुक्त किया है। जबकि एसआई अरविंद यादव को धनघटा थाने पर तैनात किया है। गोला चौकी इंचार्ज एसआई मनीष कुमार जायसवाल को चौकी इंचार्ज मगहर और चौकी इंचार्ज मगहर राजीव को गोला चौकी का प्रभारी नियुक्त किया।

# सेमरियावां ब्लॉक प्रमुख और 51 सदस्यों पर होगा केस

- अविश्वास प्रस्ताव में फर्जी शपथ पत्र का मामला
- जांच के बाद डीएम ने दिया केस करने का आदेश

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। सेमरियावां ब्लॉक प्रमुख मजहरुन्निशा और अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन देने वाली क्षेत्र पंचायत सदस्य हाजरा खातून सहित 51 क्षेत्र पंचायत सदस्यों पर मुकदमा दर्ज होगा। डीएम ने यह आदेश अविश्वास प्रस्ताव के लिए दिए शपथ पत्र को गुमराह कर बनवाने तथा एक ही मामले में दो अलग-अलग शपथ पत्र देने पर दिया।

प्रभारी डीपीआरओ राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ब्लॉक प्रमुख सेमरियावां के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के लिए हाजरा खातून, संगीता देवी, मनीष कुमार तथा बदरुन्निशा ने संयुक्त हस्ताक्षर से 27 जुलाई 2024 को प्रार्थना पत्र डाक से भेजा। प्रार्थना पत्र में 91 सदस्यों के शपथ पत्र लगे थे। ब्लॉक प्रमुख मजहरुन्निशा ने 30 जुलाई व पांच अगस्त 2024 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अविश्वास प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर, अंगूठा लगवाने का आरोप लगाया। इस सम्बंध में उन्होंने 75 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ पत्र प्रस्तुत किए।

➤ सदस्यों ने किया खुलासा P05

# जनसहयोग से 4 सीसीटीवी कैमरा लगवाया

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत गुरुवार को जनसहयोग से 04 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

# एमवी एक्ट में 109 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 109 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा उन्होंने 1,16,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली किया। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# चोरी के मोबाइल संग किशोर गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को चोरी की दो मोबाइल के साथ आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लिया।

कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि 25 सितंबर को आरोपी किशोर के खिलाफ दो अदद मोबाइल चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया गया था। सूचना के आधार पर आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# दुबौलिया से मिला गुमशुदा व्यक्ति, परिजनों को सौंपा

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। सोशल मीडिया की मदद से धनखिरिया गांव के रहने वाले 70 वर्ष के रामचन्द्र सिंह को बखिरा पुलिस ने दुबौलिया (बस्ती) में होने का पता कर लिया। बखिरा चौकी इंचार्ज विनोद यादव पुलिस ने गुमशुदा व्यक्ति को उनके परिजनों को सौंप दिया।

चौकी इंचार्ज विनोद यादव ने बताया कि 25 सितम्बर शाम छह बजे बखिरा क्षेत्र के धनखिरिया गांव निवासी रामचन्द्र सिंह के घर से कहीं चले जाने व घर वापस न आने की सूचना गुमशुदा व्यक्ति के परिजनों ने उन्हें दिया था। तत्काल उन्होंने सोशल मीडिया व अन्य कई ग्रुप पर गुमशुदा व्यक्ति की फोटो व सम्बंधित सभी जानकारी डाल दिया था। 24 घण्टे के भीतर ही उन्हें दुबौलिया में होने की सूचना मिली। दुबौलिया थाने से सूचना मिली कि गुमशुदा व्यक्ति रामचन्द्र सिंह दुबौलिया में हैं। गुमशुदा व्यक्ति की पुष्टि हो जाने पर रामचन्द्र सिंह को दुबौलिया से बखिरा चौकी पर लाया गया। बखिरा लेकर आने के बाद गुमशुदा रामचन्द्र सिंह को उनके बेटे रुद्रप्रताप सिंह व दयानन्द सिंह खजनी (गोरखपुर) को सौंप दिया गया। हालांकि रामचन्द्र सिंह ने पूछने पर बताया कि वह अयोध्या दर्शन करने चले गए थे।

## शव का पोस्टमार्टम कराने के सीएमओ के निर्देश पर हुई कार्रवाई

# दफनाए गए बच्चे का शव खुदवाकर निकलवाया

**जांच**

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल नगर पंचायत स्थित दिव्य देव हस्पिटल में प्रसव के दौरान हुए नवजात बच्चे की मौत को लेकर प्रशासन गम्भीर बना हुआ है। सीएमओ डा. रामानुज कन्नौजिया के नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराने के निर्देश पर गुरुवार को दफनाए गए जगह से शव निकाला गया। इस दौरान मेंहदावल तहसीलदार आनंद कुमार ओझा, पुलिस व परिजन मौजूद रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। मामले में नवजात के पिता ने अस्पताल के चिकित्सक व संचालक पर गम्भीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी, जिसकी जांच पुलिस व स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है।

कस्बे के टेंडुआ मोहल्ला निवासी आशीष मिश्र ने बीते 23 सितंबर को मेंहदावल पुलिस को दिव्य देव हास्पिटल के चिकित्सक की लापरवाही से पत्नी के प्रसव के दौरान नवजात की मौत होने का आरोप लगाया था। जिसमें उन्होंने लिखा था कि पत्नी मंजुला सात माह की गर्भवती थी। 21 सितंबर की रात में पत्नी को तेज दर्द होने पर अस्पताल के चिकित्सक से परामर्श लिया तो उन्होंने एक निजी कर्मी को घर भेजकर इंजेक्शन लगवा दिया। जिससे दर्द और तेज हो गया और रक्तस्राव होने लगा। आनन फानन में पत्नी को लेकर अस्पताल पर पहुंचा। चिकित्सक दंपति से अस्पताल आने की फोन पर गुहार लगाते रहे लेकिन वे नहीं आए। भोर में 3 बजे मरा हुआ बच्चा पैदा हुआ। अस्पताल प्रबंधन पर उन्होंने इलाज के नाम पर 20 हजार रुपए की मांग करने का भी आरोप लगाया है। पैसे नहीं देने पर बच्चे के शव को देने में भी आनाकानी की गई। जिस पर पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जांच करते हुए पूछताछ किया था। साथ ही सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक डा आईडी गौरव ने दिव्य देव हास्पिटल के चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगते हुए पीड़ित का पक्ष जाना है। मामले में बुधवार को सीएमओ ने नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराने का निर्देश दिया। जिस पर मुहिया पुल के पास नवजात के दफनाए गए शव को निकाला गया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने कहा कि सीएमओ के पत्र पर दफनाए गए जगह से नवजात बच्चे का शव निकलवाया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नवजात की मौत का कारण पता चल सकेगा। वहीं तहसीलदार आनंद कुमार ओझा ने कहा कि परिजन द्वारा बताए गए जगह से नवजात बच्चे का शव निकलवाया गया। सीएमओ के पत्र पर परिजन की मौजूदगी में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



नवजात की हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम कराने के लिए दफनाए गए शव को निकलवाते प्रशासन व पुलिस के अधिकारी।

# चोरी की बाइक संग दो आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गुरुवार को बरदहिया बाजार में सर्विस रोड के किनारे से चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर बरदहिया चौकी इंचार्ज ललित कांत यादव, हेड कांस्टेबल गणेश प्रसाद, कांस्टेबल संदीप यादव, राजन यादव, मनीष यादव ने बरदहिया बाजार सर्विस रोड के पास से दो युवकों को चोरी की बाइक संग गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान करन वर्मा निवासी मुखलिसपुर रोड हनुमानगढ़ी खलीलाबाद, धर्मराज वर्मा निवासी मोहल्ला भिटवा टोला पुरानी सब्जी मंडी खलीलाबाद के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपियों ने 25 सितंबर को शहर से ही बाइक चुराए थी। पकड़े गए आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

# चोरी करते पकड़े गए चोर को पुलिस ने नाबालिग बता कर छोड़ा

मगहर, हिन्दुस्तान संवाद। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत संतकबीर की निर्वाण स्थली परिसर के महोत्सव मंच के निकट चोरी करते बुधवार की देर शाम रंगे हाथ पकड़ लिया। जिसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पकड़े गये चोरो को नाबालिग बताकर छोड़ दिया।

सदगुरु कबीर की महापरिनिर्वाण स्थली परिसर में आए दिन चोरी की घटनाएं घटित हो रही है। जिसे लेकर यहां रहने वाले संत अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे है। चोर परिसर से कभी सोलर लाइट की बैटरी, कभी लोहे के एंगिल और अभी हाल में मार्निंग वाक पथ पर लगी स्टील की रेलिंग को तोड़ कर चोरों ने चोरी कर लिया था। इस चोरी की घटना के बाद से कबीर चौरा के संत सतर्क हो कर चोर को पकड़ने की फिराक निगरानी करना शुरू कर दिया। कबीर चौरा के संत अतुल सिंह ने बताया कि बुधवार की देर शाम महोत्सव मंच को देखने पहुंचे। तभी वहां लगी स्टील की रेलिंग तोड़ कर चुरा रहे दो लड़के दिखाई दिए। जिन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया। इसी बीच मौके पर पूर्व सभासद भोलू पासवान और पुरातत्व कर्मचारी विजय तिवारी के अलावा कई अन्य लोग भी जुट गए। पकड़े गए दोनों लड़कों को मगहर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि चोरी के आरोप में पकड़े गए दोनों लड़के नाबालिग होने के कारण उन्हें समझा बुझाकर बाद में छोड़ दिया गया।

# मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ केस

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने मनियरा में हुए विवाद मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित धर्मराज दूबे पुत्र त्रियुगी का आरोप है कि वह 19 सितंबर को खलीलाबाद से मनियरा जा रहे थे। रास्ते में रामग्रीश, सर्वेश कुमार व अंकुर उसे और उसके भतीजे हिमांशु को बेवजह उन्हें अपशब्द कहने लगे। आरोप है कि वह रुके तो उन्हें मारने-पीटने लगे। आरोप है कि वह बचांव करने का प्रयास किया, लेकिन विपक्षी नशे में होने की वजह से नीचे गिर गया, जिससे उसे चोट लग गई। पीछा छुड़ा कर वह गए, लेकिन फिर लोग घर पहुंच कर अपशब्द कहते हुए धमकी देकर चले गए।

# जांच में सदस्यों ने किया फजीवाड़े का खुलासा

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। सेमरियावां में 121 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। ब्लॉक प्रमुख मजहरुन्निशा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मामले में दोनों पक्षों से 166 शपथ पत्र दिए गए। इसकी जांच की गई तो 50 क्षेत्र पंचायतों के शपथ पत्र ऐसे मिले जिन्होंने दोनों पक्ष से अलग-अलग शपथ पत्र दिए थे।

जिलाधिकारी ने सीडीओ जयकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर दी। क्षेत्र पंचायत सदस्यों में से 48 ने सीडीओ कार्यालय में उपस्थित कर बयान दर्ज कराया। इनमें से 39 ने हाजरा खातून के प्रक्ष में बयान दिया। चार क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने शपथ पत्र पर किए गए हस्ताक्षर को फर्जी बताया। तीन क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर न होना बताया। एक क्षेत्र पंचायत सदस्य ने शपथ पत्र पर किए गए हस्ताक्षर को सही बताया। दूसरे शपथ पत्र पर बिना बताए हस्ताक्षर कराने की बात कही। एक क्षेत्र पंचायत सदस्य ने दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत किए गए शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करना बताया। हाजरा खातून व अन्य तथा ब्लॉक प्रमुख मजहरुन्निशा व 50 क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा धोखा देकर शपथ पत्र तैयार किया गया। डीएम ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया।

## साइबर फ्राड के शिकार हुए दो पीड़ितों के खाते में वापस कराए रुपये

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। साइबर फ्राड के शिकार हुए दो पीड़ितों के खाते में साइबर सेल ने 25 हजार 400 रुपए वापस कराया। खाते में रकम आने पर पीड़ितों ने प्रसन्नता जाहिर की।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि तेजी से फैल रहे साइबर अपराध पर प्रभावी नियत्रंण के लिए साइबर सेल को सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। उसी कड़ी में साइबर सेल ने महुली क्षेत्र के काली जगदीशपुर की रहने वाली सत्यभामा चौधरी पुत्री राजेश कुमार चौधरी का 12 हजार 400 रुपये और कोदवट निवासी अजय कुमार यादव पुत्र रामकरन यादव का 13 हजार रुपए वापस कराया। उपरोक्त पैसे विभिन्न माध्यमों जैसे ओटीपी, फ्राड लिंक, फ्राड काल, लाटरी स्कैम, स्क्रीनशेयर अप्लीकेशन डाउनलोड, गूगल कस्टमर केयर नंबर आदि के जरिए हुए थे। जिस पर थाना साइबर सेल और जनपद साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विभिन्न बैंक, बैलेट, मर्चेन्ट आदि से पत्राचार कर पैसों को पीड़ित के खातों में वापस कराया गया। यह पैसा वापस करना तब संभव हो पाया, जब पीड़ितों ने इसकी सूचना तत्काल साइबर सेल को दिया था। यदि साइबर अपराध घटित होता है तो इसकी सूचना साइबर लाइन नं. 1930, 112 व नजदीकी थाना, साइबर सेल को दें।

# चाचा-भतीजा को पीटने के आरोप में तीन पर मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर : खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व मनियरा में चाचा-भतीजे को पीटने के आरोप में दो भाइयों समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश दूबे ने बताया कि मनियरा के धर्मराज ने बताया कि 19 सितंबर को शाम पांच बजे के करीब वह भतीजे हिमांशु के साथ खलीलाबाद से मनियरा स्थित अपने गांव जा रहे थे। वह दोनों अभी गांव के पास पहुंचे ही थे कि गांव के ही रहने वाले रामग्रीश कुमार व उनके भाई अंकुर तथा सर्वेश कुमार रास्ते में उन्हें व उनके भतीजे को रोककर अपशब्द कहने लगे। जब उन्होंने मना किया तो आरोपित उन्हें पीटने लगे। वह किसी तरह वहां से बचकर जब घर पहुंचे तो आरोपित वहां भी पहुंच कर जान से मारने की धमकी देने लगे।

# डेढ़ माह पूर्व पिकअप से 82 हजार रुपये चोरी पर केस

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने डेढ़ माह पूर्व खलीलाबाद शहर के गोला बाजार में खड़ी एक पिकअप से 82 हजार रुपये चुराने के मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली खलीलाबाद में दी गई तहरीर में बस्ती जनपद के कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर मोहल्ला निवासी अभिषेक गुप्ता ने उल्लेख किया है कि वह अपने यहां एक फर्म चलाते हैं। उनके फर्म में बस्ती जनपद के मुंडेरवा थाना के करनपुर गांव निवासी श्रीराम नरायन पाल सामान की डिलवरी के लिए अपना पिकअप लगाए हैं।

इसे वह खुद ही चलाते हैं। वह गत 15 अगस्त को उनके फर्म के सामग्री देने गए थे। उसने उसी दिन फोन पर बताया कि उसने गोरखपुर जनपद के खजनी थाना स्थित दुकान में अलमारी देने के बाद वहां से 82,900 रुपया नकद प्राप्त किया। उसने नकदी को पिकअप में सीट के पीछे बनी जेब में रखा। कोतवाली खलीलाबाद के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश दुबे ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# दंपती समेत चार पर मारपीट का मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के तेनुआमाफी गांव में पुराने विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दंपती समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश दूबे ने बताया कि तेनुआमाफ़ी गांव की कमलावती देवी ने बताया कि 24 सितंबर को रात 10 बजे के करीब पुरानी रंजिश को लेकर उनके पट्टीदार अरविंद व उनकी पत्नी अवतारी और उनकी बेटी अमीशा तथा आदित्य ने उन्हें अपशब्द कहते हुए लाठी डंडा से पीटने लगे। जब बीच बचाव करने कुछ लोग आए तो आरोपितों ने उन्हें भी धमकाया।

# खलिहान की भूमि पर अवैध निर्माण की मांगी जांच रिपोर्ट

जासं, संतकबीर नगर : धनघटा तहसील क्षेत्र के डेफरा गांव में खलिहान की भूमि पर प्रधान द्वारा अवैध निर्माण कराने का प्रयास का मामला सामने आया है। कलेक्ट्रेट स्थित डीएम के कक्ष में एक ग्रामीण की शिकायत पर धनघटा के एसडीएम से जांच रिपोर्ट मांगी गयी है। यदि रिपोर्ट में अवैध कब्जा मिलेगा तो उसे ढहाने की कार्रवाई की जाएगी। संबंधित प्रधान के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है।

धनघटा के डेफरा गांव निवासी बालकिशुन ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीएम के कक्ष में दिए गए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि उनके यहां खलिहान की भूमि है। इस भूमि में कृषि कार्य किया जाता था।

# कब्र से निकाला नवजात का शव

जागरण संवाददाता, मेंहदावल : मेंहदावल कस्बे में स्थित दिव्य देव हास्पिटल में प्रसव के दौरान नवजात के मृत्यु के मामले में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रामानुज कन्नौजिया के आदेश पर तहसीलदार आनंद कुमार ओझा की उपस्थिति में नवजात बच्चे का शव गुरुवार को कब्र से निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस प्रशासन व पीड़ित की मौजूदगी में नवजात का शव मेंहदावल की मोहिया पुल के पास से निकाला गया। शव बेहद खराब स्थिति में पाया गया। सभी प्रकार के गाइडलाइन का पालन करते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। लापरवाही पूर्वक उपचार से बच्चे की मृत्यु का आरोप लगने के बाद से स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग इस मामले की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही नवजात की मृत्यु का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा। इसके बाद से इस मामले में अग्रिम कार्रवाई होगी।

- मुख्य चिकित्साधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम कराने का दिया था निर्देश
- निजी अस्पताल में लापरवाही पूर्वक उपचार से बच्चे की मृत्यु का लगा था आरोप

**यह है पूरा मामला** : मेंहदावल नगर पंचायत के टेडुआ निवासी आशीष मिश्र पुत्र मोहरत ने तीन दिन पूर्व पुलिस को दिए तहरीर में उल्लेख किया है कि उनकी पत्नी मंजुला गर्भवती थी। गत 21 सितंबर की रात 11 बजे उन्हें दर्द शुरू हुआ। अस्पताल के जिम्मेदार चिकित्सक को मामले से अवगत कराया गया। उन्होंने निजी कर्मी को भेजकर घर पर ही इंजेक्शन लगावाया। जिसके बाद से दर्द बढ़ गया। साथ ही रक्तस्राव होने लगा। आनन फानन में मैं पत्नी को लेकर अस्पताल पर पहुंचा। वहां पर मैं चिकित्सक दंपति से फोन पर मनुहार करता रहा लेकिन डॉक्टर मौके पर नहीं आए। सुबह 3 बजे मरा हुआ बच्चा पैदा हुआ। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उपचार के लिए 20 हजार रुपए की मांग की गई। पैसे नहीं देने के कारण मरे हुए बच्चे को देने में भी आनाकानी की गई। इस मामले में पीड़ित ने जिम्मेदार चिकित्सक और कर्मियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। मीडिया में यह मामला प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद उच्चधिकारियों के संज्ञान लेने के बाद जांच शुरू हुई है।

अधिकारियों का निर्देश प्राप्त होने के बाद नवजात का शव कब्र से निकलवाया गया। मेंहदावल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नवजात की मृत्यु का स्पष्ट कारण पता चलेगा। इसके बाद अग्रिम कार्रवाई होगी।

आनंद कुमार ओझा, तहसीलदार, मेंहदावल।

# खाते से उड़ाई गई नकदी पुलिस ने कराया वापस

**नाथनगर** । थाना क्षेत्र के काली जगदीशपुर गांव निवासी सत्यभामा चौधरी पुत्र राजेश कुमार चौधरी के पास एक माह पूर्व साइबर अपराधी ने फोन कर उससे तरह-तरह की लालच दी और उसे अपने बातों में उलझा कर उसके खाते से साइबर फ्राड करके 12400 रूपए उड़ा दिया था।

इसी प्रकार थाना क्षेत्र के कोदवट गांव निवासी अजय कुमार यादव पुत्र श्रीराम यादव भी ठगी का शिकार एक सप्ताह पूर्व हो गया था और ठगों ने उसके खाते से भी 13000 रूपए उड़ा दिया। ठगी के शिकार हुए उक्त दोनों पीड़ितों ने महुली थाने पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी थी जिसे गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र व जिले की साइबर सेल की टीम ने संयुक्त रूप से घटना को अंजाम देने वाले साइबर अपराधियों के एकाउन्ट को होल्ड कर दिया जिससे साइबर अपराधियों के उपर दबाव बन गया और साइबर अपराधी उक्त दोनों पीड़ितों के खातों से उड़ाई गई नकदी को वापस करने के लिए मजबूर हो गए।

# एसपी ने एक चौकी प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मियों को किया लाइन हाजिर

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने ड्यूटी के प्रति लापरवाही के आरोप में एक चौकी प्रभारी सहित तीन पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर करने का आदेश जारी किया है। तीनों पुलिस कर्मियों को तत्काल पुलिस लाइन्स में आमद करने को कहा गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रभारी चौकी बौरब्यास थाना धर्मसिंहवा उप निरीक्षक मनोज कुमार पटेल, थाना महुली के हेड कांस्टेबिल विनोद कुमार यादव व उसी थाने के कांस्टेबल सत्यम सिंह को ड्यूटी के प्रति लापरवाही के आरोप में लाइन कर दिया गया है। तीनों पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन्स में आमद करने का आदेश दिया गया है।

# चोरी करते पकड़े गए दो युवक पुलिस के हवाले

**मगहर (एसएनबी)।** थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत संत कबीर की समाधि स्थली कबीर चौरा परिसर में स्थित मगहर महोत्सव मंच पर बुधवार की देर शाम पूर्व सभासद व संतों ने चोरी करते दो युवकों को रंगे हाथ पकड़ लिया। जिन्हें मगहर पुलिस के हवाले कर दिया।

सद्गुरु कबीर की महापरिनिर्वाण स्थली परिसर में आये दिन चोरी की घटना घटित होने से कबीर चौरा के संत डरे- सहमे हुए रहते हैं। परिसर से कभी सोलर लाइट की बैटरी, कभी लोहे की एंगिल और अभी हाल में मार्निंग वाक पथ पर लगी स्टील की रेलिंग को तोड़ कर चोरों ने चोरी कर लिया। उसके बाद से कबीर चौरा के संत सतर्क हो कर चोर को पकड़ने की फिराक में देख रेख शुरू कर दिये। कबीर चौरा के संत अतुल सिंह ने बताया कि बुधवार की देर शाम महोत्सव मंच को देखने पहुंचे तभी वहां लगी स्टील की रेलिंग तोड़-चुराने की फिराक दो लड़के दिखाई दिये। उन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया। इसी बीच मौके पर पूर्व सभासद भोलू पासवान और पुरातत्व कर्मचारी विजय तिवारी के अलावा कई अन्य लोग भी जुट गए। पकड़े गए दोनों लड़कों को मगहर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि चोरी के आरोप में पकड़े गए दोनों लड़कों के नाबालिग होने के कारण उन्हें समझा बुझाकर बाद में छोड़ दिया गया।

# मजिस्ट्रेट की निगरानी में कब्र से निकाला गया नवजात का शव

मेंहदावल (एसएनबी)। क्षेत्र के टेंडुआ गांव निवासी आशीष कुमार मिश्रा ने दो दिनों पहले थानाध्यक्ष मेंहदावल को शिकायती पत्र देकर एक निजी नर्सिंग होम पर नवजात का शव न देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद मामला जिलाधिकारी तक पहुंचा। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित करते हुए मामले की जांच रिपोर्ट मांगी। इसी के क्रम में गुरुवार को नवजात बच्चे का शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

**डीएम के संज्ञान लेने के बाद सीएमओ के पत्र पर तहसीलदार ने शव निकलवाकर पीएम को भेजा**

*मेंहदावल थाना क्षेत्र के टेडुआ गांव* निवासी आशीष मिश्रा ने मेंहदावल थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उनकी पत्नी मंजुला गर्भवती थीं। 21 सितंबर की रात लगभग 11:00 बजे उनकी तबीयत खराब होने पर कस्बे के दिव्य हॉस्पिटल में इलाज कराया गया। इस दौरान नवजात बच्चे की मृत्यु हो गई। जिसके बाद वह डिस्चार्ज करा कर घर लाना चाह रहे थे लेकिन अस्पताल प्रशासन नवजात बच्चे का शव देने से इनकार कर दिया। इस मामले में उन्होंने थानाध्यक्ष मेंहदावल को तहरीर दी थी। मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने सीएमओ को निर्देशित कर पूरी रिपोर्ट मांगी थी। सीएमओ के पत्र पर मजिस्ट्रेट/तहसीलदार मेंहदावल आनंद ओझा ने पुलिस बल के साथ गुरुवार को पंडित पुरवा से मृत नवजात बच्चे का शव निकलवाया और उसको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



कब्र से नवजात का शव निकलवाते तहसीलदार व टीम। फोटो : एसएनबी

थानाध्यक्ष राम कृपाल सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवक को पीट कर किया मरणासन्न, एक नामजद समेत तीन पर केस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के गौर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति ने तीन अन्य अज्ञात सहयोगियों के साथ बुधवार की रात करीब 9 बजे एक युवक के उपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया और युवक को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। घायल युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत तीनों अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैसर बाजार भेज दिया है।

**धनघटा थाना क्षेत्र के गौर गांव की है घटना**

घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के गौर गांव निवासी रामरती पत्नी बालेन्द्र ने बताया कि बुधवार की रात करीब 9 बजे उसके बेटे अजीत को पुरानी रंजिश के चलते गांव निवासी इंदल पुत्र लक्ष्मण भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। बेटे ने गाली देने का विरोध किया तो उक्त विपक्षी जान से मार देने की धमकी देते हुए बेटे के उपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया और बेटे को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। घटना की सूचना के बाद वह लोगों के साथ मौके पर पहुंची और सभी की मदद से बेटे को घायलावस्था में घर लेकर आई। हमलावरों को देखने के बाद बेटा उनकी पहचान कर सकता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर इंदल समेत उसके तीन अन्य सहयोगी अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

## मनबढ़ों ने घर में घुसकर पति-पत्नी को पीटा, चार नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के गोपीपुर गांव में मामूली बात को लेकर बुधवार की देर शाम कुछ मनबढ़ किस्म के लोग एक घर में घुस गए और घर में मौजूद पति-पत्नी को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल पति की तहरीर पर पुलिस ने चार हमलावरों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना में घायल दंपति को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैसर बाजार भेज दिया है।

**थाना क्षेत्र के गोपीपुर गांव की है घटना**

घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के गोपीपुर गांव निवासी रामसुख पुत्र धवलदास ने बताया कि बुधवार की शाम करीब 7 बजे रास्ते में साइकिल खड़ी होने की वजह से बाइक से विपक्षी को जरा सी ठोकर लग गई जिसको लेकर आक्रोशित विपक्षी गोपीपुर गांव निवासी सूरज, नीरज व सुग्रीम पुत्रगण भकोल तथा लोहरवता पत्नी सुग्रीम उसके दरवाजे पर पहुंचकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। गाली देने का विरोध करने पर उक्त सभी मारने के लिए दौड़ा लिए। वह जान बचाने के लिए भाग कर अपने घर में छिपने का प्रयास किया तो लाठी-डंडे से लैश उक्त विपक्षी पीछा करते हुए उसके घर में घुस गए और उसके उपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान उसकी पत्नी ज्ञानमती ने उसका बचाव करने की कोशिश की तो विपक्षी हमलावर उसके साथ-साथ पत्नी के उपर भी लाठी-डंडे से हमला कर मारपीट कर दोनों को घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर जान से मार देने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर सूरज, नीरज, सुग्रीम और लोहरवता के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 333, 351 (3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पुरानी पेंशन की बहाली के लिए शिक्षकों ने निकाली आक्रोश रैली

## शिक्षकों-कर्मचारियों ने दिखाई ताकत, प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय नेतृत्व और अटेवा के आह्वान पर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली के लिए बृहस्पतिवार को शिक्षकों-कर्मचारियों ने आक्रोश रैली निकाली। शहर में पैदल व बाइक मार्च निकाल कर प्रदर्शन करते हुए कलक्ट्रेट पर पहुंचे। वहां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

आक्रोश रैली एचआरपीजी कॉलेज से चलकर कलक्ट्रेट पर पहुंचा। अटेवा ने केंद्र सरकार से देश भर में पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने की मांग की। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से गुजारिश की गई है कि एनपीएस या यूपीएस किसी भी दशा में शिक्षकों-कर्मचारियों के हित में नहीं है।

अटेवा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार चौहान ने कहा कि देश के लगभग एक करोड़ कर्मचारी लगातार पुरानी पेंशन की मांग कर रहे हैं, क्योंकि नई पेंशन व्यवस्था एनपीएस के दुष्परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घोषित यूपीएस एनपीएस से भी ज्यादा खराब है। इसमें शिक्षकों कर्मचारियों का हित और भी असुरक्षित है। इसलिए मानवीय दृष्टिकोण तथा देश की सेवा में अपना अमूल्य योगदान देने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों, पैरामिलिट्री जवानों तथा उनके परिवार के हित को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन व्यवस्था को तत्काल बहाल किया जाए।

इस दौरान अटेवा के मंडलीय संगठन मंत्री डॉ. मुकेश कुमार यादव, सच्चिदानंद सिंह,नवीन त्रिपाठी, दिनेश शुक्ल, अरविंद चौधरी, उदयभान सिंह पटेल, हरिकिशोर सिंह, पंकज चौधरी, केसरीलाल, अशोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।



पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली की मांग को लेकर शहर में आक्रोश रैली निकालते शिक्षक और कर्मचारी। संवाद

### इन संगठनों की रही सहभागिता

आक्रोश रैली में विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ, चकबंदी लेखपाल संघ, सिंचाई विभाग, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी, राजकीय नर्सिंग एसोसिएशन, डिप्लोमा फार्मासिस्ट संघ, लैब टेक्नीशियन संघ, रेडियोलॉजी संघ आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**रोसयाबाजार।** धनघटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी पौली पर बृहस्पतिवार को चौकी प्रभारी रजनीश राय के अगुवाई में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान चालको के गाड़ियों के कागजात ब्लैक फिल्म, वाहन चालक का ड्राइवर लाइसेंस व हेलमेट और अन्य कागज देखे गए। कुल 50 दोपहिया वाहन चेक किए गए। जिसमे आठ वाहन चालकों को ईचालान के रुप में 5000 रूपये की धन राशि जमा कराई गई। संवाद

# नवजात का शव कब्र से निकलवाया, होगा पोस्टमार्टम

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। नगर पंचायत में स्थित निजी हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान नवजात बच्चे के मृत्यु के मामले में सीएमओ डॉ. रामानुज कनौजिया के निर्देश पर मेंहदावल तहसीलदार आनंद कुमार ओझा की मौजूदगी में नवजात बच्चे का शव बृहस्पतिवार को कब्र से निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस प्रशासन व पीड़ित की मौजूदगी में नवजात का शव मेंहदावल की मोहिया पुल के पास से निकाला गया।

23 सितंबर को मेंहदावल नगर पंचायत के टेडूआ निवासी आशीष मिश्र ने आरोप लगाया था कि पत्नी मंजुला सात माह की गर्भवती थी। 21 सितंबर की रात 11 बजे अचानक दर्द शुरू हुआ। निजी अस्पताल के जिम्मेदारों ने चिकित्सक को जानकारी दी। निजी

## सीएमओ ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए दिए थे निर्देश

कर्मी को भेजकर घर पर ही इंजेक्शन लगवाया, जिसके बाद से दर्द बढ़ गया। साथ ही रक्तस्राव होने लगा। आनन-फानन पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचा, लेकिन डॉक्टर मौके पर नहीं आए। सुबह तीन बजे मरा बच्चा पैदा हुआ।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि इलाज के लिए 20 हजार रुपये की मांग की गई। रुपये नहीं देने के कारण मरे हुए बच्चे को देने में भी आनाकानी की गई। इस मामले में दंपती ने जिम्मेदार चिकित्सक और कर्मियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने बताया कि सीएमओ का पत्र मिलने के बाद नवजात बच्चे का शव कब्र से निकलवाया गया।

# बिजली चोरी में 10 पर केस

संतकबीरनगर। विद्युत वितरण खंड खलीलाबाद की विजिलेंस और प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार को मॉर्निंग रेड किया गया। अधिशासी अभियंता विद्युत राजेश कुमार ने बताया कि खलीलाबाद क्षेत्र में जांच के दौरान बिजली चोरी पर 10 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। संवाद

# एक एसओ, 19 दरोगा समेत 43 पुलिस कर्मी का स्थानांतरण

## एसओ महुली को मिला एएचटीयू का प्रभार

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए देर रात को एसओ महुली रामकृष्ण मिश्र को हटाकर एएचटीयू का प्रभार दिया है। उनके स्थान पर पेशी श्रेष्ठ में तैनात एसआई हरेश तिवारी को महुली थाना का नया एसओ बनाया गया है। साथ ही एसपी ने 19 दरोगा समेत 43 पुलिस कर्मी को उनके वर्तमान तैनाती स्थल से हटाकर अन्य जगह तैनाती दी है।

चर्चाओं की मानें तो एसओ महुली रामकृष्ण मिश्र का सत्ता पक्ष के एक नेता से ठन गई थी। जिसके बाद से ही वह लगातार एसओ महुली के पीछे पड़े थे। एसओ महुली ने स्वेच्छा से ही एसपी को वहां से हटाने के लिए पत्र दिया था। इसके अलावा गोला चौकी प्रभारी मनीष जायसवाल को हटाकर मगहर और मगहर चौकी प्रभारी राजीव सिंह को गोला चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

वहीं एसआई ओमप्रकाश यादव को धर्मसिंहवा से हटाकर कार्यालय सीओ सिटी, डीसीआरबी से शशिकांत तिवारी को एसएसआई थाना धर्मसिंहवा, वाचक एएसपी दुर्गेश कुमार पांडेय को चौकी प्रभारी बिड़हरघाट बनाया गया है। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# विवाहिता की मौत में पति गिरफ्तार

नवाबगंज। थानाक्षेत्र के महंगूपूर गांव मे मंगलवार को हुई महिला के मौत के मामले में वांछित पति अभिषेक को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार करके मजिस्ट्रेट के समक्ष रिमांड के लिए प्रस्तुत किया। मृतका पूजा के पीएम रिपोर्ट मे मौत की वजह हैंगिग आई है।

प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया की मृतका पूजा की माता सुमिता द्वारा तहरीर देकर चार ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज के लिए उत्पीडन करने और और उसे जान से मार कर फंदे से लटका दिए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था।

# लापरवाही बरतने पर सिपाही लाइन हाजिर

गोण्डा। एसपी विनीत जायसवाल ने कार्यों में लापरवाही बरतने पर धानेपुर थाने के दो आरक्षियों को लाइन हाजिर कर दिया है। बताया जाता है धानेपुर थाने पर तैनात कांस्टेबल मोहित गौड़ व अनूप कुमार अपनी ड्यूटी में लगातार लापरवाही कर रहे थे। एसओ के ओर से कई बार चेतावनी के बावजद भी सिपाहियों के कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा था। इस पर उन्होंने दोनों की रिपोर्ट एसपी को भेजी थी। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मी लापरवाही कर रहे थे जिस पर उन्होंने एसपी को रिपोर्ट भेज दिया था।

## कर्मचारी संगठनों ने रैली निकालकर भरी हुंकार, सौंपा ज्ञापन, सांसदों-विधायकों की पेंशन भी बंद करे सरकार

# पेंशन बहाली को निकाला आक्रोश मार्च

**नारेबाजी**

गोंडा, संवाददाता। पुरानी पेंशन बहाली के लिए गुरुवार को अटेवा के बैनर तले दर्जनों विभागों के शिक्षकों और कर्मचारियों ने शहर के गांधी पार्क से दो किलोमीटर आक्रोश मार्च निकाला। हजारों कर्मचारियों की मौजूदगी से सड़कों पर लंबा जाम लग गया। इस दौरान कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इससे पूर्व कर्मचारियों ने गांधीपार्क में सभा की जिसके बाद वे मार्च में शामिल हुए डीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

मार्च की अगुवाई कर रहे अटेवा जिलाध्यक्ष अमर यादव ने कहा कि देश के रक्षक अर्द्धसैनिक बलों को पेंशन नहीं देकर एक दिन के विधायक- सांसदों को पुरानी पेंशन देना अन्याय है। कहा कि कर्मचारियों के बजाय सरकार सांसद और विधायक की पेंशन बंद करें। माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह एवं ग्रामीण पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र तिवारी ने कहा कि हम एनपीएस का विरोध कर रहे हैं सरकार उससे भी घातक यूपीएस स्कीम लेकर आ गयी। अटेवा संगठन प्रभारी गौरव पाण्डेय व मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान ने कहा कि सरकार को झुकने पर मजबूर कर देगें। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की किरन सिंह व अनूप सिंह ने कहा कि शिक्षकों और कर्मचारियों मे व्याप्त रोष को दूर करना सरकार की जिम्मेदारी है। आक्रोश मार्च मे नीतू, खूशबू सिंह, अंकिता द्विवेदी, विशिष्ट बीटीसी संघ के अनूप सिंह, फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सालिकराम त्रिपाठी, लेखपाल संघ के करुणेश कुमार, अजीत पाण्डेय, उमेश मिश्र, शिव कुमार, सतीश पान्डेय, ओमप्रकाश पासवान, हनुमंतलाल शुक्ला, बृजेश वर्मा, वाईपी राजन, राघवेन्द्र प्रताप, विशाल वर्मा, जगन्नाथ चौरसिया, विनोद यादव, रत्नेश द्विवेदी, अखिलेश कुमार, अमीर अहमद, मनोज मिश्रा, शौनक शुक्ला, रामकरन यादव, मनोज चतुवेदी, विशाल, अरविन्द कुमार, विष्णु कुमार, सियाराम सरोज, आदि शिक्षक और कर्मचारी आक्रोश मार्च में शामिल हुए।



अटेवा की ओर से गुरुवार को गांधी पार्क से कर्मियों ने रैली निकाली।

### कर्मियों ने प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

गोंडा। अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ, उत्तर प्रदेश फेडरेशन आफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारियों ने गुरुवार को पुरानी पेंशन बहाली का मांग बुलंद की। कर्मचारियों ने फ्रीज भत्तों को रिलीज करने, आठवां वेतन आयोग का गठन करने, कर्मचारी संगठनों से वार्ताकर हल निकालने की मांगे रखी। मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने कृषि विभाग से सिविल लाइंस होते हुए कलेक्ट्रेट तक रैली निकली। साथ ही बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सूर्य किशोर शर्मा ने कहा कि रुका हुआ डीए और अन्य समस्त भत्तों का भुगतान किया जाय। रैली के बाद पदाधिकारी द्वारा संबोधित किया गया।

# शिकायतों के निपटारे में न बरतें कोताही: आयुक्त

**समीक्षा**

गोण्डा, संवाददाता। मण्डलायुक्त सभागार में कमिश्नर ने गुरुवार को चारों जिले में चल रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने देवीपाटन मंडल में अगस्त में कराए गए विकास कार्यक्रमों की बिंदुवार जानकारी ली। बैठक में गोंडा को छोड़ अन्य तीनों जिलों के अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

मंडलायुक्त ने शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास सभी कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए डीएम और बीएसए को निर्देश दिए कि विद्यालयों में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन और शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। मिड डे मील की गुणवत्ता बेहतर रखी जाए तथा समय-समय पर अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण करते रहें। आयुक्त ने सभी डीएम व सीडीओ को गोवंशों के संरक्षण करने तथा उन्हें उचित पर्याप्त भूसा चारा पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विकास कार्यक्रमों को धरातल तक पहुंचाने में कोई भी लापरवाही ना बरतें। शासन की मंशारूप सभी विकास कार्यक्रमों को धरातल तक पहुंचाएं। प्रत्येक वंचित व पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिलाए जिससे कि सरकार की योजनाओं का लाभ आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिल सके। बैठक में अपर आयुक्त देवीपाटन, डीएम गोंडा नेहा शर्मा, सीडीओ अंकिता जैन अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आईजीआरएस की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

समीक्षा बैठक में आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के प्रति गंभीर नजर आए। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आईजीआरएस पर आने वाली प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

# महिला की तहरीर पर चार पर केस

तरबगंज। मारपीट के मामले में महिला की तहरीर पर तरबगंज पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। पीड़िता लाली पत्नी स्व. मोतीलाल ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि विपक्षी भग्गन, नन्दलाल, श्रीपाल व सोनू पटीदार हैं। विपक्षीगण पीड़िता के दरवाजे पर आये और अपशब्द का प्रयोग करने लगे, मना करने पर उसके लड़के को मारने लगे। जाते समय जान से मारने की धमकी दिया। तिलकराम को लखनऊ रेफर कर दिया गया परन्तु आर्थिक तंगी के कारण इलाज गोण्डा मे चल रहा है। जहां पर उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुयी है।

# करोड़ों रुपए ठगने वाला लखनऊ से गिरफ्तार

## बंद पड़े बीमा का डिटेल लेकर फोन कर करते थे वसूली

**दुस्साहस**

गोण्डा, संवाददाता। पुलिस ने साइबर अपराध कर करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपी को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। उसके पास से मोबाइल व नकदी भी बरामद की गई है।

शहर के सिविल लाइन बहराइच रोड निवासी पीडी मिश्रा पुत्र जैन्त्री प्रसाद ने थाना कोतवाली नगर जनपद द्वारा साइबर क्राइम थाना गोण्डा को सूचना दिया कि उनकी पत्नी के नाम से 2013 में बीमा कराया था, कारणवश बीमा की धनराशि जमा नहीं हो पाई थी। वर्ष 2021 में फोन आया कि बीमा की चार लाख रुपये जमा धनराशि का लाभ लेने के लिए दूसरे के नाम से बीमा करवाना पड़ेगा। यह कहकर 12 बीमा परिवारजनों के नाम से करवाया और बीमा के किस्तों के नाम पर करीब 80 लाख रुपये अलग -अलग खातों में जमा करवाये गये। पुलिस ने आईटी एक्ट बनाम विजय राठौर आदि 13 आरोपियों के विरुद्ध



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

अभियोग पंजीकृत किया। एसपी विनीत जायसवाल ने घटना के जल्द खुलासे के निर्देश दिए।

गुरुवार को साइबर अपराध थाना पुलिस ने गैंग के सदस्य सचिन कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी न्यू रेलवे कॉलोनी, आनन्द नगर, थाना कोतवाली टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को अवध बस स्टेशन लखनऊ के निकट से गिरफ्तार कर लिया है।

**बंद पड़े बीमा का विवरण लेकर करता था वसूली :** पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी पूर्व में भिन्न-भिन्न निजी बीमा कम्पनीयों में काम कर चुका है। वहां से बंद पड़े बीमों का विवरण लेकर बीमा धारकों को मेच्योरिटी भुगतान के टैक्स आदि के नाम पर फर्जी नाम पते के मोबाइल नम्बर से बात करके पैसे मंगा लेते थे और उन्हे यह विश्वास में लेते है कि सभी पैसे जुड़कर आपको एक साथ मिल जायेगें।

- कई बीमा कंपनियों में काम कर चुका है आरोपी
- बंद पड़े बीमा का विवरण लेकर करता था वसूली

जांच में अभियुक्त के खाते में एक वर्ष में लगभग एक करोड़ रुपये का लेन- देन होना पाया गया है। गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश यादव, साइबर अपराध थाना, मोहन यादव, आदित्य कुमार शाह, अजय कुमार यादव, महेन्द्र पाल, प्रीती कौशल, अर्चना यादव का योगदान रहा। इससे पहले पुलिस पूर्व में फ्रॉड की गई 4,43,669 धनराशि मुकदमा वादी के खाते में वापस करा चुकी है।

# रुपईडीह में दो ट्रक टकराए चालक और खलासी गंभीर

रुपईडीह, संवाददाता। आर्यनगर चौराहे पर बुधवार आधी रात दो ट्रकों में टक्कर के बाद एक ट्रक सड़क पर पलट गया। इसमें सवार ड्राइवर व खलासी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

चौकी प्रभारी आर्यनगर राजेश कुमार दुबे ने बताया कि गोंडा-बहराइच मार्ग पर करनैलगंज से बलरामपुर की तरफ गत्ता लेकर जा रहे ट्रक को गोंडा से बहराइच की तरफ लोहे का सामान लेकर आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे बलरामपुर की तरफ जा रहा ट्रक सड़क पर ही पलट गया। हादसे में ड्राइवर इसरार अहमद (50) निवासी फतेहपुर बाराबंकी व खलासी सरवर अली (30) निवासी बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल भेजा। साथ ही घटना की सूचना ट्रक मालिक अब्दुल मुस्तकीम निवासी रामनगर बाराबंकी को दी। सड़क पर ट्रक पलट जाने से बलरामपुर की तरफ जाने वाले मार्ग बंद होने से जाम लग गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्गविजय सिंह ने बताया कि आर्यनगर चौराहे पर दो ट्रकों की टक्कर के बाद एक ट्रक सड़क पर पलट गया। हादसे में ड्राइवर व कंडक्टर घायल हुए हैं। ट्रक सीधा कराकर हटवा दिया गया है।

रात होने से टला बड़ा हादसाः आर्यनगर चौराहा पर दिन में हमेशा लोगों की भीड़ लगी रहती है। बुधवार देररात दो ट्रकों में टक्कर और एक ट्रक के पलटने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग अपने घरों से निकल पड़े। गनीमत यह रही कि रात का समय था लोग अपने घरों में थे नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## अनियंत्रित पिकअप पलटी बाल-बाल बचे लोग

नवाबगंज-तरबगंज हाईवे पर लौव्वा तिराहे के पार गुरुवार मध्याह्न डेढ़ बजे के आसपास एक तेज रफ्तार पिअकप अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को गम्भीर चोट नहीं आई। चालक और खलासी मामूली तौर पर चोटिल हो गए। हादसा उस वक्त पेश आया जब पिकअप परसपुर से सरसों लादकर रुदौली जा रहा था।

# यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को डीएम सख्त

**असर**

गोण्डा, संवाददाता। शहर में जाम और अतिक्रमण से निपटने के लिए डीएम नेहा शर्मा के कड़े रुख के बाद शहर में सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा की अगुवाई में परिवहन विभाग और नगर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान गुरुनानक चौराहे और बस अड्डे चौराहे के आसपास ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाली तीन बसें सहित दस वाहनों को सीज कर 1.25 लाख का जुर्माना वसूला गया।

इसके अलावा महिला अस्पताल के आसपास अवैध पार्किंग में खड़ी 20 बाइकों का भी चालान किया गया।



गुरुवार को शहर में सड़कों से जाम हटाने को कार्रवाई में जुटा प्रशासनिक अमला।

इस संबंध में हिन्दुस्तान में बीते मंगलवार को अतिक्रमण से सिकुड़ी सड़कें, लग रहा जाम शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इसका डीएम नेहा शर्मा ने संज्ञान लिया। डीएम के आदेश पर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और इसे जाम मुक्त करने की कवायद शुरू हो गई है। गुरुनानक चौराहे से जिला महिला अस्पताल तक सड़क पर लगी दुकानों को पीछे हटाया गया। पटरी दुकानदारों को अपने ठेले वेंडिंग कमेटी द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही लगाने के निर्देश भी दिए गए।

## ये हैं डीएम के निर्देश

दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से की गई कार्यवाही का सत्यापन कराया जाए। हाइवे किनारे स्थित ढाबों, पेट्रोल पंप आदि पर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाई जाए। शहर में गुरुनानक चौराहा, अम्बेडकर चौराहा तथा झूलेलाल चौराहे पर सिग्नल लाइट एवं ऑटोमेटिक कैमरे से चालान की व्यवस्था जल्द कराई जाए। मनकापुर बस स्टॉप और वी-मार्ट के सामने रोड के किनारे अवैध रूप से लगे सब्जी और फल के ठेलों को तत्काल अनाउंसमेंट कराकर हटाया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।



धानेपुर थाने में गुरुवार को बैठक करते थानाध्यक्ष।

# त्योहार में खलल डाला तो होगी कार्रवाई

धानेपुर। दुर्गा पूजा व दशहरा त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए धानेपुर थाने में थानाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष ने शांतिपूर्ण ढंह से त्योहार मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने दो टूक कहा कि अगर बेवजह कोई भी व्यक्ति त्योहार में खलल डालने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान पूर्व प्रधान शाहिद अली सिद्दीकी,काशी प्रसाद कसौधन, हसीब अंसारी आदि लोग रहे।

# सैकड़ों मीटर तार चोरी, मुकदमा दर्ज

उमरी बेगमगंज। दुर्गागंज से आदमपुर आने वाली नई विद्युत लाइन के सैकड़ो मीटर तार चोरी हो जाने के बाद पुलिस ने जांच के पश्चात गुरुवार को मुकदमा लिख लिया है।

मामले की गंभीरता समझ कर इसमें एसओ जी टीम को भी अलर्ट कर दिया है। बेलसर उप केंद्र के उमरी फीडर पर विद्युत ओवरलोड होने के कारण इस नई लाइन से उमरी क्षेत्र के लोगों की विद्युत सप्लाई सुगम रूप से हो सके इसकी आशाएं जीवित हो चली थी। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि चोरों का सुराग लग गया है जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## हत्यारोपित पति गिरफ्तार

नवाबगंज : महंगूपुर गांव में मंगलवार की सुबह नवविवाहिता पूजा की मौत मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि चंदापुर गड़ौवा निवासी मृतका की मां सुमिता ने मुकदमा कराया था। पति अभिषेक की टिकरी मोड़ से गिरफ्तारी की गई है। (संसू)

## दुष्कर्म का आरोप

गोंडा : खरगूपुर थाना के एक गांव की महिला ने एसपी को भेजे गए पत्र में ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पति से शिकायत करने पर उससे अभद्रता की गई। सहेली के घर जाने पर उसकी पिटाई की गई। (संसू)

## मारपीट में मुकदमा दर्ज

डुमरियाडीह : वजीरगंज के सरायखत्री निवासी शांति देवी ने कहा कि गुरुवार को विपक्षियों ने रास्ता रोककर पिटाई की। वहीं, चंदापुर निवासी जमुना प्रसाद निषाद ने कहा कि बिजली केबल के विवाद को लेकर विपक्षी ज्वाला प्रसाद निषाद व उनकी पत्नी, अजय उर्फ नन्हू निषाद ने पिटाई की। पत्नी कमला देवी व बहू पूजा देवी को भी पीटा। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दोनों मामले में आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

# बमबाजी में तीन महिलाएं गिरफ्तार

- अब मामले में पकड़े जा चुके हैं 14 आरोपी, तीन फरार
- गांव में आरोपी ने बमबाजी करके ध्वस्त किया था घर

उमरी बेगमगंज, संवाददाता। क्षेत्र के बहुचर्चित पूरे डाल में हुई बमबाजी की घटना शामिल तीन महिलाओं को भी पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह सभी महिलाएं घटना के बाद से ही फरार चल रही थी। गिरफ्तार हुई महिलाओं में शांति पासवान पत्नी रामकरण कोयला उर्फ ज्ञानमल पासवान पत्नी संतोष पासवान तथा सुनीता पासवान पत्नी रामलगन पासवान निवासीगण पूरे डाल थाना उमरी बेगमगंज है।

घटना की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह मामला एनआईए कोर्ट विशेष शाखा लखनऊ में चल रहा है। जो संभवत जनपद का पहला मामला है। इस घटना के तीन माह से अधिक बीत जाने के बाद कुछ लोग अभी भी फरार चल रहे है। इन लोगों की गिरफ्तारी के लिए तरबगंज व उमरी बेगमगंज की पुलिस बल सहित पुलिस अधीक्षक ने कई अन्य टीमें लगाई हुई है। परंतु अभी भी सफलता हाथ नहीं लग पा रही है। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि अब तक इस प्रकरण में 15 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। अभी भी प्रकाश में आए तीन अपराधी वांछित चल रहे हैं।

उमरी थाना अंतर्गत पूरे डाल ग्राम सभा में 23 मई को देर शाम लगभग 8:30 बजे दो दर्जन से अधिक लोगों ने इकट्ठा होकर एक मकान पर हथगोलों से बमबारी व हवाई फायरिंग करना शुरू कर दिए जिससे मकान की छत व दीवार भरभरा कर गिर पड़ी और कमरे में रखा सारा सामान टीवी, फ्रिज, कूलर, बेड तथा अन्य घरेलू सामान आदि पूरी गृहस्थी तबाह हो गई थी। फिर उसके बाद बगल में स्थित मेहीलाल के मूल आवास पर घुसकर औरतो, बच्चों को निकाल कर बुरी तरह से पीटा और लूटपाट भी की।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारी लामबंद

## गांधीपार्क से कलेक्ट्रेट तक निकाला जुलूस मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा






सिंचाई विभाग के पास पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जुलूस निकालते कर्मचारी और जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय पर बांह में काला फीता बांधकर विरोध जताते कर्मचारी • सौ. इंटरनेट मीडिया

संवादसूत्र, जागरण • गोंडा : पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राज्य कर्मचारियों ने आवाज बुलंद की। पुरानी पेंशन बहाली बचाओ मंच गोंडा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने गांधीपार्क में बैठक के बाद कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया, इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा को सौंपा।

गांधीपार्क में आयोजित सभा में उप्र पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी व पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा के जिलाध्यक्ष अमर यादव ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ हमारी सिर्फ एक ही मांग, पुरानी पेंशन बहाल करो। अटेवा के मंडल महामंत्री गौरव पांडेय, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप सिंह, सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमीर अहमद, जिला महामंत्री शिवराम शुक्ल ने विचार व्यक्त किए। यूपीएस वापस लो, ओपीएस बहाल करो के नारे लगाते हुए कर्मचारियों ने जूलूस निकाला।

राज्य कर्मचारी महासंघ ने सौंपा 18 सूत्री ज्ञापन : उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित 18 सूत्री ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। नई पेंशन स्कीम को रद् करने, स्कीम वर्कर व सेवा प्रदाता कंपनी से तैनात कर्मचारियों को नियमित करने, आठवें वेतन आयोग की समिति का गठन करने, न्यूनतम वेतन के अनुसार कर्मचारियों को 18 हजार रुपये बोनस देने, जलकल, जल संस्थान में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नियमित करने, जनपद मुख्यालय पर सभी विभागों में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद सृजित करने, राज्य कर्मचारियों के वेतन में 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता जोड़कर आवास भत्ता का स्लैब बढ़ाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में राज्य कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष रामरंग चौबे, मंडल अध्यक्ष सत्य नारायण तिवारी, महामंत्री दिनेश तिवारी, अंबिका प्रसाद यादव, हरिओम श्रीवास्तव शामिल रहे।

## कर्मियों को दिलाया जाय 18 माह का भत्ता

संवादसूत्र, जागरण • गोंडा : राज्य कर्मचारियों को 18 माह का महंगाई भत्ता दिलाने सहित अन्य मांगों लेकर उत्तर प्रदेश फेडरेशन आफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बांह में काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद कृषि विभाग से जिला पंचायत परिसर स्थित टिनशेड तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा को सौंपा।

जिला पंचायत परिसर स्थित टिनशेड में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सूर्य किशोर शर्मा ने कहा कि सरकार ने वित्तीय कमी का हवाला देते हुए कर्मचारियों का 18 माह का मंहगाई भत्ता फ्रीज कर दिया था। आज देश विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है तो वित्तीय कमी होने का कोई प्रश्न नही है। ऐसी स्थिति में सरकार को कर्मचारियों का महंगाई भत्ता देना चाहिए।

कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने, आठवें वेतन आयोग का गठन करने की भी मांग उठाई। महामंत्री अजीत कुमार पांडेय ने विचार व्यक्ति किए।

# बकाया बिजली बिल वसूलने गई टीम पर हमला, कर्मियों से मारपीट

संसू, जागरण • दतौली (गोंडा) : गांव में बकाया बिजली बिल वसूलने गई टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया। अवर अभियंता शत्रुधन सिंह ने कहा कि वह अरविंद उपाध्याय, घनश्याम पांडेय, मनोज कुमार के साथ बकाया बिजली बिल वसूलने के लिए मुहल्ला गांधी नगर गए थे। बकाया बिजली बिल न जमा करने पर कनेक्शन काटने की बात कही गई, इसको लेकर दबंगों ने हमला कर दिया और मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि मुकदमा किया जा रहा है।

## पुत्र को पीटा, चार पर मुकदमा

बेलसर : तरबगंज के चांदपुर निवासी लाली ने कहा कि उनके बेटे तिलकराम का गांव के ही पाटीदार से खेत में घास काटने को लेकर विवाद हो गया और उसने बेटे की पिटाई की। बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौकी प्रभारी रगड़गंज सुनील तिवारी ने कहा कि गांव के चार आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

# अवैध खनन पर तहसील प्रशासन ने कसा शिकंजा

संसू, जागरण● कर्नलगंज (गोंडा) : तहसील के कई स्थानों पर अवैध खनन की शिकायतों पर एसडीएम और तहसीलदार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अब खनन स्थल को चिह्नित कर भूमि के स्वामी पर कार्रवाई करने की तैयारी है। दो सप्ताह से विकासखंड हलधरमऊ, कटरा व कर्नलगंज के कई स्थानों से खनन की सूचनाएं मिल रही थीं।

तहसीलदार ने बताया कि कई किसानों को बहकाकर उनके खेत की मिट्टी खरीद ली जाती है। किसान के नाम से अनुमति लेकर मिट्टी बिक्री की जाती है। अब इस तरीके से अनुमति लेने और खनन दोनों पर अंकुश लगाया जाएगा। मिट्टी बिक्री करने वाले के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि जिस ग्राम पंचायत में खनन की सूचना मिलेगी उस ग्राम पंचायत के लेखपाल और संबंधित बीट के पुलिस कर्मियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

# तीन निजी बसों समेत दस वाहन सीज

संसू, जागरण• गोंडा : नगर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने रोडवेज बस अड्डे के निकट सवारी बैठा रही तीन निजी बस, चार जीप-टैक्सी समेत दस वाहनों को सीज कर दिया है। अवैध पार्किंग में खड़ी 20 बाइकों का चालान कर उनके स्वामियों पर सवा लाख रुपये का अर्थदंड लगाया। यही नहीं, अभियान में बाधा डाल रहे दो व्यक्तियों के खिलाफ नगर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की।

नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा की अगुवाई में परिवहन विभाग के यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी व रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कपिलदेव ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। गुरुनानक पुलिस चौकी से लेकर बहराइच रोड स्थित मां भगवती मंदिर व महिला अस्पताल के सामने चले चेकिंग तीन बस, चार जीप/टैक्सी व तीन ई-रिक्शा को सीज कर नगर कोतवाली में खड़ा कर दिया गया है। महिला अस्पताल के सामने अवैध पार्किंग में खड़ी 20 बाइकों का चालान कर उनके स्वामियों पर सवा लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर इस तरह की कार्रवाई का अभियान नियमित चलता रहेगा,जिन वाहनों के लिए वाहन अड्डा निर्धारित है,उनके चालक वहीं से सवारी उठाएं। इधर-उधर खड़े होने से जाम लग रहा, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



रोडवेज बस स्टाप के निकट चेकिंगअभियान की जानकारी लेते नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, साथ में यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी व एआरएम कपिल देव • सौ. इंटरनेट मीडिया

**नगर मजिस्ट्रेट के गनर से युवकों ने की धक्का-मुक्की :** चेकिंग अभियान के तहत नगर मजिस्ट्रेट के गनर से दो युवकों सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने की कोशिश में धक्कामुक्की। बताया जाता है कि उक्त युवक अवैध टैक्सी संचालन से जुड़े हुए हैं। पुलिस ने उन्हें लेकर कोतवाली गई है।

# दीवार की ईंट व टिनशेड चोरी, केस

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के उदयपुर ग्रंट निवासी राजकरन ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनके गांव के रहने वाले बृजेश, विजय, बिंदु देवी व माधुरी ने बीते 20 सितंबर की रात करीब 11 बजे उनके घर की दीवार गिरा दी। बहू किरन व सरिता के रोकने पर आरोपियों ने अभद्रता करते हुए उन्हें मारापीटा था। बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि एक मुकदमे में उसे जेल जाना पड़ा। जेल से रिहाई के बाद जब वापस घर लौटा तो दीवार बनाने के लिए रखी ईंट व टिनशेड मौके से चोरी हो चुका था। आरोप है कि आसपास के लोगों से जानकारी हुई कि बीते 24 सितंबर की शाम करीब सात बजे बिंदु देवी, माधुरी देवी व जानकी प्रसाद उसकी दीवाल की ईंट, टिनशेड व चारपाई उठा ले गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# न्यायालय ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

संसू, जागरण● गोंडा : स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख दस हजार रुपये की ठगी करने के आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच करने का आदेश एकादश अपर सिविल जज (जूनियर डिविजन) वृशाली गुप्ता ने थानाध्यक्ष मोतीगंज पुलिस को दिया है।

अधिवक्ता बृजलाल तिवारी ने बताया कि थाना खोड़ारे के ग्राम रामसहाय डीह निवासी राजेश कुमार वर्मा ने थाना मोतीगंज के ग्राम सोनभरिया निवासी नितेश कुमार की पत्नी रेनू की नौकरी स्वास्थ्य विभाग बहराइच में लगवाने का झांसा दिया और कई किस्तों में पांच लाख दस हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित नितेश ने शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। न्यायालय ने आरोपित राजेश कुमार वर्मा उर्फ बबलू के विरुद्ध मुकदमा करने का आदेश दिया है।

# एक करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

संसू, जागरण● गोंडा : साइबर अपराध थाना के प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश यादव ने कहा कि सिविल लाइन निवासी पीडी मिश्र ने बीमा राशि दिलाने के नाम पर ठगी किए जाने की शिकायत की थी। जांच में फिरोजाबाद के न्यू रेलवे कालोनी आनंद नगर निवासी सचिन कुमार का नाम प्रकाश में आया। आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पूर्व में अलग-अलग निजी बीमा कंपनियों में काम कर चुका है। वहां से बंद पड़े बीमा का विवरण लेकर बीमाधारकों को परिपक्वता भुगतान के टैक्स आदि के नाम पर फर्जी नाम पते के मोबाइल नंबर से बात करके पैसे मंगा लेते हैं। जांच में आरोपित के खाते में एक वर्ष में लगभग एक करोड़ रुपये का लेनदेन होना पाया गया है।

# चोरी के 50 ट्री गार्ड बेचने का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। क्षेत्रीय वनाधिकारी बद्री प्रसाद चौहान ने बताया कि टीम के दुर्गेश कुमार मिश्रा और अमित कुमार के साथ बृहस्पतिवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के बनघुसरा गांव निवासी अंकित पांडेय को चुंगीनाका-डेहरास मार्ग पर एक कबाड़ी की दुकान से दबोच लिया गया। उसे नगर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। बताया कि डेहरास मार्ग पर विभाग की ओर से लगवाए गए 50 ट्री गार्ड चोरी करके बेच रहा था। नगर कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि आरोपी को न्यायालय रवाना किया गया है। (संवाद)

# घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा, चार पर केस

तरबगंज (गोंडा)। तरबगंज थाना क्षेत्र के चांदपुर निवासी लाली ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर सोमवार की शाम आरोपी लाठी डंडे लेकर उनके घर में घुस आए और हमला कर दिया। बचाने आए बेटे तिलकराम को भी मारापीटा। जिसमें दोनों को चोटें आई हैं। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि लाही की तहरीर भग्गन, उसके दो भाई नंदलाल व श्रीपाल एवं बेटे सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# ब्याज का पैसा मांगने आए लोगों ने पीटा

**कटराबाजार (गोंडा)।** ब्याज का पैसा मांगने आए लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कटराबाजार थाने में तहरीर दी गई है। बरईन पुरवा बनगांव निवासी सोनू चौरसिया ने बताया कि चार महीना पहले गांव के हरिचरन पांडेय से 40 हजार रुपये उधार लिया था। 94 हजार रुपये वापस करने के बाद भी बकायेदारी बनी रही। विगत 23 सितंबर को सुबह नौ बजे उसके घर आकर तीन लोगों ने मारपीट किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर हरिचन पांडेय सहित तीन अन्य लोगों पर केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए भरी हुंकार

## शिक्षक व कर्मियों ने निकाली आक्रोश रैली, नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** पुरानी पेंशन बहाली की हुंकार शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर भरी। बृहस्पतिवार को निकाली गई आक्रोश रैली में शिक्षकों और कर्मियों का सैलाब दिखा। अटेवा जिलाध्यक्ष अमर यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल हो या फिर विधायक व सांसद भी पुरानी पेंशन बंद करें। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पदाधिकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह एवं ग्रामीण पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि एनपीएस का विरोध पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है, ओपीएस बहाली करने के बजाए सरकार एनपीएस से भी घातक यूपीएस स्कीम लेकर आ गई। अटेवा संगठन प्रभारी गौरव पांडेय व मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान ने दिसंबर में देश के हर राज्यों से शिक्षक कर्मचारी फिर से दिल्ली में जुटेंगे और आंदोलन करके सरकार तक अपनी मांग पहुंचाएंगे। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की किरन सिंह व अनूप सिंह ने कहा कि आंदोलन के माध्यम से हम लोग लगातार अपनी बात सरकार तक पहुंचा रहे हैं। आक्रोश रैली में नीतू जायसवाल, खुशबू सिंह, अंकिता द्विवेदी, फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सालिकराम त्रिपाठी, लेखपाल संघ के करुणेश कुमार आदि शामिल रहे।



गांधीपार्क से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालते अटेवा के सदस्य। -संवाद

## पेंशनरों का अधिवेशन 13 अक्तूबर को

**गोंडा।** पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक बुधवार को संयुक्त कार्यालय के पास यूनियन दफ्तर में आरके लाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष जयप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि 13 अक्तूबर को वार्षिक अधिवेशन गांधी पार्क स्थित टाउन हॉल में किया जाएगा। रूपरेखा तैयार कर ली गई है। संगठन के मंत्री बलवीर श्रीवास्तव को प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर को पेंशन अदालत के लिए सभी कर्मचारी 31 अक्तूबर से पहले फॉर्म जमा कर दें। इसके बाद फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस मौके पर पारसनाथ शुक्ला, साधु शरण मिश्रा, केसी मिश्रा, मोहम्मद अली, फिरोज अहमद, ज्ञान मोहम्मद व नईम खान उपस्थित थे। (संवाद)

# लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**गोंडा।** साइबर थाने के कोतवाल सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि बीमा कराने का झांसा देकर लोगों से 80 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के आरोपी नगर कोतवाली क्षेत्र के न्यू रेलवे कॉलोनी निवासी आनंद नगर टूंडला फिरोजाबाद निवासी सचिन कुमार को बृहस्पतिवार को अवध बस स्टेशन लखनऊ के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक हजार रुपये व मोबाइल फोन बरामद हुआ है। बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के बहराइच रोड निवासी पीडी मिश्रा ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप था कि उन्होंने वर्ष 2013 में अपनी पत्नी के नाम से बीमा करवाया था। मगर बीमा की धनराशि जमा नहीं हो पाई थी, वर्ष 2021 में उनकी पत्नी के मोबाइल पर फोन आया कि बीमा की 4 लाख रुपये जमा धनराशि का लाभ लेने के लिए दूसरे के नाम से बीमा करवाना पड़ेगा। झांसा देकर परिवार के 12 लोगों का बीमा करवा लिया और अलग अलग खातों में 80 लाख रुपये जमा करवा लिए। (संवाद)

# फर्जी नियुक्ति मामले में एफआईआर का आदेश

**गोंडा।** पांच लाख 10 हजार रुपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने के मामले में अदालत ने मोतीगंज के थानाध्यक्ष को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सोनभरिया के रहने वाले नितेश कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि खोड़ारे थाना क्षेत्र के ग्राम रामसहायडीह निवासी राजेश कुमार वर्मा उर्फ बब्लू ने उसे विश्वास में लेकर उसकी पत्नी रेनू वर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहराइच में जेएनएम के पद पर नौकरी दिलाने के लिए पांच लाख 10 हजार रुपये ले लिया।

कुछ दिन बाद राजेश कुमार वर्मा ने स्वास्थ्य महानिदेशक की ओर से जारी नियुक्ति पत्र व पहचान पत्र दे दिया। नियुक्ति पत्र व पहचान पत्र लेकर जब वह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा और चिकित्सा अधिकारी को दिखाया तो पता चला कि वह फर्जी है। 21 जुलाई 2024 को तब उसने पैसा वापस करने के लिए कहा तो राजेश वर्मा ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

प्रार्थना पत्र को सुनवाई के दौरान मामले के तथ्य, साक्ष्य व परिस्थितियों को देखते हुए अपर सिविल जज-11 (जूनियर डिवीजन) वृशाली गुप्ता ने थानाध्यक्ष मोतीगंज को आरोपी राजेश कुमार वर्मा के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# ई-रिक्शा संचालन के लिए रूट का निर्धारण हुआ

## नई व्यवस्था

- ई-रिक्शा चालकों का यातायात पुलिस कर रही सत्यापन
- नाबालिग को ई-रिक्शा चलाने पर 25 हजार का जुर्माना लगेगा

बलरामपुर, संवाददाता। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए यातायात पुलिस ने गुरुवार को अभियान चलाया। यातायात पुलिस ने नगर में चल रहे ई रिक्शा पर नंबर अंकित कराया है। साथ ही रूट का निर्धारण किया है। यातायात पुलिस ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन भी कर रही है। यातायात प्रभार उमेश ने बताया कि ई-रिक्शों की बढ़ती भीड़ से यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है।

एसपी विकास कुमार के निर्देश पर यातायात पुलिस ने गुरुवार को अभियान चलाकर नगर में संचालित ई रिक्शा चालकों का नंबर अंकित कराया है। अभी तक लगभग 2300 ई-रिक्शों का नम्बर अंकित किया जा चुका है। गोंडा से उतरौला मार्ग को रूट नम्बर एक में रखा गया है। बहराइच मार्ग को रूट नम्बर दो व तुलसीपुर रोड को रूट नम्बर तीन बनाया गया है। जिसको जिस रूट में चलने की अनुमति दी गई है उससे इतर ई-रिक्शा संचालन पर चालान की कार्रवाई भुगतनी पड़ेगी।

यातायात प्रभारी ने बताया कि नाबालिग को ई-रिक्शा चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध है। पकड़े जाने पर 25 हजार रुपए का जुर्माना अदा करना पड़ेगा। साथ ही चालक के पिता पर केस दर्ज होगा। एक साल के लिए रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया जाएगा। जो नाबालिग पकड़ा जाएगा उसका डीएल 25 साल उम्र पूरी के बाद ही बन पाएगा।

# हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास

बलरामपुर। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन तिवारी ने बताया कि पचपेड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम मनोहरपुर निवासिनी माया देवी ने 11 सितंबर 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि उसने अपनी पुत्री सोनी का विवाह सात वर्ष पूर्व ग्राम गनवरिया बगुलहवा निवासी दिनेश के साथ किया था। शादी के बाद से ही उसकी लड़की व दिनेश में कहासुनी होती रहती थी। रक्षाबंधन के बाद दिनेश सोनी को मायके से अपने घर ले गया और छह सितंबर 2020 को फोन से बताया कि तुम्हारी लड़की की मौत हो गई है। माया देवी ने जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसने लड़की की लाश कहीं छिपा दी है। पुलिस ने दिनेश को गिरफ्तार कर जेल भेजा। दोनों पक्षों के दलीलों को सुनने के उपरान्त न्यायालय ने सजा सुनाई है।

# ठेला व्यापारियों का स्थान करें निर्धारित

उतरौला। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर बेतरतीब ढंग से लगे फल और चाट के ठेले यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं। इन दुकानों पर लगने वाली भीड़ के कारण सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ठेलेवालों के लिए अलग स्थान निर्धारित करने की मांग की है।

**पशु क्रूरता अधिनियम के दो आरोपी गिरफ्तार :** पशु क्रूरता अधिनियम के दो वांछित आरोपी को पचपेड़वा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया है। उप निरीक्षक योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि शहजाद पुत्र शाहिद अली निवासी ग्राम पुरानी बाजार पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित थे। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# पेंशन बहाली के लिए आक्रोश रैली निकाली

**प्रदर्शन**

बलरामपुर, संवाददाता। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वाधान में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिले के सभी शिक्षक कर्मचारी संगठन पदाधिकारी एवं अध्यापक गुरुवार को छोटे परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए। परेड ग्राउंड से शिक्षकों कर्मचारियों का भारी हुजूम पेंशन आक्रोश बाइक रैली के रूप में निकालकर एनपीएस यूपीएस मुर्दाबाद ओपीएस जिंदाबाद के नारे लगाते हुए डीएवी इंटर कॉलेज सामने से वीर विनय चौक पहुंच कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद बाइक रैली झारखंडी मंदिर होते हुए तहसील गेट से कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां पर मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रमोद कुमार को सौपा।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच के बैनर तले जिले के विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पूर्व माध्यमिक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक एकजुट संघ, चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ आदि संगठन के पदाधिकारी, कर्मचारी व शिक्षक भारी संख्या में छोटा परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए। मंच के जिलाध्यक्ष अनुराग रस्तोगी एवं मंडलीय महामंत्री मोहम्मद इकबाल खान ने कहा कि पुरानी पेंशन ही हम सभी को मान्य है। इसके अतिरिक्त शासन ने नई पेंशन स्कीम यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू किया है उसे शिक्षक कर्मचारी किसी भी सूरत में लागू नहीं होने देंगे। यूटा जिलाध्यक्ष देव कुमार मिश्र एवं मंत्री अशोक सिंह ने कहा कि सरकार जानबूझकर शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को परेशान कर रही है। पुरानी पेंशन बुढ़ापे का सहारा होता है। विशिष्ट बीटीसी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप चौहान एवं मंत्री तुलाराम गिरी ने शिक्षक कर्मचारियों को एकजुट होकर इस लड़ाई को आरपार लड़ने का आह्वान किया है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, मंत्री बृजेश चौधरी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष विकास कांत पांडेय व मंत्री अंकुर सिंह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अब सरकार को पुरानी पेंशन देना ही होगा अन्यथा शिक्षक कर्मचारी का आंदोलन राष्ट्रीय स्तर पर होगा।



कलेक्ट्रट में ज्ञापन देने जाता शिक्षक कर्मचारियों का हुजूम।

## शिक्षक कर्मचारियों के प्रदर्शन रैली से लगा जाम

बाइक रैली बड़े परेड ग्राउंड से डीएवी इंटर कॉलेज बौद्ध परिपथ पर पहुंचते ही शिक्षक कर्मचारियों के भारी भीड़ से जाम लग गई। ट्रैफिक काफी समय तक प्रभावित रहा शिक्षकों का हुजूम वीर विनय चौक पर पहुंचकर पुरानी पेंशन बहाली के नारे लगाते हुए प्रदर्शन में बदल गया। इसके बाद बाइक रैली झारखंडी मंदिर होते हुए सदर तहसील गेट पर पहुंचा।

# आक्रोश मार्च में भरी हुंकार, पुरानी पेंशन दे सरकार

## अटेवा पेंशन वचाओ मंच के वैनर तले विभिन्न शिक्षक संगठनों ने छोटा परेड ग्राउंड से निकाली बाइक रैली

- कर्मचारियों व शिक्षकों ने जमकर की नारेबाजी, मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन
- महामंत्री ने कहा- केंद्र सरकार ने भी स्वीकारा प्रदेश का कर्मचारी एनपीएस व यूपीएस से असंतुष्ट

जासं• बलरामपुर: पुरानी पेंशन बहाली की मांग जोर पकड़ने लगी है। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के बैनर तले गुरुवार को विभिन्न शिक्षक संगठनों ने बाइक रैली निकाल पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। बेसिक शिक्षा के साथ माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों ने आक्रोश मार्च में जमकर नारेबाजी की। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार को सौंपा।

पुरानी पेंशन के लिए निकाले जाने वाले जनआक्रोश मार्च को लेकर शिक्षक व कर्मचारी उत्साह से लबरेज रहे। नगर के छोटा परेड ग्राउंड में बड़ी संख्या में बाइकों पर सवार शिक्षक व कर्मचारी नारेबाजी करते हुए निकले। वीर विनय चौराहा होते हुए बाइक रैली कलेक्ट्रेट पहुंची। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिलाध्यक्ष अनुराग ने दिए गए ज्ञापन में कहा कि प्रदेश के लगभग 14 लाख शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी लगातार पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। नई पेंशन व्यवस्था के दुष्परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। कर्मचारियों को पेंशन के नाम पर 500, 1200 व 2500 रुपये मिल रहे हैं, जिससे न तो उनका स्वयं का खर्च हो सकता है और न ही परिवार का।





नगर के वीर विनय चौराहे पर नारेबाजी करते शिक्षक व कर्मचारी • जागरण

महामंत्री मोहम्मद इकबाल खान ने कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय विभाग व प्रदेश की सेवाओं में देते हुए 25-30 वर्ष का योगदान किया हो, वह अपने बुढ़ापे के लिए चिंतित और परेशान हो, यह न्यायोचित नहीं है।

केंद्र सरकार ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि एनपीएस व यूपीएस से प्रदेश का कर्मचारी असंतुष्ट व चिंतित है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलीप चौहान ने कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था शिक्षकों व कर्मचारियों के हित में वास्तविक रूप से सामाजिक सुरक्षा का आधार स्तंभ है।

हर हाल में बहाल हो पुरानी व्यवस्था: जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ल व महामंत्री तुलाराम गिरि ने कहा कि सरकार को हर हाल में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करनी होगी। अन्यथा सभी शिक्षक व कर्मचारी संगठन एकजुट होकर वृहद आंदोलन को बाध्य होंगे।



वीर विनय चौराहा पर आक्रोश मार्च में शामिल शिक्षक व कर्मचारी • जागरण



कलेक्ट्रेट में एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार को ज्ञापन देते शिक्षक व कर्मचारी • सौ. सूचना विभाग

यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देवकुमार मिश्र, महामंत्री अशोक सिंह, फैजान अंसारी, सचिन शुक्ल, गोपाल शर्मा, बलवीर सिंह, गौरव शुक्ल समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी शामिल रहे।

# पत्नी की हत्या करने वाले पति को मिला आजीवन कारावास

संसू, जागरण● बलरामपुर: अपर न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने हत्या आरोपित पति को आजीवन कारावास के साथ अर्थदंड से भी दंडित किया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि थाना पचपेड़वा की ग्राम मनोहरापुर की माया देवी पत्नी परशुराम ने बताया कि उसकी बेटी सोनी का विवाह इसी थाना क्षेत्र के ग्राम गनवरिया के दिनेश पुत्र बाबू लाल के साथ सात वर्ष पूर्व हुई थी। छह सितंबर को सूचना मिली की बेटी की मृत्यु हो गई है। इसकी रिपोर्ट 11 सितंबर को रिपोर्ट लिखवाई। दौरान विवेचना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। अभियोजन की ओर से नौ गवाहों का बयान अंकित कराया गया बचाव पक्ष से कहा गया कि आरोप झूठा है। मनगढ़ंत कहानी रच कर फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने वादिनी मुकदमा से मिलकर झूठा आरोप पत्र भेजा है।

जज ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 30 हजार अर्थदंड से दंडित किया। कोर्ट ने अर्थदंड की राशि में से 25 हजार रुपये मृतका की माता को देने का आदेश दिया है।

## पशु क्रूरता केस में दो गिरफ्तार

बलरामपुर : पचपेड़वा थाना की पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम मामले से संबंधित वारंटी की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि पुरानी बाजार पचपेड़वा निवासी शहजाद को गिरफ्तार किया गया है। वहीं तुलसीपुर थानाध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि मुरादाबाद जिले के ग्राम करूला थाना कडहर निवासी दानिश को गिरफ्तार किया है। आरोपित पशु क्रूरता मामले में वांछित था, जिसे मुरादाबाद में भवनियापुर हाईवे से पकड़ा गया है। (जासं)

## 'आग से बचाव का करें प्रबंध'

हरैया सतघरवा : ललिया थाना परिसर में दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। एएसपी योगेश कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा हर्षोल्लास एवं शांति पूर्वक मनाएं। राम लीला मंचन व दुर्गा पूजा के दौरान आग से बचाव का उचित प्रबंध करने का सुझाव दिया। बैठक में पूजा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ सीओ ललिया ज्योतिश्री, प्रभारी निरीक्षक बीएन सिंह मौजूद रहे। (संसू)

# ई-रिक्शों पर क्रमांक अंकित



वीर विनय चौराहा पर ई-रिक्शों पर क्रमांक अंकित कराते प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह यादव • सौ. पुलिस मीडिया सेल

बलरामपुर : यातायात व्यवस्था को सुगम व सुदृढ़ बनाने के लिए यातायात पुलिस ने नवाचार किया है। अब सभी रिक्शों पर मोटे अक्षरों में क्रमांक अंकित करना शुरू किया गया है। प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह यादव ने बताया कि सभी ई-रिक्शों व उनके चालकों का सत्यापन शुरू किया गया है। ई-रिक्शों पर मोटे अक्षरों में पेंट से क्रमांक लिखाए गए हैं। ऐसे में कोई दुर्घटना करने या नियम तोड़ने पर सीसी कैमरे के माध्यम से उन्हें आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा। (जासं)

# जाम लगने के बाद आई रूट डायवर्जन की याद

संवाद न्यूज एजेंसी

## डेलीगेट के नामांकन के कारण गोंडा रोड पर हुई समस्या



बलरामपुर के गन्ना दफ्तर के पास बृहस्पतिवार को लगे जाम में फंसे वाहन। -संवाद

बलरामपुर। वीर विनय चौराहे से संतोषी माता मंदिर चौराहे के बीच गोंडा रोड पर जाम लगने से बृहस्पतिवार को लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम लगने के बाद यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन किया।

बृहस्पतिवार को गन्ना दफ्तर में डेलीगेट पद के लिए नामांकन होना था। नामांकन के कारण सुबह से ही लोगों की भीड़ आने लगी। ऐसे में सड़क किनारे ही दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। इसके कारण गोंडा रोड पर जाम लग गया, इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गोंडा से तुलसीपुर जा रहे राम कुमार का कहना था कि संतोषी माता मंदिर से वीर विनय चौराहे के मध्य एक किलोमीटर की दूरी है, इसे पार करने में 15 मिनट लग गए। अखिलेश सिंह का कहना था कि जाम के चलते काफी परेशानी हुई। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को हुई।

यही नहीं, संतोषी माता मंदिर व झारखंडी क्रॉसिंग पर ट्रेनों के आवागमन के कारण कई बार जाम लगा।

**दूर की गई समस्या :** यातायात प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि नामांकन होने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसको देखते हुए गोंडा रोड की तरफ से आने वाले सभी बड़े वाहन को संतोषी माता मंदिर से डायवर्ट किया गया। बहराइच और तुलसीपुर जाने वाले वाहनों को वीर विनय चौराहे से निकाला गया। तुलसीपुर की तरफ से आने वाले बड़े वाहन जिन्हें गोंडा जाना था, उनको वीर विनय चौराहे की तरफ से संतोषी माता मंदिर होते हुए गोंडा की तरफ भेजा गया।

# दूसरे रूट पर चलने वाले ई-रिक्शा चालकों पर होगी कार्रवाई

बलरामपुर। दूसरे रूट पर चलने वाले ई रिक्शा चालकों पर कार्रवाई का शिकंजा कसा जा रहा है। शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए सभी ई-रिक्शों पर बड़े-बड़े अक्षरों में रूट नंबर लिखवा दिया गया है।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि शहर के लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए बृहस्पतिवार को सभी ई रिक्शों में बड़े-बड़े अक्षरों में रूट नंबर लिखवा दिए गए हैं।

सभी ई रिक्शों के साथ उनके चालकों का भी सत्यापन कराया जा रहा है। नंबर छोटे होने से पढ़ने में दिक्कत होती है और सीसीटीवी कैमरों से ट्रेस भी नहीं हो पाता है। बड़े-बड़े आकार में नंबर लिखे होने से दुर्घटना व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ आसानी से कार्रवाई की जा सकेगी। (संवाद)

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास, 25 हजार जुर्माना

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

बलरामपुर। पत्नी की हत्या करके शव को नदी में फेंकने के मामले की सुनवाई करते हुए बृहस्पतिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने फैसला सुनाया है। न्यायालय ने पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

थाना पचपेड़वा के ग्राम मनोहरापुर निवासी मायादेवी ने 11 सितंबर 2020 को मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि ग्राम गनवरिया निवासी दिनेश कुमार के साथ उसने अपनी बेटी सोनी का विवाह किया था। विवाह के बाद से ही उसकी बेटी व दामाद के बीच कहासुनी होती रहती थी। कहा कि रक्षाबंधन के दो दिन बाद उसकी बेटी को दामाद घर लेकर गया। छह सितंबर 2020 को फोन करके बेटी की मौत की जानकारी दी। आरोप लगाया कि उसकी बेटी को दामाद ने मारकर शव को कहीं छुपा दिया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के बाद विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने सात गवाहों को न्यायालय में पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने पति दिनेश कुमार को सोनी की हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# मारपीट का वीडियो वायरल, केस दर्ज

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात के जमुनहा जमुनही निवासी प्रदीप पासवान के साथ मारपीट का मामला आया है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। पाया गया कि पुरानी रंजिश में मारपीट हुई है। इस मामले में केस दर्ज किया गया है। कोतवाल दुर्गेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है, कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# शिक्षकों ने निकाली जनाक्रोश रैली

## कई विभाग के कर्मचारी भी हुए शामिल, पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। पुरानी पेंशन बहाली के लिए बृहस्पतिवार को शिक्षक व कर्मचारियों ने सड़क पर उतरकर जमकर विरोध किया। नगर में पैदल मार्च निकालकर पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

अटेवा जिलाध्यक्ष अनुराग रस्तोगी व मंडलीय संगठन मंत्री मोहम्मद इकबाल खान के नेतृत्व में शिक्षकों ने छोटा परेड ग्राउंड से जनाक्रोश रैली निकाली। रैली को समर्थन करते हुए विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफयर एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलीप चौहान, यूटा जिलाध्यक्ष देव कुमार मिश्रा, पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ महामंत्री अनिरुद्ध प्रताप तिवारी, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार गौतम, उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ (योगेश त्यागी गुट) के अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने भी पदमार्च में हिस्सा लिया।

उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के अध्यक्ष



बलरामपुर नगर में निकाली गई जनाक्रोश रैली में शामिल शिक्षक व कर्मचारी।-संवाद

अमरपाल, उत्तर प्रदेश चतुर्थ राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष श्रीराम जायसवाल ने भी रैली में शामिल होकर मांगों का समर्थन किया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी, पीएसपीएसए के अखिलेश कुमार शुक्ला, चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार बौद्ध, उच्च शिक्षा डिग्री कॉलेज संगठन जिलाध्यक्ष प्रो. प्रकाश चंद्र गिरि, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष विकासकांत पांडेय तथा महिला संघ जिलाध्यक्ष रेशू पांडेय के नेतृत्व में शिक्षक व कर्मचारियों ने भी नई पेंशन नीति का विरोध जताया।

पैदल मार्च करते हुए कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर पीएम व सीएम के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि एनपीएस और यूपीएस व्यवस्था कर्मचारियों के हित में नहीं है। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। ज्ञापन सौंपते समय धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, तुलाराम गिरि, फैजान अंसारी, संतोष उपाध्याय, सौभाग्य पाठक, एसपी सिंह, अमित वर्मा, मलिक मुन्नवर, अमित तिवारी, जहीर, उमेश चंद्र, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

# मंदिर में ट्रैक्टर-ट्रॉली से जाने पर रोक

बलरामपुर। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में शारदीय नवरात्र के दौरान ट्रैक्टर-ट्राली व भारी वाहनों को नहीं ले जा सकेंगे। इसके लिए प्रशासन व्यवस्था में जुट गया है। तीन अक्तूबर से शारदीय नवरात्र शुरू होगा। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को सभी थानों में संभ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों, प्रहरियों व दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ बैठक की। कहा कि शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, जो जिले के सभी मार्गों से होकर गुजरती है। ऐसे में माल वाहक वाहन, ट्रैक्टर ट्रॉली व डंपर को देवीपाटन मंदिर में ले जाने पर रोक लगा दी गई है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# दुर्गा पूजा तथा दशहरा को लेकर प्रशासन सतर्क

**संसू, जागरण • खुटेहना (बहराइच) :** शारदीय नवरात्र को लेकर कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचलों तक दुर्गा पूजा तथा रामलीला को लेकर प्रशासन सतर्क है। पयागपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में दुर्गा पूजा व रामलीला समिति के पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई। अध्यक्षता वरिष्ठ उपनिरीक्षक धात्रीशंकर सहाय सिंह ने की। थाना पयागपुर क्षेत्र के अंतर्गत 66 स्थानों पर दुर्गा मूर्ति रखकर श्रद्धालु प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि में नौ दिनों तक पूजन करते हैं। वहीं 24 स्थान पर रामलीला के साथ दशहरा का पर्व मनाया जाता है, जिसको शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाए जाने पर चर्चा की गई।

# दबंगों पर कार्रवाई न करने का आरोप

**जासं • बहराइच :** नानपारा कोतवाली क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी सुमित्रा ने डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर दबंगों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कार्रवाई न होने पर आगामी 29 सितंबर को धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके घर में घुसकर दबंगों ने मारा पीटा। विरोध करने छप्पर को उजाड़ दिया। बच्चों को भी पीटा। पीड़िता ने जिले के आलाधिकारियों समेत मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

# पैमाइश कराकर अवैध कब्जेदारों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**संसू, जागरण • नानपारा/बलहा (बहराइच)** : गुरुवार को तहसीलदार अजय कुमार यादव ने राजस्व टीम के साथ सतीजोर गांव का दौरा किया। इस गांव में धारा 67 के तहत विचाराधीन छह मामलों को देखा। भूमि की पैमाइश करवाकर अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की।

तहसीलदार ने बताया कि मौके पर जाकर सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई की गई है। अवैध कब्जेदारों को एक माह की नोटिस दी जाएगी। उसके बाद अवैध कब्जा हटवा दिया जाएगा। शुक्रवार को जमुनहा नौबस्ता गांव का निरीक्षण किया जाएगा। धारा 67 की पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। अवैध कब्जा न हटाने पर जुर्माना वसूलकर कब्जा हटवाया जाएगा।

# मारपीट व एससी-एसटी एक्ट में दो साल की सजा

जागरण संवाददाता ● बहराइच : विशेष अपर सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट कविता निगम ने मारपीट कर गाली-गलौज करने व नुकसान पहुंचाने के मामले में दोष सिद्ध ठहराते हुए दो साल के कारावास व तीन-तीन हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न अदा करने पर दो-दो माह का कारावास भुगतना पड़ेगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता अपराध राकेश कुमार ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि घटना 22 मई 2010 की है। मोतीपुर के गौड़रिया निवासी महिला पंचुई देवी ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा लिखाया कि वह अपने परिवार के साथ गन्ने की सिंचाई करने जा रही थी, तभी गांव के ही शमसुद्दीन व जलाल जातिसूचक गालियां देने लगे। मना करने पर डनलप निकालकर गन्ने की फसल खराब करने लगे। मना करने पर गाली देते हुए लाठी व हंसिया से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चोटिलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। अदालत ने सुनवाई के दौरान दोनों आरोपितों को दोष सिद्ध करार देते हुए सजा सुनाई।

## अदालत से

### चरस तस्कर को 10 वर्ष की सजा, एक लाख जुर्माना

जासं ● बहराइच : अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अरविंद कुमार गौतम ने चरस तस्करी के आरोपित रियाज उर्फ खुरचाली को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रेम प्रकाश मिश्र ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि आठ दिसंबर 2022 को अपराध निरीक्षक दुर्गविजय सिंह द्वारा मुकदमा लिखाया गया कि वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविंद कुमार मिश्र पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे, तभी खैरीघाट के अलीनगर कला निवासी रियाज उर्फ खुरचाली हाथ में गोला लिए आ रहा था। रोककर पकड़ा गया तो उसके पास से दो किलोग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने जांच करके आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया था।

# दहेज हत्यारोपित गिरफ्तार

विशेश्वरगंज : थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि लवलेश कुमार श्रीवास्तव निवासी पूरे दीननाम्मगढ़ थाना इकौना श्रावस्ती की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित पति सुनील कुमार निवासी रमनगरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। (संसू)

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को बताए गए आत्मरक्षा के गुर



जेपीएम कालेज में मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं • जागरण

संसू, जागरण • नवाबगंज (बहराइच) : जेपीएम कालेज की छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत आत्मरक्षा के टिप्स दिए गए। बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर बेफ्रिक होकर डायल करें। तत्काल समस्या का समाधान होगा। मिशन शक्ति टीम के उप निरीक्षक जितेंद्र वर्मा, हेड कांस्टेबल इशरत जहां, महिला कांस्टेबल ममता कश्यप, कांस्टेबल भोला यादव ने छात्राओं को जागरूक किया। बताया कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर हेल्पलाइन 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108,102, 1930 पर काल करें। सभी हेल्पलाइन नंबर के बारें में विस्तृत जानकारी दी।

# अवैध कब्जेदारों को नोटिस दी जाएगी

नानपारा। तहसीलदार नानपारा अजय कुमार यादव ने बताया आज सतीजोर के 6 मामले में धारा 67 की कार्यवाही चल रही थी। मौके पर जाकर सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर कार्यवाही की गई है। अवैध कब्जेदारों को एक माह की नोटिस दी जाएगी। उसके बाद अवैध कब्जा हटवा दिया जायगा। शुक्रवार को जमुनहा नौबस्ता गांव का निरीक्षण किया जाएगा। धारा 67 की पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। एक माह कब्जा नहीं हटाया जाता तो कार्यवाई होगी।

# तस्करी के दोषी को दस वर्ष का सश्रम कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

## चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त को सुनाई सजा

**बहराइच।** थाना क्षेत्र खैरीघाट निवासी एक तस्कर को चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने नशीले पदार्थ की तस्करी का दोषी पाते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने अभियुक्त पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

थाना खैरीघाट की पुलिस ने क्षेत्र निवासी रियाज उर्फ खरचाली को तस्करी कर लाई ढाई किलो चरस के साथ आठ दिसबंर 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मुकदमे की सुनवाई चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार गौतम की अदालत में चल रहा था। बृहस्पतिवार को कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई के दौरान अपर जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा अभियुक्त के कृत्यों को गंभीर बताते हुए अधिक से अधिक सजा देने की दलील पेश की।

कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने अभियुक्त पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

अदालत से

### अभियुक्तों को दो वर्ष का कारावास

**बहराइच।** थाना मोतीपुर की पुलिस ने 23 मई 2010 को क्षेत्र के गौडरिया गांव निवासी शमसुद्दीन व जलालुद्दीन के खिलाफ जातिसूचक गाली व लाठी-हंसिये से मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कविता निगम की अदालत में चल रहा था। बृहस्पतिवार को मुकदमे की सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश ने दोनों को दोषी करार देते हुए दो-दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोनों को दो माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। (संवाद)

### आर्म्स एक्ट में पांच माह की कैद

**श्रावस्ती।** पुलिस ने थाना क्षेत्र सिरसिया के धर्मतापुर के मजरा पंडित पुरवा निवासी राम विलास को एक वर्ष पहले तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। बृहस्पतिवार को मामले में सुनवाई हुई। सीजेएम शारिब अली ने आरोपी को दोषी मानते हुए पांच माह के साधारण कारावास व दो हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। (संवाद)

# 10 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

बहराइच। थाना क्षेत्र जरवलरोड स्थित दुकानों पर बृहस्पतिवार को सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, श्रम परिवर्तन अधिकारी सूरज तिवारी, प्रोबेशन टीम व देहात संस्था की टीम ने बालश्रम के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने दुकानों, होटलों, फैक्टरी व मोटर रिपोयरिंग आदि की दुकानों पर काम कर रहे 10 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। इसके साथ ही दुकान संचालकों को चेतावनी भी दी। (संवाद)

# छात्रा को अगवा करने का प्रयास, बची

## परिजनों से मिलाने के बहाने बाग में ले गया था साइकिल सवार

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। कोतवाली क्षेत्र नानपारा निवासी छात्रा को एक अनजान युवक फुसलाकर अपने साथ बाग में ले गया। अनहोनी की आशंका में छात्रा भागकर पास में भैंस चरा रहे लोगों के पास पहुंची जिससे उसके साथ अनहोनी होने से बच गई।

गायत्रीनगर निवासी आठ वर्षीय बालिका मदरसे में पढ़ती है। बृहस्पतिवार को वह मदरसे से पढ़कर घर जा रही थी। आरोप है कि उसी दौरान एक साइकिल सवार ने उसे रोका और उसके परिजनों से मिलाने की बात कही। इसके बाद साइकिल सवार छात्रा को फुसलाकर अपने साथ नवाबगंज मोड़ के पास स्थित घने बाग में ले गया।

वहां पहुंचने के बाद छात्रा अपनों को न पाकर घबरा गई और अनहोनी की आशंका में वहां से भागी। छात्रा कुछ दूरी पर भैंस चरा रहे युवक से लिपट गई और आपबीती सुनाई। वहीं जब ग्रामीण बाग में पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया।

छात्रा के नाना ने बताया कि कोतवाली में तहरीर दे दी गई है। एक सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग में आरोपी छात्रा को ले जाते हुए दिख रहा है। कोतवाल प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# हिरण को कुत्तों के झुंड से बचाया

बहराइच। एसएसबी 42वीं वाहिनी के मुंशीपुरवा चौकी के पास बुधवार रात एक हिरण को कुत्ते नोच रहे थे। उसे चौकी के एसएसबी जवानों ने बचा लिया। एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि मुंशीपुरवा चौकी के पास हिरण पर हमले की सूचना बुधवार रात मिली थी। उपनिरीक्षक सामान्य भृगुनाथ प्रसाद, नेकराम, हरीश चंद्र पासवान व अजय कुमार ने तत्काल हिरण को कुत्तों के झुंड से बचाया। प्राथमिक उपचार के बाद अब्दुल्लागंज वन रेंज अधिकारी पंकज कुमार साहू को सूचना दी गई। सूचना पर फॉरेस्ट गार्ड सुरेश पासवान, सुरेश वर्मा, चिकित्सा कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। रेंजर पंकज कुमार साहू ने बताया कि हिरण को इलाज के बाद जंगल में छोड़ दिया गया। (संवाद)



मुंशीपुरवा में एसएसबी जवान को घायल हालत में मिला हिरन। -स्रोत : एसएसबी

# सरयू में डूबीं दो किशोरियों का नहीं लगा पता, तलाश जारी

**मिहींपुरवा (बहराइच)।** थाना क्षेत्र सुजौली में ग्राम बड़खड़िया के मौरहवा में बुधवार शाम सरयू में डूबीं दो किशोरियों का बृहस्पतिवार को भी पता नहीं लग सका। स्थानीय गोताखोरों के साथ पुलिस की टीम दोनों की तलाश में जुटी है।

चौधरी चरण सिंह गिरिजा बैराज गिरिजापुरी में अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए बुधवार को जिउतिया पर्व पर महिलाएं सरयू नदी में स्नान करने गई हुई थीं। स्नान के दौरान एक किशोरी का पैर नदी में फिसल गया। उसकी चीख सुनकर दूसरी किशोरी ने उसे बचाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया, अचानक दोनों नदी में डूब गईं।

तैराकों ने सीमा व लाली, निवासी लक्खाबाग चहलवा की काफी खोजबीन की लेकिन दोनों का पता नहीं चल सका। नदी में झाड़-झंखाड़ होने के कारण दोनों को तलाशने काफी परेशानी हो रही है। बृहस्पतिवार को तहसीलदार अंबिका चौधरी बाढ़ राहत टीम लेकर मौके पर पहुंचे।

इसके बाद दोनों किशोरियों की तलाश तेज कर दी गई। स्थानीय गोताखोरों के साथ पुलिस की टीम दोनों की तलाश में जुटी है। शाम तक दोनों का पता नहीं चला। इस दौरान सीओ हीरालाल कनौजिया के साथ सुजौली थाना प्रभारी हरीश सिंह टीम मौजूद रहे। (संवाद)

# छात्राओं को आत्मरक्षा के सिखाए गुर

नवाबगंज (बहराइच)। मिशन शक्ति अभियान के तहत बृहस्पतिवार को बालिका महिला सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अवसर पर आरपीएम पब्लिक स्कूल नवाबगंज में उप निरीक्षक जितेंद्र वर्मा, इशरत जहां ने बालिकाओं व महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इस अवसर पर ममता कश्यप, भोला यादव, शिवधर पाठक, आरती यादव, ममता गुप्ता व संतोष यादव आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# दलित उत्पीड़न में दो को दो-दो साल की सजा

बहराइच। विशेष न्यायाधीश एससी एसटी कविता निगम ने 14 साल पहले दर्ज मुकदमें की सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए दो-दो साल की सजा व तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। मोतीपुर थाने में वर्ष 2010 में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। अर्थदंड जमा न करने की दशा में अभियुक्तों को दो माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

# रेप का आरोपी गिरफ्तार हुआ

रुपईडीहा। नाबालिग से रेप की 11 सितंबर को एक नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस कई दिनों से आरोपी की तलाश कर रही थी। रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना पर दरोगा यतीन्द्र सिंह चौकी इंचार्ज चिकनिया व टीम ने इसराइल निवासी कटघर थाना रुपईडीहा को गुरुवार को दोपहर सेंट्रल बैंक चौराहे पर गिरफ्तार कर लिया।

# छापा मार 10 बाल श्रमिक मुक्त किए

बहराइच। जिले में श्रम विभाग की ओर से अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जरवल कस्बा, कैसरगंज बाजार, बहराइच के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 10 बाल श्रमिक अवमुक्त कराए गए।

बाल श्रमिकों का मेडिकल एवं सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए सेवायोजकों के विरुद्ध नियमुनासर वैधानिक कार्रवाई की तैयारी होनी चाहिए। सूरज तिवारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक एएचटीयू , सुश्री शिविका मौर्य, संरक्षण अधिकारी मौजूद रहे।

# अपहरण और रेप का फरार आरोपी बंदी

बहराइच। जरवलरोड थाने में तैनात दरोगा प्रमोद कुमार यादव, सिपाही रामसागर वर्मा, व्यास मुनि वर्मा ने हसना धंवरिया गांव के पास दबिश दी। पुलिस ने भुण्डेपुरवा निवासी सूरज को धर दबोचा। थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने बताया कि यह किशोरी के अपहरण, रेप व पाक्सो एक्ट में फरार नामजद आरोपी था। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

# अवैध हुंडी व हवाला में दो लोग गिरफ्तार

रुपईडीहा, संवाददाता। इंडो- नेपाल बार्डर पर भारी मात्रा में हुंडी व हवाला का कारोबार चल रहा है। पड़ोसी देश नेपाल के जिला बांके की पुलिस ने नेपालगंज में छापा मारकर हुंडी कारोबार में संलग्न दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास 16,10, 255 नेपाली मुद्रा व 59,500 भारतीय मुद्रा बरामद हुई है।

बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता नारायन डांगी ने बताया कि नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 4 गणेशपुर स्थित मोहम्मद कादिर सिद्दीकी व मोहम्मद हबीब सिद्दीकी के पास यह रकम बरामद की गई। पुलिस ने इन दोनों के घरों को खंगाल कर विभिन्न बैंकों व व्यक्तियों के नाम तथा बैंक बाउचर भी बरामद किए हैं। लाखों की संख्या में नेपाली वैदेशिक रोजगार में हैं। इस रेमिटेंस पर बहुत कुछ नेपाली अर्थ तंत्र पर टिका है। विदेशों से भेजे गए रेमिटेंस से नेपाल का अर्थ तंत्र बढ़ता है, परंतु ये हुंडी कारोबारी बैंकिंग चैनल को न अपनाकर भारत सहित विदेशों से दलालों के माध्यम से नेपाल में धन भेजते हैं। इसी प्रकार नेपाल से भी भारत के विभिन्न शहरों में हवाला कारोबार के तहत नेपाल से रकम भेजी जाती है। गत 10 व 11 मार्च को नेपालगंज में ही 1,56,28,300 की नेपाली मुद्रा व 16,65,600 भारतीय मुद्रा के साथ 8 लोगों को पकड़ा गया था।

# किशोरियों को किया गया जागरूक

बहराइच। महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं, बलिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। जिले के सभी थानों में एंटी रोमियो टीम व पुलिस बल किशोरियों, युवती व महिलाओं को अपराधों से बचाव की जानकारी दी। महिलाओं, बेटियों को स्वावलम्बी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक व उनके साथ होने वाले अपराधों पर रोकथाम करते हुए उनमें आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया



कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक महासंघ के लोग

**श्रावस्ती।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ओर से गुरुवार को आक्रोश मार्च निकाला गया। इसके बाद कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान लोगों के हाथों में पट्टियां थीं। जिसमें एक ही मांग एक ही नारा पेंशन है अधिकार हमारा आदि स्लोगन लिखे थे। कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन के बाद अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पीयूष रावत को ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को श्रावस्ती के शिक्षकों व कर्मचारियों ने आक्रोश मार्च निकाला। भिनगा बाजार से निकाले गए आक्रोश मार्च के दौरान जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। आक्रोश मार्च कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां पर अटेवा के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अटेवा के जिलाध्यक्ष स्वप्निल पांडेय ने कहा कि देश के अर्द्ध सैनिक बल के जवानों व लगभग एक करोड़ शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। क्योंकि नई पेंशन व्यवस्था के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों को 800, 1200 व 2800 रुपए पेंशन के नाम पर मिल रहे हैं। जिससे परिवार का खर्च नहीं चल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय विभाग व प्रदेश की सेवाओं में देते हुए 25-30 वर्ष का योगदान दिया हो वह अपने बुढ़ापे के लिए चिंतित व परेशान हो यह न तो न्यायोचित है और न ही मानवीय दृष्टिकोण से सही है।

# आर्म्स एक्ट के दोषी को पांच महीने का कारावास

श्रावस्ती। सिरसिया के धर्मन्तापुर निवासी राम विलास पुत्र गंगाराम को सिरसिया पुलिस ने कुछ महीने पहले देशी तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा था। पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया था। साथ ही आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया और और सुनवाई शुरू हुई। सुनवाई करते हुए गुरुवार को न्यायालय ने आरोपी राम विलास को दोषी करार देते हुए पांच माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 2000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

**विशेष अभियान में दो वारंटी गिरफ्तारः** एसपी के निर्देशन में गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में वारंटियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कोतवाली भिनगा पुलिस ने एक वारंटी बुधराम उर्फ बुद्धू पुत्र हुबलाल निवासी पसियनपुरवा व गिलौला पुलिस ने वारंटी भूरे सोनी पुत्र राधेश्याम उर्फ बचऊ निवासी भौसावा को उनके घर से गिरफ्तार किया।

# बैठक: शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई

जमुनहा। पुलिस चौकी जमुनहा में गुरुवार को मल्हीपुर थानाध्यक्ष जयहरि मिश्रा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी त्योहार व धार्मिक आयोजन जैसे दुर्गा पूजा, प्रतिमा स्थापना, विसर्जन आदि पर चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि तीन अक्टूबर से नवरात्र शुरू हो रहा है। जिसका समापन 13 अक्टूबर को होगा। इस दौरान जगह जगह पूजा पंडालों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना होगी। इस दौरान सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे और कानून का पालन जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि जमुनहा चौकी क्षेत्र में कुल आठ मूर्तियां रखी जाएंगी। इन सभी प्रतिमा का विसर्जन तिकोनिया मोड़ के पास होगी। शांति व्यवस्था व माहौल में खलल डालने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी

# बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई

**कार्यक्रम**

- एलबीएस कृषि इंटर कॉलेज में छात्रों को जागरुक किया गया
- छात्र-छात्राओं की ओर से पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया

जमुनहा। तहसील जमुनहा के एलबीएस कृषि इंटर कालेज वीरगंज में गुरुवार को किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किशोर व किशोर को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई गई।

आरबीएस टीम व देहात संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत किशोर व किशोरियों को क्षयरोग, मानसिक रोग, कुपोषण, पहचान व निवारण के साथ ही दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गई। वहीं छात्रों की ओर से पूंछे गए प्रश्नो का समाधान किया गया। इसके साथ ही बालश्रम, बाल विवाह, बाल शोषण, बाल तस्करी को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। इस दौरान बाल विवाह रोकने के लिए छात्र व छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई। उन्हें जागरूक किया गया कि बाल विवाह अपराध है। इस मौके पर मल्हीपुर सीएचसी अधीक्षक डा. अवनीश कुमार तिवारी, आरबीएस से बबिता बाजपेयी, जिला समन्वयक मो. यूसुफ, साजन बर्मा, श्रवण, ग्रामीण बौद्ध कल्याण समिति से प्रेम बाबू गिर, थाना एएचटीओ से देवेन्द्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

# इकौना सर्किल के थानों की हुई अपराध समीक्षा

श्रावस्ती। एसपी घनश्याम चौरसिया ने इकौना सर्किल के थाना इकौना, थाना एनएमपीटी श्रावस्ती व गिलौला की अपराध समीक्षा की। जिसमें थाना इकौना में 38, थाना गिलौला में 24 व थाना एनएमपीटी श्रावस्ती में नौ समेत कुल 71 विवेचनाएं लंबित मिली। विवेचनाओं की समीक्षा के बाद जिन विवेचकों की ओर से विवेचनाओं के निस्तारण में सार्थक प्रयास नहीं पाया गया उन्हें सख्त हिदायद दी गई।

# शांतिभंग के आरोप में 16 पर कार्रवाई

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार रात रात अलग-अलग स्थानों से 16 लोगों को गिरफ्तार किया जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। वहीं वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 37 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई चालान कर 49500 रुपए जुर्माना भी किया। संवाद

# मीरा शाह मजार पर नहीं लगा मेला, तैनात रही पुलिस

**निरीक्षण**

इकौना, संवाददाता। बौद्धस्थली सहेट महेट की आरक्षित भूमि पर मजार बनाकर अतिक्रमण किया गया है। यहां प्रत्येक गुरुवार को मेले का आयोजन होता है। शिकायत पर डीएम ने एसपी व अन्य अधिकारियों के साथ देर रात मौके का भ्रमण कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।

गौतम बुद्ध तपोस्थली में सहेट महेट की भूमि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकृत है। इसके 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का कब्जा या निर्माण नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके बौद्ध स्थली सहेट-महेट की आरक्षित भूमि पर सैय्यद मीरा शाह की मजार बना लिया गया। धीरे धीरे और भूमि पर अतिक्रमण का दायरा बढ़ता गया और अब यहां टीन शेड आदि बना लिया गया है। अवैध कब्जे की शिकायत इकौना व्यापार मण्डल कन्हैया कसौधन ने की थी। बीते दिनों विधायक राम फेरन पांडेय, एसडीएम ओम प्रकाश ने मौके का निरीक्षण किया था। उस दौरान मजार पर प्रत्येक गुरुवार को लगने वाले मेले को प्रतिबंधित करते हुए भूमि के कागजात दिखाने का कहा गया था। इसके बाद भी मेले का आयोजन हो रहा था। इस पर कन्हैया कसौधन ने डीएम से मामले की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने बुधवार देर रात में बौद्धस्थली पहुंच कर मजार परिसर का भ्रमण किया।



मजार से पानी की टंकी उतारते समुदाय विशेष के लोग

# मजार पर रहा पुलिस का पहरा, नहीं लगा मेला



मीराशाह मजार का बुधवार रात जायजा लेते अधिकारी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

इकौना (श्रावस्ती)। बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती के विनियमित क्षेत्र में स्थित मजार व वक्फ बोर्ड की भूमि को लेकर उपजे विवाद के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस प्रशासन सख्त रहा। हिंदू संगठनों के विरोध के बाद मजार जाने वाले सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग कर मेले का आयोजन नहीं होने दिया गया। इस दौरान एसडीएम व सीओ दल-बल के साथ पूरे समय मौके पर मौजूद रहे।

इकौना के मोहल्ला आजाद नगर निवासी कन्हैया लाल कसौधन ने बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती के विनियमित क्षेत्र में स्थित मजार को लेकर अप्रैल में ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन के जरिये कहा था कि राजगढ़ गुलहरिया में गाटा संख्या 1392 रकबा 1.509 हेक्टेयर भूमि सहेट महेट के नाम महफूज है।

यह पुरातत्व विभाग द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण के अंतर्गत आता है जिसकी 200 मीटर परिधि में बिना अनुमति कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। इसी संरक्षित भूमि पर समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने सुनियोजित तरीके से मीरशाह मजार बनाकर अवैध ढंग से कब्जा कर रखा है।

ज्ञापन के माध्यम से यह भी बताया गया था कि सर्वेक्षण में चिह्नित भूमि पर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ मकान नंबर 02 इंतेजामिया कमेटी दरगाह हजरत सैयद मीरशाह का बोर्ड



कटरा स्थित मीराशाह मजार। -संवाद

लगा दिया गया। यहां प्रत्येक बृहस्पतिवार को एक मेला भी आयोजित किया जाता है। ज्ञापन के माध्यम से इस मेले का आयोजन रोके जाने की मांग की गई थी।

इसके बाद एसडीएम इकौना ने यहां मेला रोकने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद बीते बृहस्पतिवार को मजार पर मेले का आयोजन हुआ। इस पर सख्ती दिखाते हुए पुलिस प्रशासन ने बृहस्पतिवार को मजार पर मेला नहीं लगने दिया।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सहेट महेट स्थित मीरा शाह मजार का बुधवार रात एसपी को साथ लेकर निरीक्षण किया गया था। दोनों समुदायों के लोगों से इस मसले को लेकर बातचीत भी की गई। इसके बाद मजार पर लगी टिनशेड, पानी की टंकी, दान पेटी, अलमारी व अतिक्रमण को तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया है। सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे संचालित कर निगरानी के लिए भी कहा गया है।

## मजार के रास्ते पर रहा पुलिस का सख्त पहरा

विनियमित क्षेत्र में स्थित मीरा शाह की मजार पर बृहस्पतिवार को मेला न लगने देने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। एक तरफ जहां मुख्य मार्ग पर बैरिकेडिंग कर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, वहीं मजार की तरफ जाने वाले अन्य मार्गों पर भी पुलिस बल तैनात था। इस दौरान वहां वाहनों व लोगों का पैदल आना-जाना भी प्रतिबंधित रहा।

# चौपाल लगा छात्रों को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** बालश्रम मुक्त, बाल विवाह रोकथाम व मानव तस्करी विरोधी जागरूकता अभियान तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम के तहत थाना एएचटीयू की ओर से चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी के क्रम में बृहस्पतिवार को लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज मल्हीपुर में चौपाल लगी। प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू मोहम्मद यूनुस आजम ने छात्रों को बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति व नशा न करने को लेकर शपथ भी दिलाई। इस दौरान यतेंद्र सिंह, दीनदयाल व बबिता सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। (संवाद)

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर गरजा अटेवा पेंशन बचाओ मंच

- अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा पीएम को संबोधित ज्ञापन

जासं, जागरण • श्रावस्ती : अटेवा के राष्ट्रीय आह्वान पर एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) व यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) के विरोध में गुरुवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ओर से आक्रोश मार्च निकाला गया। शिक्षकों व कर्मचारियों ने जूनियर हाईस्कूल भिनगा स्थित बीआरसी (ब्लाक संसाधन केंद्र) से कलेक्ट्रेट तक मार्च किया। कलेक्ट्रेट में पहुंचकर डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पीयूष रावत को सौंपा।

संगठन के जिलाध्यक्ष स्वप्निल पांडेय ने बताया कि लगभग एक करोड़ शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। नई पेंशन प्रणाली के तहत मिलने वाले पैसों से न तो स्वयं का खर्च चल पा रहा है और न ही परिवार का। संगठन मंत्री डा. ज्ञान प्रकाश ने कहा कि जिन लोगों ने अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ समय को विभाग व प्रदेश की सेवा में व्यतीत कर दिया, वे अपने बुढ़ापे के लिए चिंतित और परेशान हों, यह कहां का न्याय है। मंडलीय संगठन मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार भी इस बात को स्वीकार कर चुकी है कि एनपीएस व्यवस्था न्यायसंगत नहीं है। इसलिए अब नई पेंशन व्यवस्था यूपीएस लेकर आई, लेकिन यह उससे भी ज्यादा खतरनाक है। इससे पूरे देश के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। पुरानी पेंशन व्यवस्था कर्मचारियों, शिक्षकों व अधिकारियों के हित में है। इसीलिए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की जा रही है। आक्रोश मार्च के दौरान शिक्षकों व कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए नारेबाजी भी की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे। पूरी गतिविधि पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी गई। मार्च में अवधेश कुमार यादव, राजू, डा. रविशंकर सिंह, राकेश सिंह, रामनरेश, राजकुमार, लोकेंद्र कुमार, नरेंद्र विक्रम सिंह, आदित्य पांडेय, आशुतोष आजाद समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शस्त्र अधिनियम के दोषी को सजा

श्रावस्ती : अभियोजन अधिकारी अतुल कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शारिब अली ने शस्त्र अधिनियम में दोषी सिरसिया क्षेत्र के धर्मतापुर निवासी रामविलास को पांच माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दो हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।(वि.)

# मानव तस्करी व बाल विवाह रोकथाम की दी जानकारी

संसू, जागरण• श्रावस्ती : एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) थाने की ओर से गुरुवार को मानव तस्करी, बाल विवाह रोकथाम व एक युद्ध, नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक मुहम्मद यूनुस आजम टीम के साथ मल्हीपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज पहुंचे। यहां चौपाल लगाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। छात्र-छात्राओं को बालश्रम उन्मूलन अभियान, बालभिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह के रोकथाम व बंधुआ मजदूरी के संबंध में जानकारी दी। नशा न करने के संबंध में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। शासन की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों व हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में बताया।

# सख्ती से पुरातत्व संरक्षित भूमि पर नहीं हो सका अनधिकृत मेले का आयोजन

## डीएम-एसपी के निर्देश पर अलर्ट हुई पुलिस हटाई गई पानी टंकी व सामान

संसू, जागरण • कटरा(श्रावस्ती) : बौद्ध तीर्थ क्षेत्र में पुरातत्व संरक्षित भूमि में कथित मीरा शाह मजार पर गुरुवार को लगने वाला मेला प्रशासन की सक्रियता से आयोजित नहीं हो सका। अनधिकृत मेले के आयोजन को रोकने के लिए एसडीएम पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। इस दौरान मेला संचालकों द्वारा लगाई गई पानी की टंकी व अन्य सामान हटा लिया गया। मजार पर आए लोग शांति पूर्वक इबादत कर वापस चले गए।

श्रावस्ती के महेट क्षेत्र में कथित बाबा मीरा शाह की मजार है। इस पर गुरुवार को मेला लगता है। मेला संचालकों ने आसपास पुरातत्व की जमीन पर अतिक्रमण कर वक्फ बोर्ड का साइन बोर्ड भी लगा दिया था। हिंदू संगठन नेता कन्हैया कसौधन ने डीएम को शिकायत पत्र देकर पुरातत्व की जमीन पर अतिक्रमण व अवैध मजार हटाने



मजार के पास से पानी की टंकी हटाते मेला आयोजक के लोग • जागरण

तथा बिना अनुमति संचालित मेले के आयोजन को रोकने की मांग की थी। एसडीएम ओम प्रकाश ने जांच के बाद 18 सितंबर को बिना अनुमति संचालित मेले के आयोजन पर रोक लगा दिया था, लेकिन पिछले गुरुवार को पुलिस की ढिलाई के कारण रोक के बावजूद मेले का आयोजन हुआ। इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की गई। बुधवार की देर शाम डीएम अजय कुमार व एसपी घनश्याम चौरसिया ने बौद्ध स्थली सहेट-महेट स्थित इंतजामिया कमेटी दरगाह हजरत सैय्यद मीरा शाह की दरगाह (मजार) पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने दोनों समुदायों के व्यक्तियों से बात कर प्रकरण की जानकारी ली। डीएम ने वहीं पर लगे टिनशेड, पानी टंकी, दानपेटी, अलमीरा व अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। कमेटी के सदस्यों ने अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया। डीएम ने लोगों से कहा कि किसी भी दशा में अतिक्रमण न किया जाए। इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ व सांप्रदायिक पोस्ट कदापि न डालें। यदि इसमें किसी भी व्यक्ति की ओर से पोस्ट की गई, तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को प्रशासन ने सख्ती दिखाई और सुबह ही महेट क्षेत्र में आसपास थानों की फोर्स व एसडीएम ओम प्रकाश पहुंच गए और मेले का आयोजन नहीं होने दिया। महेट क्षेत्र में ई-रिक्शा व वाहनों को नहीं जाने दिया गया।

# 37 वाहनों का ई-चालान

श्रावस्ती : पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 37 वाहनों का ई-चालान किया गया। 49 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। (वि.)